67 YEARS देशबन्धु

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शनिवार, 31 मई 2025 | वर्ष – 67 | अंक– 45 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु

प्रेस पंजीयन- 06072/59



**अभिमत**
■ क्या है पेड़ों का संदेश? पृष्ठ 6

■ शांति अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है भारत : संयुक्त राष्ट्र
■ दो भारतीय शांति सैनिक मरणोपरांत डैग हैमरशॉल्ड मेडल से सम्मानित पृष्ठ 7

बस एक और मैच बाकी है, उसके बाद सब मिल कर जश्न मनाएंगे : पाटीदार पृष्ठ 8

## नीट पीजी 2025 परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# एक ही शिफ्ट में होगी परीक्षा

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। नीट पीजी परीक्षा पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। शुक्रवार को दिए फैसले में शीर्ष अदालत ने कहा कि नीट पीजी 2025 परीक्षा एक पाली में ही कराई जाए, दो पाली में नहीं। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने नीट पीजी कराने वाले नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन को निर्देश दिया और नीट पीजी 2025 को दो शिफ्टों में आयोजित करने से मना कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि इससे परीक्षा में मनमानी होगी। सर्वोच्च न्यायालय ने नैटबोर्ड को नीट पीजी परीक्षा 2025 एक ही शिफ्ट में पारदर्शिता के साथ कराने का आदेश दिया है। छात्रों ने 2 शिफ्ट में परीक्षा के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। उनका कहना था कि 2 शिफ्ट में परीक्षा से प्रश्न पत्र के डिफिकल्टी लेवल में फर्क होता है, जो फेयर इवैल्युएशन नहीं है। परीक्षा में हासिल किए गए अंकों में भी फर्क आ जाता है।

**समय चाहिए तो आवेदन कर सकते हैं** –शीर्ष अदालत ने कहा कि 15 जून 2025 को होने वाले नीट पीजी परीक्षा के लिए अभी भी इंतजाम करने का समय है। एनबीई को चाहिए कि वह सेटंर ढूंढे और पारदर्शी तरीके से नीट परीक्षा कराए। परीक्षा केंद्र सुरक्षित होने चाहिए। दो पाली में नीट परीक्षा कराने से सभी को समान अवसर नहीं मिलेगा। नीट पीजी प्रश्न पत्र 2025 की कठिनाई का स्तर अलग-अलग हो सकता है।



**सुप्रीम कोर्ट ने नहीं सुनी एनबीई की कोई दलील**–एनबीई ने कहा कि उनके पास एक शिफ्ट में परीक्षा कराने के लिए पर्याप्त सेंटर नहीं हैं। लेकिन कोर्ट ने यह दलील भी नहीं मानी। कोर्ट ने कहा कि देश में तकनीकी विकास को देखते हुए यह नहीं माना जा सकता कि नेशनल बोर्ड को एक शिफ्ट में नीट पीजी परीक्षा कराने के लिए पर्याप्त सेंटर नहीं मिल सकते। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस एनवी अंजरिया की बेंच नीट पीजी परीक्षा एक पाली में कराने की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। फैसला सुनाते हुए स्ष्ट ने यह भी कहा कि नॉर्मलाइजेशन को रूटीन तरीके से लागू नहीं किया जा सकता।

**दो पाली के पेपर समान नहीं हो सकते**–शीर्ष अदालत ने कहा कि दो शिफ्ट में परीक्षा कराने से नीट में बराबरी का मौका नहीं मिलता। दोनों शिफ्ट के पेपर कभी भी समान डिफिकल्टी लेवल वाले नहीं हो सकते। थोड़ा बहुत तो फर्क रहेगा ही। वहीं, कोर्ट ने यह भी माना कि पिछली बार हालात अलग थे, इसलिए दो शिफ्ट में परीक्षा हुई। गौरतलब है कि अदालत में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि दो शिफ्ट में परीक्षा होने से किस्मत ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

### 15 जून को होनी है परीक्षा

नीट पीजी परीक्षा 15 जून को होना है जिसके लिए एडमिट कार्ड 2 जून को जारी होंगे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने मामले की जल्द सुनवाई की है। इससे पहले पांच मई को अदालत ने उक्त याचिका पर एनबीई, राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद (एनएमसी) और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को नोटिस जारी करके जवाब मांगा था। शीर्ष अदालत ने 22 मई को एक अन्य याचिका पर फैसला सुनाया था, जिसमें नीट पीजी काउंसलिंग में सीट-रोकने की व्यवस्था को बंद के लिए कई निर्देश जारी किए गए थे। शीर्ष अदालत ने परीक्षा के अंतरिम अंक, उत्तर कुंजी और सामान्यीकरण की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्रकाशित करने का निर्देश दिया था।

# अंबेडकर अस्पताल की अव्यवस्था पर हाई कोर्ट में जवाब नहीं दे पाई सरकार

**बिलासपुर**, 30 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में फैली अव्यवस्थाओं और मरीजों को हो रही परेशानी को लेकर सामने आई मीडिया रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए हाई कोर्ट ने सचिव से जबाव मांगा था, लेकिन सरकार अपना जवाब नहीं दे पाई। महाधिवक्ता ने और समय की मांग की। जिसे चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की बेंच स्वीकार कर लिया।

■ **महाधिवक्ता ने मांगा और समय**



दरअसल, 27 मई को चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की डिवीजन में सुनवाई हुई थी, जिसमें मीडिया रिपोर्ट में प्रकाश में लाए गए मामले पर संज्ञान लेकर लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि प्रदेश के सबसे सरकारी अस्पताल में टूटी हुई हड्डियों, दुर्घटनाओं में फ्रैक्चर, गंभीर चोटों और कैंसर के रोगियों ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

## एसईसीएल को अवमानना का नोटिस

■ **भूमि अधिग्रहण पश्चात प्रभावितों को रोजगार नहीं देने का मामला**

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने जमीन अधिग्रहण के बाद प्रभावितों को रोजगार नहीं देने के मामले में एसईसीएल के अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी किया है। प्रभावित गांव वालों की ओर से छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई थी।

सराईपाली ओपन कास्ट परियोजना के लिए एसईसीएल द्वारा ग्राम बुड़बुड़ की जमीन का वर्ष 2007 में अधिग्रहण किया गया था एवं रोजगार प्रदान करने का वादा किया था परंतु बाद में रोजगार देने से इनकार कर दिया गया। इससे प्रभावित गांव वालों ने रोजगार के लिए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका दायर की जिसमें 15 जनवरी 2025 को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट द्वारा 45 दिवस के भीतर कार्यवाही करने का आदेश दिया गया था लेकिन एसईसीएल द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई फिर गांव वालों द्वारा अवमानना याचिका प्रस्तुत की गई ।

इसमें छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 29 मई 2025 को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहान एवं अन्य अधिकारी को अवमानना का कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है इस मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता शिशिर दीक्षित ने पैरवी की। ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

## कैग के वरिष्ठ लेखा अधिकारी के खिलाफ सीबीआई ने दर्ज किया मामला

**रायपुर**, 30 मई (देशबन्धु)। सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति से संबंधित मामले रायपुर में पदस्थ आरोपी वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने आरोपी के रायपुर स्थित आवासीय और आधिकारिक परिसरों की तलाशी ली जा रही है। मामले की जांच जारी है।

रायपुर के प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा) कार्यालय के भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग में पदस्थ आरोपी वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी पर भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त होने के साथ आपराधिक कदाचार का अपराध करके जानबूझकर खुद को अवैध रूप से समृद्ध करने का आरोप है।





**12 साल में की छप्परफाड़ कमाई**

इसके अलावा यह भी आरोप लगाया गया कि आरोपी ने एक जनवरी 2013 से 31 मार्च 2025 की अवधि के दौरान अपने नाम, अपनी पत्नी और अपने बेटे के नाम पर 3 करोड़ 32 लाख 93 हजार 298 रुपए की अचल और चल संपत्ति अर्जित की थी।

## राज्य सूचना आयुक्त चयन प्रक्रिया पर हाईकोर्ट की रोक

■ **अनुभव की नई शर्त बनी वजह**

राज्य सूचना आयुक्त के दो रिक्त पदों पर चल रही चयन प्रक्रिया पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। न्यायमूर्ति संजय जायसवाल की एकल पीठ ने इस प्रक्रिया पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने यह निर्णय 25 वर्ष के कार्य अनुभव की नई शर्त को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई के बाद लिया।

जानकारी के अनुसार, मामले में तीन याचिकाकर्ता अनिल तिवारी, डीके सोनी और राजेंद्र उपाध्याय ने यह आपत्ति जताई थी कि राज्य सूचना आयुक्त के दो पदों के लिए अधिसूचना 4 मार्च को जारी की गई। इसके बाद 19 मार्च तक आवेदन मंगाए गए। उस समय जारी विज्ञापन में कार्य अनुभव ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

## प्रधानपाठक के निलंबन पर रोक

■ **जांच समिति के फैसले को दी थी चुनौती**

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पंडो जनजाति के प्रधानपाठक मानसिंह पंडो के निलंबन आदेश पर रोक लगा दी है। दरअसल, मानसिंह पंडो के जाति प्रमाण पत्र की वैधता को लेकर सवाल उठे थे। उनके खिलाफ शिकायत थी कि उन्होंने अनुसूचित जनजाति के विशेषाधिकार का अनुचित लाभ उठाया है। मामले में जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र परीक्षण समिति ने जांच के बाद उनके जाति प्रमाण पत्र को अमान्य घोषित कर दिया था।

कार्रवाई से नाराज मानसिंह पंडो ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने प्राथमिक सुनवाई के बाद राज्य सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर मामले में जवाब मांगा है। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक निलंबन पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार से ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

## सार संक्षेप

### साय मंत्रिपरिषद की बैठक 4 जून को

**रायपुर।** साय मंत्रिपरिषद की बैठक 4 जून को दोपहर 12 बजे से मंत्रालय में होगी। साय मंत्रिपरिषद की इस 29वीं बैठक का एजेंडा फिलहाल सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि मानसून के आगमन के साथ खेती-किसानी की समस्याओं पर चर्चा करते हुए निर्णय लिए जाएंगे।

### एनडीए से पहली बार पास हुईं 17 महिला कैडेट्स, रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को एनडीए से महिला कैडेट्स का पहला बैच पास हुआ। इतिहास में यह पहली बार है जब 17 महिला कैडेट्स 300 से ज्यादा पुरुषों के साथ एनडीए से ग्रेजुएट हुई हैं। यह सभी इंडियन आर्मी, नेवी और एयर फोर्स जॉइन करेंगी। साल 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं को एनडीए में शामिल होने के लिए अनुमति दी थी।

### सुप्रीम कोर्ट में तीन जजों ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शुक्रवार को जस्टिस एनवी अंजारिया, जस्टिस विजय बिश्नोई और जस्टिस एएस चंदुरकर को सुप्रीम कोर्ट के जज के तौर पर शपथ दिलाई। जजों के शपथ ग्रहण के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई समेत जजों की संख्या 34 हो गई।

### मुर्मु ने प्रदान किए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में विभिन्न वर्ग की 15 नर्सों को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए वर्ष 2025 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कृत नर्सों में एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) वर्ग में अंडमान निकोबार की रेबा रानी सरकार, आंध्र प्रदेश की वलिवेती सुभावती, दादर-नगर हमेली एवं दमन-दीव की सरोज फकीरभाई पटेल, लक्षद्वीप की रजिया बेगम पीबी आदि शामिल रहीं।

### धाराशिव हुआ उस्मानाबाद रेलवे स्टेशन का नाम

**मुंबई।** मध्य महाराष्ट्र में स्थित उस्मानाबाद रेलवे स्टेशन का नाम अब आधिकारिक रूप से बदलकर धाराशिव कर दिया गया है।

## अंकिता भंडारी हत्याकांड में दो साल बाद आया फैसला

# भाजपा नेता के बेटे समेत तीन को उम्र कैद

कोटद्वार, 30 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा नेता और पूर्व मंत्री के बेटे पुलकित आर्य समेत तीन को अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। वनंतरा प्रकरण में 26 माह तक चली सुनवाई के बाद शुक्रवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने भाजपा के पूर्व नेता विनोद आर्य के बेटे समेत तीन को युवती की हत्या दोषी करार दिया है। वनंतरा प्रकरण के तीनों आरोपितों को हत्या का दोषी करार देते हुए एडीजे की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही तीनों पर 50-50 हजार का आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया है। इनमें रिजॉर्ट स्वामी पुलकित आर्य, प्रबंधक सौरभ भाष्कर व सहायक प्रबंधक अंकित गुप्ता उर्फ पुलकित शामिल हैं। अंकिता की हत्या करके शव नहर में फेंका था। सरकार पीड़िता के स्वजन को चार लाख का प्रतिकर देगी। कोर्ट ने तीनों आरोपियों रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, उसके कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को हत्या के मामले में दोषी करार दिया है। इन पर 302, 201, 354, धाराओं में दोष सिद्ध हुआ है। तीनों हत्यारोपियों वनंत्रा रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, उसके कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता पर आरोप तय होने के बाद 28 मार्च, 2023 से अभियोजन पक्ष की गवाही शुरू हुई। करीब दो साल और आठ महीने तक चली सुनवाई में अभियोजन पक्ष की ओर से विवेचक समेत 47 गवाह अदालत में परीक्षित कराए गए। हालांकि एसआईटी ने इस मामले में 97 गवाह बनाए थे, जिनमें से 47 अहम गवाहों को ही अदालत में पेश कराया गया। इस मामले में जांच में जुटी एसआईटी टीम ने 500 पन्ने की चार्जशीट दाखिल की थी। करीब ढाई साल बाद अंकिता भंडारी हत्याकांड का फैसला आया है। कोर्ट के जजमेंट से पहले अंकिता भंडारी की मां और पिताजी का बयान सामने आया। गौरतलब है कि उत्तराखंड के पौड़ी जिले के डोभ श्रीकोट गांव की रहने वाली 19 वर्षीय अंकिता भंडारी ऋषिकेश के पास गंगा भोगपुर में वनंतरा रिज़ॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के रूप में काम किया करती थी।



**अंकिता की हत्या करके शव नहर में फेंका था**

**पीड़ित पिता ने की थी हत्यारों को फांसी की मांग**

अंकिता के पिता वीरेंद्र सिंह भंडारी ने भी लोगों से अपील की है कि वो अंकिता को इंसाफ दिलाने में उनके साथ खड़े रहें और तीनों आरोपियों को मौत की सजा मिले।

# तेंदुपत्ता लाने जा रही माजदा अनियंत्रित होकर पलटी 3 की मौत, 8 घायल

**खैरागढ़,** 30 मई (देशबन्धु)। केसीजी जिले में 30 मई शुक्रवार की सुबह तकरीबन 9 बजे छुईखदान-छिंदारी बांध मार्ग में एक भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें 3 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वही 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार राजनांदगांव से 11 मजदूर माजदा वाहन में सवार होकर तेंदूपत्ता भरने छुईखदान ब्लॉक के ग्राम कुम्हरवाड़ा जा रहे थे तभी छुईखदान-छिंदारी बांध मार्ग में फॉरेस्ट नाका के पास तेज रफ्तार माजदा वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराकर नाले में गिर गई जिसमें वाहन चालक समेत 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं घायल 8 लोगों को छुईखदान के शासकीय अस्पताल लाया गया जिनमें गंभीर रूप से घायल 2 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया।



मृतकों में राजेश पिता अर्जुन साहू, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम भरदाकला, जिला राजनांदगांव, मंगल चंद पिता बलदेव साहू, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम भरदाकला, जिला राजनांदगांव, टीकू पिता सुरेश धनकर, उम्र 31 वर्ष, निवासी भरदाकला, जिला राजनांदगांव शामिल है। घायलों में दिलीप पिता बलदेव साहू, उम्र 21 वर्ष, निवासी भरदाकला, जिला राजनांदगांव, ओमकार पिता नोहर साहू, उम्र 18 वर्ष, निवासी ग्राम बोडेना, जिला राजनांदगांव, शैलेश पिता शिवम साहू, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम बोडेना, जिला राजनांदगांव, खोमेश्वर, पिता ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

# देश में दुश्मन कहीं भी हो खत्म कर देंगे : मोदी

**लखनऊ/कानपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कानपुर में जनसभा की। 45 मिनट के भाषण में उन्होंने आतंक को लेकर पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बेटियों के सिंदूर का आक्रोश दुनिया ने देखा। हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम दिखाया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा अगर मैं कनपुरिया अंदाज में कहूं तो- दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जाएगा। हमारे भारतीय हथियारों ने और ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। आतंकियों के ठिकानों को सैकड़ों मील अंदर जाकर तबाह किए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम की इस धरती से मैं सेना के इस शौर्य को बार-बार सैल्यूट करता हूं। मैं फिर कहना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था, वो किसी धोखे में न रहे। ऑपरेशन अभी खत्म नहीं हुआ है। भारत ने आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रूप से तय किए हैं।



भारत हर आतंकी हमले का करारा जवाब देगा, उसका समय, तरीका और शर्तें हमारी सेनाएं खुद तय करेंगी। भारत अब एटम बम की गीदड़भभकी से नहीं डरेगा और न ही उसके आधार पर कोई फैसला लेगा। आतंक के आका और आतंक की सरपरस्त सरकार को भारत एक ही नजर से देखेगा। ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत के स्वदेशी हथियारों और मेक इन इंडिया की ताकत भी देखी है। हमारे भारतीय हथियारों ने और ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। जहां टारगेट तय किया, वहां धमाके किए।

## पाकिस्तान से सटे इलाकों में मॉक ड्रिल आज

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान की सीमा से लगे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 31 मई को ऑपरेशन शील्ड के तहत मॉक ड्रिल की जाएगी। पहले इसे 29 मई को किया जाना था लेकिन प्रशासनिक कारणों से स्थगित करना पड़ा था। अब मॉक ड्रिल का आयोजन 31 मई को होगा। पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच यह मॉक ड्रिल जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात सहित पाकिस्तान की सीमा से लगे सभी पश्चिमी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित की जाएगी। पाकिस्तान के साथ 10 मई की शाम से लागू संघर्ष विराम के बाद पहली बार मॉक ड्रिल कराई जा रही है। अग्निशमन सेवा और होमगार्ड महानिदेशालय ने कहा है कि मॉक ड्रिल में दुश्मन के विमानों, ड्रोन और मिसाइल हमलों का सामना करने के तरीके बताए जाएंगे।

## सीबीआई ने डिप्टी डायरेक्टर पर कसा शिकंजा

## उडीसा में खदान मालिक से घूस लेने के आरोप में किया गिरफ्तार

■ **जोगेंद्र सोलंकी**

**नई दिल्ली,** 30 मई (देशबन्धु)। सीबीआई ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के डिप्टी डायरेक्टर चिंतन रघुवंशी को घूसखोरी के आरोप में रंगे हाथ गिरफ्तार किया है जिसके बाद ईडी में एक्सटोर्शन रैकेट चलाए जाने के आरोप चर्चाओं के घेरे में हैं। 2013 बैच के आईआरएस ऑफिसर चिंतन रघुवंशी को 29 मई को उडीसा के ढेंकानाल खदान मालिक रतिकांत राउत से मनी लॉन्ड्रिंग केस को सेटल करने के लिए 20 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए सीबीआई ने रंगे हाथों पकड़ा था। चिंतन रघुवंशी भारतीय राजस्व सेवा ऑफिसर हैं, जिन्होंने 2013 में सिविल सेवा परीक्षा पास करके ये मुकाम हासिल कियात। वह ईडी के भुवनेश्वर जोनल ऑफिस में डिप्टी डायरेक्टर थे, जहां उनकी जॉब थी मनी लॉन्ड्रिंग, माइनिंग केस और बड़े आर्थिक घोटालों की जांच करना, लेकिन अब वह अपने ही रिश्वत कांड की वजह से खुद चर्चा में हैं। बता दें कि चिंतन रघुवंशी ने भुवनेश्वर के माइनिंग ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

## सुरक्षा
## अब एलएसी पर भारत ने बढ़ाई अपनी ताकत

# पूर्वी लद्दाख की रक्षा को होगा नई आर्मी डिवीजन का गठन

**सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू, 30 मई (देशबन्धु)। चीन सीमा पर चीनी सेना द्वारा की जाने वाली बार बार की घुसपैठ को रोकने की खातिर तथा उसके किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए अब चीन सीमा पर पूर्वी लद्दाख में एक आर्मी डिवीजन तैनात होगा। रक्षा सूत्रों ने बताया कि सरकार द्वारा स्वीकृत एक नए आर्मी डिवीजन को चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा अर्थात एलएसी पर पूर्वी लद्दाख में तैनाती के लिए अंतिम रूप दिया जा रहा है।

*हालांकि, नए डिवीजन को 72 इन्फेंट्री डिवीजन कहा जाएगा, जिसमें नए मैनपावर को शामिल नहीं किया जाएगा क्योंकि यह पूर्वी लद्दाख में मौजूदा ब्रिगेड को ही फिर से काम सौंपेगा। रक्षाधिकारियों ने बताया कि नए डिवीजन के युद्ध-लड़ने वाले तत्वों को अंतिम रूप दिया गया है। जानकारी के लिए अप्रैल 2020 में पूर्वी लद्दाख में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच गतिरोध था जो दोनों पक्षों के बीच समझौते पर पहुंचने के बाद अधिकांश क्षेत्रों से तनाव कम होने तक लगभग चार साल तक जारी रहा। इसे भूला नहीं जा सकता कि गतिरोध के दौरान, सेना ने अपनी कई इकाइयों को लद्दाख में तैनात किया था, जिसमें बरेली से 6 माउंटेन ब्रिगेड और मथुरा स्थित 1 स्ट्राइक कोर के कुछ संसाधन शामिल थे। सूत्रों ने बताया कि 72 इन्फेंट्री डिवीजन से सैनिकों की संख्या को मजबूत करने के लिए इनमें से कुछ तत्वों को शामिल करने की उम्मीद है। जानकारी के लिए सेना के एक डिवीजन में उपकरणों के अलावा करीब 15,000 जवान होते हैं। इसका नेतृत्व एक मेजर जनरल रैंक के* ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢



### 14 कोर का हिस्सा होगी 72 इंफैंट्री डिवीजन

*रक्षा सूत्रों के अनुसार, 72 इन्फैंट्री डिवीजन लेह स्थित 14 कोर का हिस्सा होगी। इसे चीन के साथ एलएसी और पाकिस्तान के साथ एलओसी सहित दोनों मोर्चों पर तैनात किया जाएगा। अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इसकी जिम्मेदारी का क्षेत्र चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा अर्थात एलएसी का 832 किलोमीटर लंबा क्षेत्र, द्रास-करगिल-बटालिक सेक्टर में पाकिस्तान के साथ नियंत्रण रेखा और सियाचिन ग्लेशियर होगा। यहां यह उल्लेख किया जा सकता है कि 14 कोर में दो डिवीजन हैं-8वां माउंटेन डिवीजन, जो पाकिस्तान के साथ नियंत्रण रेखा पर तैनात है और तीसरा इन्फैंट्री डिवीजन, जो पूर्वी लद्दाख में एलएसी की जिम्मेदारी संभालता है।*

# देश

**उवाच**



राहुल गांधी के रहते संभव है कि कांग्रेस पार्टी के चार टुकड़े हो जाएं। भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि पीओके जल्द भारत में शामिल होगा। जहां तक राहुल गांधी का सवाल है, उनके रहते पीओके का तो पता नहीं, उनकी पार्टी के ही चार टुकड़े हो जाएंगे: **मुख्तार अब्बास नकवी, भाजपा नेता**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 42.0 |
| मुंबई | 32.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 35.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 26.0 |

# राहुल गांधी पीएम बनेंगे तो पीओके भारत का हिस्सा बनेगा : प्रमोद तिवारी

## प्रमोद तिवारी ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बयान का किया समर्थन

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने शुक्रवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के उस बयान का जोरदार समर्थन किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर राहुल गांधी प्रधानमंत्री होते तो वे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस ले लेते।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि मैं यह बहुत स्पष्ट रूप से, दृढ़ता और पूर्ण विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि राहुल गांधी ने पिछले कुछ वर्षों में खासकर कन्याकुमारी से कश्मीर तक की अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद, खुद को एक साहसी और दृढ़ नेता के रूप में स्थापित किया है। उनके पास ताकत, शक्ति और इच्छाशक्ति है। जिस दिन वे इस देश का नेतृत्व करेंगे, उस दिन पीओके आजाद हो जाएगा और भारत का हिस्सा बन जाएगा। मुझे पूरा विश्वास है कि ऐसा होगा।



> राहुल गांधी ने पिछले कुछ वर्षों में खासकर कन्याकुमारी से कश्मीर तक की अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद, खुद को एक साहसी और दृढ़ नेता के रूप में स्थापित किया है। उनके पास ताकत, शक्ति और इच्छाशक्ति है: **प्रमोद तिवारी, कांग्रेस सांसद**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पुंछ दौरे पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि जहां तक मुझे पता है, गृह मंत्री पुंछ का दौरा कर रहे हैं। राहुल गांधी ने उन्हें वहां जाने के लिए मजबूर किया, क्योंकि राहुल पहले वहां जा चुके हैं। क्या गृह मंत्री गोलाबारी में क्षतिग्रस्त घरों के अंदर जाने, बंकरों का दौरा करने और प्रभावित परिवारों से मिलने का साहस दिखाएंगे। या फिर वह लोगों को चारदीवारी, भारी सुरक्षा वाले इलाके में बुलाकर औपचारिकता पूरी करेंगे। राहुल गांधी और भाजपा में यही अंतर है।

एक सवाल के जवाब में कांग्रेस सांसद ने प्रधानमंत्री से पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए शुभम के बलिदान को स्वीकार करने का आग्रह किया, जिसकी विधवा से एलओपी राहुल गांधी ने कानपुर में व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की थी। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि मुझे यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि कांग्रेस अब उसी शिखर पर नहीं है, जिस पर कभी थी। लेकिन, कांग्रेस में वो दम है और भविष्य में इसका असर दिखाई देगा। पटना में पीएम मोदी ने कहा था कि कांग्रेस कभी बड़ी पार्टी थी, लेकिन भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद में डूब गई।

# ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत की सैन्य ताकत का विश्व को परिचय कराया : मोदी

**पटना/काराकाट,** 30 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के काराकाट में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत की सैन्य ताकत का विश्व को परिचय कराया। उन्होंने कहा कि यह तो हमारी तरकश का एक ही तीर है। आतंक का फन अगर फिर उठेगा तो भारत उसे बिल से खींचकर कुचल देगा।'

प्रधानमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि आतंकियों को 'कल्पना से परे सजा' दी गई है और पाकिस्तान में स्थित उनके सैन्य ठिकानों को खंडहर में बदल दिया गया है। भारत की सेना ने उन नेटवर्क्स को तबाह कर दिया जिन्होंने भारतीय महिलाओं के सिंदूर उजाड़े थे, जो एक प्रतीकात्मक और मार्मिक संदेश था।

हालिया ऑपरेशन सिंदूर को एक निर्णायक और प्रभावी सैन्य अभियान बताया जा रहा है जिसमें सीमा सुरक्षा बल (BSF) और अन्य एजेंसियों ने तेजी और साहस के साथ दुश्मन के अड्डों को ध्वस्त किया। प्रधानमंत्री ने बीएसएफ सब-इंस्पेक्टर इम्तियाज को श्रद्धांजलि अर्पित की, जो इस ऑपरेशन में शहीद हुए थे। उन्होंने बीएसएफ की तारीफ करते हुए कहा कि मां भारती की रक्षा हमारे जवानों के लिए सर्वोपरि है। बीएसएफ के जवान सीमा पर अभेद चट्टान की तरह खड़े हैं।



> हमारी तरकश का एक ही तीर है। आतंक का फन अगर फिर उठेगा तो भारत उसे बिल से खींचकर कुचल देगा: **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में नक्सलवाद के अतीत और वर्तमान पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे कुछ साल पहले सासाराम, कैमूर जैसे जिले नक्सलियों के डर से कांपते थे। सरकारी योजनाएं होती थीं, लेकिन जनता तक नहीं पहुंचती थीं। स्कूल, अस्पताल और सड़कें सपना मात्र थीं।' उन्होंने नीतीश कुमार के शासन की तारीफ करते हुए कहा कि राज्य ने विकास की मुख्यधारा को अपनाया और माओवाद को जड़ से कमजोर किया। प्रधानमंत्री ने गर्व के साथ कहा कि 2014 से पहले सवा सौ से अधिक जिले नक्सल प्रभावित थे। अब सिर्फ 18 बचे हैं। वह दिन दूर नहीं जब माओवादी हिंसा का पूर्ण अंत होगा।'

## रेवंत रेड्डी के 'पीओके', सलमान खुर्शीद के 'आर्टिकल 370' पर दिए बयान का उदित राज ने किया समर्थन

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उदित राज ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के उस बयान का समर्थन किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री होते तो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत में शामिल होता। उदित राज ने रेड्डी के बयान पर कहा, 'मैं रेड्डी के बयान से पूर्ण रूप से सहमत हूं। इसमें कोई शक नहीं है कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री होते तो पीओके भारत का हिस्सा बन चुका होता। रेड्डी ने कार्यक्रम के दौरान जो कुछ भी कहा है, बिल्कुल सही कहा है।' दूसरी ओर कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद के 'अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर में खुशहाली' वाले बयान पर उदित राज ने कहा कि वह पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं, उन्होंने जो भी कहा है वह सही ही होगा। पीओके पर वर्तमान सरकार के रुख पर उदित राज ने कहा कि अमेरिका ने जिस तरह से भारत पर दबाव बनाकर रखा है, वर्तमान सरकार पीओके को लेकर कुछ भी नहीं कर सकती है। अमेरिका लगातार कह रहा है कि उसके दबाव के चलते ही भारत-पाक सीजफायर हुआ। पीएम मोदी इस बारे में क्यों कुछ नहीं बोलते हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की सम्मान और प्रतिष्ठा गिरी है। लेकिन, पीएम मोदी चुनाव में लगे हैं। उन्हें ट्रंप को ललकारने की जरूरत है कि वह सीजफायर को लेकर मध्यस्थता की जो बात कह रहे हैं, वह सरासर झूठ है।



## पीएम मोदी का जनहित के ज्वलंत मुद्दों पर मुंह खुला ही नहीं : तेजस्वी

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे के बाद राजद ने कई सवालों के साथ हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी से तीखे सवाल किए हैं। उन्होंने कहा, बिहार में 20 वर्षों की एनडीए सरकार द्वारा दिया हुआ रिकॉर्डतोड़ बेरोजगारी, गरीबी और पलायन है। नीति आयोग के अनुसार शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग क्षेत्र में बिहार सबसे फिसड्डी है। विधि व्यवस्था सबसे बदतर है। बिहार की प्रति व्यक्ति आय और प्रति व्यक्ति निवेश देश में सबसे कम है। विकास और प्रगति के अधिकांश मानकों में देश में बिहार सबसे नीचे है लेकिन बिहार की 20 वर्षों की NDA सरकार और 11 वर्षों की केंद्र सरकार जनहित के इन ज्वलंत मुद्दों पर कभी चर्चा ही नहीं करती और ना ही करना चाहती है। प्रधानमंत्री केवल चुनावी वर्ष में बिहार का दौरा कर 2015 से चलती आ रही परियोजनाओं एवं घोषणाओं का अनेकों बार शिलान्यास और उद्घाटन कर उसी को बारंबार दोहराते रहते है। 2015 से यही सिलसिला चलता आ रहा है।

**सार संक्षेप**

### 'विभाजन की नीति बंगाल में नहीं चलेगी': चंद्रिमा भट्टाचार्य

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पश्चिम बंगाल दौरे और भारतीय जनता पार्टी के 9 जून से एक महीने तक घर-घर सिंदूर पहुंचाने के कार्यक्रम पर तृणमूल कांग्रेस हमलावर है। पश्चिम बंगाल की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाजपा की विभाजन की नीति बंगाल में नहीं चलेगी। चंद्रिमा भट्टाचार्य ने भाजपा के 9 जून से घर-घर सिंदूर भेजने वाले कार्यक्रम का विरोध करते हुए कहा, 'भाजपा 'ऑपरेशन सिंदूर' का राजनीतिक फायदा लेने का प्रयास कर रही है। वे किसके घर सिंदूर भेजेंगे, यह एक प्रश्न है। विभाजन की नीति बंगाल में नहीं चलेगी। सभी महिलाएं एकत्रित होकर इसका विरोध करेंगी।' मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर स्मगलिंग का आरोप लगा रही हैं।

### अहिल्याबाई का जीवन हर भारतीय के लिए प्रेरणादायक : शाही

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही शुक्रवार को यहां रानी अहिल्याबाई होल्कर के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने नगर पालिका की ओर से ठेले वालों के लिए बनाए गए वेडिंग जोन का उद्घाटन किया।

सावरिया रिसॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने कहा कि अहिल्या बाई होल्कर के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने विदेशी आक्रांताओं द्वारा ध्वस्त किए गए कई मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया और अपने राज्य को हमेशा मजबूत और खुशहाल रखा।

# भारतीय नौसेना फॉर्म में आती, तो पाकिस्तान के चार टुकड़े हो जाते : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि 1971 इसका गवाह है, कि जब भारतीय नौसेना हरकत में आई थी, तो पाकिस्तान एक से दो हो गया था। अगर ऑपरेशन सिंदूर में, भारतीय नौसेना अपने फॉर्म में आई होती, तो पाकिस्तान के दो टुकड़े ही न होते बल्कि मैं समझता हूँ शायद चार टुकड़े हो जाते। रक्षा मंत्री ने शुक्रवार को गोवा के तट से कुछ ही दूरी पर आईएनएस विक्रांत पर यह बात कही। इसके साथ ही उन्होंने कहा, 'मैं यह बात फिर से, बेहद दृढ़ता से कहना चाहता हूँ, कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। यह सिर्फ एक विराम है, एक चेतावनी। अगर पाकिस्तान ने फिर वही गलती की, तो भारत का उत्तर और भी कठोर होगा, और इस बार, उसे संभलने का मौका नहीं मिलेगा।'

> 'मैं यह बात फिर से, बेहद दृढ़ता से कहना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। यह सिर्फ एक विराम है, एक चेतावनी : **राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक मिलिट्री एक्शन नहीं है बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत का फ्रंटल असॉल्ट है। हम आतंकवाद के खिलाफ हर उस तरीके का इस्तेमाल करेंगे, जो पाकिस्तान सोच सकता है, मगर हम उन तरीकों का इस्तेमाल करने में भी संकोच नहीं करेंगे, जो पाकिस्तान सोच भी नहीं सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी फोर्स की फॉरवर्ड तैनाती के साथ-साथ विक्रांत कैरियर बैटल ग्रुप की फोर्स प्रोजेक्शन ने भी हमारे इरादे और क्षमता का प्रभावी संकेत दिया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि आपकी इस मजबूत तैयारी ने दुश्मन के हौसले को पहले ही पस्त कर दिया। पाकिस्तान के लिए आपकी तैयारी मात्र ही बहुत थी। आपको तो एक्शन की जरूरत ही नहीं पड़ी, आपकी तैयारी से ही दुश्मन सकते में आ गया। पाकिस्तान ने भारतीय नौसेना की प्रचंड शक्ति, उसकी सैन्य सूझबूझ और विध्वंसक क्षमताओं को न सिर्फ महसूस किया, बल्कि वह उससे भयभीत भी हुआ। रक्षा मंत्री ने कहा कि हाफिज सईद 'मुंबई हमलों' का गुनहगार है। समुंदर के रास्ते मुंबई में मौत बरसाने का जो गुनाह उसके संगठन ने किया है, उसका इंसाफ होना चाहिए। यह काम पाकिस्तान में नहीं हो सकता है। मुंबई हमलों के एक आरोपी तहव्वुर राणा को पिछले दिनों भारत लाया गया है।



### रक्षा मंत्री ने तीन डिफेंस पीएसयू को दिया 'मिनीरत्न' का दर्जा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (एमआईएल), आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (एवीएनएल) और इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड (आईओएल) को 'मिनीरत्न श्रेणी-I' का दर्जा देने की मंजूरी दी है। रक्षा मंत्री ने इन तीनों रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों (डिफेंस पीएसयू) को सरकारी संगठन से लाभकारी कॉरपोरेट इकाई में तेजी से बदलने के लिए बधाई दी। उन्होंने कंपनी के टर्नओवर में वृद्धि, स्वदेशीकरण को अधिकतम करने तथा अन्य प्रदर्शन मानकों को पूरा करने के लिए इनके प्रबंधन द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की। इन तीनों डिफेंस पीएसयू को मिनीरत्न का दर्जा मिलने से उन्हें अधिक स्वायत्तता, नवाचार और विकास की दिशा में सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

# मुर्मु ने 15 नर्सों को प्रदान किए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार



**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में विभिन्न वर्ग की 15 नर्सों को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए वर्ष 2025 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कृत नर्सों में एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) वर्ग में अंडमान निकोबार की रेबा रानी सरकार, आंध्र प्रदेश की वलिवेती सुभावती, दादर-नगर हमेली एवं दमन-दीव की सरोज फकीरभाई पटेल, लक्षद्वीप की रजिया बेगम पीबी और महाराष्ट्र की सुजाता अशोक बागुल , एलएचवी (लेडी हेल्थ विजिटर) वर्ग में असम की बीना पानी डेका, नर्स वर्ग में अरुणाचल प्रदेश की किजुम सोरा कारगा, दिल्ली की डिम्पल अरोड़ा और मेजर जनरल शीना पी डी, कर्नाटक की डॉ बानू एमआर, मणिपुर की लीमापोकपम रंजीता देवी, मिजोरम की वी लालमंगई, पुडुचेरी की एलएस मणिमोझी, तमिलनाडु की के अलामेलु मंगयारकरसी और पश्चिम बंगाल की डॉली बिस्वास शामिल हैं। राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से दिया जाता है।

# हजारों समर्थकों के साथ समता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने थामा कांग्रेस का हाथ

## समता पार्टी के जुड़ने से विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस और हुई मजबूत

**पटना,** 30 मई (देशबन्धु)। बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम पटना में शुक्रवार को आयोजित मिलन समारोह में लोकप्रिय समता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार उर्फ धीरू शर्मा और वरिष्ठ नेता त्रिलोकी कुमार मांझी ने हजारों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम के हाथों ग्रहण किया। बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष ने सदस्यता ग्रहण कराने के बाद कहा कि धीरेन्द्र कुमार उर्फ धीरू शर्मा और त्रिलोकी कुमार मांझी के आने से बिहार में कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में भविष्य के दिनों में और भी कई जिलों से महत्वपूर्ण सामाजिक कार्यकर्ता जुड़ेंगे। कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने में दोनों आगत नेताओं और उनके समर्थकों को आज से ही जुटकर काम करने की आवश्यकता है। बिहार में सामाजिक न्याय के लिए राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के संघर्ष का परिणाम है कि विभिन्न क्षेत्रों और दलों के लोग कांग्रेस के प्रति आकर्षित हो रहें हैं।



> राहुल गांधी के संघर्ष और सामाजिक न्याय की विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस से जुड़कर काम करने को इच्छुक हूं : **धीरेन्द्र कुमार**

लोकप्रिय समता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार उर्फ धीरू शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी के संघर्ष और सामाजिक न्याय की विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस से जुड़कर काम करने को इच्छुक हूं। कांग्रेस पार्टी लगातार देशहित में कार्य कर रही है ।

## मोदी सरकार 'ऑपरेशन सिंदूर' के नाम पर राजनीतिक लाभ ले रही है : संजय राउत

**मुंबई,** 30 मई (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के नाम पर राजनीतिक लाभ अर्जित करने का आरोप लगाया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस ऑपरेशन को हमारे जवानों ने अंजाम दिया, लेकिन यह दुख की बात है कि प्रधानमंत्री लगातार इसका राजनीतिक लाभ पाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कहीं पर सिंदूर यात्रा निकाली जा रही है, तो कहीं कहा जा रहा है कि अब 'ऑपरेशन बंगला' का समय आ चुका है। हालांकि, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसका जवाब दे दिया।

### झारखंड ने 16वें वित्त आयोग से मांगे 3 लाख 3 हजार 527 करोड़ रुपए

**रांची।** झारखंड सरकार ने 16वें वित्त आयोग से राज्य के विकास के लिए कुल 3 लाख 3 हजार 527 करोड़ रुपए का ग्रांट मांगा है। राज्य के चार दिवसीय दौरे पर आई आयोग की टीम के समक्ष शुक्रवार को राज्य सरकार के मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने विभिन्न क्षेत्रों में समेकित और समावेशी विकास के संभावित रोडमैप पर विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। सरकार ने आयोग को बताया कि देश की आवश्यकताओं के लिए खनिज एवं प्राकृतिक संपदा संपन्न इस राज्य के संसाधनों का जितने बड़े पैमाने पर दोहन किया जाता है, उस अनुपात में उसे केंद्रीय अनुदान में हिस्सा अब तक नहीं मिल पाया है। अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य सरकार की ओर से वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, उच्च शिक्षा, नगर विकास एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, जल संसाधन मंत्री योगेंद्र प्रसाद एवं अन्य ने कहा कि झारखंड को विकास की दौड़ में आगे लाने के लिए इसे विशेष संरक्षण और सहायता की जरूरत है।

**शुद्धिपत्र**

ICICI Bank
शाखा कार्यालयः आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बीपी-4, टेक्नोपोलिस बिल्डिंग, चौथी मंजिल, सेक्टर वी, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता पश्चिम बंगाल- 700091।
सीआईएन संख्याः L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

विषयः आपके ऋण खाता संख्या LBRPR00005353476 के संबंध में वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (SARFAESI अधिनियम) के तहत जारी किया गया हमारा मांग नोटिस दिनांक 28 फरवरी, 2024। यह आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के साथ आपके उपरोक्त ऋण/सुविधा अनुबंध संख्या LBRPR00005353476 के संबंध में शीर्षक नोटिस (जिसे आगे 'उक्त नोटिस' कहा जाएगा) के संदर्भ में है। हम यह उल्लेख करना चाहते हैं कि अनजाने में और अनजाने में उक्त भौतिक कब्जे में एक टाइपोग्राफिकल त्रुटि हुई है। द पायनियर (अंग्रेजी) और देशबंधु (हिंदी), रायपुर संस्करण में 12-04-2025 के LBRPR00005353476 बिजॉय आचारजी का प्रकाशन। कृपया LBAGR 00004843476 के बजाय लैन नंबर LBRPR00005353476 पढ़ें। अन्य सभी मामले समान हैं।

दिनांकः 31 मई, 2025
स्थानः रायपुर
अधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बीपी-4, टेक्नोपोलिस बिल्डिंग, चतुर्थ तल, सेक्टर-5, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता, पश्चिम बंगाल -700091
सीआईएन : L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा आईसीआईसीआई बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधा(ओं) के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है। ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, जोकि तामील नहीं की जा सकी और इसलिए उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रवर्तित की जाने वाली प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दिलीप सोलंकी/निकिता सोलंकी/मन्दा सोलंकी/ए 2 सुरभि होम आदर्श नगर नगर मोवा जिला रायपुर छत्तीसगढ रायपुर-492008/ LBRPR00003141141/ LBRPR00005200668/ LBRPR00006264114 | "संस्कार सिटी" प्लॉट नंबर 67, खसरा नंबर 259/1, 259/2, 262/1, 262/2, 263 एवं 306 का भाग, ग्राम धानसूली, पीएच नंबर 69/12, आरएनएम मंदिर हासौद, तहसील अरंग, जिला रायपुर (छत्तीसगढ), क्षेत्रफल परिमाप 1200 वर्ग फीट | 22-04-2025 रू. 16,77,121.00/- | 03-02 -2025 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहीं लागू है) को बकाया राशि का भुगतान धारा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 31-05-2025, स्थान : रायपुर
भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता वास्ते आईसीआईसीआई बैंक

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने निम्न वाहनों के संबंध में एक नीलामी का आयोजन किया है।
1) AL_BADA_DOST
2) Reg. No. CG07CQ4840
3) YOM. 2022
4) Mini Reserve Price 3,69,000/-
मेसर्स कोटक महिंद्रा बैंक के साथ दृष्टिबंधक के तहत इसकी 'जहाँ है जैसी स्थिति है' में बिक्री के अधीन है।
इच्छुक पक्ष इस पेपर के प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर यानी 06.06.2025 को या उससे पहले अपने कोटेशन (ऑनलाइन/ऑफलाइन) दे सकते हैं
(कृपया ध्यान दें कि नीलामी की अंतिम तिथि साप्ताहिक अवकाश/छुट्टी नहीं होगी)।

kotak Kotak Mahindra Bank
शाखा का पता:
कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड
ब्लॉक बी 1, तीसरी मंजिल, पुजारी कॉम्पलेक्स, पचपेड़ी नाका चौक के पास, रायपुर छत्तीसगढ़-492001 या
संपर्क: शंकर सिंह
मो. 88177 34767
ई-मेल: shankar.singh5@kotak.com

ROHA HOUSING FINANCE — GROW WITH YOUR OWN HOME
**रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड**
कॉर्पोरेट ऑफिस : युनिट नं. 1117 एवं 1118, 11वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड टॉवर, सेक्टर 16, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201 301.

**मांग सूचना**
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम (SARFAESI Act) 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत नोटिस

निम्न उधारकर्ताओं को एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड (RHFPL) से ऋण प्राप्त किया है लेकिन उनके द्वारा ऋण की ईएमआई (EMIs) का नियमित भुगतान नहीं किया गया है। और इस कारण नेशनल हाउसिंग बैंक द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत उनका ऋणखाता एनपीए (नॉन परफार्मिंग एसेट) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इन उधारकर्ताओं ने RHFPL के पास सिक्युरिटी के रूप में अचल संपत्ति रखी है। जिनका ब्यौरा और आज तारिख तक उधारकर्ता द्वारा RHFPL को चुकायी जाने वाली ऋण एवं बकाया राशि का ब्यौरा भी नीचें दर्शाया गया है। उधारकर्ताओं और सामान्य जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि RHFPL के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में निम्न हस्ताक्षरकर्ता, जमानती लेनदार ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम (SARFAESI Act) 2002 के तहत निम्न उधारकर्ताओं के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ की है। यदि निम्न उधारकर्ता उनके नामों के सामने दर्शाए गए बकाया देयों को भुगतान इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर नहीं करते है। तो जमानती लेनदार को सरफेसी (SARFAESI Act) अधिनियम की धारा 13 की उपधारा(4) के अंतर्गत प्रदत्त एक या उससे अधिक अधिकारो का प्रयोग करते हुए इस संपत्ति को कब्जा/अधिकार में लेने और इसे बेचने की कार्यवाही करेंगे। सामान्य जनता को सलाह दी जाती है कि वे नीचें वर्णीत संपत्ति/संपत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का लेनदेन न करें।

| क्र. | ऋणी(यों)/सह-ऋणी(यों) के नाम लोन खाता नं./शाखा | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | सुरक्षित आस्ति(यों) का विवरण (अचल संपत्ति/यां) |
|---|---|---|---|
| 1 | एलएएन: HLRAICPPS000005007932/शाखा: रायपुर क्लस्टर<br>1. अमित कुमार पुत्र तरूण कुमार (कर्जदार) पता: बापू नगर, वार्ड नंबर 33, खुर्सीपार भिलाई, भिलाई, छत्तीसगढ़-490011<br>2. कुसुम देवी पत्नी तरूण कुमार (सह-कर्जदार)<br>दोनों का पता: लक्ष्मी नगर वार्ड नंबर 4 निकट एकता द्वार, सुपेला भिलाई, भिलाई, छत्तीसगढ़-490023 भारत)<br>दोनों का अन्य पता: मौजा कुरूद, पी.एच. नंबर 14 19, आर.एन.एम. कोहका, तहसील एवं जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़), खसरा नंबर (1099/1 का भाग), प्लॉट नंबर 23, क्षेत्रफल परिमाप 1048.75 वर्ग फीट, राजनंदगांव, छत्तीसगढ़-491885 | 15-05-2025 & ₹ 5,61,869/- | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड: संपत्ति का पता: मौजा कुरूद, पी.एच. नंबर 14 19, आर.एन.एम. कोहका, तहसील एवं जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़), खसरा नंबर (1099/1 का भाग), प्लॉट नंबर 23, क्षेत्रफल परिमाप 1048.75 वर्ग फीट, राजनंदगांव, छत्तीसगढ़-491885 |
| 2 | एलएएन: HLRAICSCON000005013951/शाखा: रायपुर क्लस्टर<br>1. महावीर कुमार जैन (कर्जदार) पता: तिरंगा चौक, ग्राम अमलेश्वर, पाटन, रायपुर, छत्तीसगढ़-491111<br>2. कविता जैन (सह-कर्जदार)<br>दोनों का पता: गणपति नगर, न्यू चंगोरभाटा, रायपुर, छत्तीसगढ़-492013<br>दोनों का अन्य पता: मौजा-अमलेश्वर, खसरा नंबर 1005/18, पीएच नंबर 05, आर.एन.एम. भिलाई 3, तहसील पाटन, जिला दुर्ग, रायपुर, छत्तीसगढ़-491111 | 15-05-2025 & ₹ 5,80,622/- | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड: संपत्ति का पता: मौजा-अमलेश्वर, खसरा नंबर 1005/18, पीएच नंबर 05, आर.एन.एम. भिलाई 3, तहसील पाटन, जिला दुर्ग, रायपुर, छत्तीसगढ़-491111 |
| 3 | एलएएन: LADURGLPRS000005016407/शाखा: दुर्ग<br>1. राकेश पिनयानी (कर्जदार) पता: सुंदर विहार कालोनी, निकट नालंदा स्कूल, मेन रोड कुरूद, भिलाई, दुर्ग, भिलाई, छत्तीसगढ़-490026<br>2. वीणा पिनयानी (सह-कर्जदार)<br>दोनों का पता: प्लॉट नंबर 97/सी, सुंदर विहार कालोनी पीएच 1 कुरूद, भिलाई, छत्तीसगढ़-490026<br>दोनों का अन्य पता: सम्पत्ति खसरा नंबर 1404/40, प्लॉट नंबर 97 सी, मौजा खास कुरूद, पी.सी. नंबर 19, वार्ड नंबर 16, सुंदर विहार फेज-01, आर.आई.सी. दुर्ग-1, तहसील दुर्ग, जिला दुर्ग, भिलाई, छत्तीसगढ़-490026 | 15-05-2025 & ₹ 22,78,420/- | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड: संपत्ति का पता: सम्पत्ति खसरा नंबर 1404/40, प्लॉट नंबर 97 सी, मौजा खास कुरूद, पी.सी. नंबर 19, वार्ड नंबर 16, सुंदर विहार फेज-01, आर.आई.सी. दुर्ग-1, तहसील दुर्ग, जिला दुर्ग, भिलाई, छत्तीसगढ़-490026 |

स्थान : छत्तीसगढ़
दिनांक : 31.05.2025
प्राधिकृत अधिकारी
तर्फे - रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड

### राजकुमार राव को चुनौतियों से भरी प्रभावशाली फिल्में पसंद

**मुंबई।** अभिनेता राजकुमार राव की गिनती इंडस्ट्री के मंझे हुए कलाकारों में होती है। अभिनेता राजकुमार राव का कहना है कि उन्हें डांस-केंद्रित भूमिकाओं के बजाय प्रभावशाली भूमिकाएं पसंद हैं। वे 'शाहिद', 'मालिक' और 'न्यूटन' जैसी फिल्मों को पसंद करते हैं। यह पूछे जाने पर कि वह क्या चुनेंगे, डांसिंग राजकुमार या 'शाहिद' और 'मालिक' जैसी फिल्में करने वाले राजकुमार, तो उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि मैं 'शाहिद', 'मालिक' और 'न्यूटन' को चुनूंगा क्योंकि मैं किसी पार्टी में भी डांस कर सकता हूं, वीडियो बना सकता हूं और उसे अपलोड कर सकता हूं, लेकिन ऐसी फिल्मों को करने के अवसर आसानी से नहीं मिलते।

## श्वेता त्रिपाठी बनेंगी थिएटर निर्माता लाएंगी समलैंगिक मुद्दे पर नाटक



**मुंबई,** 30 मई (एजेंसियां)। एक्ट्रेस श्वेता त्रिपाठी जल्द ही थिएटर निर्माता के रूप में अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। वह एक मशहूर ब्रिटिश नाटक 'कॉक' का मंचन करेंगी। यह उनका पहला प्रोडक्शन होगा, जिससे वह थिएटर की दुनिया में कदम रख रही हैं। इस नाटक का पहला शो 6 जून को दिल्ली में मैक्स मुलर भवन में होगा। फिर 10 जून को मुंबई में पृथ्वी थिएटर में इसका प्रदर्शन होगा। प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए श्वेता ने कहा कि मुझे थिएटर हमेशा से बहुत पसंद रहा है। थिएटर में सब कुछ सीधे-सादे तरीके से सामने आता है, कोई भी चीज छुपाई नहीं जा सकती। 'कॉक' बनाना मेरे लिए एक व्यक्तिगत और रचनात्मक फैसला है, मेरा मानना है कि कहानियों में दुनिया की सारी सच्चाई और खूबसूरती दिखनी चाहिए। श्वेता अपनी थिएटर प्रोडक्शन कंपनी ऑलमायटी के तहत इस नाटक का निर्माण कर रही हैं। इस नाटक का निर्देशन यूके में रहने वाले मनीष गांधी कर रहे हैं। इसमें रिताशा राठौड़, तन्मय धनानिया, साहिर मेहता और हर्ष सिंह जैसे कलाकार शामिल हैं। श्वेता के लिए इस नाटक पर काम करना बेहद खास बात है, क्योंकि यह नाटक समलैंगिक प्यार और प्राइड मंथ को सेलिब्रेट करता है।

## महिलाओं के लिए बेहद फायदेमंद है किशमिश

### आयरन, पोटेशियम, कैल्शियम, विटामिन बी के साथ एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व से भरपूर

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। मीठी किशमिश देखने में भले ही छोटी हो, मगर बेहद फायदेमंद होती है। यह न केवल शरीर में खून की कमी दूर करने में मदद करती है, बल्कि पोषक तत्वों का खजाना है और महिलाओं के लिए भी बेहद फायदेमंद होती है।

हेल्थ एक्सपर्ट किशमिश को सुपर फूड बताते हैं, जो सेहत को अनगिनत फायदे देती है। विशेषज्ञों के अनुसार, रोजाना सुबह खाली पेट किशमिश खाने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि खून की कमी भी दूर हो सकती है।

अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन वेबसाइट में प्रकाशित एक शोध लेख के अनुसार, किशमिश सूखे अंगूर हैं, जो पौष्टिक और सेहतमंद होते हैं।



**रोजाना 10-12 किशमिश खाने से बढ़ता है हीमोग्लोबिन का स्तर**

इनमें फाइबर और खास तत्व होते हैं, जो शरीर को फायदा पहुंचाते हैं। हालांकि, इनमें चीनी ज्यादा होती है, फिर भी ये ब्लड शुगर को धीरे-धीरे बढ़ाते हैं, इसलिए इन्हें हेल्दी स्नैक माना जाता है। शोध भी बताते हैं कि किशमिश खाना सेहत के लिए अच्छा है।

आयुर्वेदाचार्य प्रमोद तिवारी बताते हैं, किशमिश पोषक तत्वों का खजाना है, जिसमें आयरन, पोटेशियम, कैल्शियम, विटामिन बी के साथ एंटीऑक्सीडेंट्स भी पाए जाते हैं। किशमिश में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो पाचन तंत्र के लिए भी काफी अच्छा होता है। खाली पेट किशमिश खाने से कब्ज की समस्या दूर होती है और पेट साफ होता है। रात भर भिगोई गई किशमिश सुबह खाने से पाचन एंजाइम्स सक्रिय होते हैं, जिससे भोजन का पाचन आसान हो जाता है।

आयुर्वेद के अनुसार, किशमिश आयरन का एक बेहतरीन स्रोत है, जो शरीर में खून की कमी (एनीमिया) को दूर करने में मदद करती है। यह महिलाओं के लिए खास तौर पर फायदेमंद होती है। मासिक धर्म के दौरान आयरन की कमी या अन्य समस्याओं का सामना करने वाली महिलाओं के लिए भी किशमिश का सेवन लाभकारी होता है। आयुर्वेदाचार्य ने बताया, रोजाना 10-12 किशमिश खाने से हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ता है और थकान, कमजोरी जैसी समस्याएं कम होती हैं। किशमिश में पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे खनिज तत्व भी होते हैं, जो हृदय को स्वस्थ रखने में सहायक हैं। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करती है और रक्तचाप को संतुलित रखती है।

हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा कम होता है। किशमिश में मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को चमकदार बनाए रखते हैं। यह झुर्रियों, दाग-धब्बों को कम करता है। साथ ही, किशमिश में मौजूद विटामिन बी कॉम्प्लेक्स और जिंक बालों को मजबूत बनाते हैं और बालों का झड़ना कम करते हैं। किशमिश में कैल्शियम और बोरोन जैसे तत्व हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

## फिर साथ आए विक्रांत मैसी व मेधा शंकर

**'12वीं फेल' के अनदेखे सीन किए साझा**

**मुंबई,** 30 मई (एजेंसियां)। सुपरहिट फिल्म '12वीं फेल' की आधिकारिक स्क्रिप्ट पब्लिक डोमेन में जारी की जाएगी। इस कदम से भारतीय सिनेमा में पारदर्शिता लाने और फिल्म निर्माण की प्रक्रिया को समझने में मदद मिलेगी। पब्लिक डोमेन का मतलब है कि कोई चीज, जैसे किताब, गाना, फिल्म या तस्वीर, अब सभी के लिए मुफ्त और पहुंच में होगी। मतलब, उसे कोई भी बिना अनुमति इस्तेमाल कर सकता है, कॉपी कर सकता है या शेयर कर सकता है। इसमें कोई कॉपीराइट नहीं होता। फिल्म में विक्रांत मैसी ने मनोज नाम के लड़के का किरदार निभाया था, वहीं एक्ट्रेस मेधा शंकर ने उनकी प्रेमिका श्रद्धा की भूमिका निभाई थी। 'स्क्रिप्ट टू स्क्रीन' एक खास झलक है, जो दर्शकों को फिल्म बनाने की प्रक्रिया दिखाती है। इसमें बताया गया है कि कैसे कहानी के कुछ हिस्से बदलते और सुधरते हैं। साथ ही, यह भी दिखाया गया है कि फिल्म की टीम ने मिलकर कैसे फैसले लिए और नई-नई सोच अपनाई। वीडियो में फिल्म का एक खास और दिल को छू लेने वाला हटाया गया सीन शामिल है, जिसमें मनोज और श्रद्धा के बीच एक भावुक पल दिखाया गया है। इस सीन में श्रद्धा पहली बार मनोज से अपने प्यार का इजहार करती है। यह सीन उनके रिश्ते को और गहराई देता है और दर्शकों को उनके भावनात्मक जुड़ाव को बेहतर तरीके से समझने में मदद करता है। इस सीन के बारे में बात करते हुए विक्रांत मैसी ने कहा कि मेधा के साथ वह हटाया गया सीन पढ़ते वक्त कई यादें और भावनाएं फिर से ताजा हो गईं। हम सब बहुत खुश हैं कि अब स्क्रीनप्ले सबके साथ बांटा जा रहा है। मुझे उम्मीद है कि फिल्म के शौकीन लोग इसे पसंद करेंगे और समझ पाएंगे कि पूरी टीम ने इस फिल्म को बनाने में कितनी मेहनत की है। टीम ने ये भी मजेदार बातें बताई हैं कि कुछ सीन कैसे बने।

## 'द ट्रेटर्स' से एक्टिंग में डेब्यू करेंगी अंशुला कपूर

**मुंबई,** 30 मई (एजेंसियां)। फिल्म निर्माता-निर्देशक बोनी कपूर की बेटी और अभिनेता अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर अब अभिनय जगत की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। अंशुला प्राइम वीडियो की सीरीज 'द ट्रेटर्स' से डेब्यू करने के लिए तैयार हैं, जिसे करण जौहर होस्ट करेंगे। होस्ट करण जौहर ने शुक्रवार को सीरीज के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान अंशुला से पूछा कि क्या आप गेम में आगे बढ़ने के लिए किसी को धोखा दे सकती हैं? जवाब देते हुए अंशुला ने बताया कि आपने मुझे मासूम और शांत कहा, मैं ऐसी दिख सकती हूं, मैं प्यारी भी दिख सकती हूं, लेकिन एक्टिंग तो मेरे खून में है। मैं आत्मविश्वास से भरपूर हूं और यही मेरी खूबी है।




ट्रेलर लॉन्च के दौरान करण जौहर ने बताया कि यह शो झूठ, धोखे और ड्रामे से भरा है। वह न सिर्फ गेम को कंट्रोल करेंगे, बल्कि 20 प्रतियोगियों के बीच होने वाले झगड़े और साजिशों को भी करीब से देखेंगे। प्राइम वीडियो इंडिया के हेड ऑफ ओरिजिनल्स निखिल माधोक ने कहा कि प्राइम वीडियो पर हम हमेशा कुछ नया और अलग पेश करने की कोशिश करते हैं। द ट्रेटर्स के साथ हम एक ऐसे फॉर्मेट में उतर रहे हैं जैसा भारत ने पहले कभी नहीं देखा। ट्रेलर तो सिर्फ एक झलक है। यह एंटरटेनमेंट को एक नए लेवल पर ले जाएगा। यह ट्रस्ट और धोखे की सबसे बड़ी परीक्षा है, जहां खिलाड़ी हर वक्त शक और साजिश के माहौल में खेलते हैं और उनका माइंड ही उनका सबसे बड़ा हथियार होता है। हमें इस शानदार प्रोजेक्ट पर काम करने की खुशी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के भारतीय वर्जन में 20 मशहूर हस्तियां हैं, जिनमें अंशुला कपूर के साथ अपूर्वा, आशीष विद्यार्थी, एलनाज नौरौजी, हर्ष गुजराल, जन्नत जुबैर, जानवी गौर, जैस्मीन भसीन, करण कुंद्रा, लक्ष्मी मांचू, महीप कपूर, मुकेश छाबड़ा, निकिता लूथर, राज कुंद्रा, साहिल सलाथिया, सुधांशु पांडे, सूफी मोतीवाला और ऊर्फी जावेद समेत अन्य के नाम शामिल हैं। ये 20 कंटेस्टेंट राजस्थान के शानदार सूर्यगढ़ पैलेस में नकद पुरस्कार और खिताब जीतने के लिए आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह शो 12 जून से शुरू होगा और हर गुरुवार रात 8 बजे प्राइम वीडियो पर इसका प्रीमियर होगा।

### भीषण गर्मी में यात्रियों को राहत दे रही नमो भारत ट्रेन

## सिलेक्टिव डोर ओपनिंग, वातानुकूलन प्रणाली से मिल रही ठंडक

**गाजियाबाद,** 30 मई (देशबन्धु)। दिल्ली-एनसीआर की भीषण गर्मी में सफर करने वाले यात्रियों के लिए नमो भारत ट्रेन एक बड़ी राहत बनकर उभरी है। अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित इस ट्रेन में सिलेक्टिव डोर ओपनिंग और उन्नत वातानुकूलन प्रणाली जैसे फीचर्स यात्रियों को न सिर्फ आरामदायक यात्रा का अनुभव दे रहे हैं, बल्कि ऊर्जा की बचत में भी मददगार साबित हो रहे हैं। नमो भारत ट्रेन में पैसेंजर कंट्रोल मोड यानी पुश बटन डोर ओपनिंग सिस्टम की सुविधा दी गई है। इसका मतलब है कि हर स्टेशन पर दरवाजे अपने आप नहीं खुलते, बल्कि यात्रियों को जरूरत अनुसार पुश बटन दबाकर दरवाजा खोलना होता है। इससे ट्रेन के भीतर की ठंडी हवा बाहर नहीं जाती, जिससे वातानुकूलन प्रणाली पर कम दबाव पड़ता है और ऊर्जा की भी बचत होती है। इस तरह की तकनीक देश में पहली बार किसी ट्रेन में इस्तेमाल की जा रही है। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए नमो भारत ट्रेन के प्रत्येक कोच में दो-दो एसी यूनिट्स लगाए गए हैं, जो तापमान को स्थिर बनाए रखते हैं। आमतौर पर ट्रेन के अंदर का तापमान लगभग 25 डिग्री सेल्सियस रखा जाता है, जिसे मौसम के अनुसार समायोजित भी किया जा सकता है। नमो भारत का एसी



- **ट्रेन के अंदर का तापमान लगभग 25 डिग्री सेल्सियस**
- **न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक 55 किलोमीटर के खंड में संचालित**

सिस्टम न केवल गर्मी से राहत देता है बल्कि धूल-धूप से भी यात्रियों को बचाता है। पूरी तरह वातानुकूलित वातावरण खासकर छात्रों, नौकरीपेशा लोगों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रहा है। नियमित रूप से एसी फिल्टर की सफाई और रखरखाव भी सुनिश्चित किया जाता है। सिर्फ ट्रेन ही नहीं, इसके प्लेटफॉर्म और स्टेशन भी आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। खुले और हवादार प्लेटफॉर्म यात्रियों को ट्रेन का इंतजार करते समय राहत प्रदान करते हैं। प्रीमियम लाउंज में बड़े पंखों के जरिए ठंडी हवा की सुविधा दी गई है, वहीं यात्रियों को स्टेशन पर मुफ्त में स्वच्छ पेयजल भी उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान में नमो भारत ट्रेन सेवा दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक 55 किलोमीटर के खंड में संचालित हो रही है। इस खंड में कुल 11 स्टेशन—न्यू अशोक नगर, आनंद विहार, साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो, मुरादनगर, मोदीनगर साउथ, मोदी नगर नॉर्थ और मेरठ साउथ शामिल हैं।

## साइटिका हो या पथरी, भुजंगासन से पाएं आराम

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। जब बात शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने की हो, तो योग और आयुर्वेद का नाम सबसे पहले आता है। सदियों पुरानी इन भारतीय विधाओं ने न केवल हमारी जीवनशैली को बेहतर बनाया है, बल्कि बीमारियों से लड़ने की ताकत भी दी है। योग में शरीर को मजबूत और लचीला बनाए रखने के लिए योगासनों का अहम स्थान है। इन्हीं योगासनों में एक है- भुजंगासन, जिसे अंग्रेज़ी में 'कोबरा पोज' कहा जाता है। इस आसन में धड़ का पोज फन फैलाए हुए सांप की तरह होता है, और यही इसकी खास पहचान है। भुजंगासन कोई साधारण योगासन नहीं है, यह पैरों की उंगलियों से लेकर सिर तक शरीर के हर हिस्से पर असर डालता है।

### नियमित रूप से भुजंगासन करने के फायदे

योग विशेषज्ञों के अनुसार, भुजंगासन पीठ की मांसपेशियों को मजबूत और स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। इस आसन के नियमित अभ्यास से रीढ़ की हड्डी मजबूत होती है और शरीर में लचीलापन बढ़ता है। भुजंगासन किडनी की पथरी की समस्या के इलाज में फायदेमंद माना जाता है। इसका नियमित रूप से अभ्यास करने से किडनी पर जोर पड़ता है, जिससे किडनी में मौजूद विषाक्त पदार्थ निकलने लगते हैं और इसकी कार्यक्षमता में सुधार होता है। यह छाती, कंधों और पेट की मांसपेशियों को फैलाता है, जिससे शरीर में खिंचाव आता है और ताकत बढ़ती है। इसे करने से श्वसन तंत्र मजबूत होता है। इसके अलावा यह मानसिक तनाव और थकान को दूर करने में भी सहायक होता है। नियमित अभ्यास से मन शांत रहता है और शरीर में फुर्ती बनी रहती है।

भुजंगासन साइटिका की समस्या को कम करता है और अस्थमा के लक्षणों को भी घटाता है। यह प्रजनन प्रणाली को मजबूत करता है और महिलाओं में अनियमित मासिक धर्म की समस्या को ठीक करने में मदद करता है। भुजंगासन करने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है, जिससे चेहरे पर चमक आती है और त्वचा निखरती है। यह आसन आसान है और रोजाना करने से शरीर में ऊर्जा और ताजगी बनी रहती है।

### भुजंगासन करने का सही तरीका

भुजंगासन करने के लिए सबसे पहले पेट के बल सीधा लेट जाएं और पैरों के बीच थोड़ी दूरी रखें। अब अपने दोनों हाथों को धीरे-धीरे छाती के पास लाएं और हथेलियों को जमीन पर टिका दें। इसके बाद गहरी सांस लेते हुए अपनी नाभि के हिस्से को ऊपर उठाएं और सिर को पीछे की ओर ले जाते हुए ऊपर छत या आसमान की तरफ देखें। इस स्थिति में आपकी पीठ धीरे-धीरे ऊपर की (एक्सटेंशन पोजीशन में) ओर मुड़ेगी। इस मुद्रा में कुछ देर तक बने रहें और सामान्य रूप से सांस लेते रहें। यह स्थिति रीढ़ की हड्डी और पेट की मांसपेशियों के लिए लाभकारी होती है। फिर धीरे-धीरे वापस पहले वाली स्थिति में आ जाएं और कुछ समय के लिए शरीर को ढीला छोड़ दें। इस प्रक्रिया को तीन से चार बार दोहराएं। ये आसन करने से शरीर में लचीलापन बढ़ता है और तनाव कम होता है।



### वैज्ञानिकों का नए शोध में खुलासा

## तनाव बढ़ाता है डिमेंशिया का खतरा

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां) एक अध्ययन के अनुसार, डिप्रेशन होने से दिमाग की बीमारी डिमेंशिया होने का खतरा बढ़ जाता है। यह खतरा मध्य उम्र के साथ-साथ 50 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों में भी देखा गया है।

डिमेंशिया एक गंभीर बीमारी है, जिसमें व्यक्ति की याददाश्त, सोचने और समझने की क्षमता कमजोर हो जाती है। दुनियाभर में 5.7 करोड़ से ज़्यादा लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं। फिलहाल इसका कोई पक्का इलाज नहीं है, इसलिए यह बहुत जरूरी है कि हम उन कारणों को समय रहते पहचानें और ठीक करें, जो डिमेंशिया का खतरा बढ़ा सकते हैं।

इस अध्ययन में पाया गया है कि डिप्रेशन और डिमेंशिया के बीच संबंध बहुत जटिल है। इसमें देर तक सूजन होना, दिमाग के कुछ हिस्सों का सही से काम न करना, रक्त नलिकाओं में



बदलाव, दिमाग में कुछ जरूरी प्रोटीन या फैक्टर का बदल जाना, न्यूरोट्रांसमीटर नाम के रसायनों का असंतुलन होना आदि शामिल हैं। इसके अलावा, जेनेटिक और हमारे रोजमर्रा के व्यवहार भी डिप्रेशन और डिमेंशिया के जोखिम को बढ़ा सकते हैं।

जर्नल ईक्लिनिकलमेडिसिन में प्रकाशित अध्ययन बताता है कि हमें जिंदगी के हर दौर में डिप्रेशन को पहचानना और उसका इलाज करना बहुत जरूरी है। हमें इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। ब्रिटेन के नॉटिंघम विश्वविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य संस्थान और स्कूल ऑफ मेडिसिन के जैकब ब्रेन ने कहा कि सरकार और स्वास्थ्य विभाग को दिमाग की सेहत पर विशेष ध्यान देना चाहिए, खासकर बीमारियों को होने से रोकने पर।

- **50 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों को खतरा**
- **दुनियाभर में 5.7 करोड़ से ज़्यादा लोग इस बीमारी से पीड़ित**

इसके लिए जरूरी है कि लोग अच्छा और सही मानसिक स्वास्थ्य इलाज आसानी से पा सकें।

पहले के कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि जिन लोगों को डिप्रेशन होता है, उनमें बाद में डिमेंशिया होने की संभावना ज्यादा होती है। लेकिन अभी भी यह बात साफ नहीं है कि डिप्रेशन किस उम्र में सबसे ज्यादा खतरा बढ़ाता है। कुछ लोग कहते हैं कि अगर डिप्रेशन मिडिल एज यानी 40-50 साल की उम्र में शुरू होता है, तो ज्यादा असर होता है, जबकि कुछ का मानना है कि डिप्रेशन अगर बुढ़ापे में यानी 60 साल या उससे ऊपर में होता है, तो भी खतरा बढ़ता है। यह नया शोध अब तक के सारे पुराने शोधों को एक साथ लेकर आया है और इसमें नई जांच भी की गई है, ताकि यह साफ तरीके से पता लगाया जा सके कि डिप्रेशन कब सबसे ज्यादा खतरा बढ़ाता है। ब्रेन ने कहा कि हमारे शोध से यह संभावना सामने आई है कि बुढ़ापे में डिप्रेशन होना सिर्फ एक समस्या नहीं, बल्कि यह डिमेंशिया की शुरुआत का पहला संकेत भी हो सकता है। इसे जानना बहुत जरूरी है ताकि हम सही समय पर इलाज और बचाव कर सकें। अध्ययन में 20 से ज्यादा अलग-अलग शोधों के नतीजों को एक साथ मिलाया गया है, जिसमें कुल 34 लाख से भी ज्यादा लोग शामिल हुए। इस शोध में डिप्रेशन को मापा गया। साथ ही देखा गया कि डिप्रेशन किस उम्र में होने पर डिमेंशिया का खतरा बढ़ता है।

## '96 के सीक्वल को लेकर अफवाहें बेबुनियाद'

### फर्जी खबरों पर निर्देशक प्रेमकुमार ने तोड़ी चुप्पी

**चेन्नई,** 30 मई (एजेंसियां)। निर्देशक सी. प्रेमकुमार ने सोशल मीडिया पर चल रही उन अफवाहों को खारिज किया है, जिनमें कहा जा रहा था कि अभिनेता प्रदीप रंगनाथन और विजय सेतुपति ने उनकी हिट लव स्टोरी '96' के सीक्वल में काम करने से मना कर दिया है। बता दें कि प्रेमकुमार की तमिल फिल्म '96', जिसमें विजय सेतुपति और त्रिशा लीड रोल में थे, एक ब्लॉकबस्टर फिल्म रही।

निर्देशक प्रेमकुमार ने फर्जी खबरों को खारिज करते हुए अपने इंस्टाग्राम पेज पर फेक न्यूज का एक स्क्रीनशॉट शेयर किया और लिखा कि यह हमेशा की तरह फर्जी खबर है। '96' के सीक्वल में पहले के ही कलाकार लिए जाएंगे। मैं ये भी साफ कर दूं कि प्रदीप रंगनाथन को किसी और कहानी के लिए अप्रोच किया गया था, उसका '96' के दूसरे पार्ट से कोई लेना-देना नहीं है। निर्देशक ने इस बात पर अफसोस जताया कि सोशल मीडिया पर कुछ लोग जानबूझकर झूठ और अफवाहें



फैला रहे हैं, और अब ऐसी बातों से निपटना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि हर दिन इन झूठी खबरों से निपटना और भी मुश्किल होता जा रहा है।

मैं फिर से मीडिया और पत्रकारों से अपील करता हूं कि सही बात लोगों तक पहुंचाएं। प्रेमकुमार की रोमांटिक फिल्म '96' साल 2018 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को पूरे देश में खूब सराहना मिली। फिल्म की कहानी एक ऐसे आदमी की है, जो अपनी पहली मोहब्बत को जिंदगी भर नहीं भूलता, भले ही उनकी राहें अलग हो चुकी हैं। इस रोमांटिक लव स्टोरी ने लोगों के दिल जीत लिए।

# अभिमत

**जलवायु बदलाव के दौर में पेड़ों व हरियाली से वायुमंडल में ग्रीन हाउस गैस सोखने की क्षमता बढ़ती है। यह जलवायु बदलाव कम करने का तरीका है। जैविक खेती में ग्रीन हाउस गैस का उत्सर्जन है ही नहीं, दूसरी ओर मिट्टी बेहतर होती है। अनुकूलन व शमन का पक्ष भी है। जलवायु बदलाव के दौर में अधिक विकट व अचानक बदलाव वाले मौसम का सामना करने की क्षमता इसमें होती है। यानी पेड़ लगाना, जल संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और नए फलदार पेड़ लगाने का काम बहुत महत्वपूर्ण व उपयोगी है।**

## क्या है पेड़ों का संदेश ?

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

पेड़, हमें जीवन भर कुछ न कुछ देते रहते हैं। फल, फूल, पत्ते, हवा, छाया इत्यादि। अगर हमारे घर के आसपास पेड़ हैं, तो वो हमें सुकून व शांति देते हैं। विशेषकर, जब हम तनाव में होते हैं, परेशान होते हैं, तब पेड़ों की ओर जाते हैं, वे हमें राहत देते हैं। आज मैं इस कॉलम में पेड़ों के बारे में बात करना चाहूंगा, जिससे पेड़ और पर्यावरण को समग्रता में समझा जा सके।

बचपन से ही मेरा पेड़ों के साथ करीबी का नाता रहा है। घर के आसपास मधुकामिनी, इमली, नीम बेर, बील, करंज के पेड़ थे। पक्षियों के चहचहाने से ही सुबह की शुरूआत होती थी। दिन भर ठंडी हवा बहती रहती थी। गर्मी के दिनों में मधुकामिनी के फूलों की मीठी खुशबू हर तरफ होती थी। नीम के पत्ते हिलते रहते थे। इनकी शाखाओं पर पक्षी झूला झूलते थे और गाना गाते रहते थे।

पिछले कुछ सालों से मुझे देशभर में घूमने का मौका मिला है, जहां भी जाता हूं, पेड़, पहाड़, नदियां अपनी ओर खींचती ही हैं। मैं ऐसे लोगों व समुदायों से भी मिला हूं, जिन्होंने पेड़ लगाने व बचाने का काम किया है।

हमारे जिले नर्मदापुरम (मध्यप्रदेश) में ही काकड़ी नामक गांव, जो कुछ साल पहले ही नया बसा है, विस्थापित आदिवासी गांव है, उसे वहां के लोगों ने हरा-भरा कर लिया है। यहां जो पेड़ लगाए गए हैं, उनमें आम, अमरूद, नींबू, कटहल, जामुन, छीताफल, आंवला, पपीता, मुनगा, महुआ इत्यादि पेड़ शामिल हैं। बांस, सागौन और केवलार भी हैं। सभी लोग पौधों की देखरेख करते हैं। उनमें पानी व गोबर खाद देते हैं और जरूरत पड़ने पर गुड़ाई करते हैं। यह सब गांव की एकता से ही संभव हुआ है।

उत्तराखंड में सामाजिक कार्यकर्ता विजय जड़धारी, जो चिपको आंदोलन से भी जुड़े रहे हैं, उन्होंने उनके गांव जड़धार में उजड़े जंगल को घने जंगल में बदल दिया है। इस काम में उन्हें गांव को पूरा सहयोग मिला है। इससे वहां के सूख चुके जलस्रोत भी फिर से पानीदार हो गए हैं। यह टिहरी-गढ़वाल जिले में है। उनके गांव में गया हूं, उनके साथ इस जंगल में घूमा हूं।

विजय जड़धारी बताते हैं कि टिहरी-गढ़वाल की चंबा-मसूरी पट्टी में पहले अच्छा और सुंदर जंगल था। इस गांव में भी था। पहाड़ के ढलानों से हरियाली की चादर हटने से बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बना रहता था। यहां के कई सदाबहार जलस्रोत सूख गए थे, तब गांववाले चिंतित हो उठे। इकट्ठे होकर सोचने लगे, और वनों के जतन में जुट गए।

वे आगे बताते हैं कि जड़धार गांव के लोगों ने मिलकर तय किया कि जंगल को बचाया जाए। इसके लिए एक वन सुरक्षा समिति बनाई गई। जंगल से किसी भी तरह के हरे पेड़, ठूंठ, यहां तक कि कंटीली हरी झाड़ियों को काटने पर रोक लगाई गई। कोई भी व्यक्ति यदि अवैध रूप से हरी टहनी या झाड़ी काटता है तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा, ऐसा तय किया गया।

कुछ समय के लिए पशु चरने पर भी रोक लगाई गई। कोई व्यक्ति वनों को किसी प्रकार नुकसान न पहुंचाए, यह सुनिश्चित किया गया। यह काम गांव की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया गया जिसमें जरूरत पड़ने पर थोड़ा बहुत फेरबदल किया जा सके। जंगल की रखवाली के लिए वन सुरक्षा समिति ने दो वनसेवक नियुक्त किए, जिन्हें गांववाले पैसे एकत्र कर कुछ आंशिक मानदेय देने लगे। जो पैसा जुर्माने से एकत्र होता उसे वनसेवकों को मानदेय के रूप में दे दिया जाता। हालांकि मानदेय की राशि कम थी, फिर भी वनसेवकों ने यह काम अपना समझकर किया।

इससे सूखे पानी के जलस्रोत फिर फूट पड़े, सदानीरा हो गए। ये सदाबहार जलस्रोतों से ही साल भर गांवों को पीने का पानी मिलता है। चौड़ी पत्ती के जंगल बारिश के पानी का स्पंज हैं। वे पानी को सोखकर रखते हैं। जहां ऐसे जंगल होते हैं वहां जलस्रोत सदानीरा होते हैं। पानी छन छन, कल कल बहता रहता है। इसके अलावा, कई वन्य प्राणियों ने भी इस जंगल को अपना आशियाना बना लिया है। भालू, सेही, बघेरा, तेंदुआ, बारहसिंघा, हिरण, जंगली सुअर, बंदर आदि यहां प्राय: दिखते हैं। हिरणों की टोलियां बिचरती रहती हैं। अब इस जंगल को देखने व समझने के लिए काफी लोग आते हैं। इसमें बड़ी संख्या में पक्षी भी हैं।

इन दिनों वृक्ष खेती का भी प्रचलन बढ़ रहा है। कुछ समय पहले मैं महाराष्ट्र के अमरावती जिले के रवाला गांव गया था। वहां गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता बसंत फुटाणे ने वृक्ष खेती का काफी अच्छा प्रयोग किया है। उनके खेत में संतरा के 500 पेड़ हैं। इसके अलावा, आंवला, रीठा, बेर, भिलावा, महुआ, दक्खन इमली, इमली, तेंदू, अगस्त, अमलतास, मुनगा, कचनार, चीकू, अमरूद, जामुन, सीताफल, करौंदा, पपीता, बेल, कैथ, इमली, रोहन, नींबू, नीम इत्यादि के फलदार व छायादार पेड़ हैं। वृक्ष खेती के तो और भी कई प्रयोग हैं।

पेड़ों का महत्व सर्वविदित है। उनका स्वभाव देने का है। फल, फूल, पत्तियां, छाया तो देते ही हैं। मशहूर लेखक शेल सिल्वरस्टाइन की किताब गिविंग ट्री है, जिसकी हिन्दी में प्रस्तुति अरविंद गुप्ता ने की है। यह पुस्तिका बहुत ही प्रेरणादायक है। इसमें पेड़ जीवन भर क्या देता है, इसकी कहानी है।

पेड़ औषधियों के काम आते हैं। नीम इनमें से एक है। नीम बहुत ही उपयोगी पेड़ है। गांवों में चोट लगने पर इसका लेप लगाया जाता है। नीम की दातौन तो करते ही हैं। बीमारियों से बचने के लिए भी इसकी पत्तियों को चबाया जाता है। मेरे पिताजी प्राय: इसकी कोमल पत्तियों को चबाया करते थे, कहते थे इससे बीमारियों से बचाव होता है।

इसकी पत्तियों को अनाज के साथ मिलाकर रखा जाता था, माना जाता है कि इससे कीटों से बचाव होता है। पक्षी भी इसकी निबौलियों को चाव से खाते हैं। इसी प्रकार, आम तो फल देता ही है, बहुत घनी छाया भी देता है। बबूल भी काफी उपयोगी है। इसकी पत्तियां बकरियां खाती हैं।

पेड़ों के आसपास की मिट्टी में कई तरह के जंतु होते हैं। कीड़े-मकोड़ों का भी वास होता है। इन पेड़ों के आसपास कुकुरमुत्ते (मशरूम) भी उगते हैं। इनमें से कई बहुत ही स्वादिष्ट होते हैं। ये कई आकारों व रंग के होते हैं। इन सबका आश्रयस्थल पेड़ों के आसपास ही होता है।

बच्चों का पेड़ों के साथ खास रिश्ता होता है। जब पेड़ों में फल-फूल होते हैं, तो वे उनके आसपास मंडराते रहते हैं। वे फल तो खाते ही हैं, उन पर चढ़कर खेल खेलते हैं। उनकी शाखाओं से झूला झूलते हैं। टहनियों व पत्तों से खिलौना बनाते हैं। घर बनाते हैं। बच्चों के साथ उनकी स्मृतियां सदैव रहती हैं।

यह कहा जा सकता है कि पेड़ों का एक संदेश है, जो उनकी यात्रा में छिपा है। उनके बीज, पौधे, तने, फल, फूल में छिपा है। वह उसका जीवन बिना विचलित हुए जीता है। सभी झंझावातों से जूझते हुए जीता है। जब हम दुखी होते हैं तो सहारा देता है।

कुल मिलाकर, पेड़ों से साफ हवा मिलती है, फल, फूल और पत्ते मिलते हैं और हरियाली होती है। जलवायु बदलाव के दौर में पेड़ों व हरियाली से वायुमंडल में ग्रीन हाउस गैस सोखने की क्षमता बढ़ती है। यह जलवायु बदलाव कम करने का तरीका है। जैविक खेती में ग्रीन हाउस गैस का उत्सर्जन है ही नहीं, दूसरी ओर मिट्टी बेहतर होती है। अनुकूलन व शमन का पक्ष भी है। जलवायु बदलाव के दौर में अधिक विकट व अचानक बदलाव वाले मौसम का सामना करने की क्षमता इसमें होती है। यानी पेड़ लगाना, जल संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और नए फलदार पेड़ लगाने का काम बहुत महत्वपूर्ण व उपयोगी है।

लेकिन यह भी देखने में आया है कि अब पेड़ कम हो रहे हैं। उनकी कटाई हो रही है। इसलिए अब जरूरी हो गया है कि पेड़ों को लगाया जाए। क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ना चाहेंगे ?

**पेड़ों का महत्व सर्वविदित है। उनका स्वभाव देने का है। फल, फूल, पत्तियां, छाया तो देते ही हैं। मशहूर लेखक शेल सिल्वरस्टाइन की किताब गिविंग ट्री है, जिसकी हिन्दी में प्रस्तुति अरविंद गुप्ता ने की है। यह पुस्तिका बहुत ही प्रेरणादायक है। इसमें पेड़ जीवन भर क्या देता है, इसकी कहानी है। पेड़ औषधियों के काम आते हैं। नीम इनमें से एक है। नीम बहुत ही उपयोगी पेड़ है।**

## बीता सप्ताह

**24 मई**

- रिचर्ड मार्लेस फिर बने आस्ट्रेलियो के उप प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री।
- छग के बीजापुर में 10 लाख के इनामी डिप्टी कमांडर सहित 24 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण।
- पाकिस्तान की जेब भरने वाले विश्वबैंक को भारत ने चेताया कि पाक को फिर ग्रे सूची में लाएंगे।
- महाराष्ट्र के गढ़चिरोली में छग सीमा पर चार नक्सली ढेर किए गए।

**25 मई**

- नीति आयोग की बैठक में पीएम मोदी ने मुख्यमंत्रियों को कहा कि विकास की रफ्तार बढ़ानी होगी।
- बांग्लादेश में भारी संशय और इस्तीफे की खबरों के बीच अब युसूफ ने कहा कि वह अंतरिम सरकार के प्रमुख बने रहेंगे।
- मानसून ने तोड़ा 16 साल का रिकार्ड इस बार तय समय से 8 दिन पहले केरल पहुंचा मानसून।
- हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों पर प्रतिबंध लगाने पर ट्रंप प्रशासन पर मुकदमा दायर किया।

**26 मई**

- लालू प्रसाद यादव ने अपने बेटे तेजप्रताप को पार्टी और परिवार से निकाल दिया।
- पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा नेता ऑपरेशन सिंदूर पर अनावश्यक बयानबाजी न करें।
- नीति आयोग ने का कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है।
- डैनियल नोबोआ ने इक्वाडोर के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

**27 मई**

- भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद छत्रपाल सिंह का निधन हो गया।
- ऑपरेशन सिंदूर पर बोले प्रधानमंत्री कि हमने छुपाकर नहीं बताकर मारा है।
- कांग्रेस ने लोकसभा पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई को असम की कमान सौंपी।
- मलेशिया में आसियान शिखर सम्मेलन 26 मई को शुरू हुआ।

**28 मई**

- सुप्रीम कोर्ट ने सावरकर से जुड़ी याचिका यह कहकर खरिज कर दी कि राहुल गांधी के बयानों से मौलिक अधिकारों का हनन नहीं हुआ।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के 69 हस्तियों को पदम पुरस्कार से सम्मानित किया।
- केन्द्र सरकार ने स्वदेश लड़ाकू विमान के कार्यक्रम को मंजूरी दे दी।
- बांग्लादेश में मुक्ति संग्राम के दौरान 1256 लोगों की हत्या करने का दोषी अजहरूल इस्लाम रिहा हो गया

**29 मई**

- केन्द्र सरकार ने धान सहित 14 फसलों की एमएसपी बढ़ाई।
- भारतीय जनता पार्टी के पाका वेंकट सत्यनारायण ने राज्यसभा सदस्यता की शपथ ली।
- घरेलू स्तर पर उत्पादित बड़े विमान सी-919 ने चीन के 16 शहरों को कवर किया।
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि असम में फर्जी मुठभेड़ की जांच होगी।

**30 मई**

- पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ।
- रक्षा परियोजनाओं में देरी पर वायुसेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह ने जताई नाराजगी।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय के लिए तीन न्यायाधीशों की नियुक्ति की।
  1. कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन वी अंजरिया।
  2. गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई
  3. बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर
- एलन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का साथ छोड़ा, दिया सलाहकार पद से इस्तीफा।

## 130 दिनों के शासन में डोनाल्ड ट्रम्प को नहीं मिली कोई सफलता

■ अंजन रॉय

इस साल 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रम्प ने दूसरी बार संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी, तब से एक सौ तीस दिन बीत चुके हैं। शुरुआती दिनों में बड़ी उम्मीदें जगाने के बाद, अति सक्रिय राष्ट्रपति अब धीरे-धीरे इस तथ्य को स्वीकार कर रहे हैं कि वे एक बड़ी विफलता हैं। 'ट्रम्प हमेशा पीछे हटते हैं।' यह एक ऐसा लेबल है जिसे चीनी नेटिज़ेंस ने उनके लिए गढ़ा था क्योंकि वे टैरिफ पर चीन के साथ लड़ाई से डरते थे। ट्रम्प ने चीनी वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ को 145प्रतिशत तक बढ़ा दिया था और बातचीत शुरू होने से पहले ही चरणों में इसे 30प्रतिशत तक कम कर दिया था।

चीनियों ने ट्रम्प की रियायतों को टैरिफ युद्ध में चीन के साथ उलझने के उनके डर के रूप में वर्णित किया। इसके तुरंत बाद प्रसिद्ध वॉल स्ट्रीट में उनके अपने देशवासियों ने उन्हें 'टैको (ट्रम्प ऑलवेजचिकन्स आऊट) ट्रेड' की उपाधि दी, जिसका संदर्भ टैरिफ पर उनके तेज़ी से बदलते रुख के आधार पर अमेरिकी शेयर बाज़ारों में होने वाले उतार-चढ़ाव से था।

**अपने घोषित लक्ष्यों की किसी भी स्पष्ट उपलब्धि से वंचित अमेरिकी राष्ट्रपति ने बार-बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम को अपने श्रेय के रूप में लिया। उन्होंने बार-बार दावा किया कि यह उनके 'व्यापार के उपयोग के कारण था जिसके परिणामस्वरूप संघर्ष विराम हुआ'। इस दावे को भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बार-बार खारिज किया है।**

जब एक रिपोर्टर ने ओवल ऑफ़िस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीधे अमेरिकी राष्ट्रपति से यह सवाल पूछा, तो वह स्पष्ट रूप से गलत ढंग से पेश आये। उन्होंने इसे 'सबसे घटिया सवाल' बताया और उसे फिर कभी इसे न उठाने के लिए कहा। उन्हें यह साबित करने में बहुत मेहनत करनी पड़ी कि वे कायर नहीं हैं।

लेकिन अब सर्वव्यापी बैज का खंडन करने के उनके प्रयासों से, ट्रम्प अब एक मुखर व्यक्ति साबित हुए हैं, जो अपने वायदों के लायक नहीं हैं और वे जिन मुद्दों को उठा रहे थे, उन पर सख्त रुख़ अपनाने की बात कर रहे हैं। चाहे वह यह दावा हो कि वे सत्ता में आने पर एक दिन में यूक्रेन युद्ध को रोक देंगे। या फिर अमेरिकी संघीय खर्च और बजट घाटे को कम करने के उनके दावे हों- सभी मामलों में, ट्रम्प को धोखेबाज कहा गया है।

ट्रम्प के सबसे करीबी सहयोगी, एलन मस्क, जिन्हें उन्होंने सरकारी दक्षता के लिए विभाग का प्रमुख नियुक्त किया था - तथाकथित डोज (डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एक्सपेंडिचर) - ने बुधवार को अपने कदम पीछे खींच लिए और वास्तव में उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने संघीय खर्च में कटौती करने में ट्रम्प की विफलता की सार्वजनिक रूप से आलोचना की।

वास्तव में, मस्क को एक टीवी साक्षात्कार में स्पष्ट रूप से यह कहते हुए सुना गया था कि सैन्य और रक्षा में संघीय खर्च में भारी कर कटौती और बड़ी बढ़ोतरी को मंजूरी देने के लिए बहुचर्चित 'बड़ा और सुंदर' विधेयक वास्तव में डोनाल्ड ट्रम्प के पहले के वायदों से मुकरना था। इस विधेयक से अमेरिकी संघीय घाटे में 3.8 ट्रिलियन डॉलर की वृद्धि होगी। यह उनके द्वारा वायदा किये गये कमी लाने के स्थान पर अमेरिकी सरकार के घाटे में एक बहुत बड़ी उछाल है।

मस्क ने विडंबनापूर्ण रूप से बताया है कि यह विधेयक या तो बड़ा हो सकता है या सुंदर, यह दोनों नहीं हो सकता, जो ट्रम्प के वर्णन के बिल्कुल विपरीत है। मस्क वस्तुत: यह कह रहे हैं कि ट्रम्प अमेरिकी राजकोषीय उलझन के अपने वायदे किये गये बड़े टिकट सुधारों से पीछे हट रहे हैं। शेक्सपियर के शब्दों का उपयोग करते हुए, डोनाल्ड ट्रम्प के लिए उन्होंने कहा यह सबसे निर्दयी कटौती है।

यूक्रेन युद्ध के मामले में, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के उकसावे के बावजूद, ट्रम्प ने तत्काल युद्ध विराम के लिए अपने आह्वान की अवहेलना करने के लिए रूस पर तीखे प्रहार करने के बजाय अब तक उसे सहलाया है। जब राष्ट्रपति ट्रम्प शांति की बात कर रहे थे और यूक्रेन से शांति के लिए अपने फार्मूले के तहत युद्ध विराम करने का आग्रह कर रहे थे, तब रूसी राष्ट्रपति ने यूक्रेन पर अपने हमले तेज़ कर दिये।

पुतिन ने युद्ध के मैदानों और सैन्य प्रतिष्ठानों के बाहर यूक्रेन के ठिकानों पर सबसे खराब मिसाइलों और ड्रोन हमलों को अंजाम दिया और सीधे शहरों और नागरिक ठिकानों पर हमला किया। ट्रम्प को रूसी पक्ष की ओर से शत्रुता में वृद्धि को स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़ा जब वह अपने युद्ध विराम फार्मूले की बात कर रहे थे।

रूसी राष्ट्रपति ने डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेन युद्ध को हल करने के उनके प्रयासों को पूरी तरह से नज़रअंदाज़ कर दिया है। यहां तक कि जब ट्रम्प ने पुतिन की भाषा का इस्तेमाल करते हुए समाधान फार्मूले को स्पष्ट किया, तब भी पुतिन ने ट्रम्प को नज़रअंदाज़ कर दिया। पुतिन के कूटनीतिक अपमान के बावजूद, ट्रम्प यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडोमिर ज़ेलेंस्की के बारे में सबसे निंदनीय भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे। इस बीच पुतिन नयी मांगें करते रहे।

रूस की अवज्ञा और चालबाजी का सामना करते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस के खिलाफ नये प्रतिबंधों के रूप में और अधिक दंडात्मक उपायों पर विचार करने का प्रस्ताव रखा था। ये प्रतिबंध तीसरी संस्थाओं पर लगाये जाने थे, जैसे कि उन लोगों पर प्रतिबंध लगाना जो सस्ते रूसी कच्चे तेल खरीद रहे थे।

इससे मुख्य रूप से चीन और भारत को दंडित किया जाता, जो रूसी कच्चे तेल के सबसे बड़े खरीदार के रूप में उभरे हैं, जो रूसी सरकार के खर्च के लिए धन का मुख्य स्रोत है, जिसमें युद्ध के लिए धन भी शामिल है। रूसी कच्चे तेल की बिक्री पर वास्तव में सख्त प्रतिबंध रूसी राज्य को परेशान कर सकते हैं।

अन्य प्रतिबंधों का भी प्रस्ताव किया जा रहा था, जैसे कि बाहरी लेनदेन के लिए अंतरराष्ट्रीय भुगतान प्रणालियों का उपयोग करने के रूसी विकल्पों को बंद करना। अमेरिका ने अब तक यूक्रेन और यहां तक कि अपने युद्ध प्रयासों के लिए विदेशों में जब्त रूसी धन का उपयोग करने का भी उल्लेख नहीं किया था। यक्रेन द्वारा रूस के काफी अंदर हमलों के लिए भी अमेरिकी हथियारों का इस्तेमाल किया जाना था।

हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ने वास्तव में इनमें से किसी भी उपाय की घोषणा करने से परहेज किया है, परन्तु इसके विपरीत, ओवल ऑफिस से अपने नवीनतम प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा है कि रूस पर नये प्रतिबंध उनके द्वारा शुरू की गयी शांति प्रक्रिया को खतरे में डाल सकते हैं।

यह उल्लेख किया जा सकता है कि अपने घोषित लक्ष्यों की किसी भी स्पष्ट उपलब्धि से वंचित अमेरिकी राष्ट्रपति ने बार-बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम को अपने श्रेय के रूप में लिया। उन्होंने बार-बार दावा किया कि यह उनके 'व्यापार के उपयोग के कारण था जिसके परिणामस्वरूप संघर्ष विराम हुआ'। इस दावे को भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बार-बार खारिज किया है। इस प्रकार अमेरिकी राष्ट्रपति के दूसरे कार्यकाल में अब तक जो कुछ बचा है, वह झूठों का एक पुलिंदा और विफलताओं की एक लंबी श्रृंखला है।

### 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस'

## बीस साल की तम्बाकू नियंत्रण संधि

■ अमरपाल सिंह वर्मा

इस बार, सन् 2025 में, 31 मई को मनाए जाने वाले 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' की थीम है -'तंम्बाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योगों की रणनीति को उजागर करना।' जाहिर है, यह एक आर्थिक, राजनीतिक थीम है। तम्बाकू और निकोटीन उत्पादों को खपाने और उससे भारी मुनाफा बनाने की कंपनियों की रणनीति जगजाहिर है। सवाल है, सरकारें इसे लेकर कितनी सचेत हैं? और वे तम्बाकू की खपत को रोकने, कम करने की गरज से क्या कर रही हैं?

'विश्व स्वास्थ्य संगठन' (डब्ल्यूएचओ) के नेतृत्व में एक ऐसी संधि ने बीस साल पूरे कर लिए हैं, जिसका दुनिया भर में जन-स्वास्थ्य को व्यापक लाभ मिला है। विश्व में 'फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कंट्रोल' (एफसीटीसी) नामक यह संधि 27 फरवरी 2005 को हुई थी। अब इसे इतिहास की ऐसी पहल के रूप में स्वीकार्यता मिल गई है जिसे न केवल व्यापक रूप से अपनाया गया है, बल्कि जिसके अपेक्षित परिणाम भी सामने आए हैं। इस संधि की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसकी बदौलत लाखों लोगों की जान बचाने में कामयाबी मिली है। मानवता के लिए एक गंभीर संकट बन चुके तम्बाकू के दुष्प्रभावों को कम करने में इस संधि की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

**तम्बाकूके प्रति नकारात्मक सामाजिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए शिक्षा और जागरूकता अभियानों को और सशक्त करने की आवश्यकता है। लोगों को यह समझाया जाना चाहिए कि तम्बाकू सेवन केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि एक वैश्विक स्वास्थ्य और आर्थिक संकट है। यदि सरकारें, समाज और आम लोग मिलकर इस प्रयास को जारी रखें तो एक स्वस्थ और तम्बाकू मुक्त विश्व की कल्पना को साकार किया जा सकता है।**

यह सर्वविदित है कि तम्बाकू मानवता के लिए एक अभिशाप बन चुकी है। यह दुनिया में कैंसर, टीबी जैसी बीमारियों और उनकी वजह से होने वाली मौतों का कारण बन रही है। तम्बाकू के कारण हर साल लाखों लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 20 प्रतिशत हृदय रोगियों की मौत के लिए तम्बाकू ही जिम्मेदार है। इसके अलावा यह सामाजिक एवं आर्थिक दबाव भी बढ़ाती है जिससे गरीब और मध्यम-वर्गीय परिवार अधिक प्रभावित होते हैं।

'एफसीटीसी' संधि के तहत कई उपाय अपनाए गए हैं जिनका सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। वर्तमान में दुनिया के 138 देशों में सिगरेट के पैकेटों पर चेतावनियां दी जाती हैं, जिससे उपभोक्ताओं को तम्बाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कई देशों में तम्बाकू उत्पादों की पैकेजिंग को साधारण कर दिया गया है, जिससे ब्रांडिंग और आकर्षक डिज़ाइन की संभावनाओं को समाप्त करने में मदद मिली है।

यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस संधि की बदौलत तम्बाकू विज्ञापनों और प्रमोशन पर 66 से अधिक देशों में प्रतिबंध लगाया जा चुका है। सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों और अन्य बंद इमारतों में धूम्रपान निषेध से निष्क्रिय-धूम्रपान के कारण होने वाले नुकसान को भी कम करने में मदद मिली है। इससे ऐसे लोगों का जीवन बचाने में सहायता मिली है, जो खुद सिगरेट का प्रयोग नहीं करते, पर धूम्रपान करने वाले अन्य लोगों की वजह से इसका खतरा झेलते हैं। इसके परिणामस्वरूप, विश्व की एक चौथाई आबादी ऐसी नीतियों के दायरे में आ चुकी है, जिससे तम्बाकू सेवन की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई है।

'डब्ल्यूएचओ' ने संधि की 20 वीं वर्षगांठ के मौके पर कहा है कि तम्बाकू के दुष्प्रभावों से बचाव पर केन्द्रित इस सन्धि ने पिछले दो दशकों में लाखों-करोड़ों जिंदगियों की रक्षा करने में मदद की है। यह एक तथ्य है कि तम्बाकू गैर-संचारी रोगों का एक बड़ा कारण है जो न केवल असामयिक मौतों का कारण बनता है, बल्कि इससे प्रभावित लोग विकलांगता का भी शिकार हो सकते हैं। जो गरीब लोग तम्बाकू-जनित बीमारियों से पीड़ित होते हैं, उन पर इलाज का भारी बोझ पड़ता है। ऐसे लोग आम लोगों की तुलना में पोषक आहार से भी वंचित रहते हैं, क्योंकि वे अपनी आमदनी का एक बड़ा हिस्सा महंगे तम्बाकू उत्पादों पर खर्च कर डालते हैं।

तम्बाकू की खेती के लिए अत्यधिक जमीन एवं पानी की जरूरत पड़ रही है। अगर तम्बाकू के प्रति लोग नकारात्मक रवैया अपनाएं तो इस जमीन व पानी का इस्तेमाल जरूरी खाद्यान्न के उत्पादन में किया जा सकता है। यदि तम्बाकू का प्रचलन कम हो तो इन संसाधनों का उपयोग अधिक महत्वपूर्ण उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है।

यकीनन, इस संधि के तहत बहुत काम किया गया है, पर अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। 'डब्ल्यूएचओ' के और अन्य विशेषज्ञ इस संधि के तहत तम्बाकू पर टैक्स बढ़ाने, विज्ञापन व प्रायोजकों पर रोक लगाने, नए तम्बाकू व निकोटीन उत्पादों से पैदा हो रही चुनौतियों से निपटने जैसे विभिन्न उपायों को अपनाने पर बल दे रहे हैं। इस दिशा में सक्रियता से काम होना चाहिए।

साथ ही, तम्बाकूके प्रति नकारात्मक सामाजिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए शिक्षा और जागरूकता अभियानों को और सशक्त करने की आवश्यकता है। लोगों को यह समझाया जाना चाहिए कि तम्बाकू सेवन केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि एक वैश्विक स्वास्थ्य और आर्थिक संकट है। यदि सरकारें, समाज और आम लोग मिलकर इस प्रयास को जारी रखें तो एक स्वस्थ और तम्बाकू मुक्त विश्व की कल्पना को साकार किया जा सकता है।

**(स्वतंत्र लेखक हैं।)**

# देश विदेश

## थेरेसा लाजारो बनीं फिलीपींस की विदेश मंत्री

**मनीला,** 30 मई (एजेंसियां)। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड रोमुअलडेज़ मार्कोस ने मा. थेरेसा लाज़ारो को नया विदेश मंत्री चुना है। यह जानकारी फिलीपींस के कार्यकारी सचिव लुकास बर्सामिन ने दी है। उन्होंने संवाददाताओं को कहा कि 66 वर्षीय अनुभवी राजनयिक लाज़ारो श्री एनरिक मनालो का स्थान लेंगीं, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र में देश के स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। श्री मनालो कैबिनेट उन सदस्यों में से हैं जिन्हें मार्कोस टीम को फिर से संगठित करने के लिए चल रहे फेरबदल के बीच पद से हटा दिया गया है। वहीं, गुरुवार को मेजर जनरल निकोलस टोरे को फिलीपींस राष्ट्रीय पुलिस के अगले प्रमुख के रूप में चुना गया।

# शांति अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है भारत : संयुक्त राष्ट्र

■ संयुक्त राष्ट्र में सेवारत 5,375 भारतीयों में 151 महिलाएं शामिल ■ इस साल अब तक हमलों में पांच शांति रक्षक की हुई मौत

**यूनाइटेड नेशंस,** 30 मई (एजेंसियां)। पीस ऑपरेशन के अंडर-सेक्रेटरी जनरल जीन-पियरे लैक्रोइक्स के मुताबिक, शांति रक्षकों के खिलाफ अपराध करने वालों को न्याय के कटघरे में लाने के अभियान का नेतृत्व करके भारत शांति अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि शांति रक्षकों के खिलाफ अपराध के लिए जवाबदेही पर भारत की ओर से नेतृत्व सैनिकों और पुलिस के योगदान से परे शांति स्थापना में एक महत्वपूर्ण योगदान है।

भारत शांति रक्षकों के खिलाफ अपराधों के लिए जवाबदेही को बढ़ावा देने हेतु 39 सदस्यीय मित्र समूह का नेता है, जिसकी स्थापना उसने 2022 में की थी। उसी वर्ष इसने सुरक्षा परिषद के माध्यम से एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें शांति अभियानों की मेजबानी करने वाले देशों से शांति रक्षकों पर हमलों की जांच करने और उन पर मुकदमा चलाने, उन देशों को दंड से निपटने के लिए मदद प्रदान करने और हमलों का संयुक्त राष्ट्र डेटाबेस बनाने का आह्वान किया गया। इस साल अब तक हमलों में पांच शांति रक्षक मारे गए हैं।

इस वर्ष नई दिल्ली में भारत द्वारा आयोजित महिला शांति रक्षकों के पहले सम्मेलन में मौजूद लैक्रोइक्स ने कहा कि



महिला शांति रक्षकों की संख्या बढ़ाने के अलावा संयुक्त राष्ट्र चाहता है कि नेतृत्व के पदों पर उनमें से अधिक संख्या में हों।

उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि फोर्स कमांडर्स के पदों के लिए अधिक वरिष्ठ महिला जनरल आवेदन करें। लैक्रोइक्स ने कहा कि महिला शांति रक्षकों की संख्या बढ़ाने की इच्छा के अलावा, नेतृत्व की भूमिका में महिलाओं की मौजूदगी महिलाओं के अधिक सशक्तीकरण के माध्यम से अधिक प्रभावी शांति स्थापना की गारंटी देती है। संयुक्त राष्ट्र में सेवारत 5,375 भारतीयों में से 151 महिलाएं हैं। भारत ने संयुक्त राष्ट्र मिशन में पहली महिला गठित पुलिस इकाई का योगदान दिया था, जब उन्हें 2007 में लाइबेरिया में तैनात किया गया था। किरण बेदी 2003 में संयुक्त राष्ट्र की नागरिक पुलिस सलाहकार बनने वाली पहली महिला बनीं।

## लापता भारतीयों का पता लगाने के लिए ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है विदेश मंत्रालय



**तेहरान।** भारत के विदेश मंत्रालय की तरफ से कहा गया कि वह ईरान में लापता हुए तीन भारतीय नागरिकों का पता लगाने के लिए तेहरान के अधिकारियों के साथ संपर्क में है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नई दिल्ली में साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि कुछ समय पहले वहां पहुंचे तीन भारतीय नागरिक लापता हैं। हम उनका पता लगाने, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनकी घर वापसी की सुविधा के लिए ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं। हम वहां के अधिकारियों के साथ हर रोज संपर्क में हैं।

## दो भारतीय शांति सैनिक मरणोपरांत डैग हैमरशॉल्ड मेडल से सम्मानित



**यूनाइटेड नेशंस।** शांति मिशन के तहत सेवा देते हुए अपनी जान गंवाने वाले ब्रिगेडियर अमिताभ झा और हवलदार संजय सिंह को डैग हैमरशॉल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है।

अमिताभ झा यूएन डिसइंगेजमेंट आब्जर्वर फोर्स (यूएनडीओएफ) के एक्टिंग फोर्स कमांडर थे, जो 1973 के युद्ध के बाद इजरायल और सीरिया के बीच संघर्ष विराम की निगरानी के लिए गोलान हाइट्स में तैनात हैं। गुटेरेस ने कहा कि झा ने सीरिया में असद सरकार के पतन के बाद कठिन परिस्थितियों में यूएनडीओएफ के एक्टिंग फोर्स कमांडर के रूप में काम किया। उन्हें संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में उनके नेतृत्व और अटूट प्रतिबद्धता के लिए याद किया जाएगा, जिसमें 2005 से 2006 तक कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र संगठन स्थिरीकरण मिशन (एमओएनयूएससीओ) में एक मिलिटरी आब्जर्वर के रूप में शामिल होना है।

## यूरोपीय संघ ने बांग्लादेश में सफल राजनीतिक परिवर्तन का किया आग्रह



■ चुनाव के लिए सहायता प्रदान करने में रुचि रखता है यूरोपीय संघ

**ढाका,** 30 मई (एजेंसियां)। बांग्लादेश की स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि यहां यूरोपीय संघ के राजदूत माइकल मिलर ने कहा है कि यूरोपीय संघ दक्षिण एशियाई देश में एक सफल लोकतांत्रिक राजनीतिक परिवर्तन चाहता है। जबकि, वह इसकी वकालत नहीं करते हैं कि बांग्लादेश में आम चुनाव जल्दी या देर से हों, यह पूरी तरह से यहां की सरकार पर निर्भर करता है।

मिलर ने जोर देकर कहा कि मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत बांग्लादेश में यूरोपीय संघ सुधारों को लागू करने की विशेषज्ञता का इस्तेमाल कर सकता है। उन्होंने मौलिक अधिकारों, कानून के शासन और उचित प्रक्रिया का पालन करने के महत्व पर प्रकाश डाला। बांग्लादेशी मीडिया आउटलेट यूएनबी ने यूरोपीय संघ के राजदूत के हवाले से कहा कि हमें लगता है कि यहां आम चुनाव की तारीख पर कोई भी निर्णय बांग्लादेश का निर्णय है। यूरोपीय संघ का आप पर जल्दी या देर से चुनाव कराने के लिए दबाव डालने की मंशा नहीं है। ऐसा करना वास्तव में हमारा काम नहीं है। हम चाहते हैं कि आपका राजनीतिक परिवर्तन, एक सफल परिवर्तन हो। हम आपके सुधारवादी एजेंडे को लागू करने में मदद करने के लिए अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस महीने की शुरुआत में मिलर ने कहा था कि राष्ट्रीय चुनाव कराने से पहले देश में आवश्यक सुधार पूरे कर लिए जाने चाहिए। उन्होंने ये टिप्पणियां ढाका में नेशनल प्रेस क्लब में आयोजित बांग्लादेश के राजनयिक संवाददाता संघ के सदस्यों के साथ बातचीत के दौरान की थीं।

## नाइजीरिया में बाढ़ से 21 लोगों की मौत, 10 लापता

**अबुजा,** 30 मई (एजेंसियां)। नाइजीरिया के उत्तर-मध्य नाइजर प्रांत में मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई भीषण बाढ़ में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गयी है और अन्य 10 लापता हैं।

नाइजर राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख इब्राहिम हुसैनी ने बताया कि बुधवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद बाढ़ ने मोक्वा क्षेत्र में भीषण तबाही मचाई, लेकिन तीन लोगों को बचा लिया गया। उन्होंने कहा कि 50 से अधिक आवासीय घर जलमग्न हो गए या फिर बह गये, जिनमें कुछ लोगों के अभी भी फंसे रहने की आशंका हैं। उन्होंने कहा कि लापता 10 लोगों के लिए बचाव अभियान चलाया जा रहा है।



इस सप्ताह की शुरुआत में राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी की महानिदेशक जुबैदा उमर ने कहा था कि इस साल पूरे देश में बाढ़ के प्रभाव को कम करने के व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं।

बाढ़ से निपटने की तैयारियों पर राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता अभियान के दौरान बोलते हुए श्री उमर ने सरकार के सभी स्तरों से नदी क्षेत्रों में जल निकासी प्रणालियों, बांधों और बाढ़ प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे में निवेश करने का आग्रह किया।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 31 मई, 2025 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 5

### राशिफल

मेष - अत्यधिक संवेदनशीलता के कारण किसी की बातें आपकी भावनाओं को चोट पहुंचा सकती हैं। माता के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी। स्थायी संपत्ति के संबंध में कोई निर्णय न लेना ही हितकर होगा।

वृषभ - शारीरिक तथा मानसिक रूप से अच्छा अनुभव करेंगे। आनंद का अनुभव होगा। रिश्तेदारों तथा पारिवारिक काम में आपको लाभ होगा। मित्रों के साथ घूमने जाएंगे। वित्तीय मामलों में ध्यान देना पड़ सकता है।

मिथुन - आपके द्वारा निर्धारित किए गए काम पूरे हो जाने से आप खुशी का अनुभव कर सकेंगे। आर्थिक योजनाएं भी आप सरलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। व्यवसाय या नौकरी में मेल-जोल रहेगा और सहकर्मियों की मदद मिलती रहेगी।

कर्क - मित्रों और स्नेहीजनों के साथ आज का दिन बहुत उल्लासमय रहेगा। यात्रा की संभावनाएं है। सुरुचिपूर्ण भोजन का स्वाद ले सकेंगे। किसी बात को लेकर आज इमोशनल बने रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

सिंह - किसी बात की चिंता आपको लगी रहेगी। इसका असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। स्वभाव में गुस्से के कारण किसी से विवाद हो सकता है। कानूनी मामलों में सावधान रहना पड़ेगा।

कन्या - आज का दिन आनंद-उल्लास में गुजरेगा। आज विविध क्षेत्रों में लाभ होगा। इसमें मित्रों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। किसी मनोहर स्थल की यात्रा कर पाएंगे। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे।

तुला - आपके परिवार में खुशी और उत्साह का वातावरण रहेगा। नौकरी और ऑफिस में पदोन्नति होने तथा आय में वृद्धि होने की संभावना बनी रहेगी। माता से आर्थिक लाभ होगा। आप घर की सजावट का काम शुरू करेंगे।

वृश्चिक - आज शरीर में सुस्ती के कारण उत्साह का अभाव रहेगा। इसका प्रभाव आपके काम पर भी पड़ेगा। आपके लिए समस्याएं बढ़ेंगी। अधिकारी आपके लिए अनुकूल नहीं होंगे। संतान के साथ अनबन हो सकती है।

धनु - आज का दिन नए काम करने के लिए अच्छा नहीं है। सर्दी, खांसी या पेट की तकलीफ हो सकती है। किसी भी तरह का ऑपरेशन कराने के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है। आपके मन में चिंता और बेचैनी रह सकती है।

मकर - दैनिक कामों के अलावा आप अपना आज का समय मनोरंजन तथा मिलने जुलने में व्यतीत करेंगे। स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होगा और दोस्तों के साथ घूमने जाएंगे। मित्रों के साथ अच्छा समय गुजरेगा। धन लाभ के प्रबल योग हैं।

कुंभ - आज का दिन काम में सफलता प्राप्त करने के लिए बहुत अच्छा है। आपके काम की कद्र होगी। परिवार में शांति और मेल-जोल बना रहेगा। आपके तन-मन में ताजगी महसूस होगी।

मीन - आज काल्पनिक दुनिया में विहार करना आपको पसंद आएगा। लेखन और साहित्य के क्षेत्र में अपनी रचनात्मकता प्रदर्शन कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा है।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## आज का इतिहास

1577- मुगल सम्राट जहांगीर की पत्नी नूरजहां का जन्म।
1725- भारतीय वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर का जन्म हुआ।
1727- फ्रांस, ब्रिटेन और नीदरलैंड ने पेरिस संधि पर हस्ताक्षर किए।
1759- अमेरिका के उत्तर पूर्वी प्रांत पेंसिलवेनिया में थियेटर के सभी कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगाया गया।
1774- भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय कलकत्ता (अब कोलकाता) में खोला गया।
1867- बंबई (अब मुंबई) में प्रार्थना समाज की स्थापना हुई थी।
1878- जर्मनी का युद्धपोत एसएमएस ग्रोसर करफर्स्ट के डूबने से 284 लोगों की मौत।
1889- अमेरिका के पेंसिलवेनिया स्थित जांसटाउन में भीषण बाढ़ से 2200 से अधिक लोगों की मौत।
1900- लार्ड राबर्टस के नेतृत्व में ब्रिटिश सैनिकों ने जोहान्सबर्ग पर कब्जा किया।
1907- अमेरिका के न्यूयार्क शहर में पहली टैक्सी सेवा शुरू।
1921- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झंडे को अंगीकार किया गया।
1935- पाकिस्तान के क्वेटा शहर में भीषण भूकंप से 50 हजार से अधिक लोगों की मौत।
1959- बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा को तिब्बत से निर्वासन के बाद भारत में शरण दी गई।
1964- बंबई में इलेक्ट्रिक ट्राम अंतिम बार चली।
1977- भारतीय सेना के एक दल ने पहली बार विश्व के तीसरे सबसे ऊंचे पर्वत शिखर कंचनजंगा पर चढ़ाई की।
1994- साउथ अफ्रीका गुट निरपेक्ष आंदोलन का 109वां सदस्य राष्ट्र बना था।
2007- सैप ब्लेटर तीसरी बार इंटरनेशनल फुटबॉल यूनियन के अध्यक्ष बने थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### एक ही शिफ्ट में होगी...

को काबिलियत से ज्यादा मौका मिलता है। वहीं, जब अदालत ने पूछा कि परीक्षा दो पाली में क्यों हो रही है, तो एनबीई के वकील मनिंदर आचार्य ने कहा कि परीक्षा ऑनलाइन होती है। 2024 में नीट यूजी की परीक्षा में गड़बड़ी हुई थी, इसलिए उसे रद्द करना पड़ा। ऑनलाइन परीक्षा के लिए सेंटर कम हैं। बड़ी परीक्षाओं में, जिनमें बहुत सारे लोग बैठते हैं, ऐसा ही होता है। हमारे पास सेंटर कम हैं। वाई-फाई, अच्छे कंप्यूटर, सुरक्षा, सब कुछ देखना होता है। हमने हर परेशानी को ध्यान में रखकर यह फैसला लिया है।

### अंबेडकर अस्पताल की ...

को सर्जरी के लिए एक या दो दिन नहीं बल्कि 15 से 20 दिन तक इंतजार करना पड़ता है। कई बार मरीजों को ऑपरेशन थियेटर में ले जाने के बाद वापस लाया जाता है। इससे गंभीर रोगियों की जान का जोखिम बढ़ गया है। मरीजों के साथ मौजूद परिजनों का कहना है कि डॉक्टर और स्टाफ उन्हें बिना बताए ऑपरेशन थियेटर से वापस भेज देते हैं। ऐसा एक-दो बार नहीं, बल्कि कई बार होता है। अगर वे इसका विरोध करते हैं, तो उन्हें निजी अस्पताल में जाकर इलाज कराने को कहा जाता है। मजबूरी में लोग इलाज होने तक मरीजों के साथ अस्पताल में ही रहते हैं।

अंबेडकर अस्पताल में छोटे-बड़े ऑपरेशन थियेटर मिलाकर कुल 29 ऑपरेशन थियेटर हैं। सभी में सर्जरी के लिए सिर्फ 1-2 डॉक्टर हैं। अस्पताल में रोजाना दुर्घटना, कैंसर और गंभीर बीमारियों से पीड़ित दर्जनों मरीज आते हैं। कई मरीज ऐसे हैं जो एक महीने से ऑपरेशन का इंतजार कर रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के पास अपनी बारी का इंतजार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता। कई बार मरीजों के परिजन अपना आपा खो देते हैं। डॉक्टरों और प्रबंधन के साथ तीखी नोकझोंक होती है। मारपीट तक की नौबत आ जाती है।

हाइ कोर्ट ने उपरोक्त मामले के मद्देनजर सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ से व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने कहा था। लेकिन समय पर अपेक्षित हलफनामा संबंधित सचिव द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जा सका। महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने कहा हलफनामा तैयार किए जाने की बात कहते हुए इसे प्रस्तुत करने के लिए कुछ समय देने का अनुरोध किया। महाधिवक्ता के अनुरोध को स्वीकार करते हुए बैंच ने इस मामले को 10 जून को सूचीबद्ध किया है।

### एसईसीएल को अवमानना का...

सराईपाली परियोजना के प्रभावित एवँ ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के क्षेत्रीय अध्यक्ष चन्दन सिंह बंजारा ने बताया है कि खदान के लिए अर्जन के समय मध्यप्रदेश पुनर्वास व छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत रोजगार व अन्य सभी सुविधाएं दिया जाना था किंतु 2012 कोल इंडिया नीति को जबरन लागू करते हुए 2 एकड़ में रोजगार का प्रावधान लागू कर छोटे खातेदार को वंचित कर दिया गया। उच्च न्यायालय ने भूविस्थापित परिवार के पक्ष में फैसला दिया है जिसे एसईसीएल प्रबन्धन नहीं मान रही है जिसके खिलाफ अवमानना का केस लगाया गया है।

### राज्य सूचना आयुक्त चयन प्रक्रिया ...

की कोई सीमा निर्धारित नहीं थी। लेकिन 9 मई को इंटरव्यू से ठीक पहले जारी एक पत्र में सर्च कमेटी ने आवेदनकर्ताओं के लिए विधि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, समाज सेवा, प्रबंधन, पत्रकारिता, जनसंपर्क या प्रशासन जैसे क्षेत्रों में 25 वर्ष या उससे अधिक का अनुभव अनिवार्य कर दिया।

इस नए नियम की वजह से 172 आवेदकों में से केवल 51 आवेदकों को ही इंटरव्यू के लिए चयनित किया गया। इससे असंतुष्ट होकर तीन अभ्यर्थियों (अनिल तिवारी, डीके सोनी और राजेंद्र उपाध्याय) ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। याचिका पर सुनवाई करते हुए दोनों ही पक्षों को सुनने के बाद जस्टिस संजय जायसवाल ने अगली सुनवाई 9 जून तक चयन प्रक्रिया पर रोक लगा दी है।

### प्रधानपाठक के निलंबन पर ...

स्पष्टीकरण मांगा है। गौरतलब है कि मानसिंह पंडो के खिलाफ शिकायत दर्ज होने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया था। अब कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद अगली सुनवाई तक उनके निलंबन पर रोक लगा दी गई है।

### तेंदुपत्ता लाने जा रही माजदा ...

कोमल, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम बोडेना, जिला राजनांदगांव, राहुल पिता प्रकाश साहू, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम बोडेना, जिला राजनांदगांव, सूरज पिता तोरण साहू, उम्र 22 वर्ष, ग्राम बोडेना, जिला राजनांदगांव, दामन पाल, पिता रूपराम, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम भरदाकला, जिला राजनांदगांव और योगेश, पिता शिवकुमार, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम बोडेना, जिला राजनांदगांव शामिल है।

सभी लोग माजदा वाहन में सवार होकर तेंदूपत्ता लाने के लिए जा रहे थे। तभी माजदा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। क्या इस हादसे के बाद छुईखदान से बैताल रानी घाटी तक खराब जर्जर हुए सड़क की ओर प्रशासन ध्यान देगी कि नही इस पर भी सवाल उठना लाजमी है? इस तरह से भयानक सड़क हादसा होने के बाद से केसीजी जिले में चारों तरफ चर्चा का विषय बना हुआ है। अचानक माजदा वाहन अनियंत्रित होने से तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई।

### उडीसा में खदान मालिक ...

कारोबारी रतिकांत राउत से उनका मनी लांड्रिंग केस सेटल करने के लिए 2 करोड की रिश्वत मांगी थी। उसकी पहली किश्त के रूप में वे जब 20 लाख रुपए ले रहे थे सीबीआई ने उन्हें दबोच लिया। यानी वह कारोबारी का केस दबाने के लिए बड़ा गेम खेल रहे थे। बातचीत के बाद रकम 50 लाख में तय हुई थी, 20 लाख इसकी पहली किस्त थी। कारोबारी पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस था और चिंतन ने वादा किया कि वो ईडी की जांच को मैनेज कर देंगे । खदान मालिक ने सीबीआई में इसकी शिकायत कर दी। सीबीआई ने स्टिंग ऑपरेशन तैयार किया। उन्होंने रंग-कोडेड नोट्स (जिन्हें ट्रेस किया जा सकता है) का इस्तेमाल किया। 29 मई को चिंतन के एक बिचौलिए भक्ति बेहरा ने 20 लाख लिए, पूछताछ में उसने चिंतन को नाम लिया जिसके बाद सीबीआई ने उन्हें धर दबोचा। सबूत के तौर पर रंग-कोडेड नोट्स बरामद हुए। चिंतन को हिरासत में लिया गया है और सीबीआई उनसे गहन पूछताछ कर रही है। बता दें कि यह पहला मामला नहीं है इसी साल ईडी के पांच से अधिक अफसर घूसखोरी के आरोप में गिरफ्तार हो चुके हैं जिसके बाद लगातार से आरोप लग रहे हैं कि ईडी के अधिकारी मनी लांड्रिग के बहाने कारोबारियों से जबरन वूसली कर रहे हैं।

### पूर्वी लद्दाख की रक्षा को ...

अधिकारी करते हैं और इसमें तीन या चार ब्रिगेड होते हैं, जिनमें से प्रत्येक का नेतृत्व एक ब्रिगेडियर करता है। वैसे सरकार द्वारा 2017 में मंजूरी दिए जाने के बाद, 72 इन्फैंट्री डिवीजन को 17 माउंटेन स्ट्राइक कोर का हिस्सा बनना था जिसका मुख्यालय पठानकोट में था। सूत्रों ने बताया कि पुनर्गठन के तहत इसका मुख्यालय पूर्वी लद्दाख में होगा। उन्होंने बताया कि डिवीजन का मुख्यालय बनाया जा रहा है और अधिकारियों तथा जवानों की नियुक्ति कर दी गई है।

## सुडोकू 6929

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | | | | | | 1 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | | 1 | 5 | | 3 | | | |
| 7 | | | | | 1 | 6 | | 3 |
| | | 2 | | | | 8 | | |
| 1 | | 3 | 2 | | | | | 5 |
| | | | 9 | | 6 | 1 | | |
| | | | | | 4 | | | 9 |
| 5 | | | | | | 7 | | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

*हल आज ही के अंक में*

## वर्ग पहेली 6929



**बायें से दायें:-**

१. खुशामद पसंद
४. छाती, सीना
६. दूध देने या बोझ ढोने के काम आने वाले पालतु पशु (उर्दू)
७. कर्मचारी, नौकर(उर्दू)
८. इंद्र के बगीचे का एक वृक्ष जो जो भी मांगो वह देता है
१०. वह जिसे फैसले के लिए हाकिम के पास पेश किया गया हो(उर्दू)
११. परिमाण, मात्रा,माप तौल (उर्दू)
१३. अच्छा, श्रेष्ठ, उत्तम
१४. बगावत
१५. दुर्दशाग्रस्त (उर्दू)
१७ अकस्मात
१९ व्यर्थ, बेकार(उर्दू)
२१. एक प्रकार का वाद्य यंत्र
२२. मसाले और दवा के काम में आने वाला एक सुगंधित फल (उर्दू)
२४. मुस्तैदी

**ऊपर से नीचे:-**

१. चमड़े का काम करने वाला, मोची
२. फायदेमंद
३. बुद्धिमान (उर्दू)
४. वश में करने वाला
५. रोका हुआ, कुछ समय के लिए बढ़ाया हुआ, ढका या छिपा हुआ
९. धन, दौलत
११. भौंरा, भ्रमर
१२. प्रविष्ट (उर्दू)
१३. विवाद, हुज्जत
१४. शादी
१५. वर्षा
१६. वह गाना जो हास्य प्रधान हो
१८. शपथ (उर्दू)
१९. वह जख्म जो कभी न भरे (उर्दू)
२०. मृत्यु, नियति, भाग्य (उर्दू)
२३. शर्म, हया

### वर्ग पहेली-6928

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ क | ठ | २ मु | ल्ला | | | ३ त | ल | ४ ह | टी |
| र | | स्त | | ५ ख | स | म | | त्या | |
| ६ त | ला | क | | री | | ७ क | वि | रा | ८ ज |
| ल | | वि | | ९ द | र्शा | ना | | | टि |
| | १० सु | ल | ११ झ | ना | | | १२ उ | त्प | ल |
| | ल | | ड़ | | १३ नि | ह | त्था | | ता |
| १४ ब | ह | १५ क | ना | | र्म | | १६ न | १७ त | |
| ल | | र | | १८ बे | म | १९ न | | र्जु | |
| २० शा | र | दा | | ग | | २१ व | र्ण | मा | २२ ला |
| टी | | २३ ता | ज | म | ह | ल | | | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### चीन के थ्येनवन-2 ग्रह डिटेक्टर का सफल प्रक्षेपण

**बीजिंग,** 30 मई (एजेंसियां)। चीन ने गुरुवार तड़के 1 बजकर 31 मिनट पर शीछांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र में छांगचंग नंबर तीन श्रृंखला के नंबर दो वाई110 राकेट से थ्येनवन-2 ग्रह डिटेक्टर का सफल प्रक्षेपण किया। उड़ान के करीब 18 मिनट बाद रॉकेट ने डिटेक्टर को पृथ्वी से क्षुद्रग्रह 2016 एचओ3 की स्थानांतरण कक्षा में पहुंचाया। उसके बाद डिटेक्टर के सौर पैनल सामान्य रूप से खुले। प्रक्षेपण का मिशन सफल रहा।बताया जाता है कि थ्येनवन-2 डिटेक्टर का मुख्य कार्य क्षुद्रग्रह 2016 एचओ3 का अन्वेषण, नमूने एकत्र करना और पृथ्वी पर वापस करना है। इसके बाद मुख्य बेल्ट धूमकेतु 311पी का वैज्ञानिक अन्वेषण किया जाएगा। क्षुद्रग्रह 2016 एचओ3 अब तक खोजे गए पृथ्वी के अर्ध-उपग्रहों में से एक है।



गौरतलब है कि थ्येनवन-2 डिटेक्टर 11 वैज्ञानिक उपकरणों से सुसज्जित है। ये उन्नत उपकरण क्षुद्रग्रह व मुख्य बेल्ट धूमकेतु का पता लगाने और वैज्ञानिक डेटा प्राप्त करने में मदद देंगे। यह मिशन छांगचंग श्रृंखला रॉकेट का 578वां प्रक्षेपण है।

# खेल जगत

## जब आरसीबी की स्थिति खराब थी, सभी ने उसके लिए योगदान दिया: वरुण आरोन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए अलग-अलग खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है, जिसके चलते फ्रेंचाइजी आईपीएल 2025 के फाइनल में पहुंची। आरसीबी ने गुरुवार को चंडीगढ़ में खेले गए क्वालीफायर 1 में पंजाब किंग्स पर आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज की। उस मैच में लेग स्पिनर सुयश शर्मा (जिन्हें बाद में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया) और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने तीन-तीन विकेट लेकर आरसीबी को 14.1 ओवर में पंजाब किंग्स को सिर्फ 101 रन पर आउट करने में मदद की। आरसीबी ने फिल साल्ट के नाबाद 56 रनों की बदौलत 10 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। वरुण आरोन ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो पर कहा कि आखिरकार आपको इसका श्रेय पूरे सीजन में मैन ऑफ द मैच बनने वाले आठ खिलाड़ियों को देना होगा।



# विराट कोहली ने आरसीबी को चौथी बार फाइनल में पहुंचाया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 30 मई (देशबन्धु)। भारत और दुनिया के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली ने भले ही टी 20 अंतर्राष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट को भले ही हाल ही में अलविदा कह दिया लेकिन मैदान पर एक बालक के से उनके जुनून ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) को जोश से सराबोर कर उसे मेजबान पंजाब किंग्स के खिलाफ उसके अपने अपने न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में आईपीएल 2025 के क्वॉलिफायर 1 में आठ विकेट से जीत दिला 2016 के बार पहली और कुल चौथी बार फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की। चौथी बार आईपीएल फाइनल में पहुंची आरसीबी को अहमदाबाद फाइनल से पहले चार दिन का आराम मिलेगा और इससे वह तरोताजा होकर उतरेगी। विराट कोहली अब चौथे प्रयास में आरसीबी को आईपीएल फाइनल जिता खिताब जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आरसीबी के मौजूदा आईपीएल के फाइनल के सफर की खास बात यह रही कि क्रुणाल पांडया (केकेआर व दिल्ली कैपिटल्स दो बार), कप्तान रजत पाटीदार (सीएसके, मुंबई इंडियंस, दो बार), फिल साल्ट (राजस्थान रॉयल्स), टिम डेविड (पंजाब किंग्स), विराट कोहली (पंजाब किंग्स) जोश हेजलवुड (राजस्थान रॉयल्स), रोमारियो शेफर्ड (सीएसके), जीतेश शर्मा (लखनउ सुपर जायंटस), सुयश शर्मा (पंजाब किंग्स) के रूप में उसके नौ अलग अलग खिलाड़ी मैन ऑफ द,मैच रहे। अपने फाइनल के सफर में आरसीबी ने पंजाब को सबसे ज्यादा तीन बार हराया। यह दर्शाता है कि मौजूदा सीजन में अकेले विराट कोहली जैसे सुपर स्टार पर ही निर्भर नहीं है बल्कि उसकी लगभग हर जीत का अलग अलग नायक रहा।

विराट कोहली ने बेशक क्वॉलिफायर 1 मे पंजाब किंग्स के खिलाफ मात्र 12 रन बनाए लेकिन उन्होंने जोश हेजलवुड और मैन ऑफ द 'मैच सुयश शर्मा में ऐसा जोश भरा कि दोनों ने तीन तीन विकेट चटका कर पंजाब किंग्स को मात्र 14.1 ओवर में 101 रन पर ढेर कर दिया और फिर उनके सलामी जोड़ीदार फिल साल्ट ने मात्र 27 गेंदों पर तीन छक्कों और छह चौकों की मदद से ताबड़तोड़ 57 रन बना कर आरसीबी के स्कोर को मात्र 10ओवर में दो विकेट पर 106 रन बना आनन फानन में मैच जिता 3 जून को अहमदाबाद में खेले जाने वाले फाइनल में स्थान दिला दिया।

■ विराट आरसीबी को आईपीएल फाइनल जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे



### गुगली मेरी स्टॉक बॉल है : सुयश शर्मा



मैन ऑफ द' मैच आरसीबी के सुयश शर्मा ने कहा, ' मैंने बढ़िया प्रदर्शन किया और इसीलिए सभी लोग खुश हैं। मेरी भूमिका बतौर गेंदबाज यही है कि मैं सीधे विकेटों पर गेंदबाजी की , फिर चाहे यह गुगली हो , लेग स्पिन या फ्लिपर। गुगली मेरी स्टॉक बॉल है और पिच से भी कुछ मदद मिली। हम जश्न 3 जून के फाइनल जीतने पर ही मनाएंगे।

### मैं फिल साल्ट का बहुत बड़ा मुरीद हूं : पाटीदार

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा, क्वॉलिफीयर 1 में अपनी योजना और इसमें पंजाब किंग्स के खिलाफ कैसे गेंदबाजी करनी है हमारी सोच एकदम साफ थी। मुल्लांपुर की पिच का हमारे तेज गेंदबाजों ने बढ़िया इस्तेमाल किया ही लेग स्पिनर सुयश शर्मा ने स्पिन का जाल बुन कर अच्छा योगदान किया। सुयश ने अपनी ताकत के मुताबिक सीधे विकेट पर गेंद की और मैं उन्हें बहुत सुझाव नहीं देता क्योंकि मैं उन्हें असमंजस में नहीं डालना चाहता। हमने इस पूरे आईपीएल टूर्नामेंट में बहुत अभ्यास किया। एक दिन अभ्यास न करने से कोई नुकसान नहीं। जिस तरह फिल साल्ट ने हर मैच में बल्लेबाजी कर हमें बेहतरीन शुरुआत दी वह वाकई दर्शनीय था और मैं उनका बहुत बड़ा मुरीद हूं। हम बस खिताब से एकदम दूर हैं। अपने प्रशंसकों का आभारी हूं कि हम जहां भी लेने गए तो उन्होंने हमें यह अहसास कराया कि वही हमारा घरेलू मैदान हैं।

# बस एक और मैच बाकी है, उसके बाद सब मिल कर जश्न मनाएंगे : पाटीदार

■ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चौथी बार फाइनल में जगह बना ली

**मुल्लांपुर,** 30 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के क्वालीफायर-1 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को आठ विकेट से हराकर चौथी बार फाइनल में जगह बना ली। लेकिन इस जीत के पीछे जो आत्मविश्वास झलक रहा था, वह सिर्फ प्रदर्शन में नहीं बल्कि कप्तान रजत पाटीदार के शब्दों में भी साफ दिखा। मैच के बाद उन्होंने जिस सादगी से रणनीति, खिलाड़ियों और फैंस की बात की - वह आरसीबी की इस जीत से भी बड़ी कहानी कहती है। रजत ने शुरुआत से ही टीम की सोच पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी योजनाएं बिल्कुल साफ थीं। हमें किस तरह गेंदबाजी करनी है, ये तय था। तेज गेंदबाजों ने पिच का शानदार इस्तेमाल किया। ये साफ रणनीति नजर भी आई।



आरसीबी के गेंदबाजों ने पंजाब को कम स्कोर पर रोक दिया, जिससे बल्लेबाजों को ज्यादा दबाव नहीं झेलना पड़ा। इस गेंदबाजी प्रदर्शन के दौरान जॉश हेजलवुड ने एक प्लान के तहत हार्डलेंथ गेंदबाजी की, जिसमें श्रेयस अय्यर और जॉश इंगलिस शिकार बने। वहीं सुयश को कहा गया था कि वह विकेटों को लगातार निशाना बनाएं और उन्होंने दो बोल्ड, एक पगबाधा के साथ तीन विकेट लिए। रजत ने पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में सुयश की गेंदबाजी की खूब तारीफ की और उनके रोल को लेकर बेहद स्पष्ट नजरिया सामने रखा। उन्होंने कहा, सुयश जैसी लाइन और लेंथ में गेंदबाजी कर रहा था, वह शानदार था। उसकी गुगली बल्लेबाजों के लिए समझ पाना मुश्किल होता है। मैं उसके रोल को लेकर बहुत क्लियर हूं - उसे स्टंप्स को निशाना बनाना होता है, यही उसकी ताकत है।

## सिनर ने रौलां गैरो में गास्के का करियर खत्म किया

**पेरिस,** 30 मई (एजेंसियां)। विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर ने गुरुवार को फ्रेंच ओपन में पुरुष एकल के तीसरे दौर में पहुंचने के लिए फ्रांसीसी खिलाड़ी रिचर्ड गास्के को 6-3, 6-0, 6-4 से हराकर रौलां गैरो में उनके शानदार करियर का अंत कर दिया। पेरिस में क्ले-कोर्ट मेजर में अपना 22वां प्रदर्शन करते हुए, 38 वर्षीय गास्के एक घंटे, 58 मिनट के संघर्ष के दौरान सिनर की भारी बॉल-स्ट्राइकिंग और सटीक सटीकता का जवाब देने में असमर्थ रहे। अपनी जीत के साथ, एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी ने अपने ग्रैंड स्लैम मुकाबले जीतने के सिलसिले को 16 मैचों तक बढ़ा दिया, ऐसा करने वाले 1990 या उसके बाद पैदा हुए पहले व्यक्ति बन गए। सिनर ने गास्के , जिन्होंने 2005 में मोंटे-कार्लो में रोजर फेडरर को हराकर विश्व नंबर 1 पर अपनी एकमात्र जीत दर्ज की थी, से कहा, के बाहर हमारे बीच अच्छे संबंध हैं। हम अलग-अलग पीढ़ी के हैं, लेकिन यह आपका पल है। इतालवी स्टार को एटीपी टूर ने अपनी वेबसाइट पर एक रिपोर्ट में यह कहते हुए उद्धृत किया, आपके परिवार और आपकी टीम को बधाई। प्रत्येक खिलाड़ी के आसपास महान लोगों के बिना, ऐसा अविश्वसनीय करियर बनाना असंभव है। आपने टेनिस के ऐसे अविश्वसनीय युग में खेला है, और हर कोई आपको पहचानेगा, यहां तक कि आपकी सेवानिवृत्ति के बाद भी।

## ओलंपियन रायजा और अनंतजीत की वापसी

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके स्कीट शूटर रायजा ढिल्लों और अनंतजीत सिंह नरूका एक बार फिर राष्ट्रीय टीम का हिस्सा होंगे। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) की चयन समिति ने उन्हें उस 12 सदस्यीय शॉटगन टीम में शामिल किया है, जो 4 से 14 जुलाई 2025 के बीच इटली के लोनाटो डेल गर्डा में होने वाले इस साल के चौथे और अंतिम इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन वर्ल्ड कप स्टेज में हिस्सा लेगी। पिछले सप्ताह सुहल में जूनियर वर्ल्ड कप में रजत पदक जीतने के बाद रायजा ने कहा था, इस समय मेरी नजरें जुलाई में होने वाले लोनाटो वर्ल्ड कप पर हैं और मुझे उम्मीद है कि इस साल के मेरे अच्छे प्रदर्शन से मुझे इटली में आत्मविश्वास मिलेगा। इस महीने की शुरुआत में निकोसिया में हुए तीसरे शॉटगन वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में से, जहां भारत ने नए ओलंपिक इवेंट-ट्रैप मिक्स्ड टीम-में अपना पहला आईएसएसएफ पदक (कांस्य) जीता, केवल अनुभवी मैराज अहमद खान और महेश्वरी चौहान ही अपनी जगह बनाए रखने में सफल रहे हैं।

# 'टीम लड़ाई हारी है, लेकिन युद्ध नहीं' : श्रेयस अय्यर

**मुल्लांपुर,** 30 मई (एजेंसियां)। न्यू चंडीगढ़ की पिच के पेंच को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) अपने घर में ही नहीं समझ पाई और अधिक आक्रामक होने के प्रयास में उनको अपने होम ग्राउंड और घरेलू दर्शकों के सामने आईपीएल 2025 के क्वाालिफ़ायर 1 में गुरूवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से आठ विकेटों से करारी हार झेलनी पड़ी। पीबीकेएस के कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी स्वीकार किया कि टीम ने पिच को पढ़ने में गलती की जिसका खामियाजा उनको भुगतना पड़ा है। मैच के बाद श्रेयस ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो विकेट को पढ़ने के मामले में हम थोड़े भ्रमित थे। हार के घाव अभी भी हरे हैं। हमने कई विकेट बेतरतीब ढंग से खो दिए। इसलिए, वापस जाकर अध्ययन करने के लिए बहुत कुछ है। श्रेयस ने कहा कि 'लड़ाई हारी है, लेकिन युद्ध नहीं' क्योंकि रविवार को उसे दूसरा मौका मिलेगा। जहां वह इस सीजन में की गई कड़ी मेहनत को अमलीजामा पहनाने की पूरी कोशिश करेंगे।



दरअसल, यह पिच वही थी जिस पर न्यू चंडीगढ़ में पिछली बार इन दोनों टीमों के बीच लीग मुकाबला खेला गया था। इसके बाद से इस स्टेडियम में यह पहला मुकाबला था। मैच से दो दिन पहले पिच पर पानी दिया गया था और पिच पर रोल किया। पिच पर एक छोर पर अधिक घास थी तो दूसरी ओर इसको सूखा छोड़ा गया था। ऐसे में शुरुआती पांच-छह ओवर इस पिच पर अधिक आक्रामक नहीं होकर ध्यान से खेलने की जरूरत थी, लेकिन पीबीकेएस के बल्लेबाज ऐसा करने में नाकाम रहे। मैच के बाद जब पत्रकार वार्ता में आए जॉश हेजलवुड से पिच पर असमतल उछाल या भारत में अन्य पिचों के मुक़ाबले तेज पिच महसूस होने के बारे में पूछा गया तो वह भी इससे सहमत दिखे। हेजलवुड ने कहा कि जब हम यहां पर पिछला मैच खेले थे, वह दिन का मैच था, तो पिच में कुछ अलग नहीं दिख रहा था, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से इस पिच ने मुझे थोड़ा सा आश्चर्य में डाला। इस पिच पर घास अधिक थी और यह एक बाउंसी विकेट था, जिस पर अधिक उछाल मिल रहा था। पंजाब की बल्लेबाजी अप्रोच से हर कोई हैरान था। लगातार विकेट गिरते जा रहे थे, लेकिन तब भी उनके अप्रोच में कोई बदलाव नहीं देखने को मिला था। क्या उनके पास प्लान बी नहीं था या फिर वे स्कोर को आरसीबी की पहुंच से दूर ले जाने को लेकर उत्सुक थे। टीम के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स भी टीम की इस तरह की हार से निराश दिखे।

### पंजाब किंग्स फाइनल मैच में अपनी जगह बना सकती है : जेम्स



**न्यू चंडीगढ़।** आईपीएल 2025 के पहले क्वालीफायर में निराशाजनक हार के बाद पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने टीम की कमियों पर बात की है। जेम्स ने उम्मीद जताई है कि पंजाब किंग्स फाइनल मैच में अपनी जगह बना सकती है। पंजाब किंग्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ लो-स्कोरिंग मैच में आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिससे वे फाइनल में अपनी जगह बुक करने का पहला मौका नहीं भुना पाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने शुरुआती विकेट गंवा दिए और टीम 14.1 ओवरों 101 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में आरसीबी ने केवल 10 ओवरों में जीत दर्ज कर ली और 2025 के फाइनल में जगह पक्की कर ली है।होप्स ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमने पहले ओवर में बल्लेबाजी ठीक-ठाक की और फिर आगे बढ़ते गए। लेकिन बाद में जो हुआ, उसे पचाना मुश्किल है।

## सार संक्षेप

### न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का निधन

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का गुरुवार को क्राइस्टचर्च में 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ट्रिस्ट के निधन की पुष्टि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने की है। ट्रिस्ट का न्यूजीलैंड को साल 2000 की चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में अहम रोल रहा है। ये आईसीसी ट्रॉफी कीवी टीम ने ट्रिस्ट की कोचिंग में ही जीती थी। ट्रिस्ट कैंटरबरी के पूर्व तेज गेंदबाज थे, जिन्होंने 1968 से 1982 तक 14 साल के खेल करियर के दौरान 24 प्रथम श्रेणी मैच और छह लिस्ट ए मैच खेले। ट्रिस्ट ने 1999 से 2001 तक दो साल न्यूजीलैंड की पुरुष टीम को कोचिंग दी और 15 अक्टूबर 2000 को नैरोबी में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी जिताई, जो टीम का एकमात्र वैश्विक व्हाइट बॉल खिताब है। फाइनल में न्यूजीलैंड ने क्रिस केर्न्स के नाबाद शतक की मदद से भारत को चार विकेट से हराया था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा कि पूर्व ब्लैककैप्स कोच डेविड ट्रिस्ट के निधन की पुष्टि करते हुए एनजीसी को गहरा दुख हुआ है, जिनका कल क्राइस्टचर्च में 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को रिकार्ड 238 रनों से हराया

**बर्मिंघम।** जेकब बेथेल (82),बेन डकेट (60), कप्तान हैरी ब्रूक (57) और जो रूट (60) की अर्धशतकीय पारियों के बाद जेमी ओवर्टन और साकिब महमूद (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को रिकार्ड 238 से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। इंग्लैंड की पुरुष एकदिवसीय में रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। मैच में 82 रनों की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के जेकब बेथेल को 'प?लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। एजबेस्टन स्टेडियम में गुरुवार रात खेले मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए जेमी स्मिथ और बेन डकेट सलामी जोड़ी ने अच्छु शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े। सातवें ओवर में अल्जारी जोसेफ ने जेमी स्मिथ (37) को आउट कर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई।

## अहमदाबाद में आज से शुरू होगी भारत की सबसे बड़ी टीटी लीग

**अहमदाबाद,** 30 मई (एजेंसियां)। भारत की प्रतिष्ठित टेबल टेनिस लीग इंडियनऑयल अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) का छठा सीजन शनिवार को अहमदाबाद के ईकेए एरिना में शुरू होगा। 15 जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में आठ टीमें खिताब के लिए कड़ी टक्कर देंगी। डेम्पो गोवा चैलेंजर्स इस बार भी अपने खिताब बचाने उतरेंगे। टीम ने 2023 और 2024 में लगातार दो बार चैंपियनशिप अपने नाम की है और अब खिताबी हैट्रिक पूरी करने की तैयारी में है। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में आयोजित इस लीग को नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा प्रमोट किया जा रहा है। यूटीटी लगातार भारत में पेशेवर टेबल टेनिस के मानकों को ऊंचा उठा रही है और खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रही है। इस सीजन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस बार 14 देशों के कुल 48 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें से 16 ओलंपिक खिलाड़ी भी शामिल हैं। यह आंकड़ा टूर्नामेंट की बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय साख और गुणवत्ता को दर्शाता है। यह पहली बार है जब अहमदाबाद इंडियन ऑयल अल्टीमेट टेबल टेनिस की मेजबानी कर रहा है। यह कदम लीग के उस मिशन का हिस्सा है जो टेबल टेनिस को केवल मेट्रो शहरों तक सीमित न रखकर पूरे देश में फैलाना चाहता है। अहमदाबाद इस टूर्नामेंट का आयोजन यूटीटी की राष्ट्रीय पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल स्थानीय प्रशंसकों को विश्व स्तरीय टेबल टेनिस देखने का मौका मिलेगा।

अल्टीमेट टेबल टेनिस सीजन 6

# 'स्विंगिंग इंग्लिश' परिस्थितियों में खेलने को लेकर उत्साहित हैं बुमराह

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियसां)। दुनिया के नंबर एक टेस्ट गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ड्यूक बॉल पर हाथ आजमाने और इंग्लैंड की स्विंगगि परिस्थितियों में खेलने को लेकर उत्सुक हैं। भारत को जल्द ही इंग्लैंड का दौरा करना है जहां पर भारत को 13 जून को वार्मअप मैच खेलना है और 20 जून से लीड्स में पहला टेस्ट खेला जाएगा। उनके अनुसार सबसे बड़ी चुनौती गेंद के मुलायम होने पर होगी। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क के यूट्यूब चैनल बियोंड23 क्रिकेट पर कहा कि इंग्लैंड में खेलना हमेशा से अलग चुनौती रहता है। मुझे हमेशा से ड्यूक बॉल से गेंदबाजी करना पसंद है। उन्होंने कहा कि लेकिन मैं नहीं जानता हूं कि ड्यूक बॉल इस समय कैसा कर रही हैं क्योंकि गेंद में लगातार बदलाव होते रहते हैं। लेकिन मौसम, स्विंगिंग परिस्थिति समान रहती है। और जब गेंद मुलायम हो जाती है तो यहां पर हमेशा चुनौती रहती है। तो मैं हमेशा से इंग्लैंड में खेलने को देखता हूं। आगामी टेस्ट सीरीज बुमराह की इंग्लैंड में तीसरी सीरीज होगी जहां पर उनके नाम (2021 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फ़ाइनल को छोड़कर) आठ मैचों में 23.78 की औसत और 51.9 के स्ट्राइक रेट से 37 विकेट हैं। बुमराह ने कहा कि उनके अन्य साथी तेज गेंदबाजों प्रसिद्ध कृष, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और अर्शदीप सिंह में विरोधी टीम को मात देने की काबिलियत है, खासतौर से तब जब कोई टीम आक्रामक खेल रही हो, जैसे इंग्लैंड खेलती है। बुमराह ने कहा कि वे एक दिलचस्प शैली का क्रिकेट खेल रहे हैं जो दिलचस्प है क्योंकि मैं इसे ज्यादा नहीं समझता। लेकिन एक गेंदबाजी यूनिट के तौर पर, जब बल्लेबाज अधिक आक्रामक होते हैं तो हम हमेशा आत्मविश्वास से भरा महसूस करते हैं, तो किसी भी दिन कोई भी विकेट ले सकता है।



इंग्लैंड में खेलना हमेशा से अलग चुनौती रहता है। मुझे हमेशा से ड्यूक बॉल से गेंदबाजी करना पसंद है : जसप्रीत बुमराह

## नॉर्वे शतरंज: गुकेश ने कारुआना को हराया

**स्टावेंजर,** 30 मई (एजेंसियां)। विश्व के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने भारतीय नंबर 2 अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ अंतिम गेम में शानदार जीत के साथ अपनी क्लास दिखाई। पिछले दो राउंड में दो आर्मागेडन गेम हारने वाले नॉर्वेजियन सुपरस्टार ने घरेलू मैदान पर इस जीत के साथ एकल बढ़त बना ली। विश्व चैंपियन डोमाराजू गुकेश और विश्व नंबर 3 फैबियानो कारुआना के बीच बाजी में, अमेरिकी लगभग पूरे गेम में आगे चल रहे थे, उनके पास जीतने के काफी मौके थे। हालांकि, गुकेश के शानदार रक्षात्मक कौशल के कारण वे अपने लाभ को भुना नहीं सके। इसके बाद गुकेश ने आर्मागेडन गेम को आसानी से जीत लिया। इससे पहले, विश्व चैंपियन गुकेश ने तीसरे राउंड में विश्व नंबर 2 हिकारू नाकामुरा को हराया, और शानदार प्रदर्शन के साथ अपने खिताब की दावेदारी को मजबूत किया। पहले दो राउंड में दो हार के बाद भारतीय प्रतिभा के लिए यह जीत इससे बेहतर पल नहीं हो सकती थी।




**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता नायक भागीरती यादव (सर्विस क्रमांक 6386977X) उम्र 54 वर्ष पिता श्री केदार यादव निवासी- ग्राम व पो.ऑ. कोलर, थाना व तहसील अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) 493661 नीचे लिखे अनुसार कथन शपवपूर्वक करता हूँ-

1. यह कि, मेरे सर्विस बुक रिकार्ड एवं पी.पी.ओ. क्रमांक- S/041046/2010 में मेरे परिवार के सदस्यों का नाम अंकित है जिसमें मेरी पत्नि का नाम श्रीमती शारदा यादव (SHARADA YADAV) एवं उसका जन्मतिथि- 30.06.1976 अंकित है जो कि त्रुटिपूर्ण है।

2 यह कि, मेरी पत्नि का वास्तविक नाम श्रीमती शारदा यादव (SHARDA YADAV) एवं उसका जन्मतिथि- 30.06.1979 है, जो कि उसके आधार कार्ड क्रमांक 8869 5331 8530 में तथा पैन कार्ड में दर्ज है।

3. यह कि, मेरे सर्विस बुक रिकार्ड एवं पी.पी.ओ. में अंकित मेरी पत्नि का नाम व जन्मतिथि श्रीमती शारदा यादव (SHARADA YADAV) एवं जन्मतिथि 30.06.1976 के स्थान पर कंडिका-2 में वर्णित उसके आधार कार्ड के अनुसार श्रीमती शारदा यादव (SHARDA YADAV) एवं जन्मतिथि- 30.06.1979 दर्ज किया जावे जिस हेतु संबंधित विभाग की जो भी नियम व शर्त होगा उसका मेरे द्वारा पालन किया जावेगा।

4. यह कि, उपरोक्त कथनों की सत्यता के समर्थन में यह शपथपत्र संबंधित अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हैं।

**शपथकर्ता**
**नायक भागीरती यादव**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं चैतन्या सुना, उम्र-35 वर्ष, पिता- श्री घाटू, सुना, पता 32/1022, श्याम नगर, केनार रोड, थाना- तेलीबांधा, तह.व जिला रायपुर (छ.ग.) का निवासी हूँ जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ:- मेरा पूर्व नाम चैतन्या सुना, गोत्र सुना है जो कि उत्कल समाज के अंतर्गत आता है मेरे शिक्षा एवं दस्तावेजों में मेरा नाम "मनोज सुना उर्फ चैतन्या" इस तरह के नाम शासकीय दस्तावेजों एवं प्राईवेट कम्पनी या ऑफिस रिकार्ड व अन्य रिकार्ड में दर्ज हो चुका है। प्रचलित दो नामों में से चैतन्या सुना, को विलोपित कर मेरा एक ही नाम "मनोज सुना " कर मेरा नाम वर्तमान, व भविष्य में मेरे इस नाम को शासकीय, अर्धशासकीय दस्तावेजों एवं प्राईवेट कम्पनी या ऑफिस रिकार्ड में दर्ज कर मुझे "मनोज सुना" के नाम से जाना व पहचाना जावे। एवं यही नाम मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में दर्ज हैं। चूंकि मुझे घर में "मनोज सुना" इसी नाम से बुलाते हैं, और वर्तमान में मेरे बच्चों के स्कूल शिक्षा एवं उनके मार्कशीट एवं समस्त दस्तावेज में उल्लेख हैं इसलिए अब मैं अपना नाम मनोज सुना पिता श्री घाटू सुना लिखता हूँ अब मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना, रिश्तेदार लेन-देन में संबोधित एवं आगे लिखा जावें, इसलिए शासकीय/ अर्धशासकीय/ प्राईवेट / विभागीय सभी संस्थानों में मेरे समस्त दस्तावेज में भविष्य में उक्त नाम ही दर्ज किया जावें जिस हेतु यह शपत्रपत्र निष्पादित करता हूँ और आप सभी संबंधित जनों को आम सूचना के माध्यम से सूचित करता हूँ।

सो सूचना जाने
रायपूर (छ.ग.)
दिनांक-22/05/2025

**चैतन्या सुना, उम्र 35 वर्ष,**
**पिता- श्री घाटू सुना,**
**पता 32/1022, श्याम नगर, केनार रोड,**
**वाना- तेलीबांधा, तह. व जिला रायपुर**
**( छ.ग. ) मो. 9938458791**





# सात्विक-चिराग विश्व की नंबर 1 गोह-इज्जुद्दीन को हराकर सेमीफाइनल में

**सिंगापुर,** 30 मई (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शुक्रवार को सिंगापुर इंडोर स्टेडियम में विश्व की नंबर 1 मलेशियाई जोड़ी गोह सेज फेई और नूर इज्जुद्दीन को हराकर सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट तक चले मैच में मलेशियाई जोड़ी पर सीधे गेमों में 21-17, 21-15 से जीत दर्ज की। यह इस सीजन का उनका तीसरा सेमीफाइनल है। वे इस सीजन में बीडब्ल्यूएफ टूर पर पिछले दो सेमीफाइनल में हारे हैं, पहले मलेशिया ओपन में और फिर इंडिया ओपन में। दिलचस्प बात यह है कि इंडिया ओपन में सात्विक और चिराग को गोह और इज्जुद्दीन की मलेशियाई जोड़ी ने ही बाहर किया था। सात्विक और चिराग इस सत्र के अपने पहले फाइनल में जगह बनाने का लक्ष्य रखेंगे, जहां उनका सामना आठवीं वरीयता प्राप्त मैन वेई चोंग और काई वुन टी या तीसरी वरीयता प्राप्त आरोन चिया-सोह वूई यिक की मलेशियाई जोड़ी से होगा। पुरुष युगल जोड़ी टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय प्रतिनिधित्व है, क्योंकि पीवी सिंधु, एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, ट्रीसा जॉली-गायत्री गोपीचंद और अन्य खिलाड़ी बाहर हो गए हैं। महिला एकल में, दोहरी ओलंपिक पदक विजेता सिंधु चीन की चेन यू फेई से 9-21, 21-18, 16-21 से हारने के बाद दूसरे दौर में बाहर हो गईं। एचएस प्रणय को फ्रांसीसी क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा, उन्हें 42 मिनट तक चले मैच में 16-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। रोहन कपूर और रूथविका गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ी को भी राउंड ऑफ 16 में हार का सामना करना पड़ा, उन्हें हांगकांग की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट से 10-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। आठवीं वरीयता प्राप्त ट्रीसा-गायत्री का सफर क्वार्टर फाइनल में जिया यी फैन और झांग शू जियान की गैर वरीयता प्राप्त चीनी जोड़ी से हारने के बाद समाप्त हो गया। इससे पहले महिला एकल में आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा पहली बाधा पार करने में विफल रहीं।

■ भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट तक चले मैच में मलेशियाई जोड़ी पर सीधे गेमों में 21-17, 21-15 से जीत दर्ज की

### सुडोकू 6929 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 3 | 2 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 |

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इटरनल | 4.58 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.89 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.81 प्रतिशत |
| एलटी | 0.64 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.24 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.73 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.64 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.62 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.49 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.43 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 94,870 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 97,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.60 | 89.97 |
| पौंड स्टर्लिंग | 104.55 | 121.26 |
| यूरो | 88.09 | 102.17 |
| चीन युआन | 8.39 | 13.61 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6000-6100 |
| दाल चना | 7000-7100 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 9000-9100 |

# चौथी तिमाही में 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। जनवरी-मार्च तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने के बल पर वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था ने 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करते हुए दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था का तमगा बरकरार रखा, लेकिन यह वृद्धि दर चार वर्ष में सबसे कम है। केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा शुक्रवार को जारी जीडीपी के आंकड़ों के अनुसार अंतिम तिमाही जनवरी-मार्च में जीडीपी उम्मीद से बेहतर 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो पिछली तीन तिमाहियों से अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 की अंतिम तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही थी।

■ **भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था का तमगा बरकरार रखा**

दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही के जीडीपी के आंकड़ों को संशोधित कर 6.4 प्रतिशत कर दिया गया है। मार्च 2025 में समाप्त तिमाही में नॉमिनल जीडीपी वृद्धि दर 10.8 रहने का अनुमान लगाया गया है। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में नॉमिनल जीडीपी में 9.8 प्रतिशत की वृद्धि दर देखी गई है। वित्त वर्ष 2024-25 के वास्तविक जीडीपी के आंकड़े पिछले चार वर्ष में हालांकि सबसे कम है। वित्त वर्ष 2021-22 में यह वृद्धि दर 9.7 प्रतिशत, 2022-23 में 7.6 प्रतिशत और 2023-24 में 9.2 प्रतिशत रही थी।




## 2030 तक पर्यटन क्षेत्र जीडीपी में 10 प्रतिशत का योगदान देगा : शेखावत



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि ग्लोबल इकोनॉमी में 10 प्रतिशत योगदान टूरिज्म सेक्टर का होता है और मुझे यकीन है कि ग्लोबल पैरामीटर के तहत 2030 तक हमारा पर्यटन क्षेत्र भी देश की जीडीपी में 10 प्रतिशत का योगदान देगा। हम इस विजन पर तेजी से काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में सीआईआई 'एनुअल बिजनेस समिट 2025' में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में कोरोना संकट के बाद से घरेलू पर्यटन को लेकर जबरदस्त तेजी देखी गई है। उन्होंने कहा कि भारत के टूरिज्म सेक्टर को प्रमोट करने और वैश्विक स्तर पर देश की क्षमता को बढ़ाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर क्रिएशन पहली जरूरत थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सड़कें, एक्सप्रेसवे और डेढ़ लाख किलोमीटर के हाइवे बने, नया मॉडर्न रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हुआ। नए एयरपोर्ट्स बने। उन्होंने आगे कहा कि हालांकि, अभी भी बहुत से काम किए जाने बाकी हैं। फ्लाइट्स की संख्या बढ़ाए जाने की जरूरत है। भविष्य में 3,000 एयरक्राफ्ट्स आने वाले हैं।

## भारत का रक्षा उत्पादन 2047 में छह गुना बढ़कर 8.8 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान



■ **वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपए किए गए आवंटित**

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और केपीएमजी इंडिया की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, देश का रक्षा उत्पादन 2024-25 में 1.46 लाख करोड़ रुपए से छह गुना बढ़कर 2047 में 8.8 लाख करोड़ रुपए होने की उम्मीद है।

भारत का वार्षिक रक्षा बजट 2047 में लगभग पांच गुना बढ़कर 31.7 लाख करोड़ रुपए हो सकता है, जबकि वर्तमान में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। सीआईआई के एनुअल बिजनेस समिट 2025 में जारी की गई रिपोर्ट का अनुमान है कि भारत का रक्षा निर्यात 2047 में बढ़कर 2.8 लाख करोड़ रुपए हो जाएगा, जो 2024-25 के 24,000 करोड़ रुपए के इसी आंकड़े की तुलना में लगभग 12 गुना उछाल दर्शाता है।

इस रिपोर्ट का शीर्षक आत्मनिर्भर, अग्रणी और अतुल्य भारत 2027 = इंडियाज डिफेंस इंडस्ट्रियल सेक्टर विजन 2047 है। रिपोर्ट में देश के कुल रक्षा व्यय को 2047 के लिए सकल घरेलू उत्पाद के 4.5 प्रतिशत पर आंका गया है, जो वर्तमान में सकल घरेलू उत्पाद का 2 प्रतिशत है।

रक्षा बजट में रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए आवंटन भी वर्तमान के 4 प्रतिशत से बढ़कर 8-10 प्रतिशत होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मजबूत रक्षा क्षेत्र के साथ 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य को हासिल करने में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, मजबूत सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देना आवश्यक है और निजी क्षेत्र को डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में प्रवेश करने और बनाए रखने के लिए प्रोत्साहन की आवश्यकता है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि 2038 तक भारत को अंतरराष्ट्रीय साझेदारी का विस्तार करना चाहिए।

## ग्लोबल रियल टाइम पेमेंट में भारत की 47 प्रतिशत भागीदारी : सिंधिया



■ **यूपीआई का दायरा वैश्विक स्तर पर बढ़ा**

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जोर देकर कहा कि कुल डिजिटल लेन-देन का लगभग 47 प्रतिशत भारत से होता है और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) का दायरा अब वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा है। इसके अलावा, भारत आज टेक्नोलॉजी और दूरसंचार क्षेत्र में क्रांति का नेतृत्व कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत को डिजिटल-फर्स्ट इकोनॉमी के रूप में देखा जाता है और वर्तमान में दूरसंचार क्रांति चल रही है। स्केलेबिलिटी ने संचार की लागत को कम कर दिया है, जो वर्तमान में दुनिया में सबसे कम है। देश ने दूरसंचार में 'आत्मनिर्भरता' हासिल की है और टेक्नोलॉजी स्टैक का निर्माण करने वाले चार देशों में से एक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टेक्नोलॉजी पोस्टल डिपार्टमेंट को भी बदल रही है और पोस्टल सिस्टम में नई सेवाएं शुरू की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत का दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरना एक सराहनीय उपलब्धि है। केंद्रीय मंत्री ने भारत की प्रगति के केंद्र बिंदु के रूप में पूर्वोत्तर के महत्व को भी रेखांकित किया।

## वैश्विक सफलता के शिखर पर है भारत का एआई इकोसिस्टम : वैष्णव



**इंडियाएआई मिशन की साझेदारी भारत की इनोवेशन डिप्लोमेसी में एक नया अध्याय प्रस्तुत करती है : अश्विनी वैष्णव**

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इकोसिस्टम अब वैश्विक सफलता के शिखर पर है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार के अवसर से स्टार्टअप्स को मदद मिलेगी। स्टार्टअप्स को इमेज एडिटिंग, डीप-टेक, अर्थ ऑब्जर्वेशन से लेकर कन्वर्सेशनल एआई तक अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रवेश करने, वैश्विक गठबंधन बनाने और स्केलेबल प्रभावशाली समाधान बनाने में मदद मिलेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत, इंडियाएआई मिशन ने 'इंडियाएआई स्टार्टअप्स ग्लोबल इनिशिएटिव' के लिए 10 स्टार्टअप को चुने जाने की घोषणा की है। भारत की एआई क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इंडियाएआई स्टार्टअप्स ग्लोबल इनिशिएटिव स्टेशन एफ, पेरिस और एचईसी पेरिस के साथ साझेदारी में एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फरवरी 2024 में एआई एक्शन समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा ने न केवल उच्च-स्तरीय राजनीतिक प्रतिबद्धता का संकेत दिया, बल्कि वैश्विक एआई मानदंडों और इनोवेशन डिप्लोमेसी को आकार देने के लिए भारत की मंशा को भी प्रदर्शित किया। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि भारत का एआई इकोसिस्टम अब वैश्विक सफलता के शिखर पर है। इस तरह की पहलों के माध्यम से, हम अपने सबसे बेहतरीन स्टार्टअप को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रवेश करने, वैश्विक गठबंधन बनाने और स्केलेबल, प्रभावशाली समाधान बनाने में सक्षम बना रहे हैं।

## सार संक्षेप

### 2025 में डिजिटल लेन-देन में यूपीआई की हिस्सेदारी बढ़कर 83.7 प्रतिशत हुई

**मुंबई।** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने भारत के डिजिटल पेमेंट सिस्टम में अपना दबदबा मजबूत किया है। इसकी कुल लेन-देन मात्रा में हिस्सेदारी पिछले वित्त वर्ष के 79.7 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 83.7 प्रतिशत हो गई है। आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट से पता चलता है कि यूपीआई ने वित्त वर्ष 2025 के दौरान 185.8 बिलियन लेन-देन की सुविधा प्रदान की, जो सालाना आधार पर 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। मूल्य के संदर्भ में, यूपीआई लेन-देन वित्त वर्ष 2024 के 200 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 261 लाख करोड़ रुपए हो गया। आरबीआई ने कहा कि यूपीआई की सफलता ने भारत को ग्लोबल रियल टाइम पेमेंट में 48.5 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ अग्रणी स्थान पर पहुंचा दिया है।

### दुनिया की आईटी कैपिटल के रूप में भारत की मजबूत स्थिति : चौहान

**नई दिल्ली।** एनएसई के प्रबंध निदेशक और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने कहा कि भारत दुनिया की सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) राजधानी के रूप में उभरा है। साथ ही, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज अपने उच्च तकनीक वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए लाखों लोगों को व्यापार करने में मदद करते हुए विशाल डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल करने में अग्रणी रहा है। चौहान ने जोर देकर कहा कि एनएसई ने 1994 में आईटी बूम के समय टेक्नोलॉजी का बीड़ा उठाया था। बाद में, वर्ष 2000 के दौरान, एनएसई ने भारत की तकनीकी क्षमताओं का प्रदर्शन किया, बड़े अनुबंधों को आकर्षित किया और छोटी कंपनियों के लिए अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन करने का केंद्र बन गया। श्री अधिकारी ब्रदर्स के एमडी कैलाश अधिकारी के साथ पॉडकास्ट बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि आज टेक्नोलॉजी हमारा ईंधन है और भारत दुनिया की आईटी कैपिटल है।

### विदेशी मुद्रा भंडार इजाफे के साथ 692.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी बढ़ोतरी होने से 23 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.9 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 692.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.9 अरब डॉलर लुढ़ककर 685.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 23 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.5 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 586.2 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 2.4 अरब डॉलर की भारी बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 83.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट

■ **सेंसेक्स 182.01 अंक टूटकर 81,451.01 पर रहा**

■ **निफ्टी 82.90 अंक की गिरावट लेकर 24750.70 पर बंद**

**मुंबई,** 30 मई (एजेंसियां)। भारत में समाप्त वित्त वर्ष के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के जारी होने वाले आंकड़े को लेकर निवेशकों की सतर्कता बरतते हुए की गई चौतरफा बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 182.01 अंक टूटकर 81,451.01 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 82.90 अंक की गिरावट लेकर 24750.70 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.39 प्रतिशत लुढ़ककर 45,136.35 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.17 प्रतिशत बढ़कर 52,413.25 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4119 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2160 में बिकवाली जबकि 1826 में लिवाली हुई वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2955 कंपनियों के शेयरों में से 1581 में गिरावट जबकि 1299 में तेजी रही वहीं 75 में टिकाव रहा। बीएसई में बैंकिंग, इंडस्ट्रियल्स, वित्तीय सेवाएं और कैपिटल गुड्स की 0.62 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 17 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 1.14, सीडी 0.39, ऊर्जा 0.70, एफएमसीजी 0.45, हेल्थकेयर 0.26, आईटी 1.05, दूरसंचार 0.79, यूटिलिटीज 1.09, ऑटो 0.91, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.03, धातु 1.68, तेल एवं गैस 1.06, पावर 0.31, रियल्टी 0.67, टेक 0.99, सर्विसेज 0.53 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.14 प्रतिशत गिर गए। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.78 और जर्मनी का डैक्स 0.95 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं, जापान का निक्केई 1.22, हांगकांग का हैंगसेंग 1.20 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.47 प्रतिशत लुढ़क गया। कारोबार की शुरुआत सेंसेक्स 167 अंक का गोता लगाकर 81,465.69 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,698.21 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर से पहले 81,286.45 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 81,633.02 अंक के मुकाबले 0.22 प्रतिशत टूटकर 81,451.01 अंक रह गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में टेक महिंद्रा 1.73, एचसीएल टेक 1.64, एशियन पेंट 1.62, एनटीपीसी 1.49, इंफोसिस 1.43, टाटा स्टील 1.29, नेस्ले इंडिया 1.29, सन फार्मा 1.27, पावरग्रिड 1.13, टीसीएस 0.94, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.90, टाइटन 0.87, इंडसइंड बैंक 0.86, एक्सिस बैंक 0.82, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.78, आईसीआईसीआई बैंक 0.73, टाटा मोटर्स 0.69, अल्ट्रासिम्को 0.68, मारुति 0.58, कोटक बैंक 0.41, अडानी पोर्ट्स 0.39, भारती एयरटेल 0.38 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इटरनल 4.58, एसबीआई 1.89, एचडीएफसी बैंक 0.81, एलटी 0.64, रिलायंस 0.24 और बजाज फिनसर्व के शेयर 0.01 प्रतिशत मजबूत रहे।




## वित्त वर्ष 2025 में भारत की घरेलू बचत बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान

**मुंबई,** 30 मई (एजेंसियां)। एसबीआई की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा रुझानों के आधार पर वित्त वर्ष 2025 में भारत के घरेलू क्षेत्र की नेट फाइनेंशियल सेविंग 22 लाख करोड़ रुपए तक और ग्रॉस नेशनल डिस्पॉजेबल इनकम (जीएनडीआई) के 6.5 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है।



आरबीआई की लेटेस्ट वार्षिक रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि घरेलू क्षेत्र ने मजबूत वित्तीय स्थिरता दिखाई है। वित्त वर्ष 2024 में शुद्ध बचत जीएनडीआई के 5.1 प्रतिशत तक बढ़ गई है। एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह बढ़ता हुआ कैपिटल पूल सरकारी और कॉर्पोरेट घाटे को फंड करने और व्यापक आर्थिक स्थिरता का सपोर्ट करने के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है। इसके अलावा, घरेलू देनदारियों में जीएनडीआई के 6.1 प्रतिशत तक की वृद्धि के मुकाबले, परिवारों की ग्रॉस फाइनेंशियल सेविंग पिछले वर्ष के 10.7 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में जीएनडीआई के 11.2 प्रतिशत हो गई। केंद्रीय बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में आरबीआई की बैलेंस शीट में 8.19 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो कि 9.9 प्रतिशत की नॉमिनल जीडीपी वृद्धि से कम है। पारंपरिक आय में संकुचन के बावजूद, घरेलू ब्याज और एलएएफ आय, विदेशी मुद्रा के रणनीतिक प्रबंधन और रुपए की अस्थिरता को कम करने के प्रयासों जैसे प्रवाहों ने अधिशेष उत्पादन को भौतिक रूप से बढ़ाया। आकस्मिकता निधि में 44,861.7 करोड़ रुपए के प्रोविजन ने बैलेंस शीट के 7.5 प्रतिशत पर प्राप्त इक्विटी को स्वस्थ रखा।

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 41 रिंगिट की गिरावट के साथ 3838 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.23 सेंट लुढ़ककर 47.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 9000-9100 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

# भारतीय झींगा निर्यातकों को 2026 में 2-3 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि का अनुमान : क्रिसिल



■ **भारत अपने उत्पादन का लगभग 48 प्रतिशत अमेरिका को करता है निर्यात**

■ **पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक झींगा की मांग रही स्थिर**

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। क्रिसिल की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय झींगा निर्यातकों को वित्त वर्ष 2026 में राजस्व में 2-3 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिलेगी, क्योंकि बढ़ती कीमतों और मुद्रा में बढ़त के कारण प्राप्तियों में सुधार दर्ज किया गया है। हालांकि लो-वैल्यू एडेड झींगा निर्यात पर दबाव बढ़ने की संभावना है, लेकिन भारतीय निर्यातकों को वैल्यू-एडेड सेगमेंट में चीन, वियतनाम, थाईलैंड और इंडोनेशिया जैसे अन्य एशियाई समकक्षों की तुलना में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ है, जो उच्च टैरिफ का सामना करते हैं, लेकिन अमेरिका में एक तिहाई से अधिक बाजार हिस्सेदारी रखते हैं।

हालांकि, अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले उच्च टैरिफ और प्रमुख आयातक देशों में मांग में कमी के कारण निर्यात की मात्रा स्थिर रहेगी, क्योंकि सुस्त आर्थिक विकास से डिस्पोजेबल आय प्रभावित होती है। भारत अपने उत्पादन का लगभग 48 प्रतिशत अमेरिका को निर्यात करता है। अमेरिका द्वारा घोषित रेसिप्रोकल टैरिफ, हालांकि फिलहाल रोक दिए गए हैं, लेकिन इससे दुनिया के सबसे बड़े झींगा निर्यातक इक्वाडोर जैसे दक्षिण अमेरिकी निर्यातकों को लाभ होगा। भारतीय निर्यातकों को रॉ फ्रोजन और पील्ड फ्रोजन कैटेगरी में उनसे अधिक प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा, जिनमें कम वैल्यू एडिशन होता है और जो कम पारिश्रमिक वाले होते हैं।

इस वित्त वर्ष में, अमेरिका द्वारा रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए जाने के साथ जहां यूरोपीय संघ और चीन जैसे अन्य प्रमुख बाजारों में आर्थिक गतिविधि सुस्त है, हमारे निर्यातकों को मांग में स्थिरता देखने को मिलेगी। पिछले कुछ वित्त वर्षों में वैश्विक झींगा की मांग 4 मिलियन टन (एमटी) पर स्थिर रही है और इस वित्त वर्ष में भी यह कम रहने की संभावना है।

रिपोर्ट के अनुसार, परिचालन मार्जिन दबाव में रहेगा क्योंकि टैरिफ का बोझ केवल आंशिक रूप से और धीरे-धीरे ही डाला जाएगा, जैसा कि अतीत में देखा गया है, जबकि निर्यातक अन्य बाजारों की तलाश करते हैं और वैल्यू एडिशन के माध्यम से पेशकश में सुधार करते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि कैपिटल स्ट्रक्चर बेहतर स्थिति में रहने की उम्मीद है।

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

क्रमांक/202505111500128/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 23.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमरनाथ तिवारी पिता रमेश तिवारी निवासी ग्राम नगर चिरहुलडीह रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52 तहसील जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर 29 भूखण्ड क्रमांक 18/6 का भाग रकबा 850 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा आनावेदक / विक्रेता श्रीमती जानकी साहू पति ओम नारायण साहू निवासी राम नगर बूढ़ा चौक रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 25.04.2025 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 19.06.2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 05 के न्यायालय में मामला मामले की श्रेणी-राजस्व

क्रमांक: 202505111800053
विषय-फ-121 सन् 2024-25
देवरी प.ह.नं. 00004 है.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-श्री गोविन्द साहू, अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोविन्द साहू पिता बिसेराम साहू निवासी ग्राम देवरी तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा प्रतिवेदन पत्र ग्राम पुस्तिका बाबत् आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया गया है कि ग्राम देवरी प.ह.नं.-04 रा.नि.मं. रायपुर-15 भारतीय तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 130/3, 244/3, 453/16, 582/1, 759/5, 783/16 रकबा क्रमशः 0.3230, 0.1010, 0.0-400, 0.2430, 0.5550, 0.1980 हे. भूमि भूमिस्वामी गोविन्द पिता बिसेराम के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गया है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय को नियत तिथि 12.06.2025 को मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.05.2025 को जारी किया गया है।

मुहर **तहसीलदार धरसींवा**

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

क्रमांक/202505111500145/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम डूमरतालाब प.ह.नं. 53
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 14.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रकरण भूमि ऑनलाईन नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदिका श्रीमती शालिनी तिवारी पति राजेश तिवारी निवासी- धर्मिंद रोटरी नगर टाटीबंध रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम डूमरतालाब प.ह.नं. 53 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 411/17 का भाग रकबा 570 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा अनावेदक / विक्रेता श्रीमती ऋतु धीवर पति लक्ष्मण धीवर निवासी डूमरतालाब मोहबा बाजार टाटीबंध रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 20.06.2025 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30.05.2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

क्रमांक/202505111500129/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 23.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण 01. कोमल कुमार चन्द्राकर पिता हीरा सिंह चन्द्राकर निवासी म.अ., 5 फूलपुर उर्फ लुसनपुर प्रयागराज उ.प्र. 02 दिनेश चन्द्राकर पिता हीरा सिंह चन्द्राकर निवासी विला नंबर 106 ग्रामसिटी, अरबन ग्रीन प्रोव्हाइस सोमपुरा रोड के पास बंगलूरु कर्नाटक द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर 10 प्लाट नंबर 1/15 रकबा 2400 वर्गफुट एवं शीट नंबर 11 प्लाट नंबर 13/5 रकबा 400 वर्गफुट भूमि को आवेदकगण द्वारा अनावेदक/दानदाता हीरा सिंह चन्द्राकर पिता बृहू सिंह चन्द्राकर निवासी म.नं. 230 एमिय जी.टी. सी. स्ट्रीट आत्मानंद वार्ड चौबे कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत दान विलेख दिनांक 23.01.2025 के माध्यम से प्राप्त कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत दान विलेख के आधार पर आवेदकगण अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 12.06.2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

क्रमांक/202505116400059/अ-27/2024-25
ग्राम माना प.ह.नं. 80
तहसील व जिला रायपुर
रायपुर, दिनांक 22.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 01. अरुणी पति कुमार फिलाराम दुबे निवासी बैंक नगर, कालवाड़ा, लोधी रोड, मध्य दिल्ली, 02. श्रीमती विभा दुबे पिता किशन कांत दुबे पिता दयाशंकर निवासी 1679-डी 6/2, गली नं. - 02, गोविन्दपुरी विस्तार, कालकाजी, दक्षिण दिल्ली के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम माना, प.ह.नं. 80, रा.नि.मं. रायपुर 16 मंदिर, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 946/1 रकबा 0.0490 हेक्टेयर भूमि आवेदकगण एवं अनावेदकगण 01. रंजना शुक्ला पति अनिल शुक्ला, 2. आकाश शुक्ला पिता अनिल शुक्ला, 3. प्रियंका शुक्ला पिता अनिल शुक्ला, 4. अक्षदा शुक्ला पिता अनिल शुक्ला के नाम पर राजस्व अभिलेख में संयुक्त रूप से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भूमि आवेदकगण एवं अनावेदकगण की पैतृक भूमि है। आवेदित भूमि पर अनावेदकगणों का नाम अनावेदकगणों के पिता अनिल शुक्ला के निधन पश्चात् विधिक वारिसानों के हैसियत से दर्ज किया गया है। आवेदकगण के द्वारा आवेदित भूमि का खाता विभाजन किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 16.06.2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

क्रमांक/202505111500113/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम फाफाडीह प.ह.नं. 48
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 22.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण 01. [illegible] पंजवानी, 02. महेश कुमार पंजवानी, 03. सुरेश पंजवानी, 04. दीपक कुमार पंजवानी [illegible] द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि [illegible] ग्राम फाफाडीह प.ह.नं. 48 [illegible] शीट नंबर 83 [illegible] रकबा 576 [illegible] के नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतः आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक [illegible] तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर, जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### सूचना-पत्र

क्रमांक/क/वाचक/तह./2025, रायपुर, दिनांक 09.05.2025
प्रति,

1. श्रीमती रेणु पति महेन्द्र कुमार गढ़िया निवासी अमर चौक के पास राजातालाब रायपुर छ.ग. 2. श्रीमती रोज मेरी पति बसंत तिमोथी निवासी खैरागढ़, तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़ छ.ग. 3. कु. डेजी इस्टेला पिता आर. गाडगिल इसाई निवासी अमर चौक के पास राजातालाब रायपुर छ.ग.

विषय-रा.प्र.क्रमांक / 202504110200073/अ-6/ वर्ष 2025-26 पक्षकार आनंद अग्रवाल बनाम छत्तीसगढ़ शासन, ग्राम पंडरीतराई, प.ह.नं. 47 तहसील व जिला रायपुर में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत्।

विषयांकित संबंध में लेख है कि आवेदक ओंकार राव सुरोशे पिता नोमेश्वर राव सुरोशे निवासी अमर चौक, राजातालाब, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम-पंडरीतराई, प.ह.नं. 47 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर-19, प्लाट नंबर-11/3 खसरा नंबर-149/3ख/4 रकबा 540 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्रीमती रेणु पति महेन्द्र कुमार गढ़िया निवासी अमर चौक के पास, राजातालाब, रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 22.08.1997 के माध्यम से क्रय किया है। श्रीमती रेणु पति महेन्द्र कुमार गढ़िया ने विक्रेता श्रीमती रोज मेरी पति बसंत तिमोथी निवासी खैरागढ़, तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़ छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 07.03.1991 के माध्यम से क्रय किया है। तथा श्रीमती रोज मेरी पति बसंत तिमोथी ने विक्रेता कु. डेजी इस्टेला पिता आर. गाडगिल इसाई निवासी अमर चौक के पास, राजातालाब, रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 07.03.1991 के माध्यम से क्रय किया है। अतः आवेदक द्वारा पंजीकृत क्रय श्रृंखला के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

उक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के आप आपत्तिकर्ता/भूमिस्वामी है, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 06.06.2025 को स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर **तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय तहसीलदार धरसींवा तहसील धरसलींवा, जिला -रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

ग्राम टेकारी प.ह.नं. 23
रा.नि.मं. रायपुर 16 सारागांव
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 23.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण सुचित किया जाता है कि आवेदकगण शंकर लाल धीवर पिता रामजी धीवर, सुकवारो धीवर पति स्व. रामजी धीवर निवासी ग्राम टेकारी तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा खाता विभाजन बाबत् आवेदन पेश किया गया है ग्राम टेकारी प.ह.नं 23 रा.नि.मं. रायपुर सारागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 221, 599, 661/3, 694/4, 695/1, 695/6. रकबा नंबर 1080 04330 0.0400, 0.0400, 0.1780, 0.0570 हे. भूमि रामनारायण रामबिसाल, जानकी पिता स्व. देवाली, माधव, मयाराम पिता श्रीराम, श्यामरतन, तिलकराम, मंगल नंदकुमार, संतराम, शांति बाई पिता स्व. गयाराम, कुंदन पिता श्रीराम खिलावन, सोहद्रा, बहुरा, शंकर, वनमत, सोनमत पिता स्व. चैतराम, रामाधीन पिता स्व. खेदूराम, दुर्गेश पिता स्व. खेदुराम सुकवारो बेवा रामजी धीवर, शंकर लाल पिता रामजी धीवर, हीरालाल, बलिराम चन्द्रकांत, खोरबाहरिन, चंदाबाई पिता स्व. लखन लाल, हृदयलाल, मोतीराम, पिता स्व. थानूराम, सरोज पति स्व. विष्णु प्रसाद तेजकुमार, नागेन्द्र कुमार, पिता स्व. विष्णु प्रसाद, कोदेश्वर, धनेश्वर पिता स्व. उधो, भुनेश्वर पिता स्व. उधो, बिंदु पिता स्व. उधो के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि खातेदार आपसी सहमति से खाता विभाजन किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा आपत्ति हो तो स्वंय अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 09.06.2025 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.05.2025 को जारी किया जाता है ।

मुहर **तहसीलदार धरसींवा**

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.मा.क्र./202505111500105/अ-6/2024-25
ग्राम फाफाडीह प.ह.नं. 48
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 21.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमती रश्मिनुन निशा खान पति श्री अफसर खान निवासी मकान नं. 1409, वार्ड नंबर 14, कुम्हार पारा फाफाडीह रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम फाफाडीह, प.ह.नं. 48, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर 1 भूखण्ड क्रमांक 4/9 (खसरा नंबर 49/6), रकबा 437 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेता श्रीमती साधना कृजवानी पति श्री महेश कृजवानी निवासी कुम्हारपारा फाफाडीह रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 29.04.2025 के माध्यम से क्रय किया है। अतः उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदिका का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 06.06.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला-दुर्ग ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.प्र.क्रमांक 202505100900110
अ/6 अ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका सुषमा सिंह पति दीनदयाल सिंह निवासी ग्राम रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 03 स्थित भूमि खसरा नंबर 1008 का टु. रकबा 1100 वर्गफुट भूमि पर आवेदिका का नाम वर्तमान ऑनलाईन कम्प्यूटर अभिलेख पर दर्ज होना किन्तु भू दानधारक दर्ज होने से उक्त त्रुटि को सुधार कर भूमिस्वामी दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका सुषमा सिंह पति दीनदयाल सिंह निवासी ग्राम रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार अभिलेख त्रुटि सुधार किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 09.06.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.05.2025 को जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार पाटन**

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

क्रमांक/202505115600082/अ-27/2024-25
ग्राम-भाठागांव, प.ह.नं. 60
तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
रायपुर, दिनांक 27.05.2022

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्रीमती सुमरीत सोनकर पति स्व. रामबिसाल सोनकर, राजू सोनकर पिता स्व. रामबिसाल सोनकर, श्रीमती संतोषी सोनकर पति राजू सोनकर सभी निवासी भाठागांव रायपुर छ.ग. के द्वारा इस न्यायालय में खाता विभाजन बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदकगण के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 644/29 रकबा 0.0058 हे. अर्थात 620 वर्गफुट भूमि धारित की जाती है। उक्त वर्णित भूमि का आवेदकगण के मध्य बराबर-बराबर हिस्से में विभाजन कर खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदकगण का निवेदन है।

अतः आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 16.06.2022 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.05.2022 के मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर**

**जल संसाधन विभाग गरियाबंद, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

आदेश क्रमांक 2310/व.ले.लि./2025-25/गरियाबंद
दिनांक 28.05.2025

निविदा सूचना क्रमांक 02/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 20.05.2025 मैनुअल पद्धति गरियाबंद जिले के घटौद जलाशय के गरियाबंद से धवलपुर देवभोग रोड में ओवर हेड साईन बोर्ड डिसप्ले निर्माण कार्य समूह 01. गरियाबंद जिले के मरौदा जलाशय के गरियाबंद से भुतेश्वरनाथ टर्निंग रोड में ओवर हेड साईन बोर्ड डिसप्ले निर्माण कार्य समूह 02, को अपरिहार्य कारण वश निरस्त किया जाता है।

**विज्ञापन क्रमांक 252601062/दिनांक 20.05.2025**

जी-252601267 — **कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग गरियाबंद, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई**

क्रं./जन स्वा.वि./275/2025/73 — भिलाई, दिनांक 28/5/2025

**ई-प्राक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**Main Protal: https://eproc.cgstate.gov.in**

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा गोकुल नगर जामुल के पास मैदान का समतलीकरण हेतु किराये पर मिनी चैन एक्सावेटर (वाहन चालक, हेल्पर, ईंधन सहित) उपलब्ध कराने हेतु ई-टेंडर आमंत्रित की गई है जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर नं. | Bid Submission Start Date | Bid Due Date | Physical Doc submission End Date | Bid Open Date (Scheduled) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 169265 | 27/5/2025, 05.30 PM | 17-6-2025, 05.30 PM | 19/6/2025, 05.30 PM | 20/6/2025, 10.30AM |

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम भिलाई**



**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in**
**(1st Call)**

NIT NO: 15/ZONE 07/2025 — RAIPUR DATED: 29.05.2025

Online bids are invited for the following works up to 25.06.2025 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract (in Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 169470 | जोन क्रमांक 07 अंतर्गत नगर निवेश विभाग में लिपीकीय कार्य हेतु 06 कुशल एवं कार्यालयीन कार्य हेतु 02 अकुशल श्रमिक प्लेसमेंट के माध्यम से रखे जाने का कार्य। | 1366896 |
| 2 | 169475 | जोन क्रमांक 07 अंतर्गत विभागीय वाहनों के संचालन हेतु 10 कुशल श्रमिक वाहन चालक कलेक्टर दर पर प्लेसमेंट के माध्यम से रखे जाने का कार्य। | 1758480 |
| 3 | 169476 | जोन क्रमांक 07 अंतर्गत नगर निवेश विभाग में अतिक्रमण अभियान हेतु 10 अकुशल श्रमिक प्लेसमेंट के माध्यम से रखे जाने का कार्य। | 1559040 |
| 4 | 169477 | जोन क्रमांक 07 अंतर्गत जल प्रदाय विभाग में विभिन्न कार्यों के संचालन हेतु कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 08 अर्द्धकुशल श्रमिक एवं 02 अकुशल श्रमिक एवं 01 कुशल श्रमिक रखे जाने का कार्य। | 1807464 |
| 5 | 169579 | जोन क्रमांक 07 अंतर्गत जल प्रदाय विभाग में विभागीय कार्यों के संचालन हेतु 10 अकुशल श्रमिक प्लेसमेंट के माध्यम से रखे जाने का कार्य। | 1870848 |
| 6 | 169480 | जोन क्रमांक 07 अंतर्गत लोक कर्म विभाग में कार्यालयीन कार्य एवं फिल्ड कार्य हेतु कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर पर प्लेसमेंट एजेंसी ठेका पद्धति के माध्यम से 03 अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक रखे जाने का कार्य। | 1898064 |
| 7 | 169481 | जोन क्रमांक 07 के विभागीय कार्यों के संचालन हेतु कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 07 कम्प्युटर आपरेटर उच्च कुशल श्रमिक रखे जाने का कार्य। | 1307124 |
| 8 | 169482 | जोन क्रमांक 07 अंतर्गत विभागीय कार्य हेतु 03 भारी वाहन चालक उच्च कुशल एवं 06 वाहन चालक कुशल श्रमिक प्लेसमेंट के माध्यम से रखे जाने का कार्य। | 1615284 |
| 9 | 169483 | जोन क्रमांक 07 अंतर्गत सफाई कचरा परिवहन कार्य हेतु प्लेसमेंट के माध्यम से कलेक्टर दर पर 10 भारी वाहन चालक उच्च कुशल एवं 12 हल्का वाहन चालक कुशल श्रमिक प्लेसमेंट के माध्यम से रखे जाने का कार्य। | 3977496 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 29.05.2025 17.30 Hours (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Deatails and other documents.
NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk. eproc@cgswan.gov.in

**ZONE COMMISSIONR**
**ZONE 07 MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G)**

घरो से निकले सूखा और गीला कचरे को सफाई भित्र (वाहन) को देवें।



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, (E/M) DIVISION PUBLIC HEALTH ENGINEER-ING DEPARTMENT DHARAMPURA NO.-1, JAGDALPUR (CHHATTISGARH)**

NIT No. 01 & 02/TS/EE/E&M Dn./PHED/2025-26/Jagdalpur, Date 28.10.512025..

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed Tender are invited on behalf of the Governor of Chhattisgarh in Form "C" for the supply of following materials from the manufacturers or their Authorized Dealer.

| NIT No. /Sr. No. | Description | Quantity in nos | Probable amount of contract (Rs. in Lacs) | Earnest Money in Rs. |
|---|---|---|---|---|
| 01/01 | 150mm/6" Dia Digger Hammer complete Assembly suitable for drilling of 150mm Dia Tube Wells & 650CFM 150PSI to 1000CFM 275PSI compressor rating | 14 nos | 7.91 | 24,000.00 |
| 02/01 | 4%" D-45 Hammer Assembly suitable for drilling of 125mm Dia Tube well | 02 nos | 0.736 | 6,000.00 |
| 02/02 | 225mm/9" Dia Over Burden bit suitable to use of 125/150mm dia Tube well | 04 nos | 1.22 | |

01) Cost of Tender Document in Rs. 750.00.
02) Period of Completion - 30 days from the date of issued work order.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Last Date of Receipt of Application to issue Tender Document | 17.06.2025 upto | 05:00PM |
| 2 | Last Date of Sale of Tender Documents | 17.06.2025 upto | 05:00PM |
| 3 | Last Date of Receipt of Tender Documents | 25.06.2025 | 03:00PM |
| 4 | Date of Opening of Tender | 25.06.2025 | 04:00PM |

**Terms & Conditions :-**
01) Please published in state / local newspaper.
02) This short NIT will be part of agreement.
03) This short NIT also available in the P.H.E. Department Jagdalpur Notice Board.

**Expanive Ingineer**
**(&M) Division Public Health**
**Engineering Department**
**Jagdalpur (Chhattisgarh)**

G-252601262



**न्यायालय कार्यपालिका दण्डाधिकारी, सिमगा**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क्यू/ना.तह./2025
सिमगा, दिनांक 21.05.2025
रा.प्र.क्र./ब-121/2024
ग्राम-चौरेंगा प.ह.नं. 09

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता कास्तकार ग्राम चौरेंगा प.ह.नं. 09 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. को सूचित किया जात है कि आवेदक हुलेश कुमार वर्मा पिता लच्छीराम वर्मा जाति कुर्मी निवासी ग्राम चौरेंगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उसके पिता लच्छीराम वर्मा पिता स्व. चमरूराम की मृत्यु दिनांक 29.09.2007 को ग्राम चौरेंगा तहसील सिमगा में होने पर भूलवंश मृत्यु पंजीयन ग्राम पंचायत चौरेंगा में नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 06.06.2025 को दावा आपति पेश कर सकते हैं। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिका दण्डाधिकारी सिमगा



**कार्यालय नगरपालिका परिषद**
**कवर्धा, जिला-कबीरधाम ( छ.ग. )**
**सूचना**

**क्रमांक/1243 / राज.वि./न.पा./2025-26**
**कवर्धा, दिनांक 27/5/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद अधिनस्थ नवीन बाजार स्थित 01 से 60 लाईन दुकान क्रं. 39 श्री राजेश आ. बद्री के नाम पर आबंटित है, उक्त नाम त्रुटि हो गया है, जिसे सुधार कर श्री गोर्वधन सिंह ठाकुर पिता श्री राधेश्याम ठाकुर कवर्धा के नाम सुधार किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव प्राप्त आवेदन पर नाम सुधार हेतु सूचना प्रकाशन किया जा रहा है, इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह मूल प्रमाण-पत्र एवं प्रमाणित दस्तावेज सहित इस सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता को मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्त होने के पश्चात् या बिना प्रमाण-पत्र के प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नाम सुधार की कार्यवाही नियमानुसार की जावेगी।

मुहर — **मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद कवर्धा**



**कार्यालय नगरपालिका परिषद**
**कवर्धा, जिला-कबीरधाम ( छ.ग. )**
**नामांतरण सूचना**

**क्रमांक/1245 / राज.वि./न.पा./2025-26**
**कवर्धा, दिनांक 27/5/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद अधिनस्थ बस स्टैण्ड स्थित दुकान कं. 43 सफीउल्ला खान आ. बच्चूमियाँ पर आबंटित है. उक्त दुकान को संबंधित के द्वारा विकय कर श्री टी. रविनारायण पात्रो पिता टी. सुभाषचंद पात्रों कवर्धा के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव प्राप्त आवेदन पर नामांतरण प्रक्रिया हेतु सूचना प्रकाशन किया जा रहा है, इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह मूल प्रमाण-पत्र एवं प्रमाणित दस्तावेज सहित इस सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता को मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्त होने के पश्चात् या बिना प्रमाण-पत्र के प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा तथा नामांतरण की कार्यवाही नियमानुसार की जावेगी।

मुहर — **मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद कवर्धा**



**कार्यालय नगरपालिका परिषद**
**कवर्धा, जिला-कबीरधाम ( छ.ग. )**
**नामांतरण सूचना**

**क्रमांक/1229 / राज.वि./न.पा./2025-26**
**कवर्धा, दिनांक 27/5/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद अधिनस्थ बस स्टैण्ड काम्प्लेक्स दुकान क्र. 49 श्रीमती सकिला बेगम पति स्व. अय्यूब खान कवर्धा के नाम पर आबंटित है. उक्त दुकान को संबंधित के द्वारा विक्रय कर अकरम खान पिता अ0 गफ्फार खान कवर्धा के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव प्राप्त आवेदन पर नामांतरण प्रक्रिया हेतु सूचना प्रकाशन किया जा रहा है. इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह मूल प्रमाण-पत्र एवं प्रमाणित दस्तावेज सहित इस सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता को मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्त होने के पश्चात् या बिना प्रमाण-पत्र के प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नामांतरण की कार्यवाही नियमानुसार की जावेगी

मुहर — **मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद कवर्धा**

# बस्तर के हर कोने तक पहुंचाएंगे विकास का उजाला: मुख्यमंत्री



**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। बस्तर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजते हुए विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब बस्तर के कोने कोने का विकास होगा और विकास के रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज सुशासन तिहार अंतर्गत सुकमा जिले के तोंगपाल में आयोजित समाधान शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान सुकमा जिले में 500 करोड़ रूपए से अधिक लागत के विकास कार्यों की घोषणा की और 16 करोड़ से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर त्रिस्तरीय पंचायती राज सस्थाओं के जनप्रतिनिधि, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ.बसव राजु एस. भी उपस्थित थे।

- हमने ईमानदारी से काम किया, इसलिए जनता के बीच रख रहे हैं सरकार का रिपोर्ट कार्ड
- सुशासन तिहार में योजनाओं की ज़मीनी हकीकत जानने मुख्यमंत्री पहुंचे जनता के बीच
- सुकमा में 500 करोड़ रूपए से अधिक लागत के विकास कार्यों की घोषणा की

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतिम चरण में आप लोगों के बीच पहुंचकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। यहां का वातावरण बड़ा सुंदर है और महुआ की सुंदर छांव शीतलता दे रही है। उन्होंने परंपरागत रूप से स्वागत करने पर सभी का आभार जताया। साय ने कहा कि बस्तर से बदलाव की बुलंद आवाज ने माओवादियों के हौसले पस्त कर दिए हैं। बस्तर में माओवाद अब अंतिम सांसे गिन रहा है। नक्सलगढ़ के रूप जाना जाने वाले सुकमा में स्कूलों की घंटियां बज रही हैं, बच्चे निर्भीक होकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। साय ने कहा कि प्रदेशव्यापी इस अभियान का उद्देश्य योजनाओं की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करना है। आज देखने आया हूं कि प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य आपके गांव में सुचारू रूप से चल रहा है या नहीं, महतारी वंदन योजना की राशि माताओं-बहनों को समय पर मिल रही है या नहीं। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान वे मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष रूप जानकारी ले रहे है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन चरण में आयोजित सुशासन तिहार अपने उद्देश्य में सफल हुआ है। प्रशासन ने कड़ी मेहनत कर आपकी समस्याओं का समाधान किया है। साय ने कहा कि ऐसा काम वही सरकार कर सकती है जिसकी नीति और नियत साफ है। हमने ईमानदारी से काम किया है, इसीलिए जनता के बीच जाकर अपना रिपोर्ट कार्ड रख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। हमने पूरे प्रदेश में पीएम आवास के माध्यम से लोगों के लिए पक्का मकान स्वीकृत कर उनके गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार सुनिश्चित किया है। पहले ही कैबिनेट में हमने 18 लाख आवास स्वीकृत किया था, यह काम लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि हम किसानों से प्रति एकड़ 21 चिंटल धान, 3100 रूपए प्रति चिंटल के मूल्य पर खरीद रहे हैं। धान के दो वर्षों के बकाया बोनस की राशि भी किसानों को दी जा चुकी है। रामलला दर्शन योजना और मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेशवासियों को धार्मिक स्थलों की यात्रा करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तेंदूपता संग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए परिश्रमिक की दर प्रति मानक बोरा 5000 रुपए की दर स्वीकृत की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाएं पंचायत भवन में ही मिले, इसे सुनिश्चित करने के लिए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र प्रारंभ किया गया है। अगले एक वर्ष में यह सुविधा सभी पंचायतों में शुरू होगी।

### योजनाओं की जानी हकीकत

मुख्यमंत्री साय ने तोंगपाल समाधान शिविर में पहुंचे ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं का फीडबैक लिया। तोंगपाल की त्रिवेणी रावटे ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें प्रति माह महतारी वंदन योजना की राशि मिल रही है। बच्चों के पालन पोषण में इस राशि के उपयोग की उन्होंने जानकारी दी। इसी तरह श्रीमती वेदमती कश्यप ने बताया कि हमारी समूह की दीदियां गणवेश सिलाई का काम करती हैं। तीन एकलव्य स्कूल के बच्चों की गणवेश सिलाई से उन्हें सालाना डेढ़ लाख रूपए से अधिक की कमाई हो रही है। शिविर में पहुंचे अन्य लोगों ने भी अपनी मांगे रखी और योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी दी।

# हाई पावर कमेटी की बैठक में बाढ़ से निपटने मंथन



**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में बाढ़ आदि नैसर्गिक विपत्तियों से निपटने हेतु गठित उच्च स्तरीय बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में अपर मुख्य सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग श्रीमती ऋचा शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बरसात के मौसम में राज्य के जिलों के विभिन्न स्थानों पर बाढ़ आने पर उससे निपटने की तैयारियों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। बाढ़ के दौरान विभिन्न स्थानों पर राहत शिविरों की व्यवस्था सहित राज्य शासन के विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाली कार्यवाही एवं तैयारियों के संबंध में व्यापक चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि राज्य के सभी जिलों के कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को आगामी मानसून 2025 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत एवं राहत व्यवस्था करने के संबंध में भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिए गए है।

बैठक में राज्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में माह जून में मानसून सक्रिय होने की संभावना है। इसलिए सभी जिलों में वर्षा की जानकारी संकलित की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना भी की गई है। इसका दूरभाष क्रमांक 0771-2223471 एवं फैक्स क्रमांक 0771-2223472 है। इसके अतिरिक्त बाढ़ नियंत्रण कक्ष से 0771-2221242 दूरभाष पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा जिला स्तर पर भी बाढ़ नियंत्रण कक्षों की स्थापना की गई है। बैठक में बताया गया कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए पहुंचविहीन क्षेत्रों में खाद्य सामग्री, नमक, केरोसिन, जीवन रक्षक दवाईयां, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सा दलों का गठन सहित अन्य जरूरी सामग्री अभी से संग्रहित करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दे दिए गए है। बरसात के दिनों में पेयजल स्त्रोतों के आस-पास साफ-सफाई एवं वहां पर ब्लिचिंग पावडर की व्यवस्था करने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए गए है। इसी प्रकार से ऐसे क्षेत्रों की पहचान कर ली जाए। जहां प्रतिवर्ष प्राय: बाढ़ आती ही है। इन क्षेत्रों में सतत् निगरानी रखने एवं अवश्यकता पड़ने पर वहां के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और उनके ठहरने के लिए राहत शिविर आदि की समूचित योजना बनाने के निर्देश दिए गए है। बाढ़ से बचाव संबंधित उपकरणों की मरम्मत करने और जिन जिलों में मोटरबोट उपलब्ध है उनकी जानकारी शीघ्र ही राहत कार्यालय को दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए नगर सेना एवं नागरिक सुरक्षा के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों को नगरीय क्षेत्रों में तमाम नालियों की साफ-सफाई बरसात के दिनों में निरंतर कराये जाने कहा गया है। नगरीय निकायों के अधिकारियों को अभी से ही शहरों की नालियों की साफ-सफाई करने कहा गया है।

# आकाशीय बिजली से झुलसे लोगों से मिले मंत्री टंकराम वर्मा

- बेहतर इलाज हेतु चिकित्सकों को दिये निर्देश
- मृतक के परिजन को सौंपा सहयता राशि का चेक



**बलौदाबाजार,** 30 मई (देशबन्धु)। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा आज जिला अस्पताल बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने आकाशीय बिजली गिरने से झुलस जाने के कारण ईलाज हेतु भर्ती लोगों से मिलकर उनके स्वास्थ्य और कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने उपचाररत सभी से मिले और उनके स्वास्थ्य एवं ईलाज की जानकारी ली। इसके साथ ही घटना के बारे में भी पूछ-ताछ की। उन्होंने वहां उपस्थित परिजनों से भी मुलकात की। बेहतर ईलाज हेतु चिकित्सकों को निर्देशित किया।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने सीएमएचओ डॉ.राजेश कुमार अवस्थी से उपचाररत सभी पीड़ितों की स्थिति की जानकारी ली। सीएमएचओ ने बताया कि जिला अस्पताल में भर्ती 8 लोगों का ईलाज जारी है तथा उनकी स्थिति सामान्य है। आज अपरान्ह तक सभी को डिस्चार्ज कर दिया जयेगा। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति ईलाज हेतु निजी अस्पताल में भर्ती है।इस दौरान राजस्व मंत्री ने अस्पताल में ईलाज कराने आये मरीजों से भी मिले और अस्पताल में मिल रहे ईलाज व सुविधाओं के बारे में पूछ-ताछ की। उन्होंने मातृ एवं शिशु अस्पताल का भी जायजा लिया और माह में डिलीवरी की संख्या व सुविधाओं की जानकारी ली। इसके उपरांत राजस्व मंत्री ने ग्राम पहंदा पहुंचकर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मृतक प्रतीक कोसले के शोक संतप्त परिवार से मिले और उन्हें ढाढंस बंधया। उन्होंने आरबीसी 6-4 के प्रावधान के तहत मृतक के परिजन को सहायता राशि 4 लाख रूपये का चेक प्रदान किया। गौरतलब है कि गुरुवार को बलौदाबाजार तहसील के ग्राम पहंदा में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई जबकि 9 लोग घायल हो गए थे। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, सुनीता वर्मा, नीलम सोनी, एसडीएम अमित गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ अशोक वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# नारी सशक्तीकरण और सुशासन की मिसाल है रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन :अरुण साव

- उप मुख्यमंत्री ने देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को दिए पुरस्कार
- रायपुर नगर निगम में संगोष्ठी और पुरस्कार वितरण समारोह को पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल ने मुख्य वक्ता के रूप में किया संबोधित



**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन नारी सशक्तीकरण और सुशासन की मिसाल है। अपने जीवन में तमाम आघातों और विपरीत परिस्थितियों के बीच उन्होंने कुशलता से राजकाज संचालित किया और अनेक कल्याणकारी कार्य किए। केवल इंदौर तक ही सीमित न रहकर उन्होंने पूरे देश में धर्मशालाएं, मंदिर और घाट बनवाए। प्रजा को अपनी संतान मानकर उनके लिए बेहद संवेदनशीलता से कार्य किए। बालिकाओं को पढ़ाई और विधवा महिलाओं को संतान गोद लेने के अधिकार दिए। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयन्ती के अवसर पर रायपुर नगर निगम द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह में ये विचार व्यक्त किए। विधायकगण सर्वश्री राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू और पुरंदर मिश्रा तथा रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे भी नवीन विश्राम भवन में आयोजित संगोष्ठी-सह-पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुईं।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम में मौजूद स्कूली और महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर बहुत बहादुर, धैर्यवान, क्षमतावान और हौसलेमंद महिला थी। इन गुणों की बदौलत उन्होंने अपने जीवन में आए संघर्षों और समस्याओं का डटकर सामना किया। प्रजापालक के रूप में अपने दायित्वों का पूरी क्षमता और कुशलता से निर्वहन किया। वे राजकाज के कार्यों के साथ ही युद्ध कौशल में भी प्रवीण थीं। उनका पूरा जीवन हम सबके लिए बहुत प्रेरणादायी है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष नारायण चंदेल ने संगोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर साधारण परिवार में पैदा होने वाली असाधारण महिला थी। अपने कार्यों से उन्होंने वीरांगना, लोकमाता और राजमाता का दर्जा हासिल किया। अपने शासन काल में राज्य और प्रजा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का अच्छे से निर्वहन किया। उन्होंने सुशासन और परोपकार के नए प्रतिमान स्थापित किए। आज से 300 साल पहले उन्होंने पेयजल और भू-जल रिचार्ज सुनिश्चित करने के कार्य किए।

श्री चंदेल ने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर सफल व्यक्ति की जीवनी को पढ़ना चाहिए। शिखर पर पहुंचने वाले लोगों के जीवन का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि असफलता से विचलित होने की जरूरत नहीं है। असफलता में ही सफलता का राज छुपा है। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कार्यक्रम में अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर सर्वगुण संपन्न, प्रजाहितैषी और न्यायप्रिय शासक थी। उनके गौरवशाली जीवन से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं।

महापौर श्रीमती चौबे ने बताया कि रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन के विविध पक्षों को बच्चों और युवाओं के सामने लाने रायपुर नगर निगम द्वारा अलग-अलग वर्गों में निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। चित्रकला स्पर्धा में सीनियर वर्ग में 27 और जूनियर वर्ग में 83 बच्चों ने भाग लिया। वहीं निबंध लेखन में सीनियर वर्ग में 40 और जूनियर वर्ग में 58 प्रतिभागी शामिल हुए। दोनों स्पर्धाओं में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के कुल 208 विद्यार्थियों ने भागीदारी की। रायपुर नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर, आयुक्त विश्वदीप, संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी, एमआईसी सदस्य, जोन अध्यक्ष और पार्षदों सहित दोनों स्पर्धाओं के प्रतिभागी विद्यार्थी तथा उनके अभिभावक बड़ी संख्या में कार्यक्रम में मौजूद थे।

# सांसद विजय बघेल11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम ब्रासीलिया, ब्राजील में भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व

**बेमेतरा,** 30 मई (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी के अध्यक्षता में 11 वे ब्रिक्स संसदीय फोरम में 6 संसदीय सदस्य मंडल में हमारे लोकसभा माननीय सांसद विजय बघेल जी, दुर्ग को भारत का प्रनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ, उक्त ब्रिक्स संसदीय फोरम ब्रासीलिया, ब्राजील में आयोजित होने वाला है यह प्रतिष्ठित फोरम 3 जून से 5 जून 2025 तक चलेगा और इसमें ब्रिक्स देशों के सांसद वैश्विक महत्व के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे । माननीय संसद विजय बघेल संसद की विदेश मन्त्रालय की स्थाई समिति के सदस्य है माननीय लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने अपनी अध्यक्षता में माननीय संसद विजय बघेल को उक्त बहु प्रतिष्ठित ब्रिक्स संसदीय फोरम के दल में विजय बघेल को स्थान दिया द्य



श्री बघेल 1 जून, 2025 को दिल्ली से अपनी यात्रा शुरू करेंगे, दुबई और साओ पाउलो होते हुए ब्रासीलिया पहुंचेंगे । उनका आगमन 2 जून, 2025 को ब्रासीलिया में होगा ।

फोरम का एजेंडा व्यापक है, जिसमें कई महत्वपूर्ण कार्यसत्र शामिल हैं। 3 जून को, बघेल ब्रिक्स महिला सांसदों की बैठक और ब्रिक्स संसदों की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समितियों के अध्यक्षों की बैठक में शामिल होंगे ।इन सत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में महिलाओं, जलवायु संकट का सामना करने के लिए महिला सशक्तिकरण, और ब्रिक्स 2025 एजेंडा में महिला सांसदों की भूमिका जैसे विषयों पर चर्चा होगी ।

4 जून को, फोरम का आधिकारिक उद्घाटन समारोह होगा, जिसके बाद च्वैश्विक स्वास्थ्य के लिए ब्रिक्स अंतर-संसदीय गठबंधनज और च्आर्थिक विकास के नए रास्तों की तलाश में ब्रिक्स संसदीय कार्रवाईज जैसे विषयों पर कार्यसत्र आयोजित किए जाएंगे ।

5 जून को, चर्चाएं च्जलवायु और स्थिरता पर ब्रिक्स अंतर-संसदीय संवादज, चजिम्मेदार और समावेशी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए अंतर-संसदीय सहयोगज, और च्बहुपक्षीय शांति और सुरक्षा वास्तुकला के सुधार के लिए ब्रिक्स संसदें एकजुटज् पर केंद्रित होंगी ।फोरम का समापन च्मजबूत और अधिक टिकाऊ ब्रिक्स अंतर-संसदीय सहयोग की ओरज् एक कार्यसत्र के साथ होगा, जिसके बाद अंतिम दस्तावेज़ को अपनाया जाएगा और समापन टिप्पणी की जाएगी ।

**NECC**

| 31.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 520 | 75 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |

डिलीवरी 535 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
**CSPFA**




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

पति- सब्जी में नमक क्यों नहीं है?
पत्नी- वो सब्जी थोड़ी जल गई थी न।
पति- तो नमक क्यों नहीं डाला?
पत्नी- क्या आपको पता नहीं कि जले पर नमक नहीं छिड़कना चाहिए।

# सुशासन तिहार, बस्तर जिले के ग्राम नारायणपाल में पहुंचे मुख्यमंत्री

## प्रदेश के मुख्यमंत्री को अपने गांव में पाकर ग्रामवासी उत्साहित




### नारायणपाल के देवगुड़ी परिसर में आम पेड़ के नीचे मुख्यमंत्री ने लगाई चौपाल पात्र हितग्राहियों को किया सामग्री वितरण

जगदलपुर, 30 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतिम चरण के अंतर्गत आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बस्तर जिले के विकासखण्ड बस्तर अंतर्गत ग्राम नारायणपाल पहुंचे। उन्होंने नारायणपाल में आम पेड़ के नीचे अपनी चौपाल लगाई और योजनाओं की जानकारी लेते हुए आम ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आप लोगों से मिलने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री श्री साय ने सुशासन तिहार की सार्थकता को बताते हुए कहा कि पहले चरण में आवेदन लिए गए। दूसरे चरण में उन पर कार्यवाही हुई और अब तीसरे चरण में सरकार आपके गांव में पहुंची है। हमने बीते डेढ़ वर्षों में जनता के हित में कार्य किया है। सुशासन तिहार हमारा रिपोर्ट कार्ड भी है और सरकार द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन करने का अवसर भी। इसके माध्यम से हम जनकल्याणकारी योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन की स्थिति जान रहे हैं। हमारे अलावा मंत्री, सांसद, विधायक, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी सुशासन तिहार में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने शपथ लेते ही प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के तहत कैबिनेट में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जरूरतमंदों को आवास मिलेगा, 'आवास प्लस' में जिनका नाम है, उन्हें भी आवास दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 70 लाख से अधिक महिलाओं को 'महतारी वंदन योजना' की राशि सीधे उनके खातों में देकर आर्थिक समृद्धि और महिला सशक्तिकरण का द्वार खोला गया है। जो लाभार्थी अभी वंचित हैं, उन्हें भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है, और जनकल्याण ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 24 अप्रैल से ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र शुरू किए गए हैं। इससे ग्रामीणों को गांव में ही बैंकिंग व अन्य सेवाओं की सुविधा मिलेगी। अभी यह सेवा 1460 पंचायतों में शुरू की गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सरकार तकनीक के उपयोग से भ्रष्टाचार के सभी रास्ते बंद कर रही है। पंजीयन की नई प्रक्रिया से रजिस्ट्री के साथ नामांतरण की प्रक्रिया को सरल किया गया है।

**संवाद के माध्यम से परखी योजनाओं की हकीकत:** ग्राम नारायणपाल में अचानक पहुंचे मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने बिजली व्यवस्था, राशन वितरण, पीएम आवास योजना और महतारी वंदन योजना की राशि के संबंध में हितग्राहियों से जानकारी ली।

**प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 11 हितग्राहियों को सौंपे खुशियों की चाबी:** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 11 हितग्राहियों को खुशियों की चाबी सौंपा गया जिसमें सर्वश्री जगमोहन कश्यप, गोवर्धन राम, भागीरथी, मंगलू राम, रामचंद्र, झिमटु राम, बिलक राम, दिनु राम, लक्ष्मण, सुदु राम और धरमु शामिल है।

**मुख्यमंत्री ने 10 वीं और 12 वीं के मेधावी विद्यार्थियों को दिए लैपटॉप और किताबें:** नारायणपाल में मुख्यमंत्री अपने चौपाल में क्षेत्र के मेधावी छात्र छात्राओं को टैबलेट और किताबें देकर सम्मानित किया। जिनमें प्रयास आवासीय विद्यालय जगदलपुर के विद्यार्थी कक्षा 10 वीं के बजराज कुमार, कु. सोनाली साहू, दिव्यांश साहू और विकास कुमार सम्मानित किए। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में स्वामी आत्मानंद स्कूल जगदलपुर से नितेश कुमार बघेल, शास हायर सेकेंडरी स्कूल नगरनार की कु. मुस्कान महापात्र और शास. हायर सेकेंडरी स्कूल पडण्डीपानी के विक्रान्त सिंह ठाकुर को सम्मानित किया गया।

**मुख्यमंत्री ने वन समिति के हितग्राहियों को सौंपे वाहन की चाबी:** नारायणपाल में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के वन समिति के 11 हितग्राहियों को वाहन का वितरण किया। इसमें कोटमसर, तीरथगढ़ और कामानार के वन समिति के हितग्राही शामिल थे। इन वाहनों में अर्टिगा, बोलेरो, बोलेरो पिकअप और ट्रक्ट 700 शामिल है।

**मुख्यमंत्री ने की 1 करोड़ 11 लाख राशि विकास कार्यों की घोषणा:** नारायणपाल माध्यमिक शाला भवन के लिए - 20 लाख। प्राथमिक शाला मंदिरपारा के लिए - 20 लाख स्ट्रीट लाईट, हाई मास लाईट के लिए 15 लाख। व्यावसायिक परिसर हेतु 20 लाख सी.सी. रू600 मी. (गोवर्धन भाटा से बोधघरा घर तक) - 15 लाख। पुलिया 2 मी. स्पान 2 नग के लिए 12 लाख रुपए। सी.सी सड़क धरमु घर से नाव घाट तक 9 लाख रूपए।

**ग्रामीणों से सीधा संवाद— योजनाओं के लाभ और ग्रामीण विकास पर की विस्तार से चर्चा:** सुशासन तिहार के अंतर्गत शुक्रवार को बस्तर जिले के ग्राम नारायणपाल पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने देवगुड़ी परिसर में स्थित आम के पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत की और विकास कार्यों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने 'महतारी वंदन योजना' से मिलने वाली राशि के उपयोग को लेकर ग्रामीणों से जानकारी ली। इस पर श्रीमती सरिता कश्यप ने बताया कि वे इस राशि का उपयोग घरेलू खर्चों और बच्चों के इलाज में करती हैं। उन्होंने बताया कि वे स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं और विभिन्न उत्पाद बना रही हैं। जगमोहन कश्यप ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवीन हुक्कुम मेल को दिखाई हरी झंडी



### दूरस्थ क्षेत्रों में यातायात सुविधाओं का विस्तार

सुकमा, 30 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन तिहार अंतर्गत तोंगपाल में आयोजित समाधान शिविर में मरईगुड़ा (वन) की प्रतिज्ञा महिला क्लस्टर संगठन को हुकुम मेल बस की चाबी सौंपी और बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस संवेदनशील क्षेत्र किस्टाराम से कोंटा रूट पर संचालित की जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आवागमन की सुविधा होगी। जिले के संवेदनशील क्षेत्र में यातायात सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस पहल के तहत हुक्कुम मेल बस सेवा अब माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचने लगी है, जिससे वहां के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। खासकर स्थानीय व्यापारियों और जरूरतमंद मरीजों के लिए यह बस सेवा अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इस पहल से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। उल्लेखनीय है कि माओवाद प्रभावित क्षेत्रों पूवर्ती, सिलगेर सहित पूरे जिले में पहले से ही 04 हक्कुम मेल संचालित हो रही है। इस दौरान इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ बसव राजू साव, कलेक्टर देवेश ध्रुव, पुलिस अधीक्षक किरण चौहान, जिला सीईओ नम्रता जैन, महिला आयोग सदस्य दीपिका शोरी, भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे, भाजपा जिला महामंत्री विश्वराज सिंह चौहान, अध्यक्ष जनपद पंचायत कोंटा कुसुमलता कवासी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सुकमा हुंगाराम मरकाम, अध्यक्ष नगर पंचायत दोरनापाल राधा नायक, जिला पंचायत सदस्ई हुंगाराम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू और जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। मरईगुड़ा (वन) की सरपंच सपना ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद करते हुए कहा कि इससे ग्रामीणों को बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध होंगी और आवश्यक सेवाओं तक उनकी पहुंच आसान होगी। इस बस सेवा से ग्रामीणों को यात्रा की सुविधा मिलने के साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और व्यापार के अवसर बढ़ेंगे।

# प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत हितग्राहियों को मुख्यमंत्री ने सौंपी खुशियों की चाबी



सुकमा, 30 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज तोंगपाल के सुशासन शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) के तहत पात्र हितग्राहियों को खुशियों की चाबी देकर उनके सपनों के घर की सौगात दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 4 हितग्राहियों को उनकी पहली किस्त की चेक प्रदान की, साथ ही आवास पूरे हो चुके 04 हितग्राहियों को, उन्हें उनके नए घर की चाबी सौंपी और कहा कि पीएम आवास के तहत पूरे हो रहे सपने।



जगदलपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बस्तर जिले के प्रवास के दौरान ग्राम नारायण पाल स्थित बस्तर के ऐतिहासिक भगवान विष्णु (नारायण) मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री साय ने भगवान विष्णु मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश के सुख -समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना किया। इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ बसव राजू एस सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बस्तर के सात शिक्षकों को मिला राष्ट्रीय नवचारी शिक्षारत्न सम्मान



जगदलपुर, 30 मई (देशबन्धु)। भारत के नवाचारी गतिविधियाँ समूह जो देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के सबसे बड़ा स्व-प्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह है। इसके छत्तीसगढ़ टीम द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक संप्रवाह 2024-25 का आयोजन 29 मई को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सह एससीईआरटी रायपुर मे आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे जे.पी. रथ अपर संचालक एससीईआरटी, डॉ बी.रघु सहायक संचालक एससीईआरटी, बी.एल. देवांगन डाइट प्राचार्य, डा एसके जैन डाइट रायपुर, केके साहू डाइट रायपुर, समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित छग एडमिन टीम उपस्थति रहे। इस कार्यक्रम में बस्तर जिले से नीलमणी साहू, गौतम देवांगन, संध्या कुशल, दुर्गेश्वरी पटेल, हीरमति भारद्वाज, प्रियंका श्रीवास, अभिलाषा नेताम को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम मे सतत सहयोग के लिए बबीता मोटवानी को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित बस्तर जिला टीम से मनीष कुमार अहीर, यामिनी, दीपक मौर्य, दीपक यादव, हेमंत कश्यप, कमलेश्वर दास, रियाज अली, मोहम्मद अकबर खान आदि का सतत सहयोग प्राप्त हुआ। इस समूह से जुड़े सभी टीम मेंबर शासकीय विद्यालय मे पदस्थ एसे शिक्षक है जो विद्यालय मे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए अपने आप मे जुड़कर शासकीय दायित्व के आलावा अतिरिक्त प्रयास कर रहते है।

### कई चरणों में हुआ अवार्ड के लिए चयन

समूह प्रमुख एवं जिला टीम ने बताया कि सम्मान के लिये कई चरणों के बाद अवार्ड के लिए छग सहित अन्य राज्यों के शिक्षकों का चयन हुआ है। सर्वप्रथम वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किया गया। पूरे देश से 700+ से भी ज्यादा नॉमिनेशन की स्क्रूटनी एवं शॉर्टलिस्ट कर चयन समिति द्वारा संबंधित शिक्षकों का साक्षात्कार लिया गया एवं संबंधित के उनके कार्यों के प्रमाण में दस्तावेज मांगे गए हैं। दस्तावेजों का उच्च चयन समिति एवं जिला टीम के प्रमाणीकरण के पश्चात चयन सूची जारी किया है। जिसमें ग्राउंड लेवल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक शामिल हैं जिनको राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2024-25 से सम्मानित किया गया।

# युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी कदम, कांग्रेस चलाएगी पूरे प्रदेश चरणबद्ध आंदोलन : दीपक बैज



### 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे, नये शिक्षकों की भर्तियां न करनी पड़े इसलिए युक्तियुक्तकरण

जगदलपुर, 30 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने शहर के एक हॉटल में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि युक्तियुक्तकरण से 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। इसके कारण 10 हजार स्कूल भी बंद हो जायेंगे शिक्षकों की नई भर्तियां न करनी पड़े इसलिए साय सरकार शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण कर रही है। साय सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नए सेटअप में प्रायमरी और मिडिल स्कूलों में एचएम को शिक्षकीय पद मानते हुए प्रायमरी में 30 और मिडिल में 35 बच्चों के बीच एक शिक्षा का सेटअप घोषित किया गया है। अब युक्तियुक्तकरण के नए नियम के बाद दो ही शिक्षकों के द्वारा 18 कक्षाओं को पढ़ाना कैसे संभव हो सकता है ?मिडिल स्कूल में तीन क्लास और 6 सब्जेक्ट इस हिसाब से कुल 18 क्लास और 60 बच्चों की कुल संख्या में एचएम और उसके साथ केवल एकमात्र शिक्षक कैसे 18 क्लास ले पाएंगे ?इसके अतिरिक्त मध्यान भोजन की व्यवस्था डाक का जवाब और अन्य गैर शिक्षकीय कार्यों की जिम्मेदारी भी इन्हीं पर रहेगी।स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन स्कूलों से संलग्न हजारों रसोईया, स्लीपर और मध्यान भोजन बनाने वाली महिला, स्व सहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो जाएगा। इसके पहले भी रमन सरकार के समय भी 3000 स्कूलों को बंद किया गया था जिन्हे कांग्रेस की सरकार बनने के बाद फिर शुरु किया गया। भाजपा सरकार ने इतना बड़ा अव्यवहारिक निर्णय लेने से पहले ना प्रभावित वर्ग से चर्चा की, न ही प्रदेश के भविष्य के बारे में सोचा।सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ही प्रदेश में 58000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं। हर महीने सैकड़ो शिक्षक रिटायर हो रहे हैं। कई वर्षों से शिक्षकों का प्रमोशन रुका हुआ है। राज्य मे भाजपा की सरकार बनने के बाद एक भी शिक्षक की भर्ती नहीं हुई है।युक्तियुक्तकरण से युवाओं के शिक्षक बनने का सपना भी टूट जायेगा। कांग्रेस युक्तियुक्तकरण के विरोध मे चरण बद्ध आंदोलन चलाएगी जिसकी रूपरेखा पार्टी जल्द जारी करेगी।

### भाजपा का घर-घर सिंदूर बांटना महिलाओ का अपमान

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के द्वारा घर घर सिंदूर बॉटने का कार्यक्रम महिलाओ का अपमान है। हमारी संस्कृति के अनुसार किसी सुहागन को सिंदूर देने का अधिकार केवल उसके पति को होता है। एक महिला जब सिंदूर लगाती है तो यह उसके माथे पर उसके सुहाग का प्रतीक होता है।महिलाये सिर्फ अपने पति के द्वारा दिए सिंदूर को ही लगाती है तथा जब सिंदूर स्वंम भी खरीदती है तो अपने पति के नाम पर खरीदती है। भाजपा के इस कृत्य से सुहागन स्त्री के स्त्रीत्व और सतित्व को चुनौती देने का प्रयास है। कांग्रेस भाजपा के इस कृत्य का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि हम पूरे प्रदेश मे महिला कांग्रेस के माध्यम से सिंदूर माताओ बहनो का सम्मान नहीं सहेंगे इसका अपमान अभियान चलाएगी। मोदी आपके सिंदूर पर हमारी दादी यशोदा का हक है जो वर्षों से आपकी राह देख रही, बुढ़ापे मे ही सही जाइये उनकी मांग सजाइये सिंदूर के नाम पर हमारी माताओ बहनो बेटियों का मजाक मत बनाइये।

### खाद-बीज का अभूतपूर्व संकट, डीएपी के लिए भटक रहे हैं किसान

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया मानसून की अग्रिम दस्तक शुरु हो गयी है। खरीफ की बुवाई खाद और बीज की कमी के कारण प्रभावित हो रहा। भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों के लिए ट्रबल इंजन साबित हो रही है। मानसून केरल आ चुका है, पूरे प्रदेश में खरीफ फसल के बुवाई की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है, खुर्रा वाले किसान प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं, लेकिन प्रदेश में खाद और बीज की समुचित व्यवस्था यह सरकार नहीं कर पाई है। प्रदेश के ज्यादातर सोसाइटी में किसानों को डीएपी की कमी से जूझना पड़ रहा है, ज्यादातर स्थानों पर बोनी और थरहा के लिए बीज भी किसानों को नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते किसान परेशान हैं, भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार के किसान विरोधी षडयंत्रों के चलते ही छत्तीसगढ़ नकली बीज, नकली दवा, नकली खाद और घटिया नैनो यूरिया का खपाने का अड्डा बन गया है। किसान संगठनों का आरोप है कि गुणवत्ताहीन खाद और बीज को खपाने के लिए ही यह सरकार सरकारी समिति और निजी दुकानों के लिए किसानों के वास्तविक डिमांड के अनुरूप खाद, बीज की आपूर्ति नहीं करवा रही है। समय पर खाद, बीज की उपलब्धता नहीं होने से किसान जमाखोरों, बिचौलियों और मिलावटखोरों के हाथों शोषित होने मजबूर हैं पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद की उपलब्धता नहीं होने से किसान परेशान हैं।यह सरकार नहीं चाहती कि किसान भरपूर उपज ले सके। बोनी के समय सबसे ज्यादा आवश्यकता डीएपी खाद और बीज की ही होती है, लेकिन इस्यू सरकार का रवैया शुतुरमुर्ग की तरह है खरीफ फसल की बुआई का समय सर पर है लेकिन यह सरकार ना खाद के रेक की व्यवस्था कर पाई है, ना समुचित रूप से कही भंडारण की व्यवस्था है, छत्तीसगढ़ >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# शांति, विकास और अवसरों से ही बस्तर के समस्याओं का होगा समाधान : समीर खान



जगदलपुर, 30 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता समीर खान ने आज एक प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों में लंबे समय से जारी माओवादी गतिविधियों और इससे जुड़े संघर्ष ने बस्तर के मूल निवासियों को अपार पीड़ा दी है। दशकों से जारी इस हिंसा और उपेक्षा ने न सिर्फ लोगों की जान ली है, बल्कि बस्तर के नौजवानों का भविष्य भी अंधकारमय बना दिया है।

समीर खान ने कहा, च्बस्तर की धरती खनिज संपदा से भरपूर है, लेकिन इसके असली वारिस ड्ड यहां के आदिवासी और ग्रामीण ड्ड आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। विकास के नाम पर बाहरी हस्तक्षेप हुआ, लेकिन बस्तर के लोगों की आवाज को दबा दिया गया। जब यहां के लोग दोनों ओर से ड्ड सरकार की और माओवादियों की गोली का शिकार हो रहे थे, तब नक्सलवाद फैलाने वाले तथाकथित नेताओं ने चुप्पी साध रखी थी।ज्ख्आज जब बस्तर के लोग जागरूक हो रहे हैं, शांति की राह पर चलने को तैयार हैं, तो यह जरूरी है कि राज्य और केंद्र की डबल इंजन सरकार उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ठोस योजनाएं बनाएं।

समीर खान ने मुख्य मांगों और सुझावों को साझा करते हुए कहा कि >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मुख्यमंत्री ने तोंगपाल में 16 करोड़ 25 लाख से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण



सुकमा, 30 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज तोंगपाल में आयोजित समाधान शिविर में 16 करोड़ 25 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने कुकानार से बड़ईपारा 4.80 किमी सड़क निर्माण हेतु 4 करोड़ 03 लाख 73 हजार, एल 53 चिंतलनार से किस्टाराम 4.50 किमी सड़क हेतु 01 करोड़ 52 लाख 41 हजार, एल 80 बुरकापाल से तोंकनपल्ली 3.86 किमी सड़क हेतु 01 करोड़ 24 लाख 61 हजार, एल 67 मुकरम से तोंगपल्ली 5 किमी सड़क हेतु 01 करोड़ 24 लाख 13 हजार की लागत से निर्माण कार्य किया गया है। इसके अलावा गादीरास से मानकापाल 12 किमी सड़क, 13 नग पुल पुलिया निर्माण हेतु 6 करोड़ 86 लाख 15 हजार, सुकमा दंतेवाड़ा 23 किमी से कासरगुड़ा 2 किमी सड़क निर्माण कार्य के लिए 01 करोड़ 34 लाख की लागत से निर्माण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ बसव राजू साव, कलेक्टर देवेश ध्रुव, पुलिस अधीक्षक किरण चौहान, जिला सीईओ >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## एकीकृत स्नातकोत्तर एवं अनुसंधान हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित



**भिलाईनगर**, 30 मई (देशबन्धु)। पं रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय के अंतर्गत संचालित मूल विज्ञान केन्द्र द्वारा एकीकृत स्नातकोत्तर एवं अनुसंधान हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें डीएवी भिलाई की पूर्व छात्रा आभा शर्मा ने संपूर्ण छत्तीसगढ में प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला व नगर का गौरव बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि सी बी एस पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा 20 मई को आयोजित की गई थी जिसमें संपूर्ण छग से हजारो विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से जीव विज्ञान हेतु 20 व गणित विषय हेतु 20 विद्यार्थियों का चयन पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु किया जाता है। चयनित विद्यार्थियों को संपूर्ण पाठ्यक्रम के दौरान 5000 रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। डीएवी भिलाई का विद्यार्थी छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान पर रहा।

# दंतेवाड़ा मुख्यालय में ही निर्माण में देरी, भड़के कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 30 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में जारी विभिन्न निर्माण कार्यो का जायजा लिया। संबंधित निर्माण एजेन्सियों को तय सीमा में गुणवत्ता के साथ निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिये। निर्माण में हो रही देरी पर उन्होंने नाराजगी भी जतायी।

कलेक्टर ने निरीक्षण की शुरुआत मुख्यालय के मुक्तिधाम से की। ज्ञात हो मुक्तिधाम में विभिन्न आवश्यक निर्माण कार्य जैसे आहता निर्माण, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, शौचालय निर्माण, ट्रस कार्य पर शीट और पत्थर फिटिंग, घाट एवं गार्डनिंग निर्माण कार्य प्रगतिरत है। इन निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए कलेक्टर ने कहा इन सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही निर्माण कार्यों में हो रही देरी पर नाराजगी जताई और संबंधित सब-इंजीनियर एवं ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि लापरवाही या कार्य में अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने मंदिर परिसर स्थित नये प्रसाधन कक्षों का भी अवलोकन कर जल्द प्रारंभ करने निर्देश के साथ-साथ दो स्वीपर की नियुक्त करने को कहा जिससे शौचालय के नियमित रूप से साफ-सफाई हो सके।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने माँ दंतेश्वरी मंदिर के नदियों के संगम स्थल परिसर में सौंदर्यीकरण कार्यों के तहत निर्माणाधीन रिटर्निंग वॉल तथा वॉल में प्रदर्शित किये



- सब इंजीनियर और ठेकेदार पर कार्रवाई के निर्देश
- दंतेश्वरी मंदिर परिसर, मुक्तिधाम, चौपाटी और सिंथेटिक ट्रैक निर्माण का जायजा

जाने वाले म्यूरल आर्ट का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को सौंदर्यीकरण कार्यों में स्थानीय परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मंदिर परिसर में ही संग्रहालय को देखा। ज्ञात हो कि मंदिर परिसर स्थल में स्थित इस संग्रहालय में माई दंतेश्वरी मंदिर, भैरमबाबा मंदिर, बारसूर स्थित बत्तीसा मंदिर, ढोलकल गणेश प्रतिमा की हुबहु प्रतिकृतियां स्थापित की गई है। इसके साथ ही यहां छत्तीसगढ़ के आदिम सांस्कृतिक लोक नृत्य कला, परंपराओं को भी दर्शाया गया है, जिसका मंदिर आने वाले श्रद्धालुजन अवलोकन कर सकेगें। कलेक्टर ने यहां सभी प्रतिकृतियों के समक्ष उनकी विशेषताओं को भी उल्लेखित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

अपने निरीक्षण के दौरान उन्होंने शहीद महेन्द्र कर्मा चौक में नगरपालिका परिषद द्वारा बनाये जा रहे चौपाटी निर्माण कार्यों को देख कर समय-सीमा बनाने के निर्देश नगर पालिका के अभियंताओं को दिए। इस क्रम में कलेक्टर ने हाई स्कूल मैदान में सिंथेटिक ट्रैक निर्माण को भी देखा यहां उन्होंने अधिकारियों को ट्रैक स्थल को उत्कृष्ट बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि ट्रैक स्थल में पानी रुकने की समस्या नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उनके द्वारा मुख्यालय में श्रद्धालुओं हेतु रहवास स्थल निर्माण कार्य को जायजा लेते हुए इस भी निर्धारित समय-सीमा में बनाने को कहा। इसके साथ ही कन्या आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन कारली में कलेक्टर ने पोटाकेबिन परिसर स्थल को पक्का करते हुए आवासीय छात्राओं के लिए सुविधायुक्त बनाने, पीजी कॉलेज में स्थित निर्माणाधीन यूथ हॉस्टल में भी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## उतई शासकीय स्कूल में चोरी थाने में मामला दर्ज




**भिलाईनगर**, 30 मई (देशबन्धु)। उतई थाना क्षेत्र के डुंडेरा स्थित सरकारी स्कूल में चोरी का मामला दर्ज किया गया है। सरकारी स्कूल में प्रधान पाठक के ऑफिस में चोरी की शिकायत की गई है। यहां से चोरों ने टीवी, लैपटॉप व अन्य सामग्री चुरा ली। इस मामले में उतई पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 305 बीएनएस 331(4) बीएनएस तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। उतई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला डुण्डेरा की प्रधान पाठिका उर्वशी शर्मा बताया कि 29 मई की सुबह अपने स्टाफ के साथ स्कूल पहुंची तो देखा कि स्टोर रूम का दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। अंदर प्रधान पाठक के कक्ष में रखा स्मार्ट टीवी, डेल कंपनी का लेपटाप, स्टाफ रूम में रखे इंडक्शन बजाज कंपनी का एवं स्टोर रूम में रखे स्वछता सामाग्री किसी ने चुरा ली। 28 व 29 मई की रात को अज्ञात चोर ने सामान चुराया है। कुल 60 हजार रुपए का सामान चोरी किया गया। इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्टेशन मरोदा की समस्या से रूबरू हुई महापौर



**भिलाईनगर,** 30 मई (देशबन्धु)। शिव पारा स्टेशन मरोदा में पाइप लाइन को भूमिगत करने के बाद सड़क मरम्मत नहीं होने पर रिसाली महापौर शशि सिन्हा नाराजगी जाहिर की। उन्होंने ठेकेदार को सड़क मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए है। मॉर्निंग विजिट के तहत महापौर शशि सिन्हा सफाई व्यवस्था का भी वार्ड 17 पहुंचकर जायजा लिया। महापौर शशि सिन्हा सुबह 7:30 बजे शिव पारा स्टेशन मरोदा पहुंची। महापौर सबसे पहले सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए नागरिकों से मुलाकात की। सफाई कर्मी की उपलब्धता और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की समीक्षा करते हुए उन्होंने नागरिकों से बातचीत की। इस दौरान नागरिकों और क्षेत्रीय पार्षद गजेन्द्री कोठारी ने भूमिगत पाइप लाइन विस्तारीकरण कार्य में सड़क समतलीकरण नहीं होने की बात को प्रमुखता से रखा। महापौर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य करने वाले एजेंसी को तलब कर तत्काल सड़क ठीक कराए। इस दौरान महापौर परिषद के सदस्य संजू नेताम, जहीर अब्बास समेत पार्षद गजेन्द्री कोठारी और निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। नागरिकों ने महापौर समक्ष रखी मांग राम वर्मा के घर से संतोषी साहू के घर तक नाली निर्माण, तिरंगा चौक में ग्रील लगाने की मांग, सुलभ शौचालय के पास नाली निर्माण, शिव पारा में प्रकाश व्यवस्था बेहतर के साथ.साथ विद्युत तार की व्यवस्था लो प्रेशर की शिकायत का निराकरण, तिरंगा चौक में मंच निर्माण, प्रमुख मांग है।

## उत्सव के साथ एक मुश्त तीन महीने का चावल

**दंतेवाड़ा,** 30 मई (देशबन्धु)। जिले के सभी राशन कार्डधारी हितग्राहियों को आगामी 3 माह, जून से अगस्त तक का चावल एकमुश्त प्रदान किया जायेगा। यह चावल माह जून में ही शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से उठाया जा सकेगा।

इस राशन के वितरण के संबंध में कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), खाद्य विभाग अमले एवं जिले के समस्त उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेताओं की बैठक ली गई। इसमें 3 माह के चावल भण्डारण और वितरण की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने 2 जून तक समस्त उचित मूल्य दुकानों में 3 माह के खाद्यान्न का भण्डारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। जिले में 2 जून से चावल उत्सव के साथ 3 माह का चावल एकमुश्त तथा केवल 1 माह (जून) की अन्य सामग्री जैसे शक्कर, चना, नमक एवं गुड़ का वितरण प्रारंभ होगा। 10 जून तक समस्त राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न वितरण पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। जिले में प्रत्येक उचित मूल्य दुकान में एक जिला स्तरीय नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है, जिसके द्वारा खाद्यान्न का सत्यापन, वितरण एवं हितग्राहियों की शंका का समाधान करते हुए बिना अवरोध के शत् प्रतिशत खाद्यान्न वितरण कराया जावेगा।

आगामी 3 माह के चावल के एकमुश्त वितरण को देखते हुए कलेक्टर द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पर्याप्त प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना और मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना शासन की महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील विषय है। अत: कलेक्टर द्वारा खाद्यान्न वितरण में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने तथा चावल की हेरा-फेरी करने पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही करने हेतु सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को निर्देशित किया गया। यह स्पष्ट किया गया है कि राशन कार्ड धारक हितग्राही खाद्यान्न का उपभोग स्वयं कर सकता है, परन्तु उक्त खाद्यान्न का अन्य किसी व्यक्ति दुकानदार को बिकी नहीं कर सकता। ज्ञात हो कि आगामी माह में 2 जून से चावल उत्सव के साथ खाद्यान्न का वितरण होना है। इसमें जिला दंतेवाड़ा के जिला पंचायत अध्यक्ष, समस्त सदस्य, समस्त जनपद पंचायत के अध्यक्ष, सदस्य तथा समस्त नगरीय निकाय के अध्यक्ष, पार्षद एवं ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच व अन्य जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पारदर्शी ढंग से खाद्यान्न वितरण कराया जायेगा। जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में कुल 82 हजार 885 राशनकार्डधारी हैं। इसमें 7 हजार 100 एपीएल, 28 हजार 136 अन्त्योदय, 47 हजार 156 प्राथमिकता, 493 अन्य राशन कार्ड धारक शामिल हैं। इसी प्रकार इनमें शहरी क्षेत्रों में 18 हजार 541 एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 64 हजार 344. राशन कार्ड उपभोक्ता हैं। इस राशन कार्ड में 144 ग्रामीण क्षेत्र एवं 24 शहरी क्षेत्र के कुल 168 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाता है।



- जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में होगा वितरण
- भण्डारण और वितरण को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक
- वितरण में गड़बड़ी या उपभोक्ता बेचेंगे सरकारी राशन तो एफआईआर

## लोकसभा अध्यक्ष के साथ सांसद जाएंगे ब्राजील



**भिलाईनगर,** 30 मई (देशबन्धु)। दुर्ग सांसद विजय बघेल को केन्द्र सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में होने जा रहे 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम में भारत का प्रतिनिधित्व के लिए सांसद विजय बघेल को चुना गया है। इस फोरम के लिए देश के 6 सांसदों का चयन किया गया जिसमें दुर्ग सांसद को शामिल किया जाना पूरे लोकसभा क्षेत्र के लिए गर्व का पल है। बता दें कि 11वां ब्रिक्स संसदीय फोरम ब्रासीलिया, ब्राजील में फोरम 3 जून से 5 जून तक चलेगा और इसमें ब्रिक्स देशों के सांसद वैश्विक महत्व के विभिन्न मुद्दों पर विचार.विमर्श करेंगे। सांसद विजय बघेल संसद की विदेश मंत्रालय की स्थाई समिति के सदस्य हैं। सांसद विजय बघेल 1 जून को दिल्ली से अपनी यात्रा शुरू करेंगे। दुबई और साओ पाउलो होते हुए ब्रासीलिया पहुंचेंगे। वे 2 जून को ब्रासीलिया में पहुंचेगे। फोरम का एजेंडा व्यापक है जिसमें कई महत्वपूर्ण कार्यसत्र शामिल हैं। 3 जून को वे ब्रिक्स महिला सांसदों की बैठक और ब्रिक्स संसदों की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समितियों के अध्यक्षों की बैठक में शामिल होंगे। इन सत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में महिलाओं, जलवायु संकट का सामना करने के लिए महिला सशक्तिकरण और ब्रिक्स 2025 एजेंडा में महिला सांसदों की भूमिका जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इसी प्रकार 4 जून को फोरम का आधिकारिक उद्घाटन समारोह होगाए जिसके बाद वैश्विक स्वास्थ्य के लिए ब्रिक्स अंतर संसदीय गठबंधन और आर्थिक विकास के नए रास्तों की तलाश में ब्रिक्स संसदीय कार्रवाई जैसे विषयों पर कार्यसत्र आयोजित किए जाएंगे। 5 जून को जलवायु और स्थिरता पर ब्रिक्स अंतर.संसदीय संवाद, जिम्मेदार और समावेशी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए अंतर संसदीय सहयोग और बहुपक्षीय शांति पर चर्चा होगी।

## संयंत्र को मिलेगा ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड



**भिलाईनगर,** 30 मई (देशबन्धु)। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सामुदायिक कल्याण के लिए उल्लेखनीय योगदान और प्रभावशाली पहलों के लिए संयंत्र को 11वें ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड 2025 से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। यह सम्मान संयंत्र को प्रमोशन ऑफ हेल्थकेयर श्रेणी में प्रदान किया जाएगा। यह राष्ट्रीय पुरस्कार आगामी सीएसआर समिट के दौरान 14 जून को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया जाएगा। ग्रीनटेक सीएसआर अवाड्र्स के आयोजकों द्वारा संयंत्र के निदेशक प्रभारी को औपचारिक सूचना प्रेषित कर सूचित किया गया कि पुरस्कार समिति के जूरी सदस्यों ने संयंत्र की स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित सीएसआर पहलों का व्यापक मूल्यांकन करने के बाद इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चयन किया है। इन पहलों में निरंतरता, प्रभाव और व्यापकता जैसे मापदंडों पर संयंत्र का प्रदर्शन उल्लेखनीय पाया गया। 11वें ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड के लिए आधिकारिक पुरस्कार घोषणा पत्र कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार को सीएसआर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक शिवराजन, टीए राजीव कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक एस.के. कामड़े, एवं उप प्रबंधक के.के. वर्मा उपस्थित रहे। सीएसआर समिट 2025 के इस पुरस्कार समारोह में भारत सरकार एवं जन नीति क्षेत्र से कई विशिष्ट हस्तियों की उपस्थिति अपेक्षित है, जिनमें कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण, सचिव कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय सुश्री दीप्ति गौड़ मुखर्जी तथा राज्य मंत्री, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय हर्ष मल्होत्रा के सम्मिलित होने की संभावना है। इस सम्मान को प्राप्त करना भिलाई इस्पात संयंत्र की समावेशी विकास के प्रति सतत प्रतिबद्धता और अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व ढांचे के अंतर्गत आसपास के समुदायों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की उसकी अग्रणी भूमिका का राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाण है। यह उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र को वर्ष 2024 म इनोवेटिव वेस्ट मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी श्रेणी में ग्रीनटेक पीसीडब्लूआर अवार्ड से भी सम्मानित किया गया था। यह उल्लेखनीय है कि ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवाड्र्स का आयोजन भारत की प्रतिष्ठित संस्था ग्रीनटेक फाउंडेशन द्वारा किया जाता है, जो पर्यावरण प्रबंधन निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व और मानव संसाधन के क्षेत्रों में कॉरपोरेट क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है।

## विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर चित्रकार ने बनाई पेंटिंग



**भिलाईनगर,** 30 मई (देशबन्धु)। विश्व धुम्रपान निषेध दिवस प्रतिवर्ष 31 मई को मनाया जाता है। मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने तंबाकू के दुष्प्रभाव को दर्शाने के लिए शोख-चटख रंगों से परीपूर्ण पेन्टिंग का निर्माण किया है। जिसमें धूम्रपान से मानव के कंकाल में बदल जाने और कैंसर की चपेट में आ जाने का मार्मिक चित्रण है। पेन्टिंग में यह भी दर्शाया गया है कि उसकी सजा उसके परिवार और उसकी पत्नी भुगतते हैं। ज्ञात हो कि चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी अपनी कला के सामाजिक सरोकारात्मक अभिव्यक्ति के लिए जाने जाते हैं। बस्तर के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी वे विगत अनेक वर्षों से बच्चों को निशुल्क कला सिखाते आ रहे हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत्ति पश्चात भी वे निरंतर अपनी कला साधना में तल्लीन हैं तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को चित्रों में सजाते रहते हैं।

## 41,208 लोग घर बैठे मोर संगवारी योजना का लिया लाभ




**भिलाईनगर,** 30 मई (देशबन्धु)। निगम भिलाई अंतर्गत नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ घर बैठे कम समय में देने के लिए मोर संगवारी सेवा योजना चलाया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से क्षेत्र के नागरिक घर बैठे टॉल फ्री नबंर 14545 पर कॉल कर मोर संगवारी के एजेंट को बुला सकते है। आवश्यकता अनुसार जो भी प्रमाण पत्र बनवाना है। उससे संबंधित दस्तावेज देकर प्रमाण पत्र बनवा सकते है। एजेंट दस्तावेज लेकर कम से कम समय में आपके घर पर ही प्रमाण पत्र डिलिवर कर देगें। जिससे आपको कही आने जाने एवं सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है। इससे समय एवं पैसे की भी बचत होगी। शासन की यह सबसे सस्ता एवं अच्छा योजना है, नागरिक इसका भरपुर लाभ उठावें। मोर संगवारी से नागरिको को 27 प्रकार के सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है, अभी तक घर बैठे बैठे कितने प्रकार के लोग सुविधा पा चुके हैं। विवाह प्रमाण पत्र 2856, मृत्यु प्रमाण पत्र 1339, जन्म प्रमाण पत्र 2182, दुकान एवं स्थापना पंजीयन, गुमस्ता लाइसेंस 355, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन 12857, पैन कार्ड सेवा 271, आधार मोबाईल नबंर अपडेट 13462, मूल निवासी प्रमाण पत्र 1358, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र 61, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र 284, आय प्रमाण पत्र 3420, एपीएल राशन कार्ड 266, विवाह सुधार 133 इस प्रकार कुल 41208 प्रमाण पत्र बनाकर नागरिकों को लाभान्वित किया जा चुका है। नागरिको को पहले यही सब प्रमाण पत्र बनाने नगर निगम भिलाई में आकर अपना समय एवं पैसा खर्च करना पड़ता था। अब यही काम घर बैठे कम से कम समय पर हो जा रहा है। इसके लिए मात्र 50 रूपये खर्च करके घर पर ही प्रमाण पत्र डिलिवर कर दिया जा रहा है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय का क्षेत्र के सभी नागरिको से अपील है कि शासन द्वारा यह योजना आपके सब के लिए चलाया जा रहा है। इसमें कम से कम समय पर अपने आवश्यकता के सभी प्रमाण पत्र बनवा सकते है। इसका लाभ अवश्य उठावें।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सुशासन तिहार, बस्तर जिले...

निर्माण पूरा होने की जानकारी दी और मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री ने गांव में राशन कार्ड की स्थिति, राशन की उपलब्धता, शिक्षकों और पटवारियों की उपस्थिति जैसे बुनियादी मुद्दों पर भी जानकारी प्राप्त की।

श्रीमती ललिता बघेल, जो 2012 से स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं, ने बताया कि पहले उन्हें बेल मेटल का काम करने के लिए अपने गहने गिरवी रखने पड़ते थे। अब बिहान योजना के तहत उन्हें ?15,000 की सहायता और बैंक से ?1.5 लाख तक का ऋण मिल रहा है, जिससे उनका काम बेहतर तरीके से चल रहा है। पदमिनी ठाकुर ने बताया कि वे ऑर्गेनिक खाद और कीटनाशक दवाओं के निर्माण से जुड़ी हैं। गांव में कुल 23 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं। मुख्यमंत्री ने बहनों से उनकी मासिक आमदनी और बाजार में उत्पादों की बिक्री को लेकर भी जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि क्या समान बेचने में कोई परेशानी आती है या नहीं। मुख्यमंत्री ने उत्साहपूर्वक कहा ङ्क आप सभी लखपति दीदी से जल्दी ही करोड़पति दीदी बनेंगी। उन्होंने ग्रामीणों से यह भी पूछा कि क्या वे राज्य सरकार के कार्यों से संतुष्ट हैं। उन्होंने आश्वस्त किया। हमारी सरकार सभी विकास कार्यों को पूरी तत्परता और निष्ठा से पूरा करेगी। कार्यक्रम के अंत में, स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मुख्यमंत्री को फूड बास्केट भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया।

### युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी कदम...

के किसानों की खादह्व के कुल आवश्यकता के मांग को केंद्र की मोदी सरकार ने खारिज करते हुए समुचित सप्लाई करने से मना कर दिया है,लेकिन दलीय चाटुकारिता में भाजपा के सांसद और प्रदेश की सरकार इस केंद सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ से भेदभाव और छत्तीसगढ़िया किसानों की उपेक्षा पर भी मौन है, सरकार एक सप्ताह के भीतर सभी सोसायटी मे पर्याप्त खाद बीज उपलब्ध नहीं करवाएगी तो कांग्रेस इसको ले कर बड़ा आंदोलन चलाएगी। प्रेसवार्ता के दौरान महामंत्री मलकीत सिंह गैदु, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, संयुक्त महामंत्री शंकर राव, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता कोमल सेना,जाहिद हुसैन, लता निषाद, चंपा ठाकुर, अजय बिसाई, सहदेव नाग, राजेश राय,जावेद खान, लोकेश चौधरी,सुषमा सुता,अनुराग महतो,शादाब अहमद, अंकित सिंह,आदर्श दलाई एवं अन्य उपस्थित थे।

### शांति, विकास और अवसरों...

बस्तर के युवाओं को सम्मानजनक रोजगार- स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार और सरकारी नौकरियों की विशेष योजनाएं शुरू की जाएं। शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए हर गांव और दूरस्थ क्षेत्र में स्कूल और कॉलेज की व्यवस्था हो, जिससे बच्चों को बाहर पलायन न करना पड़े। स्वच्छ पानी, स्वास्थ्य केंद्र और सड़क जैसी आधारभूत सेवाओं का विस्तार किया जाए। जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) फंड का प्रयोग सीधे बस्तर के विकास में किया जाए। बस्तर के ब्राह्मण, आदिवासी और अन्य समुदायों को मिलाकर एक समावेशी विकास रोडमैप तैयार हो। बस्तर में अंतिम चरण में पहुंच चुके संघर्ष को समाप्त करने के लिए सभी सामाजिक, राजनीतिक संगठनों को एक साथ बैठकर समाधान ढूंढना चाहिए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा जनहित में खड़ी रही है और बिना किसी राजनीतिक लाभ की भावना से, यदि केंद्र और राज्य सरकार कोई सकारात्मक नीति बनाती है, तो आम आदमी पार्टी उसके साथ खड़ी होगी। समीर खान ने भरोसा जताया कि अगर सरकार ठोस इच्छाशक्ति दिखाए, तो बस्तर के युवा आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने तोंगपाल...

नम्रता जैन, महिला आयोग सदस्य दीपिका शोरी, भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे, अध्यक्ष जनपद पंचायत कोंटा कुसुमलता कवासी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सुकमा हुंगाराम मरकाम, अध्यक्ष नगर पंचायत दोरनापाल राधा नायक, जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम, माड़े बारसे, सामबती यादव, कोरसा सन्नू, सोयम मुका, अरुण सिंह भदौरिया, आयताराम मंडावी, जनपद सदस्य तोंगपाल वेदन नाग, सरपंच तोंगपाल बालमती नाग सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अंधश्रद्धा समाज के विकास में बाधक : घनश्याम



**भिलाईनगर,** 30 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ नागरिक महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक आज शुक्रवार को सियान सदन कैलाश नगर भिलाई में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने की। बैठक में महासंघ के प्रमुख सलाहकार घनश्याम कुमार देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं अंधश्रद्धा निर्मूलन हेतु व्यापक स्तर पर जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सलाहकार घनश्याम देवांगन ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियां एवं अंधश्रद्धा समाज के विकास में बाधक हैं। अज्ञानता के चलते धर्म एवं चमत्कार के आड़ में सीधे साधे लोगों को फंसाकर धोखाधड़ी, लूट एवं शोषण किया जा रहा है। इसे रोकने हेतु आम नागरिकों को जागरूक करने एवं ढोंगी षड़यंत्र कर्ताओं का पर्दाफाश किया जाना बहुत जरूरी है। वरिष्ठ नागरिक महासंघ इस दिशा में जनजागरण अभियान चलाएगा। इसके लिए शासन प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा। बैठक में बच्चों एवं युवाओं में अच्छे संस्कार डालने हेतु संस्कार शालाओं की कक्षाएं आयोजित करने एवं उन्हें नैतिक शिक्षा देने पर भी सहमति बनी। बैठक में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर आगामी 13 जून को सियान सदन कृष्णा नगर राधिका नगर भिलाई में कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। महासचिव गजानंद साहू ने महासंघ की गतिविधियों, कार्य योजना एवं प्रगति की जानकारी दी। अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने समाज के सभी वरिष्ठ नागरिकों को सियान सदन के माध्यम से जोड़ने हेतु सदस्यता अभियान चलाने पर बल दिया। उन्होंने महासंघ में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में सदस्यों ने वरिष्ठ नागरिकों को होने वाली विभिन्न समस्याओं की जानकारी दी एवं उसके निराकरण हेतु सुझाव भी दिए। इस अवसर पर भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, उपाध्यक्ष बलबीर सिंह सहगल, महासचिव गजानंद साहू, जे. आर. साहू, डॉ कांतिलाल विश्वकर्मा, एन.पी. मिश्रा, छाया विश्वकर्मा, मंदा वासनकर, ललिता श्रीवास, दुलारदास साहू, फूलचंद साहू, जियालाल चौधरी, गरीब दास साहू आदि सहित सियान सदनों के पदाधिकारी एवं सदस्य गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक का संचालन गजानंद साहू एवं आभार प्रदर्शन जे. आर. साहू ने किया। यह जानकारी घनश्याम कुमार देवांगन प्रमुख सलाहकार एवं प्रवक्ता भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ ने दी है।

# बस्तर में हिंदी पत्रकारिता, चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर संगोष्ठी



**जगदलपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में 'बस्तर में हिंदी पत्रकारिता, चुनौतियां एवं संभावनाएं' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विभिन्न मीडिया संस्थान के संपादक, रिपोर्टर, कैमरामैन सहित अन्य ने उपस्थिति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जनजातीय भौगोलिक क्षेत्र के कारण बस्तर में पत्रकारों का संघर्ष और बढ़ जाता है। इस क्षेत्र में पत्रकारिता करने के उनके साहस का सम्मान होना चाहिए। प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि हर पत्रकार एक बहुआयामी व्यक्तित्व का होता है। पत्रकार सारे परिवर्तन, चुनौतियों और आवश्यकता पर लिखते हैं।

प्रधान संपादक दिलशाद नियाजी ने कहा कि पत्रकारिता एक बहुत बड़ा मिशन है पर पत्रकारिता करना आसान नहीं है। पत्रकारिता लेखन के साथ अखबार का प्रकाशन भी एक बड़ी चुनौती है। जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार मनीष गुप्ता ने कहा कि हम सभी को सुंदर बस्तर के सपने को साकार करना है। पत्रकार को पूरे कैरियर में अध्ययन करते रहना पड़ता है। बिना अध्ययन के वह विषय पर न्याय नहीं कर सकता। श्री गुप्ता ने पत्रकारिता पीजी कोर्स और संबंधित शोध पीठ की जरूरत की ओर विवि प्रबंधन की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि बस्तर संभाग में बहुत सारे ग्रामीण पत्रकार हैं जिन्हें पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों के प्रति जागरूक करने का प्रयास होना चाहिए।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के वरिष्ठ पत्रकार नरेश मिश्रा ने कहा कि पत्रकारों को किसी चुनौती से भयभीत नहीं होनी चाहिए। युवा पत्रकारों को निराश नहीं होना चाहिए। अवसर मिलने पर कुछ बेहतर करने का प्रयास करें। नरेश मिश्रा ने कहा कि पत्रकारिता पर सवाल उठाना लाजिमी है पर धारणा बनाना गलत है। श्री मिश्रा ने बताया कि पत्रकारिता के क्षेत्र में आर्थिक लाभ अन्य क्षेत्र की तरह बेहतर नहीं है पर काम करने के बहुत अवसर हैं। पत्रकारिता में अच्छा काम करने वाले युवाओं की बहुत जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रज्ञा गुप्ता और आशुतोष तिवारी ने किया। इससे पहले कुलसचिव डॉ. राजेश लालवानी ने स्वागत उदबोधन दिया। ज्ञात हो कि 30 मई 1826 को संपादक पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने प्रथम हिंदी अखबार उदंत मार्तण्ड का प्रकाशन प्रारंभ किया था। पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान व पत्रकारिता व जनसंचार अध्ययनशाला की ओर से हुए इस आयोजन में विभागाध्यक्ष डॉ. संजय डोंगरे, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. विनोद कुमार सोनी, सत्यवान साहू, इंदु बेक, विमलेश साहू सहित विभिन्न विभागों के फैकल्टी व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री का हुआ आत्मीय स्वागत

## कोंडागांव के शहीद गुण्डाधुर महाविद्यालय परिसर स्थित हैलीपेड में



**कोण्डागांव,** 30 मई (देशबन्धु)। मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय के कोंडागांव पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। यहां शहीद गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में बने हैलीपेड में मुख्य मंत्री श्री साय का आत्मीय स्वागत केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, कमिश्नर डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, केशकाल के पूर्व विधायक सेवकराम नेताम सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया।

### मुख्यमंत्री साय शिल्प नगरी कोंडागांव के शबरी एंपोरियम पहुंचे, बेलमेटल कलाकृतियों की सराहना की

**कोण्डागांव** 30 मई (देशबन्धु)। मुख्य मंत्री विष्णु देव साय ने 30 मई को शिल्पनगरी कोण्डागांव के आगमन पर शबरी एंपोरियम का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बेलमेटल, रॉट आयरन, बांस एवं काष्ठ शिल्प के बस्तर की जीवन शैली और समृद्ध जनजातीय संस्कृतियों को दर्शाती कलाकृतियों को देखा और इसकी सराहना की। उन्होंने यहां शिल्पियों से मुलाकात कर बेलमेटल सहित विभिन्न कलाकृतियों की निर्माण प्रक्रिया और उनकी मार्केटिंग के संबंध में जानकारी ली। शिल्पकारों ने मुख्य मंत्री को बेलमेटल से बने कलाकृति भेंट की। इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, मुख्य मंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्य मंत्री के सचिव डॉ.बसव राजू, कमिश्नर डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, पूर्व विधायक सेवकराम नेताम सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# कुएं में डूबने से मासूम की मौत



**नगरी,** 30 मई (देशबन्धु)। ब्लॉक के रानीगांव में दर्दनाक हादसा में एक मासूम की जान चली गई जिसका पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया है। ब्लाक अंतर्गत रानीगांव में डेढ़ साल की मासूम भूमि की दर्दनाक मौत हो गई, सिहावा थाना अंतर्गत रानीगांव में रेखराज निषाद के घर के पीछे बाड़ी में डेढ़ साल की मासूम पड़ोसी बच्चों के साथ खेल रही थी तभी मासूम भूमि निषाद उम्र एक साल आठ माह खेलते खेलते कुएँ के पास जा पहुँची, पैर फिसल गया अपने आप को संभाल पाती गहरे कुए में समा गई और डूबने से मासूम की जान चली गई। परिजनों को खबर लगने तक बहुत देर हो चुकी थी। जानकारी के मुताबिक कुएं में क़रीब 4 फीट पानी था। मासूम की मौत से घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल हैं।

# अहिल्याबाई होल्कर सशक्तिकरण और समावेशिता की विरासत

**कोण्डागांव,** 30 मई (देशबन्धु)। राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के चरित्र और शासन कल्याण, शिक्षा और अच्छे सार्वजनिक बुनियादी ढांचा प्रदान करने पर केंद्रित नेतृत्व शैली को अच्छा उदाहरण बताते हुए भाजपा ने 'अहिल्याबाई होल्कर' सशक्तिकरण और समावेशिता की विरासत की जानकारी प्रेस में साझा किया है।



मालवा की पूजनीय रानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास में एक महान हस्ती हैं, जिन्हें न केवल उनके द्वारा बनवाए गए वास्तुशिल्प चमत्कारों के लिए बल्कि उनके प्रगतिशील शासन और उनके द्वारा शुरू किए गए दूरगामी सामाजिक सुधारों के लिए भी जाना जाता है। 1767 से 1795 तक शासन करते हुए, अहिल्याबाई के शासनकाल को कल्याण, सामाजिक न्याय, मानव समानता और सतत विकास के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता द्वारा चिह्नित किया गया था। वह एक अग्रणी थीं, जिन्होंने ऐसी नीतियां स्थापित कीं, जिन्होंने हाशिए के समुदायों का उत्थान किया, शिक्षा को उन्नत किया, स्वास्थ्य सेवा में सुधार किया और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का निर्माण किया, जिसने आर्थिक विकास और कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया। 18 वीं सदी भारत में एक उथल-पुथल भरा दौर था, जो राजनीतिक विखंडन, आर्थिक चुनौतियों और सामाजिक अशांति से चिह्नित था। इस माहौल में, अहिल्याबाई एक मजबूत और सक्षम नेता के रूप में उभरीं। अनेक इतिहासकारों ने अहिल्याबाई की बुद्धिमत्ता और नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा की है। 'भारत की रानियाँ- रानी अहिल्याबाई' में उल्लेख किया गया है कि उनके च्शासन और व्यक्तित्वज्ज में बुद्धिमत्ता, करुणा और निष्पक्षता का मिश्रण देखने को मिलता है। ब्रिटिश इतिहासकार कर्नल जेम्स ग्रांट डफ ने उन्हें च्एक बहुत ही बुद्धिमान ब्राह्मण महिला के रूप में वर्णित किया है, जिसके पास समझदारी और निष्पक्षता के साथ अपने देश पर शासन करने की बुद्धिमता और जोश था।ज्ज एक अन्य ब्रिटिश इतिहासकार सर जॉन मैल्कम ने प्रसिद्ध टिप्पणी की कि च्सिकंदर ने उतने देश नहीं जीते जितने कि महिला तामेरलेन ने जीते थे।ज्ज ये ऐतिहासिक दृष्टिकोण एक शासक के रूप में उनकी अद्वितीय भूमिका को रेखांकित करते हैं, जिन्होंने केवल क्षेत्रीय विस्तार से ज्यादा सामाजिक कल्याण को प्राथमिकता दी।

# ग्राम अरंडी में समाधान शिविर आयोजित




**कोण्डागांव,** 30 मई (देशबन्धु)। जिले के जनपद पंचायत केशकाल के ग्राम पंचायत अरंडी में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदनी पोटाई शामिल हुईं। अरंडी के इस शिविर में 7 ग्राम पंचायत के आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा 22 किसान ऋण पुस्तिका, 19 निवास प्रमाण पत्र और 20 जाति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत द्वारा 33 मनरेगा जॉब कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा 20 राशन कार्ड, सहकारिता विभाग द्वारा 07 किसानों को धान बीज और उद्यानिकी विभाग द्वारा 15 किसानों को सब्जी बीज वितरित किया गया। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 05 गोद भराई और 05 अन्नप्राशन सम्पन्न कराया गया। शिविर में जिला पंचायत सदस्य कपिल नाग, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मरकाम तथा जनपद सदस्यगण, जनपद पंचायत केशकाल सीईओ, तहसीलदार केशकाल सहित सभी सरपंचगण सम्मिलित हुए।

# अंत्योदय एवं आदिवासी स्वरोजगार हेतु भौतिक लक्ष्य निर्धारित

**बलौदाबाजार,** 30 मई (देशबन्धु)। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बलौदाबाजार अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अंत्योदय स्वरोजगार योजना अंतर्गत 351 एवं आदिवासी स्वरोजगार योजनांतर्गत 19 भौतिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बलौदाबाजार विकासखण्ड के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 118 एवं आदिवासी भौतिक लक्ष्य 3, भाटापारा विकासखण्ड के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 101 एवं आदिवासी भौतिक लक्ष्य 1, कसडोल विकासखण्ड के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 30 एवं आदिवासी भौतिक लक्ष्य 5, पलारी विकासखण्ड के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 40 एवं आदिवासी भौतिक लक्ष्य 4 एवं विकासखण्ड सिमगा के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 62 एवं आदिवासी 6 भौतिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# संपर्क केंद्र की सक्रियता से अवैध रेत खनन पर प्रभावी नियंत्रण

**बलौदाबाजार,** 30 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के नेतृत्व में अवैध रेत खनन के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले का संपर्क केंद्र कंट्रोल रूम के रूप में काम कर रहा है जहाँ अब तक 32 शिकायतें प्राप्त हुई जिन पर संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई।

संपर्क केंद्र में दूरभाष के माध्यम से अवैध रेत खनन के विषय में ओटेबंद क्षेत्र से 6, चकरवाय खैरघाट शिवनाथ नदी क्षेत्र से 7, मानाकोनी क्षेत्र 2, दतान ख महानदी क्षेत्र 15 और भालूकोना से प्राप्त 2 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई है। इस सभी प्रकरणों में नियमानुसार जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा रिंगनी, डोंगरिया, केसदा, कोड़ापारा, सेमरिया, खोखली, तरेंगा,सुमा, सुरखी, दावनबोड़, बोड़तरा, जरौद, मुढ़ीपार हसुवा से अवैध मुरूम खनन की शिकायत प्राप्त हुई जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

# जिले में व्यापक स्तर पर मनाया गया मासिक धर्म स्वच्छता दिवस

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर में किशोरियों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित

**कोण्डागांव,** 30 मई (देशबन्धु)। मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पूरे जिले में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन विशेष रूप से आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) में किया गया, जिनका उद्देश्य समुदाय स्तर पर किशोरियों हेतु गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।




इस वर्ष का थीम 'रूढ़ियों को तोड़ें मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाएं' इस बात पर जोर देता है कि मासिक धर्म एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है और इससे जुड़ी चुप्पी, शर्म और गलतफहमियों को खत्म किया जाना चाहिए।

इसका प्रमुख उद्देश्य किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता की जानकारी देना, स्वच्छ और सुरक्षित प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करना, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सामाजिक कलंक और दुर्भावना को दूर करना और समुदाय, विशेषकर माता-पिता और शिक्षकों को शामिल कर, सहयोगी वातावरण बनाना। इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य जागरूकता सत्र मेडिकल ऑफिसर, ग्रामीण चिकित्सा सहायक और समुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी. छिड और काउंसलर द्वारा किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण और संक्रमण से बचाव पर मार्गदर्शन दिया गया। खुली चर्चा एवं संवाद सत्र में समुदाय के पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल हुए, जिससे यह संदेश गया कि मासिक धर्म सिर्फ सड़कियों का नहीं, पूरे समाज का विषय है। स्कूल और आंगन वाड़ी केंद्रों की भागीदारी शिक्षक और आंगन वाड़ी कार्यकर्ताओं ने छात्राओं के बीच इंटरएक्टिव गतिविधियाँ आयोजित की गई। इससे संबंध में पोस्टर, बैनर, स्टिकर और हैंडबुक्स के माध्यम से सरल भाषा में संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में राज्य, जिता एवं ब्लॉक स्तर के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ-साथ, मितानिन महित्ता स्व सहायता समूह, ने भी सक्रिय भागीदारी की। यह भागीदारी न सिर्फ स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं तक सीमित रहीं, बल्कि पूरे समाज ने इस विषय को गंभीरता से लिया।

हर लड़की को मासिक धर्म के दौरान पूर्ण स्वच्छता और आत्मसम्मान का अधिकार मिले। इसके लिए समुदाय को साथ लाना ज़रूरी है, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने आम जनता से अपील किया है कि मासिक धर्म को लेकर समाज में खुला संवाद करें। लड़कियों को सुरक्षित और स्वच्छ विकल्प उपलब्ध कराने में सहयोग दें। स्कूलों और स्वास्थ्य संस्थानों को सहयोग करें ताकि कोई भी किशोरी जानकारी और संसाधनों से वंचित न रहे।

# माकड़ी सहकारी बैंक में किसानों की भीड़ देखकर लता उसेंडी ने बैंक अधिकारियों से कहा- तत्काल राशि बढ़ाने को



**कोण्डागांव,** 30 मई (देशबन्धु)। कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी कोण्डागांव जाते हुए अचानक माकड़ी चौक के पास स्थित ज़िला सहकारी बैंक माकड़ी में किसानों की भारी भीड़ देख कर रूकी और किसानों से मुलाकात किया। जानकारी लेने पर किसानों ने बताया कि धान बेचने के बाद उनके बैंक खातों में जमा रकम में से उन्हें आवश्यकता से कम रकम दिया जा रहा है, जिससे उन्हें रकम के लिए बार-बार बैंक का चक्कर काटना पड़ता है, जिसके कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर विधायक सुश्री लता उसेंडी द्वारा सहकारी बैंक अधिकारी से मोबाईल कॉल कर किसानों से मिली शिकायत के सम्बन्ध में चर्चा किया और बैंक में आवष्यक मात्रा में रकम लाएं तथा किसानों को उनकी आवष्यकता के अनुसार रकम दें ताकि किसान को निराश होकर वापस ना जाना पड़े। इसके अलावा सहकारी बैंक परिसर में पंखा, पीने के पानी की व्यवस्था और किसानों के बैठने के लिए अच्छी व्यवस्था रखने के लिए कहा।

# गांव में नक्सल पीड़ितों को जमीन देने से इंकार

**दंतेवाड़ा,** 30 मई (देशबन्धु)। गीदम ब्लाक के झोड़ियाबाड़म में नक्सल पीड़ितों और आत्म समर्पित नक्सलियों के लिए आवास बनाने जोर शोर से तैयारी हो रही है। विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष और अन्य जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कलेक्टर ने इसकी भव्य शुरूआत की। बकायदा इसका भूमि पूजन हुआ, लेकिन अब मामला खटाई में पड़ता दिख रहा है। आज ग्रामीणों ने बैठक लेकर भूमि आबंटन से इंकार कर दिया और सरपंच पर आरोप लगाया कि उन्होंने ग्राम सभा की अनुमति के बगैर जमीन नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए आबंटित कर दी।



- झोड़ियाबाड़म में चार दिन पहले ही किया गया था भूमिपूजन
- सरपंच पर ग्राम सभा की अनदेखी का आरोप
- बिना सहमति जमीन आबंटन की भी शिकायत

इस संबंध में आज ग्रामीणों ने बैठक भी ली। बैठक के बाद एक ज्ञापन भी कलेक्टर के नाम भेजा गया, जिसमें गांव की उप सरपंच सहित लगभग 65 ग्रामीणों के हस्ताक्षर भी हैं। इसमें कहा गया है कि ग्राम पंचायत झोड़ियाबाड़म के अंतर्गत आने वाली सरकारी भूमि खसरा नंबर 563 में नक्सल पीड़ित परिवार को आबंटित किया जा रहा है, किन्तु इस संबंध में सरपंच द्वारा गांव वालों को न तो सूचना दी और न ही ग्राम सभा में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। भूमि पूजन के दिन 26 मई को भी गांव वालों को इसकी जानकारी नहीं दी गई। इसी मुद्दे पर आज गांव के स्कूल मैदान में पंचायत बैठक कर प्रस्ताव पारित किया गया कि इस जमीन पर नक्सल पीड़ित परिवार के लिए जो 36 प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया गया है, उसे रोका जा रहा है। नक्सल पीड़ित परिवार को भूमि आबंटित नहीं की जाएगी, इस संबंध में ग्रामीणों ने सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया है। इस प्रस्ताव की प्रतिलिपि सीईओ जिला पंचायत, एसडीएम दंतेवाड़ा और सीईओ जनपद पंचायत गीदम को भी दी गई है। इस प्रस्ताव में उप सरपंच संगीता सहित जगदीश, मोतीराम, बलराम कश्यप, घनश्याम कश्यप सहित करीब 65 ग्रामीणों के हस्ताक्षर भी हैं। इधर इस मुद्दे पर गीदम जनपद सीईओ बलराम ध्रुव का कहना है कि सरपंच से आग्रह किया गया है कि ग्रामीणों से इस बारे में चर्चा करें और सर्व सम्मति से रास्ता निकाले। ग्रामीणों को इस बारे में समझाया भी जाएगा।

# नक्सल पीड़ितों के निर्माणाधीन आवास का जायजा

**दंतेवाड़ा,** 30 मई (देशबन्धु)। जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने आज गीदम ब्लॉक स्थित बड़े कारली, हिरानार, हारम, कासोली ग्रामों का दौरा कर विभिन्न प्रकार के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण तथा स्व सहायता की महिलाओं से रूबरू होकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

सर्वप्रथम सीईओ ने हारम के प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही पीसे वेक एवं पायके के निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया गया और दोनों हितग्राही के आवासों को 20 जून तक पूर्ण कराने को कहा। इस क्रम में यहां रीपा में गुड़ चिक्की निर्माण कर रहे समूह की महिलाओं से चर्चा किया गया। इसके साथ ही उन्होने महिला समूहों के लिए ईंट निर्माण मशीन स्थापित किया जाने तथा इसके लिए मशीन के साइज अनुसार जगह का चिन्हांकित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अलावा उन्होंने स्वच्छता दीदियों के मानदेय हेतु जीपीडीपी में जोड़ने, उनके आईडी कार्ड, श्रम कार्ड बनाने हेतु श्रम विभाग से पत्राचार करने को भी कहा गया।

मत्स्य पालन केन्द्र हारम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारी से मत्स्य बीज उत्पादन की कार्यवाही 15 जून से करने के निर्देश दिए गए तथा स्वाइल टेस्ट हेतु प्राप्त सेंपल का यथासंभव टेस्ट कर किसानों को रिपोर्ट प्रदान करने को कहा। इस क्रम में उनके द्वारा हीरानार स्थित पशु चिकित्सा विभाग के माध्यम से समूहों द्वारा संचालित मुर्गी पालन इकाई का भी निरीक्षण किया गया। मालूम हो कि उक्त मुर्गी पालन इकाई के द्वारा अण्डा उत्पादन कर आस्था स्कूल में एवं अन्य बाजारों में विक्रय कर अच्छी आमदनी अर्जित की जा रही है। इस संबंध में सीईओ ने अण्डा उत्पादन हेतु पृथक से इकाई बढ़ाने



- निरीक्षण में पहुंचे जिपं सीईओ नाहटा
- हीरानार में स्व सहायता समूह की दीदियों से चर्चा
- आवास निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

हेतु अच्छे स्व सहायता समूहों का चिन्हांकन कर प्रशिक्षण देने और 3 साल के लिए एमओयू पहल करने के निर्देश दिए गए ताकि स्व सहायता समूहों को सशक्त किया जा सके।

कोरलापाल पहुंचकर सीईओ द्वारा आरती स्व सहायता समूह के द्वारा किया जा रहा सीमेंट ईंट निर्माण यूनिट का निरीक्षण किया गया, यहां समूह के सदस्यों ने उन्हें अवगत कराया गया है कि उनके समूह द्वारा प्रतिदिन लगभग 2000 सीमेंट इंट का निर्माण किया जा रहा हैं एवं इस उनकी आय में पर्याप्त वृद्धि हो रही हैं। बारसूर डैनेक्स में निरीक्षण के दौरान हितग्राही कुमारी उमेश्वरी ने उन्हें अवगत कराया कि यहां काम करके उसको रोजगार मिल रहा हैं और वे सभी रोज बस से यहां आते हैं और अपने काम से बहुत खुश हैं। यहां सीईओ ने डैनेक्स में और युवक, युवतियों की आवश्यकता को देखते हुए और प्लेसमेंट कैंप का आयोजन कर कुल 250 युवक, युवतियों को कार्य पर रखने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उनके द्वारा छिन्दनार ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया, ग्राम पंचायत के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के मितानिनों का साप्ताहिक बैठक में सम्मिलित होकर हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर प्रथम तिमाही में एएनसी जॉच कराने एवं समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्रों में एन्टी वेनम मेडिसीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इस प्रकार ग्राम कासोली स्थित नक्सल पीड़ित परिवारों के निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने हितग्राहियों से जल्द से जल्द छत स्तर तक लाने एवं जिनका आवास अप्रारम्भ है उन्हें अविलंब प्रारम्भ करने हेतु कहा गया।

उल्टा पुल्टा

पत्नी से परेशान पति एक दिन पंडित जी के पास पहुंचा और बोला- पंडित जी एक बात बताइए कि ये जनम-जनम का साथ वाली बात क्या सही है।
पंडित जी- सौ फीसदी सही है।

# नवा रायपुर का सीबीडी बनेगा स्मार्ट सिटी का नया लैंडमार्क



## मनोरंजन, तकनीक, रोजगार और स्टार्ट-अप्स का बनेगा हब

## हर तरह की खरीदारी के लिए सुपर मार्केट, 100 से अधिक रिटेल दुकानें आबंटित

के अद्वितीय अनुभव के लिए यहां जल्द ही इमर्सिव होलोग्राफिक एंटरटेनमेंट सेंटर प्रारंभ होने जा रहा

**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। राजधानी नवा रायपुर के सेक्टर-21 में 2.65 लाख वर्गफीट में निर्मित छह मंजिला सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट (सीबीडी) देश के इस पहली स्मार्ट सिटी की नई पहचान बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। नवा रायपुर का नवनिर्मित रेल्वे स्टेशन इसके पास ही है, जिस वजह से यह सीबीडी रेल्वे स्टेशन के नाम से ही जाना जाता है। अभी सीबीडी में मिराज मल्टीप्लेक्स, आईपी क्लब रेस्टोरेंट और एएसपी कार्यालय संचालित हो रहे हैं। मनोरंजन है। हर तरह की खरीदारी के लिए गोकुल सुपर मार्केट भी शीघ्र शुरू होगा।

स्मार्ट सिटी के अनुरूप सीबीडी में एक ही जगह पर विविध सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। स्थानीय व्यवसाईयों को 100 से अधिक रिटेल दुकानें आबंटित की गई हैं जो यहां तेजी से फुटफाल बढ़ाएंगी। सीबीडी नवा रायपुर के आर्थिक विकास को गति देने के साथ ही रोजगार, पर्यटन, सांस्कृतिक-तकनीकी केंद्र और नवाचार आधारित स्टार्ट-अप्स के लिए नया मंच प्रदान करेगा। स्मार्ट सिटी की परिकल्पना को साकार करने वाला यह कॉम्प्लेक्स आने वाले वर्षों में नवा रायपुर की नई पहचान बनेगा जहां शिक्षा, मनोरंजन और दैनिक जरूरतें जैसी सभी चीजें एक ही स्थान पर सुलभ होंगे। इमर्सिव टेक्नोलॉजी, तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान और शॉपिंग की सहुलियतों से सुसज्जित यह भविष्य के नए आकर्षण का केंद्र है।

सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट का कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स चार विंग्स में फैला हुआ है, जिसका कुल कारपेट एरिया दो लाख 65 हजार वर्गफीट है। यहां हर तल की योजना नागरिकों की अलग-अलग जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। भू-तल में लगभग पांच हजार वर्गफीट एरिया गोकुल सुपर मार्केट को आबंटित किया गया है जो शीघ्र ही प्रारंभ होने वाला है। इसी तल पर नवा रायपुर का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय भी संचालित है। भू-तल पर 100 से अधिक रिटेल दुकानें भी आबंटित की गई हैं।

सीबीडी का द्वितीय तल एनआईईएलआईटीको आबंटित किया गया है, जो युवाओं को इलेक्ट्रॉनिक्स, डेटा एनालिटिक्स और आईटी में प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाएगा। इस तल पर आईपी क्लब रेस्टोरेंट भी संचालित है, जो लोगों को विभिन्न तरह के खानपान उपलब्ध कराता है। तृतीय तल पर पांच करोड़ 33 लाख रुपए की लागत से इमर्सिव होलोग्राफिक एंटरटेनमेंट सेंटर बनाया जा रहा है। यह वीआर , एआर और होलोग्राफिक तकनीकों के माध्यम से प्रदेशवासियों को मनोरंजन का अद्वितीय अनुभव प्रदान करेगा। चौथे व छटवें फ्लोर पर संचालित मिराज सिनेमा ने सीबीडी को नवा रायपुर में मनोरंजन के लोकप्रिय स्थल के रूप में स्थापित कर दिया है।

सीबीडी केवल शॉपिंग डेस्टिनेशन नहीं है। यह छत्तीसगढ़ की आधुनिक राजधानी नवा रायपुर को निकट भविष्य में आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी रूप से गहरे तक प्रभावित करेगा। देश की पहली स्मार्ट सिटी नवा रायपुर अटल नगर तेजी से भविष्य के शहर के रूप में उभर रहा है, जहां मुख्यमंत्री निवास, मंत्रालय, सचिवालय, विभागाध्यक्ष भवन और अन्य सरकारी कार्यालय संचालित हैं। विधानसभा का नया भवन भी यहां निर्माणाधीन है। शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीकी विकास और निवेश के क्षेत्र में भी नवा रायपुर नई ऊचाईयां छू रहा है। वर्ष 2018 में सीबीडी का निर्माण पूर्ण होने के बाद वर्तमान सरकार ने 2025 में ही गोकुल सुपर मार्केट, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय जैसे कई स्थानों को आबंटित किया है। कॉम्प्लेक्स के अन्य बिल्ड-अप स्पेस के आबंटन की कार्रवाई भी तेजी से प्रक्रियाधीन है।

# एनएसयूआई ने किया कृषि विवि का घेराव

## विश्वविद्यालय में अभाविप के कार्यक्रम का विरोध




**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ छत्तीसगढ़ ने आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम का तीव्र विरोध किया और विश्वविद्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने किया।

अमित शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद से शिक्षा संस्थानों का च्च्संघीकरणज्ज तेजी से किया जा रहा है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, जो राज्य का एकमात्र कृषि विश्वविद्यालय है, वहां संघ के कार्यक्रम आयोजित कर विश्वविद्यालय को राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल पर आरोप लगाया कि वे विश्वविद्यालय को कृषि शिक्षा का केंद्र बनाने की बजाय संघ का कार्यालय बनाने में लगे हुए हैं। विश्वविद्यालय परिसर में अभाविप का राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित कर यह सिद्ध किया गया है कि कुलपति का प्राथमिक उद्देश्य शिक्षा नहीं, बल्कि राजनीतिक एजेंडा है।

छात्रों को शिक्षा की बजाय लाठी थमाने का प्रयास हो रहा है। छात्र अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं, कर्मचारियों को वेतन व अन्य सुविधाओं के लिए धरना देना पड़ रहा है

एनएसयूआई ने माँग की है कि राष्ट्रपति तत्काल प्रभाव से ऐसे कुलपतियों को पद से बर्खास्त करें, ताकि राज्य में शिक्षा का गिरता स्तर सुधर सके। शर्मा ने यह भी बताया कि इसके अलावा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ला और महात्मा गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रवि सक्सेना भी अभाविप नेताओं की स्वागत समिति में सक्रिय रूप से शामिल रहे, जो शिक्षा व्यवस्था के लिए अत्यंत चिंताजनक है।

प्रदेश के किसी भी विश्वविद्यालय का नेक और यूजीसी की टॉप 100 सूची में स्थान न मिल पाना राज्य के लिए शर्मनाक स्थिति है। एन एसयूआई इस शिक्षा विरोधी रवैये के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन करेगी और राज्यपाल व राष्ट्रपति से उचित कार्यवाही की माँग करेगी। इस घेराव में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा, प्रदेश महामंत्री हेमंत पाल, निखिल वंजारी, जिलाध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी, वी.वी अध्यक्ष हरिओम तिवारी, प्रदेश सचिव मेहताब हुसैन, कृणाल सिन्हा, विशाल कुकरेजा, विकाश सिंह, जिला उपाध्यक्ष वैभव मुजेवर, पूनेश्वर लहरे, प्रशांत चंद्रकार, शेख इमरान, विधानसभा अध्यक्ष अंकित शर्मा, अनुज शुक्ला, महासचिव केतन वर्मा, रजत ठाकुर, श्रेयांश शुक्ला, आलोक सिंह, दिव्यांश श्रीवास्तव, मुनेश गौतम, प्रियांशु ठाकुर, शुभम शर्मा आदि छात्रनेता उपस्थित थे।

# मंदिर हसौद सहकारी बैंक में शाखा प्रबंधक की पदस्थापना

**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक रायपुर के अधीनस्थ मंदिर हसौद शाखा में शाखा प्रबंधक के रिक्त पड़े पद पर ज्ञापन सौंप ध्यानाकर्षण के बाद शाखा प्रबंधक की पदस्थापना कर दी गयी है ।

शाखा प्रबंधक नहीं होने की वजह से प्रतिदिन लगभग 70- 80 लाख रुपये का संव्यवहार करने वाले इस बैंक में किसानों सहित अन्य लेन देन करने वालों को आ रही समस्या सहित इस शाखा के अधीन आने वाले 7 सहकारी समितियों के 60 ग्रामों के किसानों को सामयिक खाद - बीज लेन-देन में पर्यवेक्षण न हो पाने की ओर बीते 27 मई को किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने सहकारिता विभाग के पंजीयक कुलदीप शर्मा व जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास को ज्ञापन सौंप ध्यानाकृष्ट कराया था । शाखा प्रबंधक के रूप में नारायण परगनिहा की पोस्टिंग की गयी है जिन्होंने 29 मई को कार्यभार ग्रहण कर लिया है ।

# पालतु पशु दुकानों का औचक निरीक्षण : नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की दी चेतावनी



**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के संयुक्त संचालक डॉ. आर. के. सोनवाने, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. इला धुरंधर सहित बोर्ड के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संयुक्त टीम द्वारा रायपुर जिले में संचालित पालतु पशु दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान फाफाडीह चौक, डागा पेट्रोल पंप के सामने मेहंदी बर्ड्स हाउस, अली बर्ड्स सेंटर, गरीब नवाज बर्ड एवं फिश शॉप तथा के.जी.एन. डॉग एवं बर्ड सेंटर का जायजा लिया साथ ही समझाइश दी गई।

निरीक्षण टीम ने पाया कि कुछ दुकानों में पेट शॉप नियम 2018 के अनुरूप आवश्यक सुविधाओं का पालन नही कर रहे है। इस पर सभी दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे आगामी 7 दिन के भीतर नियमों का पूर्ण पालन करते हुए पशुओं के रख-रखाव हेतु न्यूनतम स्थान एवं अन्य अनिवार्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, जिससे यातायात प्रभावित ना हो।

अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समयावधि में आवश्यक सुधार नहीं किए गए, तो नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित दुकानों का पंजीयन निरस्त कर दिया जाएगा।

# 2 जून को दो पैसेंजर ट्रेनें रहेंगी रद्द, वंदे भारत एक्सप्रेस भी रीशेड्यूल

**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। ईस्ट कोस्ट रेलवे के वाल्टेयर मंडल अंतर्गत रायगड़ा - विजयनगरम सेक्शन में ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक कार्य के चलते ट्रेनों के परिचालन में बड़ा बदलाव किया गया है। इस कार्य के कारण कोचिंग ट्रेनों को रद्द और रीशेड्यूल किया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाली कुछ प्रमुख ट्रेनों पर इसका असर होगा।



ईस्ट कोस्ट रेलवे के वाल्टेयर मंडल के रायगड़ा - विजयनगरम सेक्शन में ट्राफिक कम पावर ब्लॉक कार्य के कारण कोचिंग ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित रद्द रहने वाली कोचिंग ट्रेन का विवरण इस प्रकार है।

**ये ट्रेनें रहेंगी रद्द** - 58528 विशाखापत्तनम - रायपुर पैसेंजर 2 जून को रद्द रहेगी। इसी तरह रायपुर-विशाखापत्तनम पैसेंजर भी उस दिन रद्द रहेगी।

**रीशेड्यूलिंग होने वाली ट्रेन**- विशाखापट्टनम-दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस 2 जून को 4 घंटे रीशेड्यूल की गई है। दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस 2 जून को 4 घंटे 30 मिनट रीशेड्यूल की गई है।

# दिग्गज आदिवासी नेता अरविंद नेताम संघ मुख्यालय नागपुर में होंगे प्रमुख अतिथि



**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। संघ और भाजपा के कई प्रमुख एजेंडों के खिलाफ प्रखर और मुखर विरोधी रहे दिग्गज आदिवासी नेता को संघ मुख्यालय में बतौर प्रमुख अतिथि के तौर पर बुलाया जाना। ऐसा पहली बार हो रहा है जब छत्तीसगढ़ से किसी गैर-भाजपाई दिग्गज आदिवासी नेता को संघ मुख्यालय में अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है।

केंद्रीय मंत्री रहे अरविंद नेताम को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के समापन पर प्रमुख अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया है। इस आमंत्रण को लेकर अरविंद नेताम ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ की राजनीति और आदिवासी समाज के लिए एक ऐतिहासिक घटनाक्रम है। मुझे संघ प्रमुख की ओर से बुलावा आया और मैं तीन दिनों तक संघ मुख्यालय नागपुर में रहूँगा।

3 जून को मैं नागपुर जाऊँगा। 3, 4 और 5 जून में नागपूर में रहकर संघ की गतिविधियों को करीब से देखूँगा। 5 जून को मोहन भागवत के साथ बतौर प्रमुख अतिथि के रूप में प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम पर मंच साझा करूंगा। उन्होंने कहा कि विचाराधारा हमारी अलग-अलग है। हमारे कई मुद्दें भी अलग-अलग हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि हम एक-दूसरे के विचारों और विषयों को करीब से समझे और उस पर बात करें। संघ वाले आदिवासियों को वनवासी कहते हैं। इस पर हमारी आपत्ति है। इस आपत्ति को हमने राजाराव पठार के कार्यक्रम में दर्ज कराई थी। जब हमने संघ के नेताओं को कार्यक्रम में बुलाया था। हमने कहा है कि वनवासी की जगह आप कुछ और कहिए. । आदिवासी हिंदू हैं या नहीं इस पर भी बहस होती रही है।

लेकिन मैं यह साफ कहना चाहूंगा कि आदिवासियों की अपनी पूजा-पद्धति है। उन्हें उनके हिसाब रहने और मानने दिया जाए। लेकिन यह भी है कि हमारे समाज में बहुत से गोड़ आदिवासी भी हैं, जो सनातनी परंपरा को मानते हैं। इसमें कोई बुराई भी नहीं है। मैदानी क्षेत्रों के गोड़ आदिवासी सनातनी परंपरा को अपनाकर कार्य करते हैं।

खैर, मैं तो यही चाहूंगा कि बस्तर, बस्तर के आदिवासी, आदिवासियों के मुद्दें और उनकी मांगों पर संघ गंभीरता से विचार करे। क्योंकि केंद्र और राज्य में इस समय भाजपा की सरकार है। भाजपा सरकार में संघ का दखल किस तरह रहता है यह सभी जानते हैं। संघ के कार्यक्रम में मैं छत्तीसगढ़ के विषयों पर खुलकर बात करूँगा। मैं चाहूंगा कि संघ प्रमुख और तमाम नेता उन विषयों को समझे। हमारी किसी से कोई टकराहट नहीं है। संघ का अपना नजरिया है और उनकी अपनी अलग कार्यशैली है। उनके कई कार्यों का मैं प्रशंसक भी हूँ। कई मौकों पर मैंने देखा है कि मोहन भागवत ने मुखरता से भारत के मुद्दों को समाज और सरकार के समक्ष रखा है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम अब राजनीति से रिटायर हो चुके हैं। वें मुख्यरूप से सर्व आदिवासी समाज के नेता के रूप में अब कार्य कर रहे हैं।

यही वजह है कि नेताम की राजनीतिक पृष्ठभूमि और आदिवासी समाज में उनकी भूमिका के मद्देनजर संघ मुख्यालय में उनका बतौर प्रमुख अतिथि शामिल होना छत्तीसगढ़ की राजनीति में चर्चा का विषय बन गया है।

छत्तीसगढ़ में संघ और भाजपा के साथ कांग्रेस के कई नेता हैरान हैं। कई लोग यही सोच रहे हैं कि आखिर अरविंद नेताम को क्यों बुलाया गया ? क्या बस्तर की राजनीति या सामाजिक गतिविधियों को लेकर संघ कुछ और ही सोच रहा है ? क्या आदिवासी मुद्दों पर संघ की भूमिका आगे कुछ रहने वाली है ?

## अरविंद नेताम पार्टी छोड़कर चले भी गए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं : महंत



आदिवासी नेता अरविंद नेताम के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय में अतिथि के रूप में आमंत्रित किए जाने पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा मुझे आश्चर्य हो रहा है कि अरविंद नेताम को आरएसएस मुख्यालय में अतिथि क्यों बनाया गया। मैं उनसे बात कर यह जानने की कोशिश करूंगा कि वे आरएसएस में शामिल हो रहे हैं या एक वरिष्ठ आदिवासी नेता के तौर पर भाषण देने गये हैं।

महंत ने संकेत दिए कि नेताम के राजनीतिक फैसलों को लेकर स्पष्टता जरूरी है। उन्होंने कहा, अरविंद नेताम अगर पार्टी छोड़कर चले भी गए तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। उन्होंने पहले भी बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से चुनाव लड़ा था और फिर कांग्रेस में लौट आए। ऐसे नेताओं को भाजपा में नहीं जाना चाहिए। मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि वे भाजपा में न जाएं।

आदिवासी मुद्दों की लड़ाई और संघ से जुड़ाव पर महंत ने आगे कहा, च्च्नेताम साहब आदिवासी समाज के लिए लंबे समय से लड़ते आ रहे हैं। इसलिए अगर वे आरएसएस में शिक्षा या अन्य किसी उद्देश्य से गए हैं तो इस पर भी उनसे बात करूंगा।

डॉ. महंत ने भाजपा के ऑपरेशन सिंदूर अभियान पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, च्च्ऑपरेशन सिंदूर एक हद तक सही था, क्योंकि हमारे शहीदों की पत्नियों को न्याय दिलाना ज़रूरी था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कहना कि 'मेरे रगों में खून नहीं, गरम सिंदूर दौड़ रहा है' यह हास्यास्पद है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, अगर भाजपा को सिंदूर से इतना ही प्रेम है, तो अपने मंत्रियों से कहे कि वे रोज़ सिंदूर लगाकर आएं। इसमें क्या तकलीफ है ?



**4 को कैबिनेट की बैठक** रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 4 जून को कैबिनेट की बैठक होगी। मानसून से पहले होने वाले इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।



# समितियों में डीएपी खत्म, किसान लगा रहे है चक्कर, डीएपी की जगह इफको दिया जा रहा

**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। खरीफ फसल की तैयारी किसान जोर शोर से कर रहे है।सभी सहकारी समिति में खाद का भंडारण की बात सरकार कर रही है। लेकिन हकीकत कोसों दूर है। प्रदेश के अधिकांश समितियों में डीएपी है ही नहीं। कही कही इफको का कम गुणवत्ता का खाद भंडारित किए है। ये भी एकाध समितियों में है। सभी जगह बेसल डोस किसे किसान बुवाई, रोपाई में प्रमुखता से उपयोग करते है। जिस प्रकार से किसान लगातार डीएपी का उपयोग करते आए है लेकिन सभी समितियों से नदारत है।



डी ए पी जिसका दर 1350 है। वहीं कम गुणवत्ता वाली इफको 1700 से ऊपर दिया जा रहा है

दूसरी तरफ निजी खाद दुकानों में डी ए पी उपलब्ध है। जिसे अधिक दर पर किसान खरीदने मजबूर है।एकतरफ सरकार किसानों की आमदनी डबल करने की बात करते है लेकिन उल्टे किसानों को खाद से वंचित कर रहे है। जिससे कालाबाजारी बढ़ेगा। किसान लुट का शिकार होंगे। खाद समय पर उपलब्ध नहीं होने पर किसानों की फसल उत्पादकता पर भी गहरा प्रभाव पड़ेगा

यह सरकार की सुनियोजित षडयंत्र है। पहले मार्च से सभी खाद भंडारण कर पूर्व उठाव किसानों से कराते थे। लेकिन वर्तमान में समितियों से डी ए पीया इफको का भंडारण नहीं होने से किसान खाद का उठाव नहीं किए है। किसान एक साथ खाद समितियों से लेते है। बार बार किसानों को चक्कर लगाने मजबूर होना पड़ा है। अगर डीएपी नहीं होते तो निजी खाद दुकानों में धड़ल्ले से कैसे बेचा जा रहा है। इससे साबित होता है कि किसानों को जानबूझ कर उपलब्ध नहीं करा रहे है।निजी खाद दुकानदारों को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रहे है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर उधोराम वर्मा ने आज विभिन्न समितियों का निरीक्षण कर किसानों से भेट कर जानकारी ली है। सभी समितियों में डी ए पी खाद नदारद है। किसानों में जबरदस्त आक्रोश है ।समिति प्रबंधकों को भी दबाव डाल कर इफको या अन्य खाद मंगवाने मजबूर कर रहे है। जिला अध्यक्ष ने मांग की है समितियों में तुरंत डी ए पी का भंडारण कराकर किसानों को राहत दे। निजी खाद दुकानों की लुट से बचाए अन्यथा बहुत जल्द किसानों को लेकर आंदोलन किया जाएगा ।निरीक्षण के दौरान,घनश्याम वर्मा,वीर देवागन,अज्जू खान,रूपचंद धीवर,राहुल भोजवानी,सद्दू समिति के पूर्व अध्यक्ष सेवक पटेल छत्रपाल धीवर उपस्थित रहे।

## अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने डॉ. महंत ने लिखा पत्र

**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को पत्र लिखकर नवीन विधानसभा परिसर में भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने का अनुरोध किया है. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने अपने पत्र में कहा कि मेरे छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष के तौर पर कार्यकाल के दौरान भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा प्रस्तावित नवीन विधानसभा परिसर में स्थापित करने की घोषणा की थी. अब यह ज्ञात हुआ है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवंबर 2025 को नवनिर्मित छत्तीसगढ़ विधानसभा के स्थापना दिवस समारोह में भाग लेने के लिए सहमति प्रदान कर दी है. डॉ. महंत ने कहा कि यह अवसर भारत रत्न बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए उपयुक्त समय होगा, इसके साथ यह छत्तीसगढ़ और भारत के अनुसूचित जाति समुदाय के लिए एक बड़ा सम्मान होगा।

# सप्रे शाला में इस सत्र से कॉमर्स व आर्ट्स के संकाय प्रारंभ, छात्रों को मिलेगी राहत

**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। माधवराव सप्रे स्कूल में शाला विकास समिति के अनुरोध पर आगामी शैक्षणिक सत्र से कॉमर्स एवं आर्ट्स का कोर्स भी प्रारंभ होगा। चूंकि शहर में संचालित हो रहे अन्य सभी आत्मानंद स्कूलों में यह संकाय था लेकिन सप्रे स्कूल में न होने से छात्रों को परेशानी हो रही थी जिसे ध्यान में रखते हुए शाला समिति के अध्यक्ष हरख मालू व शाला विकास समिति के सदस्यों ने रायपुर के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल से अनुरोध किया था कि माधवराव सप्रे उच्चतर माध्यमिक शाला में कॉमर्स एवं आर्ट्स का कोर्स प्रारंभ किया जाए जिसे शासन ने स्वीकार करते हुए सहमति प्रदान कर दी।



जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय खंडेलवाल द्वारा जारी विभागीय आदेश के अनुसार आगामी शिक्षण सत्र से यह कोर्स अब इस स्कूल में भी संचालित होने लगेगा। इस हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुका है शाला विकास समिति के सदस्य मुरली शर्मा, महादेव नायक संतोष सोनी, प्रमित नियोगी ने बताया कि प्रथम वर्ष में इन कक्षाओं में 50 छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा,क्योकि सीट लिमिट है। आने वाले सत्र में इसकी संख्या क्रमशः बढ़ते जायेगी। शाला प्रबंधन द्वारा इसमें प्रवेश के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है और श्री एल आर यादव, व्याख्याता प्रवेश प्रभारी बनाए गए हैं। स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर अनुपमा श्रीवास्तव ने बताया कि शासकीय माधव सप्रे शाला में कॉमर्स एवं आर्ट्स का कोर्स प्रारंभ हो जाने से छात्र-छात्राओं को बहुत सुविधा मिलेगी। शाला विकास समिति ने इस पहल के लिए रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल और स्कूल शिक्षा विभाग के प्रति आभार जताया है।

# अम्बर ब्यास को कुलसचिव बनाए जाने का कर्मचारी संघों ने किया स्वागत

**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डा दिलीप धृतलहरे और सचिव संदीप खर्गवंशी के साथ सेवानिवृत कर्मचारियों के छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र नेतागण आदि ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के नया रायपुर के मंत्रालय के द्वारा प्रभारी कुलसचिव शैलेंद्र पटेल को उच्च न्यायालय द्वारा अयोग्य करार दिये जाने के बाद इंद्रावति भवन में पदस्थ किये जाने के परिप्रेक्ष्य में डा अम्बर ब्यास जी को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय का कुलसचिव बनाया गया इसका स्वागत दोनों संघो के द्वारा फूल माला और बुके आदि देकर किया गया।



कर्मचारी संघ डा अम्बर ब्यास नये कुलसचिव जी से अपेक्षा करते हुए विश्वास दिलाता है कि आप के नेतृत्व में वि वि नई उचाइयों को छूते हुए कर्मचारीहित में निरंतर कार्य करते हुए वि वि को पूर्व में प्राप्त ए ग्रेड को वापस लेने के लिए शिक्षक ,अधिकारी, कर्मचारिगण जी जान से कार्य करेंगे। छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र और सचिव तीर्थ राम यादव जी ने डा ब्यास जी को बहुत बहुत बधाई और ढेरसारी शुभकामनाएं देते हुए उनसे उम्मीद करते हैं कि सभी नियमित और सेवानिवृत कर्मचारियों की छोटी छोटी समस्याओं को वि वि की समस्या समझ कर उसका निराकरण कर्मचारीहित में त्वरित करेंगे।

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में कांग्रेस चलाएगी चरणबद्ध आंदोलन

**रायपुर,** 30 मई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी कदम है इससे प्रदेश में 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिये गये है, नये सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षको के न्यूनतम पदो की संख्या में कटौती करके शिक्षक के हजारो पद खत्म कर दिया गया है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में प्राइमरी स्कूलों में 21.48 छात्रो के बीच एक शिक्षक है, इस अनुपात को बढ़ाकर 30 छात्र प्रति शिक्षक और इसी तरह मीडिल स्कूलों में 26.2 छात्र प्रति शिक्षक के रेसियो को बढ़ाकर 35 छात्र प्रति शिक्षक किया जा रहा है। जिससे शिक्षको के एक तिहाई पद खत्म हो जायेंगे। नये शिक्षकों की भर्तियां न करनी पड़ी इसलिए युक्तियुक्तकरण कर रही साय सरकार। सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने साय सरकार ने षड्यंत्र रचा है। साय सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ेगा। श्री बैज ने कहा कि कांग्रेस युक्तियुक्तकरण के विरोध मे प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी। सरकार के इस रोजगार और शिक्षा विरोधी कदम का डट कर विरोध किया जायेगा। नए सेटअप में प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में एचएम को शिक्षकीय पद मानते हुए प्राइमरी में 30 और मिडिल में 35 बच्चों के बीच एक शिक्षा का सेटअप घोषित किया गया है। प्राथमिक शालाओं में पहली व दूसरी में तीन-तीन विषय एवं तीसरी, चौथी, पांचवी में चार-चार विषय के अनुसार कुल 18 विषय होते हैं, जिन्हें वर्तमान समय में तीन शिक्षकों को 40 मिनट का 6-6 कक्षा लेना होता है, अब युक्तियुक्तकरण के नए नियम के बाद दो ही शिक्षको के द्वारा 18 कक्षाओं को पढ़ाना कैसे संभव हो सकता है? मिडिल स्कूल में तीन क्लास और 6 सब्जेक्ट इस हिसाब से कुल 18 क्लास और 60 बच्चों की कुल संख्या में एचएम और उसके साथ केवल एकमात्र शिक्षक कैसे 18 क्लास ले पाएंगे? इसके अतिरिक्त मध्याह्न भोजन की व्यवस्था डाक का जवाब और अन्य गैर शिक्षकीय कार्यों की जिम्मेदारी भी इन्हीं पर रहेगी।



**शिक्षा विरोधी कदम का कड़ा विरोध किया जाएगा**

श्री बैज ने कहा कि स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन स्कूलों से संलग्न हजारों रसोईया, स्लीपर और मध्यान भोजन बनाने वाली महिला, स्व सहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो जाएगा। नए सेटअप के तहत सभी स्तर प्राइमरी, मिडिल, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलो में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में कटौती के चलते युवाओं के लिए नियमित शिक्षक के पद पर नई भर्ती के अवसर भी कम हो जाएंगे। शिक्षा के स्तर पर बुरा असर पड़ना निश्चित है। इसके पहले भी रमन सरकार के समय भी 3000 स्कूलों को बंद किया गया था जिन्हे कांग्रेस की सरकार बनने के बाद फिर शुरु किया गया।

**जल ही जीवन है**

## सार-संक्षेप

### ध्रुव सोनी बनाये गये भारतीय जनता मजदूर

**दुर्ग,** 30 मई (देशबन्धु)। गंजपारा आजाद वार्ड निवासी सामाजिक कार्यकर्ता ध्रुव कुमार सोनी को भारतीय जनता मजदूर संघ का प्रदेश महासचिव (निर्माण श्रमिक फोरम) मनोनित किया गया है। उनका मनोनयन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रकाश आनंद द्वारा किया गया है।



### आज जेल से बाहर आएंगे सौम्या, रानू समेत 6 आरोप

**रायपुर,** 30 मई। प्रदेश के बहुचर्चित डीएमएफ और कोयला घोटाले के आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है।आरोपी सौम्या चौरसिया, निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर बिश्नोई समेत 6 आरोपियों की 31 मई को जमानत होगी। करीब दो साल बाद सभी आरोपी जेल से बाहर आएंगे पर छत्तीसगढ़ से बाहर रहना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने 8 लोगों की बेल ग्रांट की है, जिसमें 6 लोगों की जमानत हो चुकी है। सूर्यकांत तिवारी और निखिल चंद्राकर की सुनवाई बाकी है। बाकीं 6 लोगों की रिहाई का आदेश जारी हो चुका है।समीर बिश्नोई, रानू साहू, सौम्या चौरसिया, शशिकांत तिवारी, नायक और जयसवाल की रिहाई शनिवार को जेल प्रशासन करेगा।

## उपभोक्ता आयोगो के अध्यक्ष एवं सदस्यों का प्रशिक्षण आज

**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल 31 मई को जिला उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। प्रशिक्षण पंडरी, पुराना बस स्टैण्ड के पास छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग भवन के सम्मेलन कक्ष में सबेरे सवा 10 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अमरेश्वर प्रताप साही एवं छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया द्वारा उपस्थित उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्यों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस : तंबाकू सेवन के बारे में मिथक और तथ्य

**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि तंबाकू सेवन के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और खपत को कम करने के लिए प्रभावी नीतियों की वकालत की जा सके। इसके नुकसानों के बारे में व्यापक जानकारी के बावजूद, तंबाकू के बारे में कई मिथक बने हुए हैं, जिसके कारण इसका लगातार सेवन किया जा रहा है। आइए कुछ आम मिथकों का खंडन करें और तथ्यों को उजागर करें।



**धूम्रपान केवल फेफड़ों को प्रभावित करता है-**

तथ्यः जबकि फेफड़ों के कैंसर और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (ष्ट्रह्रक्क) धूम्रपान से दृढ़ता से जुड़े हुए हैं, तंबाकू शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुँचाता है। इससे निम्न का जोखिम बढ़ जाता हैः

- हृदय रोग और स्ट्रोक (क्षतिग्रस्त रक्त वाहिकाओं के कारण)
- मौखिक और गले के कैंसर
- मधुमेह की जटिलताएँ
- कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली
- प्रजनन संबंधी समस्याएँ (बांझपन, गर्भावस्था की जटिलताएँ)

तथ्यः तंबाकू सेवन का कोई सुरक्षित स्तर नहीं है। कभी-कभार धूम्रपान करने से भी हृदय रोग, कैंसर और समय से पहले मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है। सेकेंड हैंड धूम्रपान से हर साल 1.2 मिलियन से ज़्यादा लोगों की मौत होती है। च्च्सोशल स्मोकर्सज्ज से सेकेंड हैंड धूम्रपान भी बच्चों और गर्भवती महिलाओं सहित अन्य लोगों को नुकसान पहुँचाता है।

**ई-सिगरेट और वेपिंग हानिरहित विकल्प हैं**

तथ्यः हालाँकि ई-सिगरेट में पारंपरिक सिगरेट की तुलना में कम जहरीले रसायन हो सकते हैं, लेकिन वे जोखिम-मुक्त नहीं हैं। वेपिंग अभी भी उपयोगकर्ताओं को निकोटीन (अत्यधिक नशे की लत), हानिकारक एरोसोल और संभावित फेफड़ों के नुकसान के संपर्क में लाती है। दीर्घकालिक प्रभावों पर अभी भी शोध चल रहा है, लेकिन सबूत बताते हैं कि वे हृदय और श्वसन स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचा सकते हैं।

**रायपुर के जाने-माने कैंसर विशेषज्ञ डॉ. रवि जायसवाल ने यह कहते हुए निष्कर्ष निकाला -**

इस विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर, आइए जागरूकता फैलाएं और धूम्रपान करने वालों को नई लत से बचने के साथ-साथ धूम्रपान छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करें। तंबाकू से हर साल 8 मिलियन से ज़्यादा लोगों की मौत होती है - मिथकों के कारण आप या आपके प्रियजनों को जोखिम में न डालें। तंबाकू उद्योग मिथकों पर पनपता है और ज्ञान ही इससे निपटने के लिए हमारे सबसे शक्तिशाली औज़ारों में से एक है। स्वास्थ्य चुनें, जीवन चुनें!

**- डॉ. रवि जयसवाल**
कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट और हेमेटोलॉजिस्ट
रामकृष्ण केयर अस्पताल, रायपुर

# चरामेति विकलांग सेवा के तहत दी गई व्हीलचेयर एवं दवाईयां



**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। चरामेति फाउंडेशन द्वारा स्पाइनल कॉर्ड इंजरी से ग्रस्त प्रदीप पाल को व्हीलचेयर एवं बैंडेज मटेरियल सर्जिकल स्पिरिट, अधेसिव टेप, बेटाडिन सहित पल्मीजेस कैप्सूल, मेगाहिल ओइन्टमेंट, टेबलेट पेंटोप, प्रेगाबा, एबिलिटी, आदि आज प्रदान की गई। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर इस परिवार को रमेश राव, जितेन्द्र दामा, डॉ. मृणालिका ओझा, डॉ. होमेन्द्र कुमार साहू, वीरेंद्र, भीम, घनश्याम सराठे, वी. के. महालय, नीलेश अग्रवाल आदि के सहयोग एवं उपस्थिति में उक्त सामग्री प्रदान की गई।

## निधन

### सिकंदर सिंह ठाकुर

**बागबाहरा,** 30 मई। नगर के वार्ड नंबर 3 थानापारा निवासी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद सिकंदर सिंह ठाकुर का आज 30 मई की सुबह एमएमआई हॉस्पिटल रायपुर में ईलाज के दौरान निधन हो गया। वे लगभग 66 वर्ष के थे। तथा वे चंडी मदिर समिति घुंचापाली के उपाध्यक्ष भी थे। जिनका अंतिम संस्कार कल 31 मई शनिवार की सुबह 10 बजे स्थानीय मंडी तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।



### लियोराज कुंजाम

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 30 मई। टोनाटार निवासी दौलत कुंजाम शिक्षक के सुपुत्र लियोराज सिंह कुंजाम उम्र 10 वर्ष का आकस्मिक निधन 29 मई को हो गया। उनका अंत्येष्टि कार्यक्रम बोरबारी खेत में 30 मई को संपन्न हुआ। वे जनपद सदस्य शांतिदेवी कुंजाम के नाती व प्रेम माया के सुपुत्र थे।



# बॉलीवुड फिल्मों के निर्माता-निर्देशक विपुल शाह ने टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक से की मुलाकात

## नवा रायपुर में प्रस्तावित फिल्म सिटी पर की चर्चा




**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। वक्त, नमस्ते लंदन, हॉलिडे जैसी सुपरहिट बॉलीवुड फिल्मों के प्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक विपुल शाह ने आज छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नवा रायपुर में प्रस्तावित फिल्म सिटी परियोजना की जानकारी ली और उसमें अपनी रुचि भी जाहिर की।

बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ पर्यटन पर आधारित वीडियो प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया गया और फिल्म सिटी की रूपरेखा साझा की गई। बता दें कि साय सरकार के प्रयास से केंद्र सरकार ने स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2024-25 के तहत नवा रायपुर में चित्रोत्पला फिल्म सिटी के निर्माण के लिए 95.79 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है।

छत्तीसगढ़ में फिल्म मेकिंग और फिल्म टूरिज्म के लिए फिल्म सिटी निर्माण के माध्यम से अपार संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं। यह सफलता छत्तीसगढ़ के पर्यटन विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और राज्य को एक वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने की दिशा में नए अवसर खोल रही है।

## धर्मान्तरण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई 9 आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग,** 30 मई (देशबन्धु)। दुर्ग में आज धर्मान्तरण के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए पद्मनाभपुर पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में रायपुर नाका चर्च के पास की निवासी मधु तांडी पिता राजेश पटेल (35), विलियम पिता जान स्टर्लिंग (50) से.7 भिलाई, ममता कुमारी पिता स्व. मनोज दीक्षित (50) खंडेलवाल कालोनी दुर्ग, राजेश पटेल पिता यशवंत पटेल (35) सुपेला हालिया पता रायपुर नाका दुर्ग, शुभम दीप पिता रमेश दीप (24) रायपुर नाका दुर्ग, नीता बघेल पति भोलेन्द्र बघेल (40) हुडको भिलाई, बिनी टांडी पति राजेन्द्र तांडी(30) रायपुर नाका दुर्ग, सपनदीप पति रमेश दीप (42) रायपुर नाका देवंती बघेल पिता भोलेन्द्र बघेल (21) हुडको भिलाई है। इन सभी को पद्मनाभपुर पुलिस ने धारा 299 बीएनसी छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# भाजपा का घर-घर सिंदूर बांटना सुहागन महिलाओं का अपमान : कांग्रेस

**रायपुर,** 30 मई। भाजपा के द्वारा घर-घर सिंदूर बांटने का कार्यक्रम महिलाओं का अपमान है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय संस्कृति के अनुसार किसी सुहागन को सिंदूर देने का अधिकार केवल उसके पति को होता है। एक महिला जब सिंदूर लगाती है तो यह उसके माथे पर उसके सुहाग का प्रतीक होता है। महिलाएं सिर्फ अपने पति के द्वारा दिए सिंदूर को ही लगाती है तथा एक महिला स्वयं भी सिंदूर खरीदती है तो अपने पति के नाम पर खरीदती है। भाजपा के सिंदूर बांटने के कृत्य से सुहागन स्त्री के स्त्रीत्व और सतित्व को चुनौती देने का प्रयास है। कांग्रेस भाजपा के इस आचरण का विरोध करती है। कांग्रेस पूरे प्रदेश में महिला कांग्रेस के माध्यम से भाजपा के इस अभियान का विरोध करेगी। भाजपा के इस स्तरहीन कार्यक्रम को बंद किया जाना चाहिए।



**भाजपा सेना का राजनीतिकरण कर मजाक बना रही है**

श्री शुक्ला ने कहा कि भाजपा सेना के शौर्य का राजनीतिकरण करके सेना के पराक्रम का मजाक बना रही है। देश की सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया तब पूरे देश ने समवेत स्वर से सेनाओं के पराक्रम की सराहना किया। देश एकजुटता से इस अभियान के साथ खड़ा था लेकिन अपनी राजनैतिक महत्वकांक्षा के चलते मोदी और भाजपा ने ऑपरेशन सिंदूर का राजनैतिकरण कर दिया। प्रधानमंत्री जब कहते है उनकी रगो में नये दौड़ रहा तब देश का हर नागरिक अपने प्रधानमंत्री के आचरण से आहत हुआ है। अब भारतीय जनता पार्टी सिंदूर बांटने का कार्यक्रम चलाकर देश की महिलाओं का अपमान कर रही है।

# रायपुर में 6 जून से तीन दिवसीय आम महोत्सव

## कृषि विश्वविद्यालय में आम की 200 से अधिक किस्मों की लगेगी प्रदर्शनी

**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन और प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 6, 7 एवं 8 जून को कृषि महाविद्यालय परिसर रायपुर में ''फलों के राजा'' आम के राष्ट्रीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में आम की 200 से अधिक किस्मों एवं आम से बने 56 व्यंजनों का प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने आज उनके निवास कार्यालय में भेंट कर राष्ट्रीय आम महोत्सव के शुभारंभ समारोह में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री साय ने आम महोत्सव में शामिल होने के लिए सहर्ष मंजूरी दी।

डॉ. चंदेल ने मुख्यमंत्री साय को कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कार्यरत 27 कृषि विज्ञान केन्द्रों में कार्यरत वैज्ञानिकों एवं अन्य कर्मचारियों के वेतन एवं पेंशन में आ रही समस्याओं के संबंध में भी अवगत कराया।साथ ही इन समस्याओं के निराकरण के लिए राज्य शासन की ओर से वित्तीय मदद दिए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित महाविद्यालयों से सेवानिवृत्त होने वाले प्राध्यापकों एवं अन्य कमर्चारियों को पेंशन देने के लिए भी राज्य सरकार की ओर से वित्तीय सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया।मुख्यमंत्री साय ने डॉ. चंदेल को इन समस्याओं के निराकरण के लिए सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।



कुलपति ने मुख्यमंत्री साय को दिया न्योता

राष्ट्रीय आम महोत्सव में आम की विभिन्न किस्मों की प्रतियोगिता आयोजित की जा एगी, जिसमें छत्तीसगढ़ एवं देश के विभिन्न राज्यों के आम उत्पादक शामिल होंगे। इस अवसर पर आम से बने विभिन्न व्यंजनों की प्रतियोगिता भी आयोजित है। आम की सजावट प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है, जिसमें विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थी, महिलाएं तथा अन्य सामान्यजन भी पंजीयन कर भागीदारी कर सकते हैं। इस महोत्सव में पंजीयन एवं प्रवेश पूर्णतया नि:शुल्क है। राष्ट्रीय आम महोत्सव में संस्थागत एवं व्यक्तिगत प्रतियोगी भी सहभागी हो सकते हैं।

आयोजन के प्रथम दिवस 6 जून को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक प्रविष्टियों का पंजीयन किया जाएगा। इसके बाद सामान्यजनों के लिए प्रदर्शनी अवलोकनार्थ तीनों दिन रात 9 बजे तक खुली रहेगी। प्रदर्शनी में आम की विभिन्न किस्मों के फल, आम के विभिन्न उत्पाद एवं आम के पौधे भी विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे। द्वितीय दिवस 7 जून को आम उगाने वाले कृषकों एवं जिज्ञासुओं के लिए 12 बजे से 4 बजे तक तकनीकी मार्गदर्शन एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ में उच्च गुणवत्ता के आम की विभिन्न किस्मों का उत्पादन, आम के विभिन्न उत्पाद एवं उनके विपणन के साथ ही आम उत्पादन हेतु छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की जाएगी। तृतीय दिवस 8 जून को आम उत्पादक कृषकों एवं उद्यामियों की सफलता की कहानी उन्हीं की जुबानी 12 से 4 बजे तक आयोजित होगा।

# पं. रविशंकर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार पद से हटाए गए पटेल

- 3 साल तक चली सुनवाई
- हाइकोर्ट ने बताया नॉन एलिजिबल
- अब ब्यास होंगे नए कुलसचिव

**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ शैलेंद्र पटेल को हाईकोर्ट के फैसले के बाद हटा दिया गया है। फार्मेसी के प्रोफेसर डॉ अम्बर व्यास को अब यूनिवर्सिटी के नए कुल सचिव होंगे। इस संबंध में 28 मई देर रात उच्च शिक्षा विभाग की ओर से आदेश भी जारी कर दिया गया है। डॉ पटेल की पदस्थापना उच्च शिक्षा विभागए इंद्रावती भवन में की गई है। डॉ पटेल साल 2022 में कुलसचिव बने थे। लेकिन तब से ही उनकी नियुक्ति को लेकर लगातार सवाल खड़े होते हैं। कोर्ट के फैसले से पहले तीन अलग.अलग जांच में भी वो अयोग्य पाए गए थे। बावजूद इसके वो पिछले तीन सालों से यूनिवर्सिटी से जुड़े फैसले ले रहे थे। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवनए नवा रायपुर अटल नगर आदेश नया रायपुर अटल नगर 28 05 2025 राज्य शासन एतद् द्वारा डॉ अम्बर व्यास प्राध्यापक फार्मसी विभागए पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर को आगामी आदेश पर्यना तत्काल प्रभाव से प्रभारी कुलसविय पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर का कार्यभार सौंपा जाता है। इसके आधार पर डॉ पटेल को कुलसचिव बनाया गया था। दस्तावेज सत्यापन के समय भी आयुक्त उच्च शिक्षा ने अयोग्य बताया था। तब चार लोगों की टीम ने मामले की जांच की थी। इसी मामले में 25 अप्रैल 2023 को तीन प्रिंसिपल की एक और जांच समिति बनाई गई। इसकी रिपोर्ट 6 जून 2023 को आई। तीनों ने 5 प्वाइंट पर अपनी रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य विश्वविद्यालय सेवा अधिनियम के तहत तय किए गए मानक पर पटेल खरे नहीं उतरते। प्रोफेसर डॉ अम्बर व्यास को अब कुल सचिव होंगे।

**डॉ पटेल ने तीन याचिका लगाईए तीनों खारिज :** साल 2022 में डॉ पटेल की नियुक्ति को लेकर एक एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। जिसमें शिकायतकर्ता राहुल गिरी गोस्वामी ने पटेल की योग्यता और नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे। डॉ पटेल ने खुद को डिफेंड करते हुए तीन याचिका कोर्ट में लगाई। तीन साल तक पूरे मामले में सुनवाई चलती रही। आखिरी सुनवाई 6 मार्च 2025 को हाई कोर्ट में हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। 22 मई को कोर्ट ने फैसला सुनाया डॉ पटेल की तीनों याचिकाओं को कोर्ट ने खारिज कर दिया।

**डिप्टी रजिस्ट्रार पद पर पोस्टिंग के समय भी हुई थी शिकायत :** डॉ पटेल को करीब 10 साल पहलेए 2015.16 के दरम्यान बस्तर विश्वविद्यालय में डिप्टी रजिस्ट्रार के पद पर पोस्टिंग दी गई थी। उस वक्त भी डिप्टी रजिस्ट्रार पद के पात्रता नियमों को पूरा नहीं करने का आरोप डॉ पटेल पर लगा था। इसकी लिखित शिकायत भी विभाग के तत्कालीन अफसरों से की गई थी।

# वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी वीरेंद्र पटेल के खिलाफ मामला दर्ज

**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति से संबंधित मामले में छत्तीसगढ़ महालेखाकार कार्यालय के वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी वीरेंद्र पटेल के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। ब्यूरो ने एक अधिकृत बयान में कहा है कि आरोपी भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त है और आपराधिक कदाचार का अपराध करके जानबूझकर खुद को अवैध रूप से समृद्ध किया है।

यह भी आरोप लगाया गया था कि अधिकारी ने अपनी आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की है। इसके अलावा यह भी आरोप लगाया गया कि आरोपी ने 01 जनवरी 2013 से 31 मार्च 2025 की अवधि के दौरान अपने अपनी पत्नी और अपने बेटे के नाम पर 3 करोड़ 32 लाख 93,298 रुपए की अचल चल संपत्ति अर्जित संचित की थी। सीबीआई रायपुर ने पिछले साल पटेल के तीन ठिकानों घर और आधिकारिक परिसरों में छापे भी मारे थे।

# उपासना का सीधा अर्थ है हर स्थिति में आगे बढ़ना : संजय सलिल

**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। श्री खाटू श्याम मंदिर, समता कॉलोनी, रायपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस डॉक्टर संजय कृष्ण च्सलिलज्ञ महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि हमारे सभी ग्रंथ पुराण एवं वेद यही बताते हैं कि हम सभी को उपासना करनी चाहिए । हमारे जो इष्ट हैं उनकी हम उपासना पूजा पाठ ध्यान करते हैं यह सभी साधन उनके अंग हैं । उपासना का सीधा अर्थ है आगे बढ़ाना हर परिस्थिति में आगे बढ़ाना, वासना से उपासना की ओर आगे जाना । महाराज ने बताया जब साधक सत्कर्म की ओर अग्रसर होता है तो अनेक विघ्न आते हैं जो हमें विचलित करते हैं ऐसे समय में हमारे प्रभु हमारी सहायता के लिए संत गुरु के रूप में आकर हमें स्थिति से जूझने का मार्ग दिखाते हैं और हमें धकेल कर ठाकुर के चरणों तक पहुंचा देते हैं ।



आज की कथा में महाभारत के भीष्म कथा का मार्मिक वर्णन कर भक्तों को भाव विभोर कर अश्रुधारा से ओत-प्रोत कर दिया।कथा में भगवान शिव और भगवान सुकदेव की जीवंत झाकियो ने मन मोह लिया। आज की कथा में सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत रहूगंन संवाद, प्रहलाद चरित्र पर महाराज श्री ने प्रकाश डाला।आज की कथा के यजमान श्री त्रिपद जैन और विशाल अग्रवाल थे ।

मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल के अध्यक्ष नितेश अग्रवाल युवा अग्रवाल मंच महिला इकाई के अध्यक्ष श्रीमती संध्या अग्रवाल नारायण अग्रवाल एवं पंकज अग्रवाल कहा कि मधुर संगीत और महाराज के मीठे सुरों में भजन के साथ प्रवचन का आनंद लेने प्रतिदिन शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक श्याम मंदिर समता कॉलोनी में सादर आमंत्रित हैं । कथा स्थल में विकलांगों की सहायतार्थ विभिन्न सामग्री प्रदाय करने का कार्य नारायण सेवा संस्थान के सहयोग से किया जा रहा है ।

# फर्जी डीडी बनाकर बैंक के साथ करोड़ों रुपए की ठगी

**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। फर्जी डी डी बनाकर बैक के साथ करोडो रूपये ठगी के मामले में पुलिस ने 2 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है बताया गया कि प्रार्थी मुन्ना सिंह ने थाना मौदहापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि सोलस हाईटस अमलीडीह रायपुर में रहता है तथा इंडसइंड बैंक शाखा एम जी रोड रायपुर में प्रबंधक के पद पर कार्यरत था। प्रार्थी की शाखा में आकाश नाई का श्याम ट्रेडिंग के नाम से करेंट एकाउंट है। 27 फरवरी को आकाश नाई प्रार्थी के बैंक आया उससे पूर्व दो व्यक्ति आये थे जिन्होने आकाश नाई को एक डिमांड ड्राफ्ट दिया जिस डिमांड ड्राफ्ट को भरकर आकाश नाई ने जमा किया जिसमें राशि 4,95,00,000 रूपये थी जिसे चेक करने पर उक्त डी डी_बंजारा हिल्स हैदराबाद की शाखा से बनी होना पाया। जिसे आर आर एनर्जी प्रालि के मालिक फनेन्द्र कुमार की ओर से एकांउटेंट के एन एस कुमार के द्वारा दिनांक 24 फरवरी को चेक के माध्यम से 4 95 00 000 रूपये का डिमांड ड्राफ्ट बनाया गया था। उक्त डिमांड ड्राफ्ट श्याम ट्रेडिंग के नाम से बना होना पाये जाने पर और अधिक स्पष्ट करने के लिये शाम 7 बजे उक्त डिमांड ड्राफ्ट को राशि को श्याम ट्रेडिंग के खाते में जमा किया गया था। बंजारा हिल्स की इंडसइंड बैंक ब्रांच से प्रार्थी की ब्रांच को फोन आया कि जो डिमांड ड्राफ्ट श्याम ट्रेडिंग के नाम से बना है उसको बनाने वाले के एन एस कुमार उक्त डिमांड ड्राफ्ट को कैंसिल कराने आये है। तब प्रार्थी द्वारा बंजारा हिल्स की ब्रांच को बताया गया कि उक्त डिमांड ड्राफ्ट हमारे यहां जमा है उसका भुगतान श्याम ट्रेडिंग को कर दिया गया है। जिसके पश्चात् बंजारा हिल्स की ब्रांच के द्वारा बताया गया कि जो डिमांड ड्राफ्ट के एन एस कुमार के द्वारा बनाया गया था वह उनके पास है और वह असली डिमांड ड्राफ्ट है जो वह कैंसिल कराना चाह रहे है। जिसके बाद प्रार्थी ने यह पाया कि उसकी ब्रांच में जो डिमांड ड्राफ्ट श्याम ट्रेडिंग के प्रोपराईटर आकाश नाई के द्वारा जमा किया गया है वह नकली है जिसके पश्चात् प्रार्थी ने श्याम ट्रेडिंग के खाता धारक आकाश नाई के खाते की जांच की जिसमें से 29 57 000 रूपये की राशि को अलग . अलग व्यक्तियों को भुगतान किया गया है व एटीएम से निकाल लिया जाना पाया गया जिसके बाद प्रार्थी ने आकाश नाई के खाते की शेष राशि 4,65,00,000 रूपये को डेबिट फ्रीज कर दिया। इस प्रकार आकाश नाई व उसके साथियों के द्वारा योजना बनाकर नकली डिमांड ड्राफ्ट 4,95,00,000 रूपये की राशि का अवैध रूप से आर्थिक लाभ अर्जित करने के लिये तैयार कर बैंक में लगाया गया एवं 29,57,000 रूपये की राशि निकालकर बैंक के साथ धोखाधडी किया जाना पाया गया था। जिस पर आकाश नाई एवं उसके साथियों के विरूद्ध थाना मौदहापारा में धारा 420 467 468 471 120बी भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी मौदहापारा के नेतृत्व में थाना मौदहापारा पुलिस की टीम द्वारा वर्ष 2023 में घटना को अंजाम देने के पश्चात् से लगातार फरार चल रहे आरोपियों के छिपने के हर संभावित ठिकानों में रेड कार्यवाही की जाकर आरोपियों के पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान थाना मौदहापारा पुलिस टीम के सदस्यों को प्रकरण में आरोपी अकाश नाई एवं कमल किशोर केशरवानी के रायपुर में उपस्थिति के संबंध में महत्वपूर्ण जानाकरी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा उनकी पतासाजी करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी आकाश नाई एवं कमल किशोर केशरवानी ने अपने अन्य सार्थियों के साथ मिलकर ठगी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की गई है। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपी फरार है जिनकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।



2 आरोपी गिरफ्तार

# थाने में ब्लेड से युवक ने खुद का रेता गला



**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। राजधानी के मौदहपारा थाना में युवक ने ब्लेड से अपना गला रेत दिया गंभीर हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

युवक का नाम सूरज जोगी निवासी कुशालपुर है और वह नशे का आदी है इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा यह घटना 29 मई की है रात करीब 8 बजकर 05 मिनट पर एक युवक मौदहापारा थाने पहुंचा और वहां मौजूद पुलिसकर्मियों से कहा कि उसे मरना है और युवक ने अपने हाथ में रखे ब्लेड से अपने गले पर वार कर दिया युवक को लहूलुहान हालत में पुलिस ने मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया

पुलिसकर्मियों में मचा हड़कंप

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी ठोकर, 8 वर्षीय बच्ची की मौत

**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। रायपुर के सड़कों पर सड़क दुर्घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा है। विधानसभा से सिलयारी के लिए होकर गुजरी पीडब्ल्यूडी के चमचमाती सड़क पर बेलगाम वाहनों की धमा चौकड़ी से सड़क खून प्यासी हो गई है। विधानसभा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार की दोपहर में बरौदा व भुरकोनी के पास एक अज्ञात ट्रैक्टर ने बाइक में सवार पति.पत्नी व दो बच्चों को सामने से ठोकर मार दी। हादसे में इलाज के दौरान 8 वर्षीय बालिका दीपांशीका वर्मा की गुरुवार सुबह अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसारए आकोली गांव के निवासी शिक्षक चोवा राम वर्मा पत्नी अनीता वर्मा व दो बच्चों के साथ एक मोटरसाइकिल में सवार होकर रायपुर के तरफजा रहे थे। इसी दौरान बरौदा गांव पहुंचने के पहले बरौदा से भुरकोनी के तरफआ रही तेज रफ्तार एक अज्ञात ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल सवार को सामने से ठोकर मार दी। ठोकर लगते ही शिक्षक के परिवार सड़क पर ही लहूलुहान हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 8 वर्षीय दीपांशीका वर्मा कि इलाज के दौरान गुरुवार सुबह 9 बजे मौत हो गई। जबकि पिता चोवा राम वर्मा ए मां अनीता वर्मा ए बड़ी बहन टुकटुक वर्मा कि निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस जांच में जुटे हुए हैं और जल्द ही अज्ञात ट्रैक्टर को पकड़ने की बात कही है।

**इस आधे मोड सड़क में अक्सर होते हैं हादसे:** शाम ढलने के बाद विधानसभा से सिलयारी के तरफजा रहे तो सावधान हो चलिए क्योंकि जगह.जगह अवैध प्लाटिंग के चलते मुरूम मिट्टी का ढेर लगा हुआ है तो दूसरी ओर स्पीड बेकार नहीं होने के चलते मोटरसाइकिल कार ट्रक की स्पीड काफी अधिक रफ्तार रहती है। अक्सर आधे मोड़ में दुर्घटना हो रही है जैसे ग्राम बरौदा भुरकोनी कोलंबिया कॉलेज टेकारी मांढर कॉलोनी शिव मंदिर पासए योगेंद्रनगर मांढर ए नेऊरडीह व बरबंदाएटोर पथरी बोहरही मोड पर आए दिन सड़क दुर्घटना में लोगों की जान जा रही है

# रिलायंस डिजिटल स्टोर में चोरी, 5 गिरफ्तार

**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। प्रार्थी सोमनाथ लसेर ने थाना सरस्वती नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि सरस्वती क्षेत्रांतर्गत जी ई रोड स्थित रिलायंस रिटेल लिमिटेड शॉप में डिर्पाटमेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत है। 25 मई की दरमियानी रात को लगभग 1.30 बजे प्रार्थी को उसके स्टॉफद्वारा सूचना दिया गया कि स्टोर में चोरी हो गया है सूचना पर प्रार्थी स्टोर का निरीक्षण करने पर पहुंचा तो देखा कि स्टोर के गेट का कांच टूटा हुआ था जिस पर प्रार्थी द्वारा अपने अन्य स्टॉफके साथ सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेज को चेक किया। जिस पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्टोर का कांच तोड़कर अंदर प्रवेश किया तथा स्टोर के आईफोन सेक्शन में 01 संदिग्ध व्यक्ति द्वारा कैबिनेट को तोड़कर उसमें रखे आईफोन को चोरी कर फरार हो गया। जिसपर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना सरस्वती नगर में धारा 331,4 305 3;5, बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी सरस्वती नगर को आरोपी की जल्द से जल्द पतासाजी कर गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना सरस्वती नगर पुलिस की संयुक्त पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ.साथ घटना के संबंध में प्रार्थी तथा आस.पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास में लगे सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाकर भी आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को प्रकरण में संलिप्त आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिसपर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में आरोपी चौबे कॉलोनी निवासी मयंक दीक्षित की पतासाजी कर पकड़ा गया। आरोपी को पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताने के साथ.साथ चोरी का आईफोन निखिल गर्ग चंदन वर्मा अमित अग्रवाल एवं आशीष लखवानी को देना बताया। चोरी का सामान रखने पर आरोपी निखिल गर्ग, चंदन वर्मा, अमित अग्रवाल एवं आशीष लखवानी के विरूद्ध प्रकरण में धारा 317;4 बी एन एस जोड़ी जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।



सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर कब्जे से 16 नग आईफोन 02 नग स्मार्टवॉच एवं 01 नग एप्पल ईयरपॉड एवं घटना में प्रयुक्त 01 नग एक्टिवा वाहन जुमला कीमती 21 00 000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है।

# धारदार चाकू के साथ 2 युवक पकड़ाए

**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। थाना खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि भनपुरी चौक के पास एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा है कि तत्काल खमतराई पुलिस टीम द्वारा भनपुरी चौक पहुंचकर आरोपी तोपेश्वर उर्फराजा निर्मलकर पिता शिवकुमार निर्मलकर उम्र.19 वर्ष निवासी जुटमील के पास रामेश्वर नगर भनपुरी जिला रायपुर के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इसी प्रकार खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि जूट मिल के पास भनपुरी में एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा है कि तत्काल खमतराई पुलिस टीम द्वारा जूट मिल के पास भनपुरी पहुंचकर आरोपी केतन उर्फकार्तिक साहू पिता चोवाराम साहू उम्र.19 वर्ष निवासी कमल चौक संतोषी मंदिर के पास भनपुरी जिला रायपुर के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।



# फिर मिले कोरोना के नए मरीज

**रायपुर,** 30 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण में एक बार फिर से बढ़ोतरी हुई है। राजधानी रायपुर में तीन दिन बाद दो नए कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान हुई है। इसके साथ ही रायपुर में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 4 हो गई हैए जबकि पूरे प्रदेश में कुल संक्रमितों की संख्या अब 5 हो चुकी है।

जानकारी के अनुसारए आज जिन दो लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई हैए उनमें एक पुरुष 74 वर्ष और एक महिला 42 वर्ष शामिल हैं। पुरुष संक्रमित टाटीबंद क्षेत्र का रहने वाला है जबकि महिला प्रेम नगरए मोवा इलाके की निवासी है। हैरानी की बात यह है कि दोनों ही मरीज़ों की कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है। इससे संक्रमण के स्थानीय स्तर पर फैलने की आशंका भी जताई जा रही है। आज जो दो कोरोना मरीज पाए गए हैं। इनमें से एक मरीज़ की पहचान एम्स रायपुर की कोरोना ओपीडी में हुई जबकि दूसरी संक्रमित महिला राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल डॉण् भीमराव अंबेडकर मेमोरियल हॉस्पिटल मेकाहारा की नर्स है।

एक नर्स समेत दो संक्रमित कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं

### संक्रमण से बचने बरते सावधानी

लोगों से आग्रह है कि वे सावधानी बरतें भीड़.भाड़ वाले इलाके में मास्क का उपयोग करें और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। साथ ही कोरोना के शुरुआती लक्षण दिखने पर तुरंत परीक्षण कराएं और आवश्यक हो तो डॉक्टर से संपर्क करें।

**उल्टा पुल्टा**

पत्नी से परेशान पति एक दिन पंडित जी के पास पहुंचा और बोला- पंडित जी एक बात बताइए कि ये जनम-जनम का साथ वाली बात क्या सही है।
पंडित जी- सौ फीसदी सही है।

# 77 लाख से अधिक की लागत से किया जायेगा मालवीय नगर चौक का कायाकल्प, सौंदर्यीकरण

**दुर्ग,** 30 मई (देशबन्धु)। नगर निगम एवं जिला प्रशासन द्वारा शहर के व्यस्ततम माने जाने वाले मालवीय नगर चौक का 77.80 लाख रूपये की प्रस्तावित लागत से कायाकल्प कर आधुनिककरण किया जायेगा। जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा इसका पूरा खाका तैयार कर लिया गया है। इस कायाकल्प के तहत मालवीय नगर चौक में ट्रेफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ ही एक अच्छा लुक देने की तैयारी की जा रही है। इससे बार बार होने वाले जाम से भी नागरिकों को राहत मिलेगी। आज महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं सभापति श्याम शर्मा ने एमआईसी प्रभारियों की टीम के साथ मौका निरीक्षण किया। यह कार्य डीएमएफ मद से कराया जायेगा।

उक्त चौक कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत इस चौक की रोटरी व आईलैंड को दी डिजाइन




के साथ ही प्लेस मार्किंग के आकर्षक कार्य कराये जायेगें। इसके साथ ही ट्रेफिक व्यवस्था में अवरोधक बने बिजली के खंभे, डिवाइडर, ट्रेफिक सिग्नल को शिफ्ट किया जायेगा। अधिकारियों के अनुसार फिलहाल चौक के सर्वे कार्य पूरा हो चुका है। शीघ्र ही निविदा आमंत्रित कर चौक के विकास व सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। यहां आरसी मानकों के अनुसार सुरक्षा के उपाय किये जायेगें। चौराहे पर प्लेस मेकिंग का कार्य कराया जायेगा। रोटरी को रिडिजाईन किया जायेगा। यहां पर रेल्वे ओव्हर ब्रिज के पास एक यू टर्न है। यहां से अभी सिर्फ एक तरफा ट्रेफिक टर्न कर सकता है। इसे नये सिरे से डिजाईन करते हुए इस तरह से विकसित किया जायेगा कि दोनों तरफ का यू टर्न लिया जा सके।

इस मौके पर महापौर के साथ एमआईसी के प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, कांशीराम कोसरे, नीलेश अग्रवाल, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, लीलाधर पाल, कुलेश्वर साहू सहायक अभियंता राजेन्द्र ढवाले, उपअभियंता हरिशंकर साहू, पंकज साहू के अलावा यातायात अधिकारी व ठेकेदार उपस्थित थे।

# युवती को ब्लेकमेल करते हुए 1 लाख मांगने के आरोप में दो युवक गिरफ्तार, जेल भेजे गये

**दुर्ग,** 30 मई (देशबन्धु)। अंजोरा पुलिस चौक में वहीं की एक कालेज छात्रा द्वारा दो युवकों के विरूद्ध उसे ब्लेक मेल कर 1 लाख रूपयों की मांग करने तथा गाली गलौच कर प्रताड़ित करने की रिपोर्ट दर्ज कराये जाने पर पुलिस ने दो आरोपी युवकों वैभव भारती गोस्वामी, एवं प्रितम जैन को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों पुलिस ने आज न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

पुलिस में दर्ज करी गई रिपोर्ट के अनुसार 29 मई की शाम करीब 4 बजे छात्रा अपने कालेज के सामने मित्रों के साथ खड़ी थी तभी एक वैक्स वैगन कार में 2 युवक भारती और उसका मित्र प्रियम जैन पहुंचे और वैभव भारती उससे 1 लाख रूपये की मांग करने लगा। पैसा नहीं देने पर जान से मारने व उसे बदनाम करने सहित धमकी व गाली गलौच करने लगा। छात्रा के अनुसार आरोपी

■ **आरोपी अपनी कार की नेमप्लेट में डिप्टी कलेक्टर लिखाकर कालेज पहुंचे थे**

ने अपनी कार की नेमप्लेट पर डिप्टी कलेक्टर लिखा रखा था। आरोपियों के वहां से निकल जाने पर छात्रा ने अंजोरा पुलिस चौकी पहुंचकर लिखित रिपोर्ट कराई जिस पर पुलिस ने धारा 308(2), 308 (4), 296, 351 (3) 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया।

रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने आरोपियों का पीछा किया और दोनों आरोपियों को तत्काल दुर्ग बस स्टैंड पहुंचकर हिरासत में ले लिया। कड़ी पूछताछ में इन आरोपियों ने पुलिस को सारी जानकारी देते हुए अपनी वैक्स वैगन कार जब्त करा दी। पुलिस ने इनके पास से मोबाईल फोन इत्यादि भी बरामद कर लिया है। इस प्रकरण में दो आरोपी वैभव भारती )21) छेपड़ा पारा कोंडागांव व प्रियम जैन खरियार रोड है। प्रार्थिया छात्रा के अनुसार वह वैभव को विगत 3 वर्षो से जानती थी। उनके बीच मोबाईल पर चर्चा भी होती थी। बाद में इनके बीच दोस्ती टूट गई। इससे नाराज आरोपी युवक उसे बदनाम करने की धमकी देने के साथ ही 1 लाख रूपये की मांग करते हुए गाली गलौच करता था।

# आज से कोलिहापुरी में चंद्रनाहू कूर्मि क्षत्रिय समाज का दो दिवसीय अधिवेशन



■ **आज प्रथम दिन कैरियर गाईडेंस पर वित्तमंत्री चौधरी का वक्तव्य**

**दुर्ग,** 30 मई (देशबन्धु)। सामाजिक बैठक अब केवल समाज के गतिविधियों के चर्चा तक ही सीमित नही रह गया हैए बल्कि अपने समाज के विद्यार्थियों, युवाओं, किसानों व व्यापारियों को सक्षम और मजबूत बनाने बैठक में कैरियर गाईडेंस जैसे प्रभावी कार्यक्रमों का समावेश किया जा रहा है। यह बड़ी पहल चन्द्रनाहूँ कूर्मि क्षत्रिय समाज छग प्रदेश द्वारा की जा रही है। जिसकी झलक चन्द्रनाहूँ कूर्मि क्षत्रिय समाज दुर्ग राज द्वारा ग्राम कोलिहापुरी स्थित 36 फोर्ट परिसर में कल 31 मई और 1 जून को आयोजित दो दिवसीय 54 वें केन्द्रीय महाअधिवेशन में दिखाई देगी। महाधिवेशन की शुरुआत 31 मई को सुबह 9 बजे इष्टदेव एवं महापुरुषों के तैल्यचित्र की पूजा.अर्चना के साथ होगी। इस दिन प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि वित्त, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी होंगे। श्री चौधरी महाधिवेश में दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक समाज के विद्यार्थियों, युवाओं, किसानों व व्यापारियों को कैरियर गाईडेंस देकर उनका मार्गदर्शन करेंगे। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, चन्द्रनाहूँ कूर्मि क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष विनोद चंद्राकर, पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष अश्वनी चंद्राकर मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता चन्द्रनाहूँ कूर्मि क्षत्रिय समाज दुर्ग राज अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर करेंगे।

द्वितीय दिन 1 जून को समापन के प्रथम सत्र में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रुप में केबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा, सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता चन्द्रनाहूँ कूर्मि क्षत्रिय समाज छग प्रदेश अध्यक्ष विनोद चंद्राकर करेंगे। समापन समारोह ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# एसएसपी ने पुलिस लाईन में जनरल परेड की ली सलामी



**दुर्ग,** 30 मई (देशबन्धु)। पुलिस लाईन जिला दुर्ग में जनरल परेड का आयोजन किया गया। जनरल परेड की सलामी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला दुर्ग विजय अग्रवाल द्वारा ली गई। सलामी पश्चात परेड में सम्मिलित अधिकारीध्कर्मचारियों की वेशभूषा का निरीक्षण किया गया। उत्तम वेशभूषा धारण करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। इसके पश्चात स्वान दलए बैंड पार्टी तथा शासकीय वाहनों का निरीक्षण किया गया। कानून व्यवस्था स्थापित करने में उपयोगी वाहनों के रखरखावों का जायजा लिया जाकर वाहनों को अच्छी कंडीशन में रखने की हिदायत दी गई। परेड पश्चात उत्कृष्ट विवेचना करने वाले विवेचकों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# भाजपा सरकार ने दुर्ग विस क्षेत्र में 3 सौ करोड़ के स्वीकृत विकास कार्य निरस्त कर दिए, ग्रामीणों में रोष : ताम्रध्वज



**दुर्ग,** 30 मई (देशबन्धु)। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक और छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महमरा, चंगोरी, बिरेझर, बिरेझर भांठा, थनौद, अंजोरा ख, सिलोदा, खपरी, रसमड़ा एवं पीपरछेड़ी में जन सम्पर्क दौरा कर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और उनके कार्यकाल में स्वीकृत किए गए विकास कार्यों की यथास्थिति की जानकारी ले रहे हैं।

इस मौके पर ताम्रध्वज साहू ने कहा कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा का चहुंमुखी विकास कांग्रेस पार्टी की देन है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विकास के लिए जो भी मांगें रखी गईं, पूर्व कांग्रेस सरकार में पूरी हुई और क्षेत्र ने प्रगति के नए सोपान तय किए।

वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य रुक गए हैं। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में कृषि मंडी से क्षेत्र में विभिन्न ग्राम पंचायत में स्कुल भवन, डोम शेड निर्माण कार्य, हाट बजार शेड, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, सी सी सड़क निर्माण कार्य सहित अन्य कार्यों के लिए 300 करोड़ का काम स्वीकृत कराया गया था लेकिन वर्तमान में भाजपा सरकार द्वारा इसे निरस्त करवा दिया जबकि इन कार्यों का भूमिपूजन हो गया था जिसका टेंडर हो गया था। इन कार्यों को निरस्त करने से जनता में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा हैं

आज स्कूलों को बंद किया जा रहा हैं, जगह जगह शराब दुकान खोली जा रही हैं, मनरेगा काम बंद, महिला समूहों को काम नहीं, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता बंद, ग्राम पंचायत के सरपंचो को काम नहीं दिया जा रहा है, रीपा योजना, बंद कर दी गई हैं। कोई नया कार्य नहीं हो रहा है। पूर्व सरकार के समय शुरू हुए विकास कार्य भी बंद पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्य को गति नहीं दी तो दुर्ग ग्रामीण की जनता प्रतिरोध करने पर मजबूर होगी। आगे कहा कि वह लोगों के कृतज्ञ हैं व जनता की सेवा का लक्ष्य उनके जीवन का आधार है। वह अपनी सेवा इसी तरह लगातार जारी रखेंगे। जनसंपर्क के अवसर अध्यक्ष केश शिल्प कला बोर्ड नंद कुमार सेन, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जनपद सदस्य प्यारी बाई निषाद, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रिवेन्द्र ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# शीतला सब्जी मार्केट के उन्नयन कार्य का विधायक गजेन्द्र यादव ने किया निरीक्षण

■ **बारिश में पानी भरने की समस्या से मिलेगी निजात**



**दुर्ग,** 30 मई (देशबन्धु)। पद्मनाभपुर स्थित शीतला सब्जी बाजार के उन्नयन का कार्य तेजी से जारी है। यहां पर वर्षाकाल में पानी भर जाने की समस्या प्रतिवर्ष आया करती थी। इससे सब्जी सब्जी व्यवसाइयों एवं ग्राहकों को निजात दिलाने पसरा चबूतरों की ऊंचाई बढ़ाई जाने के साथ ही पानी निकासी के सीधे ड्रेनेज सिस्टम में सुधार किया जा रहा है। आज विधायक गजेन्द्र यादव ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य कर रही एजेंसी के लोगों से जरूरी जानकारियां ली और तेजी से कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। इस परिसर में व्यवस्थित पार्किंग का निर्माण करने के अलावा 19 नई दूकानें बनाई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि अपने निर्माण के समय से ही शीतला सब्जी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# आज निगम सभागृह में अहिल्या बाई जयंती पर विशेष कार्यक्रम

### सांसद बघेल होगें मुख्य अतिथि

**दुर्ग,** 30 मई (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा कल 31 मई को देवी अहिल्या बाई होल्कर की 3 सौ वीं जयंती पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली एवं स्वच्छता दीदियों का सम्मान समारोह निगम परिसर के सभागृह में किया जायेगा। इस अवसर पर होल्कर वंश व देवी अहिल्या बाई की जीवनी पर आधारित कार्यक्रमों का मंचन किया जायेगा।

उक्त समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, शहर विधायक गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा गणमान्य नागरिक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेगें।

### धर्मान्तरण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**दुर्ग,** 30 मई (देशबन्धु)। दुर्ग में आज धर्मान्तरण के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए पद्मनाभपुर पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में रायपुर नाका चर्च के पास की निवासी मधु तांडी पिता राजेश पटेल (35), विलियम पिता जान स्टर्लिंग (50) से.7 भिलाई, ममता कुमारी पिता स्व. मनोज दीक्षित (50) खंडेलवाल कालोनी दुर्ग, राजेश पटेल पिता यशवंत पटेल (35) सुपेला हालिया पता रायपुर नाका दुर्ग, शुभम दीप पिता रमेश दीप (24) रायपुर नाका दुर्ग, नीता बघेल पति भोलेन्द्र बघेल (40) हुडको भिलाई, बिनी टांडी पति राजेन्द्र तांडी(30) रायपुर नाका दुर्ग, सपनदीप पति रमेश दीप (42) रायपुर नाका देवंती बघेल पिता भोलेन्द्र बघेल (21) हुडको भिलाई है। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# प्रदेश में यादव समाज को संख्या बल के अनुपात में सत्ता में भागीदारी नहीं मिलना दुर्भाग्यजनक



**दुर्ग,** 30 मई (देशबन्धु)। यादवों को मंत्रीमंडल, निगम एवं मण्डलों में मौका नहीं दिए जाने से यादव समाज में रोष व्याप्त है। समाज के लोगों ने गौसेवा आयोग व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष पद यादव की बजाय अन्य समाज के लोगों को देने पर नाराजगी जताते हुए जमकर नारेबाजी की साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम आज जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर संख्या बल के हिसाब से यादव समाज को सत्ता में भागीदारी देने एवं छग राज्य गौसेवा आयोग तथा दुग्ध महासंघ अध्यक्ष पद पर यादव समाज के लोगों को ही नियुक्त किए जाने मांग की। छत्तीसगढ़ यादव ठेठवार महासभा के प्रांताध्यक्ष गुलेन्द्र यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपने पहुंचे समाज के लोगों ने कहा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

■ **छग यादव ठेठवार महासभा ने आज प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

# रूहान ने श्रद्धालुओं-गुरूजनों के सानिध्य में ग्रहण की जैन दीक्षा

■ **विनय कुशल मुनि जी ने ग्रहण कराई दीक्षा**



**दुर्ग,** 30 मई (देशबन्धु)। श्री आदिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट एवं सत्यनाद संयमोत्सव समिति दुर्ग द्वारा आज राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में आयोजित भव्य दीक्षा महोत्सव में जैन गुरूजनों के सानिध्य में 13 वर्षीय रूहान मेहता डुग्गू ने जैन दीक्षा ग्रहण कर वैराग्य का मार्ग अपना लिया। उनका नया नाम अब मुनि हंसभद्र हो गया है। उन्हें सन्यास प्रवर गणिवर श्री विनय कुशल मुनि ने जैन दीक्षा दी। इस अवसर पर नंदिषेण मुनि जी दीर्घ तपस्वी वीरभद्र मुनि, महेन्द्र सागर के शिष्य विशुद्ध सागर जी एवं जीत सागर जी का पावन सानिध्य रहा। इस दीक्षा महोत्सव का प्रारंभ आज सुबह लापसीलूट महा निष्क्रमण भ्रमण यात्रा कार्यक्रम से किया गया। इसके उपरांत संयम ग्रहण की विधि गुरू भगवंत, साध्वीगण चतुर्विद संघ के समक्ष पूरी की गई। इसके पश्चात वेश परिवर्तन, केश लोचन के साथ रूहान मेहता का नया नाम मुनि हंस भद्र करतल ध्वनि एवं हर्ष के मध्य घोषित किया।

उल्लेखनीय है कि मुनि हंसभद्र मुनि ने मात्र 13 वर्ष की अल्पायु में ही 22 आगम कंठस्थ कर लिये है। कार्यक्रम ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



## एकीकृत स्नातकोत्तर एवं अनुसंधान हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित



भिलाईनगर, 30 मई (देशबन्धु)। पं रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय के अंतर्गत संचालित मूल विज्ञान केन्द्र द्वारा एकीकृत स्नातकोत्तर एवं अनुसंधान हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें डीएवी भिलाई की पूर्व छात्रा आभा शर्मा ने संपूर्ण छत्तीसगढ में प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला व नगर का गौरव बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि सी बी एस पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा 20 मई को आयोजित की गई थी जिसमें संपूर्ण छग से हजारो विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से जीव विज्ञान हेतु 20 व गणित विषय हेतु 20 विद्यार्थियों का चयन पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु किया जाता है। चयनित विद्यार्थियों को संपूर्ण पाठ्यक्रम के दौरान 5000 रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। डीएवी भिलाई का विद्यार्थी छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान पर रहा।

# 31 मार्च तक रिक्त प्लाट में मकान बनाने का अवसर



भिलाईनगर, 30 मई (देशबन्धु)। पूर्व साडा एवं वर्तमान नगर पालिक निगम भिलाई में 1500 से अधिक भूखण्डो के मालिक है। जिनके द्वारा आवासीय, आवास सह व्यवसाय एवं व्यवसायिक भूखण्ड खरीद कर रखा गया है। उनके द्वारा मकान नहीं बनाया जा रहा है। नगर निगम भिलाई द्वारा उन्हे बार.बार नोटिस देकर मकान बनाने के हिदायत दे रहा है। जिस समय भूखण्ड आबंटन किया गया था उस समय रजिस्ट्री में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि 2 वर्ष के अंदर मकान बनाना अनिवार्य रहेगा। जिन्हे मकान एवं दुकान की आवश्यकता थी। उनके द्वारा मकान बना लिया गया है। बहुत से ऐसे नागरिक है, जो इनवेस्टमेंट के नाम पर नगर निगम से भूखण्ड खरीद लिए है, वे मकान नहीं बना रहे है। इसकी शिकायत स्थानीय नागरिको द्वारा भी की जा रही है। उक्त मकानों में बड़े बड़े पेड़ उग गए है। पड़ोसियों द्वारा कूड़ा कचरा फेंका जा रहा है। सांप बिच्छू निकल रहे हैं। इससे निगम की बहुत क्षति हो रही है। भूखण्ड आबंटन की शर्ते यही होती थी कि संबंधित व्यक्ति के नाम पर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण में निवास या व्यापार के लिए अन्य भूखण्ड नहीं होना चाहिए। पूर्व में महापौर परिषद एवं सामान्य सभा के माध्यम से भी समय समय पर मकान बनाने की अंतिम तिथि बढ़ाई जाती रही थी, परन्तु अब केबल 10 माह शेष है। 31 मार्च 2026 के बाद कोई सुनवाई नहीं होगी। मकान बनाने से पूर्व उन्हे नगर निगम भिलाई में रिक्त भूमि का अधिभार जमा करना पड़ेगा। ततपश्चात नियमानुसार भवन अनुज्ञा प्राप्त करना होगा। तब जाकर कहीं भवन निर्माण किया जा सकता है। शुरू में सस्ते दरों पर नेहरू नगर, प्रियदर्शिनी परिसर, राधिका नगर, पावर हाउस, जवाहर नगर, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला मार्केट, होजरी मार्केट आदि जगहो पर प्लाट ले लिया गया है। जो शुरू में क्षेत्रफल के अनुसार लगभग 80 से 90 हजार रूपये का प्लाट होगा, उसकी किमत अब उसके बाजार भाव के अनुसार 50 लाख से अधिक की हो गई है। कुछ ऐसे भी लोग है, जो वर्तमान में भिलाई शहर से अन्य शहरो या विदेशो में निवास कर रहे है। उनके द्वारा भी भूखण्ड लेकर इनवेस्टमेंट के नाम पर छोड़ दिया गया है। कुछ ऐसे भी प्लाट है, जो क्रेता विक्रेता आपस में खरीदी बिक्री कर लिए है। उनका पूर्व में निगम द्वारा आबंटित तिथि से ही रजिस्ट्री मान्य किया जाएगा। आज बैठक के दौरान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने राजस्व अधिकारी जे.पी. तिवारी एवं भवन अनुज्ञा अधिकारी अरविंद शर्मा को अंतिम बार नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किए कि सभी को सूचित कर देवें।

### 200 से अधिक अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही

भिलाईनगर। वार्ड–22 शीतला तालाब कुरूद से लगे हुए क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध निगम ने आजा कार्यवाही की । प्लाट विक्रेताओ द्वारा छोटे छोटे प्लाट काटकर मार्किंग कर दिया गया है। लोगो को दिग.भ्रमित करके प्लाट बेच रहे है। आज सुबह आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, कार्यपालन अभियता विनीता वर्मा को लेकर उस क्षेत्र का निरीक्षण करने गये, मौके पर शिकायत सही पाई गई। उन्होने वहीं से जोन आयुक्त येशा लहरेए भवन अनुज्ञा अधिकारी अरविंद शर्मा को फोन किये कि तत्काल अपना दल लेकर आए और अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही करें। जोन आयुक्त ऐशा लहरे अपने दल के साथ मौके पर पहुंचकर 200 से अधिक अवैध प्लाटों के समस्त लैण्ड मार्क को हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान प्लांट विक्रेताओं द्वारा किसी प्रकार का प्रतिरोध नहीं किया गया। आयुक्त पाण्डेय के निर्देश पर निगम का राजस्व विभाग, भवन अनुज्ञा शाखा एवं जिला राजस्व के क्षेत्र निरीक्षक की संयुक्त टीम बनाकर उस क्षेत्र में हो रहे अवैध प्लाटिंग के संबंध में कार्यवाही करेगी। रजिस्टार ऑफिस में भी सूचित किया जाएगा इस प्रकार के प्लाटों के रजिस्ट्री पर ध्यान देने की जरूरत है। वहां पर किसी भी प्लाट के लिए न तो मूलभूत सुविधा सड़क, नाली, पानी, बिजली इत्यादि व्यवस्था के बारे में कुछ भी नहीं बताया जा रहा ह।

कार्यवाही के दौरान अभियंता दौलत चंद्रकार, शरद दुबे, अंजनी सिंहए नगर निगम का तोड़फोड़ दस्ता उपस्थित रहा।

## उतई शासकीय स्कूल में चोरी थाने में मामला दर्ज




भिलाईनगर, 30 मई (देशबन्धु)। उतई थाना क्षेत्र के डुंडेरा स्थित सरकारी स्कूल में चोरी का मामला दर्ज किया गया है। सरकारी स्कूल में प्रधान पाठक के ऑफिस में चोरी की शिकायत की गई है। यहां से चोरों ने टीवी, लैपटॉप व अन्य सामग्री चुरा ली। इस मामले में उतई पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 305 बीएनएस 331(4) बीएनएस तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। उतई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला डुण्डेरा की प्रधान पाठिका उर्वशी शर्मा बताया कि 29 मई की सुबह अपने स्टाफ के साथ स्कूल पहुंची तो देखा कि स्टोर रूम का दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। अंदर प्रधान पाठक के कक्ष में रखा स्मार्ट टीवी, डेल कंपनी का लेपटाप, स्टाफ रूम में रखे इंडक्शन बजाज कंपनी का एवं स्टोर रूम में रखे स्वछता सामाग्री किसी ने चुरा ली। 28 व 29 मई की रात को अज्ञात चोर ने सामान चुराया है। कुल 60 हजार रुपए का सामान चोरी किया गया। इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्टेशन मरोदा की समस्या से रूबरू हुई महापौर



भिलाईनगर, 30 मई (देशबन्धु)। शिव पारा स्टेशन मरोदा में पाइप लाइन को भूमिगत करने के बाद सड़क मरम्मत नहीं होने पर रिसाली महापौर शशि सिन्हा नाराजगी जाहिर की। उन्होंने ठेकेदार को सड़क मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए है। मॉर्निंग विजिट के तहत महापौर शशि सिन्हा सफाई व्यवस्था का भी वार्ड 17 पहुंचकर जायजा लिया। महापौर शशि सिन्हा सुबह 7:30 बजे शिव पारा स्टेशन मरोदा पहुंची। महापौर सबसे पहले सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए नागरिकों से मुलाकात की। सफाई कर्मी की उपलब्धता और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की समीक्षा करते हुए उन्होंने नागरिकों से बातचीत की। इस दौरान नागरिकों और क्षेत्रीय पार्षद गजेन्द्री कोठारी ने भूमिगत पाइप लाइन विस्तारीकरण कार्य में सड़क समतलीकरण नहीं होने की बात को प्रमुखता से रखा। महापौर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य करने वाले एजेंसी को तलब कर तत्काल सड़क ठीक कराए। इस दौरान महापौर परिषद के सदस्य संजू नेताम, जहीर अब्बास समेत पार्षद गजेन्द्री कोठारी और निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। नागरिकों ने महापौर समक्ष रखी मांग राम वर्मा के घर से संतोषी साहू के घर तक नाली निर्माण, तिरंगा चौक में ग्रील लगाने की मांग, सुलभ शौचालय के पास नाली निर्माण, शिव पारा में प्रकाश व्यवस्था बेहतर के साथ.साथ विद्युत तार की व्यवस्था लो प्रेशर की शिकायत का निराकरण, तिरंगा चौक में मंच निर्माण, प्रमुख मांग है।

## स्वतंत्रता संग्राम के महानायक जवाहरलाल नेहरु : कुरैशी



भिलाईनगर, 30 मई (देशबन्धु)। पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी प्रथम प्रधानमंत्री और आधुनिक भारत के निर्माता पंडित जवाहरलाल नेहरु की 61वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नेहरु नगर सुबह 9. 30 बजे सुपेला बाजार10 बजे, जवाहर लाल नेहरु हॉस्पिटल सेक्टर–9 10,30 बजे और नेहरु चौक कैम्प–1,11 बजे आदमकद पंडित जवाहर लाल नेहरु की प्रतिमा में माल्यार्पण कर दो मिनट की श्रदांजलि अर्पित की बदरूदीन कुरैशी ने अपने उद्बोधन में कहा की पंडित जवाहरलाल नेहरू भारतीय इतिहास के ऐसे महानायक थे, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता के बाद एक नई दिशा दी। उन्होंने शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देकर भारत को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया। उन्होंने महात्मा गांधी के साथ स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई और 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री बने। नेहरू का जीवन राष्ट्र सेवा और समाज सुधार के लिए समर्पित था। वे भारतीय स्वतंत्रता के न केवल एक योद्धा थे, बल्कि आज़ाद भारत के निर्माता भी थे। उनका मानना था कि बच्चों और युवाओं का विकास ही देश की प्रगति का मार्ग है। उनकी दूरदृष्टि ने भारत को आधुनिकता की ओर बढ़ाया। नेहरू का जीवन त्याग, समर्पण और प्रगति का प्रतीक है, जो हमें अपने सपनों के भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करता है। उनका योगदान हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेगा नेहरू के नेतृत्व में भारत ने विश्व में अपनी पहचान बनाई और उच्च स्थान पर खड़ा हुआ। कार्यक्रम मे मुकेश चंद्राकर अध्यक्ष शहर कॉंग्रेस कमेटी, बृजमोहन सिंह पूर्व उपाध्यक्ष, सिजु एन्थोनी, जावेद खान, बी के राव, सुश्री नीता लोधी, उधोप्रताप सिंह, नजमुन्नीनिशा, दिनेश गुप्ता, दुर्गा प्रसाद, जोहन सिन्हा, कीर्ति सिंह, शेख अकरम फैयाज़ दीदार, मेरिक सिंह,अब्दुल माजिद, आनंद डोंगर, राम भवन शर्मा, जी डी राज, दुर्गेश ताम्रकार, शमशेर सिद्दकी, दनेश्वरी साहू, नन्द कुमार कश्यप, रमा विश्वकर्मा, लाल चंद्र वर्मा पार्षद, केशव चौबे, इंदिरा वर्मा, मो राफिक, सुमन सिन्हा, विनोद यादव, नरसिंहनाथ, शमशेर कुरैशी विणा देशलहरे, समर वीर सिंह, हिराशंकर साहू, मो. इसराईल खान, रजा सिद्दकी, अजय शिवरकर, सरसीज धोपे, आरकोति मेमूक सिंह उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक की मांग



भिलाईनगर, 30 मई (देशबन्धु)। जिला स्तरीय विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक विगत कई वर्षो से नहीं होने के कारण कर्मचारियों एवं अधिकारियों की विभागीय पदोन्नति, समयमान वेतनमान क्रमोन्नति, वरिष्ठता सूची का प्रकाशन समय पर नहीं होने, सेवा पुस्तिका संधारण अघतन, सेवा निवृत्ति उपरांत कर्मचारियों के देय स्वत्वों का भुगतान समय पर नहीं होने, कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण, अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण, चिकित्सा देयक, यात्रा भत्ता देयक भुगतान नहीं होने, मातृत्व अवकाश एवं संतान पालन अवकाश पर गये कर्मचारियों की वेतन भुगतान प्रकरण अघतन नहीं होने से कर्मचारियों में आकोश व्याप्त है। शासन द्वारा तीन माह में परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाये जाने के निर्देश है। उक्त समिति में विभाग के अधिकारियों के साथ–साथ मान्यता प्राप्त संगठनों के प्रतिनिधियों को प्रतिनिधित्व देकर समिति की बैठक विभाग के परिपत्र दिये गये निर्देशानुसार ली जाकर शासन को अवगत कराये जाने के निर्देश है। कर्मचारियों के हित में शासन के उक्त निर्देशों पर जिला स्तरीय विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक यथाशीघ्र बुलाये जाने कलेक्टर दुर्ग को छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ दुर्ग जिलाध्यक्ष भानुप्रताप यादव ने पत्र प्रेषित किया है। भानु प्रताप यादव जिला शाखा अध्यक्ष दुर्ग ने लिखित जारी बयान में बताया कि उनकी मांग पर शासन गंभीरता पूर्वक विचार कर इसका शीघ्र समाधान किया जाना चाहिए।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल

भिलाईनगर, 30 मई (देशबन्धु)। वीति रात्रि लगभग 10 बजे सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल को रात 10.25 बजे सेक्टर 9 हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। बीएसपी के स्टील मेल्टिंग शॉप.3 के ठेका मजदूर गिरधर पाटन निवासी बताया जा रहा है। सेकंड शिफ्ट ड्यूटी करके मेन गेट की तरफ से बोरिया गेट की दिशा में आ रहे थे। रात 10 बजे अचानक से विपरीत दिशा से तेज रफ्तार बाइक सवार ने ठोकर मार दिया। इस बाइक को खुर्सीपार निवासी चला रहा थे। सागर का पैर फ्रैक्चर हो गया है। गिरधार के पैर के अंगुली के पास गहरी चोट लगी है। बीएसपी कर्मचारियों के अनुसार रेल मिल मैकेनिकल के मजदूर सागर सेक्टर 5 में किसी पार्टी से घर लौट रहे थे। नाइट शिफ्ट वाले कर्मचारी.अधिकारी ड्यूटी पहुंच रहे थे। घटना को लेकर लोगों में रोष देखा गया।

## संयंत्र को मिलेगा ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड



भिलाईनगर, 30 मई (देशबन्धु)। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सामुदायिक कल्याण के लिए उल्लेखनीय योगदान और प्रभावशाली पहलों के लिए संयंत्र को 11वें ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड 2025 से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। यह सम्मान संयंत्र को प्रमोशन ऑफ हेल्थकेयर श्रेणी में प्रदान किया जाएगा। यह राष्ट्रीय पुरस्कार आगामी सीएसआर समिट के दौरान 14 जून को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया जाएगा। ग्रीनटेक सीएसआर अवार्ड्स के आयोजकों द्वारा संयंत्र के निदेशक प्रभारी को औपचारिक सूचना प्रेषित कर सूचित किया गया कि पुरस्कार समिति के जूरी सदस्यों ने संयंत्र की स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित सीएसआर पहलों का व्यापक मूल्यांकन करने के बाद इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चयन किया है। इन पहलों में निरंतरता, प्रभाव और व्यापकता जैसे मापदंडों पर संयंत्र का प्रदर्शन उल्लेखनीय पाया गया। 11वें ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड के लिए आधिकारिक पुरस्कार घोषणा पत्र कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार को सीएसआर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक शिवराजन, टीए राजीव कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक एस.के. कामड़े, एवं उप प्रबंधक के.के. वर्मा उपस्थित रहे। सीएसआर समिट 2025 के इस पुरस्कार समारोह में भारत सरकार एवं जन नीति क्षेत्र से कई विशिष्ट हस्तियों की उपस्थिति अपेक्षित है, जिनमें कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण, सचिव कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय सुश्री दीप्ति गौड़ मुखर्जी तथा राज्य मंत्री, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय हर्ष मल्होत्रा के सम्मिलित होने की संभावना है। इस सम्मान को प्राप्त करना भिलाई इस्पात संयंत्र की समावेशी विकास के प्रति सतत प्रतिबद्धता और अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व ढांचे के अंतर्गत आसपास के समुदायों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की उसकी अग्रणी भूमिका का राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाण है। यह उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र को वर्ष 2024 म इनोवेटिव वेस्ट मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी श्रेणी में ग्रीनटेक पीसीडब्लूआर अवार्ड से भी सम्मानित किया गया था। यह उल्लेखनीय है कि ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवाड्र्स का आयोजन भारत की प्रतिष्ठित संस्था ग्रीनटेक फाउंडेशन द्वारा किया जाता है, जो पर्यावरण प्रबंधन निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व और मानव संसाधन के क्षेत्रों में कॉरपोरेट क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है।

## विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर चित्रकार ने बनाई पेंटिंग



भिलाईनगर, 30 मई (देशबन्धु)। विश्व धुम्रपान निषेध दिवस प्रतिवर्ष 31 मई को मनाया जाता है। मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने तंबाकू के दुष्प्रभाव को दर्शाने के लिए शोख–चटख रंगों से परीपूर्ण पेन्टिंग का निर्माण किया है। जिसमें धूम्रपान से मानव के कंकाल में बदल जाने और कैंसर की चपेट में आ जाने का मार्मिक चित्रण है। पेन्टिंग में यह भी दर्शाया गया है कि उसकी सजा उसके परिवार और उसकी पत्नी भुगतते हैं। ज्ञात हो कि चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी अपनी कला के सामाजिक सरोकारात्मक अभिव्यक्ति के लिए जाने जाते हैं। बस्तर के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी वे विगत अनेक वर्षों से बच्चों को निशुल्क कला सिखाते आ रहे हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत्ति पश्चात भी वे निरंतर अपनी कला साधना में तल्लीन हैं तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को चित्रों में सजाते रहते हैं।

## 41,208 लोग घर बैठे मोर संगवारी योजना का लिया लाभ




भिलाईनगर, 30 मई (देशबन्धु)। निगम भिलाई अंतर्गत नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ घर बैठे कम समय में देने के लिए मोर संगवारी सेवा योजना चलाया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से क्षेत्र के नागरिक घर बैठे टॉल फ्री नबंर 14545 पर कॉल कर मोर संगवारी के एजेंट को बुला सकते है। आवश्यकता अनुसार जो भी प्रमाण पत्र बनवाना है। उससे संबंधित दस्तावेज देकर प्रमाण पत्र बनवा सकते है। एजेंट दस्तावेज लेकर कम से कम समय में आपके घर पर ही प्रमाण पत्र डिलिवर कर देगें। जिससे आपको कही आने जाने एवं सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है। इससे समय एवं पैसे की भी बचत होगी। शासन की यह सबसे सस्ता एवं अच्छा योजना है, नागरिक इसका भरपुर लाभ उठावें। मोर संगवारी से नागरिको को 27 प्रकार के सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है, अभी तक घर बैठे बैठे कितने प्रकार के लोग सुविधा पा चुके हैं। विवाह प्रमाण पत्र 2856, मृत्यु प्रमाण पत्र 1339, जन्म प्रमाण पत्र 2182, दुकान एवं स्थापना पंजीयन, गुमस्ता लाइसेंस 355, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन 12857, पैन कार्ड सेवा 271, आधार मोबाईल नबंर अपडेट 13462, मूल निवासी प्रमाण पत्र 1358, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र 61, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र 284, आय प्रमाण पत्र 3420, एपीएल राशन कार्ड 266, विवाह सुधार 133 इस प्रकार कुल 41208 प्रमाण पत्र बनाकर नागरिकों को लाभान्वित किया जा चुका है। नागरिको को पहले यही सब प्रमाण पत्र बनाने नगर निगम भिलाई में आकर अपना समय एवं पैसा खर्च करना पड़ता था। अब यही काम घर बैठे कम से कम समय पर हो जा रहा है। इसके लिए मात्र 50 रूपये खर्च करके घर पर ही प्रमाण पत्र डिलिवर कर दिया जा रहा है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय का क्षेत्र के सभी नागरिको से अपील है कि शासन द्वारा यह योजना आपके सब के लिए चलाया जा रहा है। इसमें कम से कम समय पर अपने आवश्यकता के सभी प्रमाण पत्र बनवा सकते है। इसका लाभ अवश्य उठावें।

## लोकसभा अध्यक्ष के साथ सांसद जाएंगे ब्राजील



भिलाईनगर, 30 मई (देशबन्धु)। दुर्ग सांसद विजय बघेल को केन्द्र सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में होने जा रहे 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम में भारत का प्रतिनिधित्व के लिए सांसद विजय बघेल को चुना गया है। इस फोरम के लिए देश के 6 सांसदों का चयन किया गया जिसमें दुर्ग सांसद को शामिल किया जाना पूरे लोकसभा क्षेत्र के लिए गर्व का पल है। बता दें कि 11वां ब्रिक्स संसदीय फोरम ब्रासीलिया, ब्राजील में फोरम 3 जून से 5 जून तक चलेगा और इसमें ब्रिक्स देशों के सांसद वैश्विक महत्व के विभिन्न मुद्दों पर विचार.विमर्श करेंगे। सांसद विजय बघेल संसद की विदेश मंत्रालय की स्थाई समिति के सदस्य हैं। सांसद विजय बघेल 1 जून को दिल्ली से अपनी यात्रा शुरू करेंगे। दुबई और साओ पाउलो होते हुए ब्रासीलिया पहुंचेंगे। वे 2 जून को ब्रासीलिया में पहुंचेगे। फोरम का एजेंडा व्यापक है जिसमें कई महत्वपूर्ण कार्यसत्र शामिल हैं। 3 जून को वे ब्रिक्स महिला सांसदों की बैठक और ब्रिक्स संसदों की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समितियों के अध्यक्षों की बैठक में शामिल होंगे। इन सत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में महिलाओं, जलवायु संकट का सामना करने के लिए महिला सशक्तिकरण और ब्रिक्स 2025 एजेंडा में महिला सांसदों की भूमिका जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इसी प्रकार 4 जून को फोरम का आधिकारिक उद्घाटन समारोह होगाए जिसके बाद वैश्विक स्वास्थ्य के लिए ब्रिक्स अंतर संसदीय गठबंधन और आर्थिक विकास के नए रास्तों की तलाश में ब्रिक्स संसदीय कार्रवाई जैसे विषयों पर कार्यसत्र आयोजित किए जाएंगे। 5 जून को जलवायु और स्थिरता पर ब्रिक्स अंतर.संसदीय संवाद, जिम्मेदार और समावेशी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए अंतर संसदीय सहयोग और बहुपक्षीय शांति पर चर्चा होगी।

## अंधश्रद्धा समाज के विकास में बाधक : घनश्याम



भिलाईनगर, 30 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ नागरिक महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक आज शुक्रवार को सियान सदन कैलाश नगर भिलाई में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने की। बैठक में महासंघ के प्रमुख सलाहकार घनश्याम कुमार देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं अंधश्रद्धा निर्मूलन हेतु व्यापक स्तर पर जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सलाहकार घनश्याम देवांगन ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियां एवं अंधश्रद्धा समाज के विकास में बाधक हैं। अज्ञानता के चलते धर्म एवं चमत्कार के आड़ में सीधे साधे लोगों को फंसाकर धोखाधड़ी, लूट एवं शोषण किया जा रहा है। इसे रोकने हेतु आम नागरिकों को जागरूक करने एवं ढोंगी षड़यंत्र कर्ताओं का पर्दाफाश किया जाना बहुत जरूरी है। वरिष्ठ नागरिक महासंघ इस दिशा में जनजागरण अभियान चलाएगा। इसके लिए शासन प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा। बैठक में बच्चों एवं युवाओं में अच्छे संस्कार डालने हेतु संस्कार शालाओं की कक्षाएं आयोजित करने एवं उन्हें नैतिक शिक्षा देने पर भी सहमति बनी। बैठक में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर आगामी 13 जून को सियान सदन कृष्णा नगर राधिका नगर भिलाई में कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। महासचिव गजानंद साहू ने महासंघ की गतिविधियों, कार्य योजना एवं प्रगति की जानकारी दी। अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने समाज के सभी वरिष्ठ नागरिकों को सियान सदन के माध्यम से जोड़ने हेतु सदस्यता अभियान चलाने पर बल दिया। उन्होंने महासंघ में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में सदस्यों ने वरिष्ठ नागरिकों को होने वाली विभिन्न समस्याओं की जानकारी दी एवं उसके निराकरण हेतु सुझाव भी दिए। इस अवसर पर भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, उपाध्यक्ष बलबीर सिंह सहगल, महासचिव गजानंद साहू, जे. आर. साहू, डॉ कांतिलाल विश्वकर्मा, एन.पी. मिश्रा, छाया विश्वकर्मा, मंदा वासनकर, ललिता श्रीवास, दुलारदास साहू, फूलचंद साहू, जियालाल चौधरी, गरीब दास साहू आदि सहित सियान सदनों के पदाधिकारी एवं सदस्य गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक का संचालन गजानंद साहू एवं आभार प्रदर्शन जे. आर. साहू ने किया। यह जानकारी घनश्याम कुमार देवांगन प्रमुख सलाहकार एवं प्रवक्ता भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ ने दी है।

## 6 वर्ष से फरार आरोपी को पुलिस ने रायपुर से किया गिरफ्तार



भिलाईनगर, 30 मई (देशबन्धु)। लंबित अपराधो के त्वरित निराकरण एवं फरार आरोपियों को पता तलाश कर शीघ्र गिरफ्तार कर लंबित प्रकरणो के निराकरण करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देश पर थाना भिलाई नगर पुलिस के द्वारा कार्यवाही किया गया। प्रार्थी द्वारा 8 अगस्त 19 को थाना भिलाई नगर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिक बेटी 6 अगस्त 19 को कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। जिसकी रिपोर्ट पर थाना भिलाई नगर मे अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना मे लिया। विवेचना के दौरान प्राप्त काल डिटेल के आधार पर उक्त नाबालिक लड़की को निरंतर पतासाजी 27 दिसम्बर 19 को बरामद करने के पश्चात कथन लेखब किया गया। जिसके द्वारा आरोपी हर्ष दूबे के द्वारा बहला फुसलाकर ले जाकर शारिरीक संबंध बनाना बतायी जिस पर प्रकरण मे धारा 366, 376 3.4 पाक्सो एक्ट जोड़ी गयी है। आरोपी हर्ष को हिरासत मे लेकर पुछताछ किया जो घटना को कारित करना स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## महिला आयोग द्वारा प्रकरणों की सुनवाई 6 जून को

**बलौदाबाजार**, 30 मई। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा जिले से सम्बंधित प्रकरणों की सुनवाई 6 जून 2025 को की जाएगी। आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक, सदस्य लक्ष्मी वर्मा एवं सरला कोसरिया की उपस्थिति में सुनवाई जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में प्रातः 11बजे से प्रारम्भ होगा।



# राज्यपाल रमेन डेका एक दिवसीय प्रवास पर बालोद पहुंचे

**बालोद**, 30 मई (देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका जिले के एक दिवसीय प्रवास पर आज जिला मुख्यालय बालोद पहुँचे है। राज्यपाल श्री डेका के आज बालोद पहुँचने पर तांदुला रिसॉर्ट हेलीपेड में कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार पटेल एवं अपर कलेक्टर श्री चन्द्रकांत कौशिक सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

**देश एवं प्रदेश के अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण : राज्यपाल**

जिले के स्व सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात कर उनके द्वारा किए जा रहे विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों के संबंध में ली जानकारी

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि हमारे देश एवं छत्तीसगढ़ राज्य के अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महिलाओं का योगदान अत्यंत उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण है। राज्यपाल श्री डेका आज अपने बालोद जिले के प्रवास के दौरान तांदुला रिसॉर्ट में केन्द्रीय योजनाओं से लाभान्वित जिले के स्व सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात कार्यक्रम के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी पांचों विकासखण्डों से उपस्थित सभी 22 स्व सहायता समूह के महिलाओं से बारी-बारी से बातचीत कर उनके द्वारा किए जा रहे विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान राज्यपाल श्री डेका ने जिले के महिलाओं के राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत स्व सहायता समूह से जुड़ने के पश्चात् उनके आर्थिक स्थिति में आशातीत सुधार एवं जीवन स्तर बेहतर होने पर जिले के स्व सहायता समूह के कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की। राज्यपाल श्री डेका जिले के स्व सहायता समूह के महिलाओं को राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत उनके द्वारा किए जा रहे कार्य उनके आर्थिक स्थिति में सुधार एवं खुशहाल जीवन का आधार बने इसके लिए उन्होंने उनके द्वारा किए जा रहे बेहतर कार्य को और अधिक उत्कृष्ट बनाने को कहा। श्री डेका ने कहा कि हमारे महिला बहनों द्वारा किए जा रहे विभिन्न आजीविकामूलक कार्यों के माध्यम से उन्हें और अच्छी आमदनी मिल सके इसके लिए उन्हें निरंतर नये-नये तकनीक एवं उपायों को सीखने के साथ ही नवाचार एवं वैल्यू एडीशन करते हुए समय के अनुरूप अपने कार्यों को बेहतर बनाना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान राज्यपाल के सचिव श्री सीआर प्रसन्ना, कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश



**कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किया आत्मीय स्वागत**

मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार पटेल एवं अपर कलेक्टर श्री चन्द्रकांत कौशिक सहित अन्य अधिकारियों के अलावा स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

इस दौरान राज्यपाल श्री डेका ने जिले के 22 स्व सहायता समूह के कुल 40 महिलाओं से बारी-बारी से बातचीत कर उनके द्वारा व्यक्तिगत एवं सामूहिक स्तर पर किए जा रहे आजीविकामूलक गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर महिलाओं के द्वारा मछली पालन, पशुपालन, कृषि कार्य एवं गैर कृषि कार्य के संबंध में अपने अनुभव एवं उससे अर्जित वार्षिक आय की जानकारी दी गई। इस दौरान स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जिला प्रशासन द्वारा भविष्य में आने वाली जल संकट से निपटने हेतु जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे जल जतन अभियान में भी अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की जानकारी दी। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि उनके द्वारा प्रत्येक घरों में जाकर पानी के एक-एक बूँद का सदुपयोग करने तथा जल संरक्षण के उपायों की भी जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा किसानों को धान के बदले अन्य फसल का उत्पादन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर स्व सहायता समूह की महिला श्रीमती निशा गायकवाड़ ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत हस्तशिल्प का कार्य, श्रीमती दानेश्वरी साहू ने सेनेटरी पैड बनाने, श्रीमती चित्ररेखा साहू ने ड्रोन के माध्यम से किसानों के खेतों में खाद एवं कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव, श्रीमती सती साहू ने कृषि मित्र का कार्य, श्रीमती सुहागा विश्वकर्मा ने मछली पालन का व्यवसाय, आनंदी विश्वकर्मा ने बकरी पालन, अंजू टेकाम ने मुर्गी पालन, प्रेमवती देवांगन ने मशरूम उत्पादन आदि के संबंध में सभी महिलाओं ने बारी-बारी से जानकारी दी।

इस दौरान महिलाओं के द्वारा आजीविकामूलक गतिविधियों के प्रारंभ करने हेतु उन्हें प्रदान की गई आर्थिक सहयोग, प्रशिक्षण के अलावा इस कार्य से उन्हें होने वाले वार्षिक आय के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिहान के माध्यम से आजीविकामूलक गतिविधियों से जुड़ने के फलस्वरूप उनके आर्थिक स्थिति में पर्याप्त सुधार होने से उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है। जिससे वे अपने दैनिक आवश्यकताओं की समुचित पूर्ति के अलावा अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा-दीक्षा की प्रबंध कर अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन यापन कर पा रहे है। जिले के स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा किए जा रहे विभिन्न आजीविकामूलक कार्यों की सराहना करते हुए उनके कार्यों को राज्यपाल श्री डेका ने सभी के लिए अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी बताया।

# गुधेली सुशासन तिहार में टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण



**बेमेतरा**, 30 मई (देशबन्धु)। आज ग्राम पंचायत गुधेली में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री दीपेश साहू ने मुख्य प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी मरीजों को निःशुल्क फूड बास्केट वितरित की। शिविर में। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वाय.के. ध्रुव, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुंजाम उपस्थित थे। टीबी उन्मूलन के लिए बेहतर पोषण उपलब्ध कराना तथा जनसमुदाय से समन्वय स्थापित करते हुए निक्षय मित्र अभियान के माध्यम से मरीजों को सहायता प्रदान करना है। इसके अंतर्गत पब्लिक सेक्टर, प्राइवेट सेक्टर, कॉरपोरेट सेक्टर, सामाजिक संस्थाएं एवं एनजीओ आदि को निक्षय मित्र बनकर मानवता की सेवा में सहभागी बनने का आह्वान किया गया। सुशासन तिहार के अवसर पर ग्राम पंचायत गुधेली के उपसरपंच श्री पंकज वर्मा द्वारा पाँच टीबी मरीजों को गोद लेकर फूड बास्केट वितरित किए गए एवं उनका पंजीयन किया गया। इस कार्य के लिए स्वास्थ्य विभाग बेरला की ओर से आभार व्यक्त किया गया। शिविर में विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक श्री यशवंत चंद्राकर, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्री दिनेश गंगबेर, मेडिकल ऑफिसर क्लस्टर गुधेली, सेक्टर सुपरवाइजर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी भालेसर - करिश्मा यदु, आयुष्मान आरोग्य मंदिर के कर्मचारी, आरएचओ, समस्त स्टाफ एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

समाधान शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।*

# कलेक्टर ने ग्राम संडी के महिला दुग्ध उत्पादक समिति का किया निरीक्षण

**गंडई पंडरिया**, 30 मई (देशबन्धु)। जिला कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने गुरुवार को गंडई तहसील के ग्राम संडी में माँ बम्लेश्वरी महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित का भ्रमण कर समिति की कार्यप्रणाली और ग्रामीण महिलाओं की सहभागिता की सराहना की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल भी उपस्थित रहे।



**ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक प्रगति को बताया प्रेरणास्पद**

इस दौरान स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं समिति के सदस्यों ने कलेक्टर को अवगत कराया कि समिति की स्थापना वर्ष 2015 में की गई थी। देवभोग कंपनी द्वारा 1000 लीटर क्षमता वाला चिलिंग प्लांट उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से प्रतिदिन लगभग 200 महिला किसान दूध का संग्रहण और विक्रय करती हैं। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 500 लीटर दूध की बिक्री हो रही है, जिसके बदले किसानों को ?35 प्रति लीटर की दर से भुगतान किया जाता है। इससे महिलाओं की मासिक आय ?3000 से 5000 तक पहुंच रही है। ग्राम की महिलाओं ने बताया कि वे उन्नत नस्ल की गायों जैसे जर्सी, साहीवाल, एचएफ, लाल सिंधी और देशी गायों का पालन कर रही हैं। महिलाओं ने दुग्ध क्रय केंद्र संचालन और पशु आहार प्रबंधन के लिए शासकीय भवन की मांग भी रखी, जिस पर कलेक्टर चंद्रवाल ने आवश्यक कार्रवाई कर सहायता का आश्वासन दिया। भ्रमण के दौरान कलेक्टर एवं अधिकारियों ने महिला पशुपालक माधुरी जंघेल के घर जाकर उन्नत नस्ल की गायों का निरीक्षण किया। माधुरी ने जानकारी दी कि उनके पास 7 गायें (5 उन्नत नस्ल व 2 देशी) हैं और वह प्रतिदिन लगभग 33 लीटर दूध का उत्पादन करती हैं। दूध विक्रय से प्रतिदिन लगभग ?800 की शुद्ध आय प्राप्त हो रही है, जिससे उनकी मासिक आमदनी ?20,000 के करीब पहुँच रही है।

इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने उनके घर में स्थापित गोबर गैस संयंत्र का भी निरीक्षण किया। यह संयंत्र देवभोग कंपनी द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया गया है और पिछले सात वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। इससे परिवार को घरेलू ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति होती है, साथ ही गोबर खाद भी तैयार की जाती है।

# सुशासन तिहार का हुआ समापन, 3 वार्डों में मिले आवेदनों का किया निपटारा

**डोंगरगढ़**, 30 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद द्वारा शुक्रवार को सभाकक्ष में नगर के तीन वार्ड 10, 11 व 12 में सुशासन तिहार के तहत मिले आवेदनों का समाधान करके शिविर का समापन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, सरकार की योजनाओं का सही क्रियावरण हो राज्य में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है। सरकार पूरी पारदर्शिता से काम कर रही है सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी पारदर्शिता के साथ काम करके लोगों को रोजगार से जोड़ना है। वार्ड में जनप्रतिनिधि गुणवंता पुर्ण काम करें ताकि मां बमलेश्वरी की नगरी स्वच्छ व सुंदर बने। उन्होंने महिला बाल विकास के विरुद्ध हुई शिकायत पर जल्द ही तहसीलदार, सीएमओ को मामले की जांच कर पात्र व्यक्ति को न्याय दिलाने की बात कही। उन्होंने शिविर में लगाए गए सभी विभागों के स्टालो का निरीक्षण कर सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचा कर लाभ दिलाने की समझाइश दी। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता के साथ योजनाओं का लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए योजनाएं बनाई गई हैं। सभी विभाग आमजन की समस्या समय पर दूर करने आगे आकर कार्य करे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा महिला बाल विकास द्वारा आयोजित छोटे बच्चों का अन्य पाषाण व गर्भवती महिलाओं की गोदभरी कार्यक्रम में हिस्सा लिया गया।



तहसीलदार कमल किशोर साहू ने बताया कि सुशासन तिहार 2025 के तहत नगर के पूरे 24 वार्डों में कुल 3031 आवेदन दिए गए जिसमें प्रधानमंत्री आवास 636, पेयजल 342, सड़क नाली 283, महिला बाल विकास 187, श्रमिक कार्ड से संबंधित 112 आवेदन दिए गए। उन्होंने सभी विभागों से जनता की समस्या समय पर निराकरण करने हमेशा तत्पर रहने की बात कही है से इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, सभापति देवेंद्र साखरे, डी एकेश राव, सुमित ताम्रकार, ड्रा रेखा राघवते, प्रीति चमन समुद्रे, पार्षद अनीश निर्मलकर, शारदा यादव, बबीता मलागार, शिवानी साखरे, भूपेंद्र मरकाम, राजेंद्र सेन, मेनका राजेश कंडरा, शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, सांसद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़, उपाध्यक्ष लक्ष्मी यादव, अनीता इंदुरकर, विनीत यादव, श्याम तिवारी, सहित नायब तहसीलदार कमल किशोर साहू, नगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा, विनोद वर्मा, विजय कोटागले, अमर करसे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

**जल ही जीवन है**

## सार-संक्षेप

### ध्रुव सोनी बनाये गये भारतीय जनता मजदूर



**दुर्ग**, 30 मई (देशबन्धु)। गंजपारा आजाद वार्ड निवासी सामाजिक कार्यकर्ता ध्रुव कुमार सोनी को भारतीय जनता मजदूर संघ का प्रदेश महासचिव (निर्माण श्रमिक फोरम) मनोनित किया गया है। उनका मनोनयन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रकाश आनंद द्वारा किया गया है।

### युक्तिकरण-अथिशेष शिक्षकों की कल से होगी काउसलिंग

**दुर्ग**, 30 मई (देशबन्धु)। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत अतिशेष हुए सहायक शिक्षक शिक्षकव्याख्याता के काउन्सलिंग की समय.सारिणी निर्धारित कर दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद मिश्रा से मिली जानकारी अनुसार कांउसलिंग 2 जून को प्रात: 9 से दोपहर 01 बजे तक जे.आर.डी.शास.बहु.उ.मा.वि. दुर्ग में प्रधानपाठक एवं सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला तथा उसी दिन दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक प्रधानपाठक एवं शिक्षक, पूर्व माध्य. शाला का काउंसलिंग होगा। इसी प्रकार 3 जून को प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक जे.आर.डी.शास.बह.उ.मा.वि. दुर्ग में व्याख्याता, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के काउंसलिंग की प्रक्रिया होगी।

# आत्मनिर्भर खैरागढ़ सेवाभावी संगठनों ने मिलकर लिया सेवा का संकल्प

**खैरागढ़** 30 मई (देशबन्धु)। आत्मनिर्भर खैरागढ़ अभियान के तहत संगीत नगरी को स्वच्छ, सुंदर और जागरूक बनाने के लिए एक सकारात्मक पहल शुरू की गई है। आत्मनिर्भर अभियान के तहत संगीत नगरी खैरागढ़ सहित अंचल की विभिन्न सेवाभावी संगठन के प्रतिनिधि सेवा का संकल्प लेकर कार्य करेंगे जिसमें मुख्य रूप से स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण अभियान, पौध संरक्षण अभियान, रक्तदान अभियान, नशामुक्ति अभियान चरणबद्ध तरीके से चलाए जाएंगे।

**सेवाभावी संगठनों से मिलकर बना आत्मनिर्भर अभियान**

पाठकों को बता दे कि लगभग 3 माह पूर्व खैरागढ़ की विभिन्न सेवाभावी संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर आत्मनिर्भर खैरागढ़ अभियान की योजना बनाई। योजना के तहत पहले विभिन्न सेवाभावी संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाया गया तदोपरांत सेवाभावियों के बीच विचार संग्रहण अभियान शुरू किया गया जिसके तहत संवाद एवं विचार संग्रहण पत्रक का वितरण किया गया और अभियान के तहत जनसेवा एवं समस्याओं तथा उसके समाधान को लेकर प्राप्त विचारों को संग्रहित किया गया जो अभी भी आत्मनिर्भर अभियान के तहत जारी है।

**कलेक्टर से मिला आत्मनिर्भर अभियान का प्रतिनिधिमंडल**

विचार संग्रहण के दौरान प्राप्त विषयों को लेकर आत्मनिर्भर अभियान के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल से भेंट की। अभियान की ओर से अनुराग तुरे ने आत्मनिर्भर खैरागढ़ की कार्य योजना से जिलाधीश को अवगत कराया। कलेक्टर चंद्रवाल ने अभियान की प्रशंसा करते हुए संयुक्त प्रयास व चरणबद्ध तरीके से सभी विषयों पर जन-जागरूकता अभियान चलाये जाने की चर्चा करते हुए बताया कि शासन एवं प्रशासन की प्राथमिकता में अभियान के लगभग विषय शामिल है। उन्होंने अभियान को गति प्रदान करने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल एवं सहायक कलेक्टर सुमन राज से अभियान



के सदस्यों से सकारात्मक वार्ता कराई वहीं नगर में सुदृढ़ स्वच्छता अभियान को लेकर एसडीएम खैरागढ़ एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी खैरागढ़ को स्वच्छता की दिशा में पहले पहल करते हुए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। जिसके बाद अभियान के सदस्यों एवं एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू व मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारियों के बीच नगर पालिका में महती बैठक हुई है और खैरागढ़ में स्वच्छता अभियान को लेकर चरणबद्ध रूपरेखा तैयार की गई है। वार्ता के दौरान उत्तम कुमार बागड़े, समसुल होदा खान, जहीन खान, मंगल सारथी, दिलीप रजक, डॉ.मकसूद, रुपेश देवांगन, किशोर शर्मा, वंदना टांडेकर, नीलम राजपूत, राजू यदु, संत निषाद, मनोहर सेन, भावेश देवांगन, डॉ.परमेश्वरी टांडिया, डॉ.उमेंद चंदेल, डॉ.मेधावीनी तुरे, अंजली पटेल, खेमपाल वर्मा, मानिक चंद बंजारे, दूर्वासा सिन्हा व अनुराग तुरे विशेष तौर पर मौजूद रहे।

**पीएम आवास में वाटर हार्वेस्टिंग नीति लागू करने की हुई मांग**

अभियान के सदस्यों द्वारा जल संरक्षण को लेकर पीएम आवास योजना एवं शासकीय मद से निर्माणाधीन भवन सहित कृषि भूमि में जल संरक्षण के लिए अनिवार्य रूप से वाटर हार्वेस्टिंग नीति लागू करने की मांग की गई है जिसके लिए आत्मनिर्भर अभियान के द्वारा कलेक्टर को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया है वहीं 6 अन्य समस्याओं एवं मांगों को लेकर कलेक्टर श्री चंद्रावल को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें जिले के समस्त आहतायुक्त शासकीय एवं निजी विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में साँझा पौधारोपण कार्यक्रम चलाए जाने, जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग सेंटर प्रारंभ करने, खैरागढ़ में जिला ग्रंथालय सहित ई.ग्रंथालय की स्थापना करने, जिला मुख्यालय संगीत नगरी खैरागढ़ के प्रमुख चौक-चौराहों सहित अंतर्राज्यीय मार्गो में अवस्थित प्रवेश द्वार में संगीत नगरी की गरिमा एवं भाव के अनुरूप सौंदर्यीकरण करने, नगर पालिका के पिछड़े वार्डों के समुचित विकास के साथ ही राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ गरिमा स्थली आंबेडकर चौक में 101 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराये जाने की मांग की गई है।

# जानो के सुरज निषाद को सुशासन तिहार में मिला मछली जाल



**परपोड़ी**, 30 जून (देशबन्धु)। कुरलू में सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत जानो के सूरज निषाद के द्वारा मछली जाल का मांग सुशासन तिहार मे किया गया था जिसको आज कुरलू में आयोजित सुशासन शिविर में सूरज निषाद को मछली जाल वितरित किया गया इस अवसर में जानो पंचायत सरपंच प्रतिनिधि हेमंत कौशल भी उपस्थित थे हितग्राही सूरज निषाद ने मछली जाल मिलने पर भाजपा सरकार का आभार प्रकट किया और अपनी पीएम आवास की मांग को भी प्रशासन के पास रखा, सरपंच प्रतिनिधि ने कहा शासन की योजनाओं का सक्रिय रूप से क्रियान्वयन के लिए सरकार का धन्यवाद किया और आवास प्लस में हुए सर्वे से हितग्राहियों को जल्द पीएम आवास मिलने की उम्मीद जताई सरकार के सुशासन तिहार कार्यक्रम को बहुत सफल बताया, कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू, परपोडी भाजपा मंडल अध्यक्ष नारद वर्मा, जनपद पंचायत सभापति रधुविर नेताम, भाजपा के सभी प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

## निधन

### सिकंदर सिंह ठाकुर



**बागबाहरा**, 30 मई। नगर के वार्ड नंबर 3 थानापारा निवासी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद सिकंदर सिंह ठाकुर का आज 30 मई की सुबह एमएमआई हॉस्पिटल रायपुर में ईलाज के दौरान निधन हो गया। वे लगभग 66 वर्ष के थे। तथा वे चंडी मदिर समिति घुंचापाली के उपाध्यक्ष भी थे। जिनका अंतिम संस्कार कल 31 मई शनिवार की सुबह 10 बजे स्थानीय मंडी तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### लियोराज कुंजाम

**अर्जुनी/बलौदाबाजार**, 30 मई। टोनाटार निवासी दौलत कुंजाम शिक्षक के सुपुत्र लियोराज सिंह कुंजाम उम्र 10 वर्ष का आकस्मिक निधन 29 मई को हो गया। उनका अंत्येष्टि कार्यक्रम बोरबारी खेत में 30 मई को संपन्न हुआ। वे जनपद सदस्य शांतिदेवी कुंजाम के नाती व प्रेम माया के सुपुत्र थे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### आज से कोलिहापुरी में ...

का द्वितीय सत्र दोपहर 2 बजे से शुरु होगा। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि होंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रुप में गुंडरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता चन्द्रनाहूँ कूर्मि क्षत्रिय समाज छग प्रदेश अध्यक्ष विनोद चंद्राकर करेंगे। यह महाधिवेशन चन्द्रनाहूँ कूर्मि क्षत्रिय समाज को सर्वत्र क्षेत्र में सक्षम और मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। जिसमें कई विषयों पर विस्तार से चर्चा और विचार विमर्श किया जाएगा। महाधिवेशन में प्रदेशभर से करीब 7 हजार लोगों के जुटने की उम्मीद है। महाधिवेशन की तैयारी में चन्द्रनाहूँ कूर्मि क्षत्रिय समाज दुर्ग राज के पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए है। यह बातें चन्द्रनाहूँ कूर्मि क्षत्रिय समाज के पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष अश्वनी चंद्राकर ने मीडिया से चर्चा में कही।

इस दौरान चन्द्रनाहूँ कूर्मि क्षत्रिय समाज दुर्ग राज अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, सचिव शिव चंद्राकर, कोषाध्यक्ष चंद्रकिशोर चंद्राकर, केन्द्रीय पदाधिकारी कुंदन चंद्राकर, समाज के युवा नेता विनोद चंद्राकर मौजूद रहे। चर्चा में चन्द्रनाहूँ कूर्मि क्षत्रिय समाज के पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष अश्वनी चंद्राकर ने बताया कि समाज के दुर्ग राज को महाधिवेशन आयोजन करने का 5 वर्ष बाद अवसर मिला है। महाधिवशन में कार्यक्रम आयोजित किये गये है, जिसके अंतर्गत युवा, महिला, व्यापारी प्रकोष्ठ द्वारा सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा, समाज के जनप्रतिनिधियों का सम्मान, समाज गौरव सम्मान, युवा प्रतिभा सम्मान, छात्र.छात्रा प्रतिभा सम्मान, समाज के संविधान संशोधन के संबंध में चर्चा, सामाजिक प्रकरणों की सुनवाई, आय.व्यय का प्रस्तुतिकरण, सचिव का प्रतिवेदन प्रमुख है। श्री चंद्राकर ने बताया कि स्व. रघुवर चंद्राकर, स्व.चंदूलाल चंद्राकर, स्व.वासुदेव चंद्राकर हमारे समाज के पुरखा है। उन्होने समाज को हर क्षेत्र में नई उंचाईयां प्रदान की थी।

### एसएसपी ने पुलिस लाईन में ...

जिले में पदस्थ हरीश पाटिल नगर पुलिस अधीक्षक छावनी, चंद्र प्रकाश तिवारी उप पुलिस अधीक्षक लाइन, अनूप लकड़ा अनुविभागीय उप पुलिस अधीक्षक पाटन, नीलकंठ वर्मा रक्षित निरीक्षक जिला दुर्ग एवं जिले के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजपा सरकार ने ...

यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चन्द्रकार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, सरपंच नर्मदा ठाकुर, मनसुख टांक, जनपद सदस्य किशोरी देशमुख, दामिनी साहू, लीलावती देशमुख, हीरामन देशमुख, तुलसी देशमुख, इंद्रजीत साहू, मोहन हरमुख, हरेंद्र देव, हेमंत देशमुख, सुखदेव यादव, राजकुमार देशमुख, लाल जी गुप्ता, सरपंच मोतिम बाल किशन निषाद, ममता साहू, अजय वैष्णव, डायमंड वैष्णव, भागवत साहू, रिझन ठाकुर, बाल किशन ठाकुर, भुनेश्वरी ठाकुर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### शीतला सब्जी मार्केट के ...

बाजार जलभराव की समस्या से जूझता आ रहा है। यहां बरसात में पानी भर जाने से कई कई दिनों तक व्यवसाय चौपट रहता है। सब्जी व्यवसाइयों को महिला समृद्धि बाजार, सिविल लाईन मैदान में पसरा लगाना पड़ता था। इस समस्या से यहां के व्यवसाइयों ने शहर विधायक गजेन्द्र यादव को अवगत कराते हुए सब्जी बाजार के उन्नयन की मांग की थी। इस पर विधायक श्री यादव की पहल पर सब्जी बाजार का उन्नयन कार्य शुरू किया गया है।

शीतला सब्जी में 1 करोड़ 73 लाख की लागत से 19 नई दूकानों के साथ ही यहां के चबूतरों को ढाई फीट ऊंचा किया जायेगा। इस निरीक्षण कार्य के दौरान नगर निगम सभापति श्याम शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, पार्षद शिव नायक. गुड्डू यादव, कमल देवांगन, कुलेश्वर साहू, मंडी बोर्ड के एसडीओ प्रवीण पाण्डेय भी उपस्थित थे।

### पुलिस ने 9 आरोपियों को ...

इन सभी को पद्मनाभपुर पुलिस ने धारा 299 बीएनसी छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के निर्देश पर इन सभी को जेल भेज दिया गया है।

पद्मनाभपुर पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रायपुर नाका पद्मनाभपुर निवासी बलदाऊ साहू नामक एक व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रायपुर नाका में मधु तांडी के घर पर रात्रि लगभग 10 बजे कतिपय लोग इसाई धर्म की प्रार्थना कर भजन कीर्तन कर रहे है। ये सभी आरोपी हिन्दू परिवार से है। लोगों को ईसाई धर्म से प्रेरित उद्बोधन दे रहे है। हिन्दू देवी देवताओं के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे है। शिकायतकर्ता बलदाऊ साहू का कहना है कि वे हिन्दू देवी देवताओं के विरूद्ध आपत्तिजनक टिप्पणियों से काफी आहत हुए और थाने में रिपोर्ट दर्ज करा रहे है। पद्मनाभपुर पुलिस ने शिकायत मिलते ही मौके पर पहुंचकर धर्म परिवर्तन कार्य में लगे लोगों को गिरफ्तार किया, उनसे पूछताछ भी की। पूछताछ में आरोपियों ने उन पर लगाये गये आरोपों को स्वीकार भी किया। इस पर पद्मनाभपुर पुलिस ने उक्त सभी 9 लोगों पर मामला कायम कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल में दाखिल किया गया।

### प्रदेश में यादव समाज को ...

कि छ.ग. में यादव समाज संख्या बल के हिसाब से दूसरे क्रम पर है। इसके बावजूद सरकार द्वारा मंत्रीमंडल और निगम-मंडलों में यादव समाज को संख्या बल के हिसाब से प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाना समाज की उपेक्षा है। यह स्थिति न केवल समाज के राजनीतिक हक को कमजोर करती है बल्कि सरकार की समावेशी नीति पर भी सवाल खड़ी करती है। छ.ग. में यादव समाज वर्षो से सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय रहा है। कृषि, व्यापार और अन्य क्षेत्रों में योगदान देने के साथ साथ इस समाज ने चुनाव में भागीदारी देकर लोकतंत्र को मजबूत किया है लेकिन जब सत्ता में भागीदारी की बात आती है तो यादव समाज को बार.बार नजर अंदाज किया जाता है। छ.ग. (ठेठवार) यादव समाज महासभा के प्रांताध्यक्ष गुलेन्द्र कुमार यादव, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमराज यदु, रिवेन्द्र यादव, रमन लाल यादव आदि ने निगम एवं मण्डल की सूची में यादव समाज को प्रतिनिधित्व नहीं मिलने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न जातियों के पैतृक व्यवसाय से जुड़े निगम एमंडल व बोर्ड में उन्हीं समाज के लोगों को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है मगर गौपालन व दुग्ध व्यवसाय से जुड़े यादवों को गौसेवा आयोग एवं दुग्ध महासंघ तक के अध्यक्ष पद से वंचित कर दिया गया है।

**मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने दी चेतावनी**

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने मंत्रीमण्डल और विभिन्न निगम मण्डलों में कई समुदायों को प्रतिनिधित्व दिया है लेकिन यादव समाज को इससे दूर रखा गया है समाज मुख्यमंत्री से सामाजिक न्याय दिलाने की अपेक्षा करती है। साथ ही प्रदेश अध्यक्षों ने तय किया है कि संख्या बल के हिसाब से शीघ्र यादव समाज को सत्ता में भागीदारी नहीं दी गई तो जून माह में मुख्यमंत्री निवास एवं भाजपा कार्यालय का घेराव किया जावेगा।

प्रदर्शन में राजकुमार यादव, ईश्वर यादव, नरेन्द्र यदु, मुकेश यादव, उमाशंकर यादव, रोमशंकर यादव, गोविन्दा लखन यादव, केके यादव, बलराम यादव, अभिषेक यादव, खेमसिंह यादव, बीपी यादव, राधेलाल यादव, मदन यादव, जनक यादव, होमलाल यादव, एमआर यादव, महेश ठेठवार, आशीष यादव, बीरेन्द्र यदु, सत्येन्द्र यादव, अनिकेत यादव, राजेन्द्र यादव, मयाराम यादव, अशोक यादव, प्रमोद यादव, सूर्यकांत यादव, मोहन यादव, हरप्रसाद यादव, दीपक यादव, राजू यादव, कृष्णा यादव, पुखराज यादव, दिलहरण यादव, दुष्यंत यादव, शेखर यादव, जयेन्द्र यादव टुकेश यादव, अंशु यादव, कुलेश्वर यादव, छबि यादव, यशवंत यादव, गजेन्द्र यदु अनंत बल्ला सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

### रूहान ने श्रद्धालुओं-गुरूजनों के ...

में दुर्ग सकल समाज के सदस्यों एवं ओसवाल पंचायती मूर्ति पूजक संघ के पदाधिकारी ट्रस्टी समिति के सदस्य एवं श्रावक श्राविकाओं की समृद्ध उपस्थिति थीं।

# एसएसपी बेमेतरा ने ओआर के माध्यम से सुनी अधिकारी व पुलिस जवानों की समस्याएं

**बेमेतरा**, 30 मई। रक्षित केन्द्र बेमेतरा में आयोजित जनरल परेड उपरांत च्ओ.आर.ज्के माध्यम से अधिकारी व पुलिस जवानों की समस्याएं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बेमेतरारामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के समक्ष प्रस्तुत की गईं। इस अवसर पर एसएसपी श्री साहू ने सभी अधिकारी व जवानों की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना एवं उनकी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं के यथासंभव त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की कार्यक्षमता व मनोबल को बनाए रखने के लिए उनकी समस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, चौकी प्रभारी कंडरका उप निरीक्षक राजकुमार साहू, चौकी प्रभारी खण्डसरा उप निरीक्षक ओंकार प्रसाद साहू, चौकी प्रभारी मारो सहायक उप निरीक्षक जितेन्द्र कश्यप, सउनि दिलीप सिंह, दीनानाथ सिन्हा, छोटे लाल बंजारे, गुहाराम वारे, सुरेश राजपूत, सउनि (अ) दीपक गर्जेलवार, एसएसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजुद रहें।



# दौजरी क्लस्टर के दस ग्राम पंचायतों के विकास के लिए दी एक करोड़ की सौगात

■ विष्णुदेव सरकार के सुशासन में गांव, गरीब, किसान सहित सभी वर्गों में खुशहाली: उपमुख्यमंत्री

**कवर्धा,** 30 मई (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज शुक्रवार को कबीरधाम जिले के प्रवास के दौरान कवर्धा विकासखंड के ग्राम दौजरी में 'सुशासन तिहार' के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन की स्थापना हो रही है, जिसके फलस्वरूप गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाएं सहित सभी वर्गों का समुचित विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार गांव से लेकर शहर तक विकास की गंगा बहा रही है। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने दौजरी समाधान शिविर में दौजरी क्लस्टर की दस ग्राम पंचायतों के समग्र विकास हेतु एक करोड़ रूपए की सौगात दी। उन्होंने बताया कि ग्राम दौजरी, बरबसपुर, नेवारी, बटरू कछार, जरदी, जेवदन, बिजाई, सोनबरसा, दबराभांठ और बोधाई कुंडा का सुनियोजित विकास किया जाएगा। प्रत्येक पंचायतों को विकास के लिए 10-10 लाख रूपए दिए जाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम के तहत गर्भवती माताओं का गोदभराई तथा




बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया। समारोह में छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघेल, उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी सहित क्षेत्र के पंच, सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने शपथ लेते ही अगले ही दिन से प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति देना शुरू किया। किसानों से किए वादे को निभाते हुए 3,100 रूपए प्रति चिंटल की दर से धान खरीदी और 21 चिंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का निर्णय लिया गया। साथ ही, पूर्व में लंबित दो वर्षों का धान बोनस भी दिया गया। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 70 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में राशि स्थानांतरित कर आर्थिक समृद्धि की दिशा में प्रभावी कदम उठाए गए हैं। श्री शर्मा ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले हितग्राहियों के लिए प्रति मानक बोरा दर 4,000 से बढ़ाकर 5,500 रूपए कर दी गई है। साथ ही, रामलला दर्शन योजना प्रारंभ कर अब तक 22 हजार हितग्राहियों को दर्शन का लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' को पुनः प्रारंभ किया है। इसके अतिरिक्त महतारी वंदन योजना के तहत नई हितग्राहियों को भी लाभान्वित किया जा रहा है।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिले में संचालित सुशासन तिहार की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कबीरधाम जिले में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 8 अप्रैल 2025 से सुशासन तिहार की शुरुआत की गई, जो तीन चरणों में संपन्न हुआ। प्रथम चरण 8 से 11 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें कुल 1,16,505 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 1,14,390 आवेदन मांग और 2,115 शिकायत से संबंधित थे। द्वितीय चरण 9 अप्रैल से 4 मई 2025 तक निराकरण का कार्य हुआ। अब तक 1,16,354 आवेदनों का समाधान कर लिया गया है, शेष 151 आवेदनों का निराकरण शीघ्र किया जा रहा है। तृतीय चरण 5 मई से समाधान शिविरों के रूप में प्रारंभ हुआ, जो 30 मई 2025 तक चला। इस दौरान जिले की 471 ग्राम पंचायतें और 7 नगरीय निकाय क्लस्टर में शामिल की गईं। कुल 46 समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। आज 30 मई को विकासखंड कवर्धा के ग्राम दौजरी में आयोजित समाधान शिविर में दौजरी क्लस्टर की दस ग्राम पंचायतों से कुल 2,305 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2,297 का निराकरण कर लिया गया है। शेष 8 आवेदनों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। सबसे अधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्राप्त हुए हैं, जिनके पात्रता परीक्षण के उपरांत पीएम आवास प्लस 2.0 का सर्वेक्षण पूर्ण कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत शौचालय, पेयजल, राशन कार्ड, भूमि समतलीकरण, फौती नामांतरण इत्यादि से संबंधित अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। अब तक 5 नए राशन कार्ड, 185 व्यक्तिगत शौचालय, 7 नवीन पेंशन, तथा मनरेगा के अंतर्गत 15 भूमि सुधार, 20 पशु शेड, 1 बकरी शेड, 1 मुर्गी शेड, 3 निजी डबरी निर्माण कार्य और 21 नवीन जॉब कार्ड स्वीकृत किए गए हैं। जो मांगें बड़े निर्माण कार्यों से संबंधित हैं, उन्हें बजट उपलब्धता के अनुसार प्राथमिकता दी जाएगी।

# संविधान बचाओ रैली को लेकर जिला कांग्रेस ने की बैठक



**बेमेतरा,** 30 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 31 में को जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के तत्वाधान में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसे लेकर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यालय में जिला कांग्रेसियों की बैठक रखी गई बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार चाहे केंद्र हो अथवा राज्य सभी संवैधानिक संस्थाओं को आरएसएस के एजेंडे के अनुसार तोड़ मरोड़ रही है संवैधानिक ढांचा ध्वस्त हो रहा है संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है जिसे लेकर कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आम जनता में इस बात को पहुंचाने के लिए 31 में को संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी कांग्रेसियों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना है तथा किस तरह भाजपा सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दमन किया जा रहा है उसे आम जनता तक घर-घर जाकर पहुंचना है जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाली इस रैली के लिए कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को आमंत्रित किया गया है जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज छत्तीसगढ़ कांग्रेस सह प्रभारी विजय जांगिड़ छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वजसाहू रविंद्र चौबे गुरु रुद्र कुमार पूर्व संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से इस रैली में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया हैबैठक में ललित विश्वकर्मा महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा हरीश साहू सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा दिनेश कुमार पटेल अध्यक्ष सेवादल टी आर जनार्दन मनोज शर्मा सनत धर दीवान जोगिंदर छाबड़ा सुनील नामदेव दीपक दिनकर चंद्र कुमार सीतलानी श्रीमती रश्मि मिश्रा रीता पांडे रूबी सलूजा हेमीन यादव जनता साहू शत्रुघ्न साहू अजय राज सेन शंकर सिंह चौहान वाहिद रवानी रूप सिंह साहू रवि गुप्ता राम यदु बालक दास राघवेंद्र मनु देवशरण पप्पू साहब टोकेश्वर साहू रोमन वर्मा राहुल जोशी मोहन वर्मा राजू वर्मा मिर्ची लाल साहू गुरेन्द्र वर्मा कुमार वर्मा राजू वर्मा रामकुमार ठाकुर देवा गर्ग सीताराम यदु मोहन वर्मा कौनन अली कुंजी लाल दुबे सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# 57वीं एशियन बाड़ी बिल्डिंग एण्ड फीजिक्स स्पोर्ट् चैंपियनशीप चयन प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ से तीन अंतरराष्ट्रीय जज आमंत्रित

**बेमेतरा,** 30 मई (देशबन्धु)। 57 वी ऐशियन बाड़ी बिल्डिंग एंड फीजिक्स स्पोट चैम्पियनशीप 2025 एवं 16 वर्ल्ड बाड़ी बिल्डिंग एंड फीजिक्स स्पोर्ट चैम्पियनशीप 2025 के भारतीय टीम के चयन हेतु इंडियन बाड़ी बिल्डिंरस फेडरेशन ने चयन प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश से तीन अंर्तराष्ट्रीय जज श्री अरविंद सिंग भिलाई, श्री महेन्द्र कुमार तेकाम बेमेतरा तथा श्री बी. राजशेखर राव रेल्वे को आमंत्रित किया गया है। चयन प्रतियोगिता दिनांक 02.06.2025 से 03.06.2025 तक सिल्विर प्लेस बेनक्यूट एंड लावंस पुने (महाराष्ट्र) में आयोजित किया जा रहा है। उक्त चयन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश बाडी बिल्डिंरस एसोसियेशन के तीन अंर्तराष्ट्रीय जज श्री अरविंद सिंग भिलाई, श्री महेन्द्र कुमार तेकाम बेमेतरा तथा श्री बी. राजशेखर राव रेल्वे का चयन किये जाने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश बाड़ी बिल्डिंरस एसोसियेशन के पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।





# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई रामहर्षण दास की 108 वीं जयंती




**थानखम्हरिया,** 30 मई (देशबन्धु)। श्री रामहर्षण कुंज साजा में पंचरसाचार्य, प्रेमावतार, श्री रामहर्षण दास जी की 108 वीं जयंती 30 मई को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। शिष्यों, भक्तों द्वारा आचार्य चरण का पूजन किया गया। सरकार जी के जन्मोत्सव की बधाइयॉ गायी गयीं भजन कीर्तन किया गया तथा न्यौछावरी लुटायी गयी।

इस अवसर पर महंत श्री वैष्णवदास जी ने सरकार जी की जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महापुरुष अपने पीछे विचारों का इतना बड़ा साहित्य छोड़ जाते हैं कि युगों तक वे अमर रहते हैं। यद्यपि स्थूल रूप से वे हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी वाणी, विचार तथा साहित्य प्रत्यक्ष रूप से हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। महापुरुषों की लीला, आचरण समाज का मार्ग प्रशस्त करता है। महंत जी ने कहा अनंत काल से महापुरुषों का इस धरा पर आगमन होता रहा है उनके बताए सिद्धांतों का अनुशरण कर हम अपने जीवन के लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं। सरकार का साहित्य पढ़ने पर हमें ज्ञात होगा कि अनेक ऐसे बिंदु, उदाहरण, संस्मरण मिलेंगे जो हमारा मार्गदर्शन करेंगे। स्वामी जी अपने यम नियम के पक्के थे। उनकी जयंती में हम सभी भगवान से प्रार्थना करें कि सरकार तो अनंत गुणों से विभूषित थे यदि उनके एक गुण भी हममें आ जाए तो हमारा जीवन धन्य हो जाएगा। इस अवसर पर साजा थानखम्हरिया दुर्ग रायपुर कवर्धा, गोंदिया एवं आसपास के अन्य स्थानों से भक्त आए हुए थे।

# सुशासन समाधान शिविर बना सुकन्याओं का अभिमान

**बेमेतरा,** 30 मई (देशबन्धु)। जिले में सुशासन समाधान शिविरों का आयोजन 08 मई 2025 से 31 मई 2025 तक आयोजित किया गया जिसमें पूरे जिले में कुल 64 शिविरों का आयोजन हुआ इन शिविरों में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अभियान चलाकर भारतीय डॉक विभाग के समन्वय से 222 कन्याओं का सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत खाते खुलवाये गये। उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर जिले में महतारी वंदन योजना के 2.5 लाख से अधिक महतारियों को प्रोत्साहित करके 17.5 हजार से अधिक सुकन्या समृद्धि के खाते खोले गये




है। जिसमें महतारियों द्वारा प्रतिमाह महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का सदुपयोग करते हुए अपनी कन्याओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए बचत की जा रही है।

इसी प्रकार समाधान शिविरों में नोनी सुरक्षा योजना अंतर्गत 68 नोनीयों को नोनी सुरक्षा योजना का बांड पेपर वितरित किया गया। योजना का प्रचार-प्रसार करते हुए 81 नोनीयों का नोनी सुरक्षा योजना नवीन पंजीयन किया गया। जब ये नोनी 18 साल की होगी और 12 वीं पास कर लेगी तो उसे 1 लाख रु. की राशि राज्य शासन के द्वारा प्रदाय की जावेगी। इस प्रकार जिले के नोनीयों को 81 लाख रू. की राशि प्राप्त होगी। इसी तरह किशोरी बालिकाओं की स्वास्थ्य का चिन्ता करते हुए जिले की 466 नोनीयों का हिमोग्लोबिन का परीक्षण किया गया एवं उन्हे मासिक धर्म स्वच्छता एवं साफ-सफाई का विशेष जागरूक करते हुए 616 नोनीयों को सेनेटरी नेपकीन का निशुल्क वितरण किया गया।

इसी प्राकर 569 नोनीयों का आधार कार्ड बनवाया गया। इस तरह सुशासन समाधान शिविर के माध्यम से जिले के नोनीयों के सुखद भविष्य संवारने हेतु सकारात्मक प्रयास किया गया।

# उपमुख्यमंत्री सद्गुरू कबीर प्राकट्य दिवस में हुए शामिल, मेला विकास के लिए 20 लाख की घोषणा

**कवर्धा,** 30 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज शुक्रवार को कबीरधाम जिले के प्रवास के दौरान पाण्डातराई परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम घोघरा में आयोजित श्री सद्गुरू कबीर प्राकट्य दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सद्गुरू कबीर साहेब के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने घोघरा मेला प्रांगण के समुचित विकास के लिए 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का भी परिचायक है।



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सद्गुरू कबीर का जीवन हमें सत्य, अहिंसा, समरसता और सामाजिक एकता का मार्ग दिखाता है। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कबीर की वाणी में ऐसा संदेश है, जो हर वर्ग, हर धर्म और हर समय के लिए प्रासंगिक है। उपमुख्यमंत्री ने स्थानीय नागरिकों से संवाद भी किया और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। प्राकट्य दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत संत-महात्माओं द्वारा कबीर वाणी और भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। श्री मनिराम साहू, श्री क्रांति गुप्ता सहित आयोजक सामिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# ग्राम चोरभट्टी के ग्रामीणों ने मुर्गी दाना कंपनी से फैल रही दुर्गंध को लेकर विधायक दीपेश साहू को सौंपा ज्ञापन

**बेमेतरा,** 30 मई (देशबन्धु)। ग्राम चोरभट्टी के ग्रामीणों ने आज विधायक दीपेश साहू को ज्ञापन सौंपते हुए गांव के पास संचालित मुर्गी दाना (कृमि पालन) यूनिट से फैल रही गंभीर दुर्गंध और स्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभावों की शिकायत को लेकर विधायक दीपेश साहू को ज्ञापन सौपा है द्य ग्रामीणों के अनुसार, उक्त इकाई से निकलने वाली अत्यधिक दुर्गंध से न केवल चोरभट्टी, बल्कि आस-पास के गांव जैसे मटका ताला और जिया कॉलेज क्षेत्र भी प्रभावित हो रहे हैं।



ग्राम पंचायत चोरभट्टी की सरपंच रेखा पात्रे और सचिव राजकुमार साहू द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यह इकाई बस्ती के करीब स्थापित की गई है, जिससे स्थानीय निवासियों को सांस लेने में परेशानी, बदबू के कारण उल्टी जैसी स्थिति और मानसून में हालात और अधिक खराब होने की आशंका जताई गई है।

विधायक दीपेश साहू ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे इस विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करेंगे कि अविलंब स्थल निरीक्षण कर उचित कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि च्ग्रामवासियों की सेहत और जीवन की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यदि यह इकाई नियमों के विपरीत या बिना पर्यावरणीय मानकों के स्थापित है तो उसे बंद कराना सुनिश्चित किया जाएगा।

विधायक साहू ने यह भी बताया कि वे स्वयं संबंधित अधिकारियों से बात कर क्षेत्र का निरीक्षण करवाएंगे और यदि आवश्यकता पड़ी तो पर्यावरण विभाग एवं जनस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से भी हस्तक्षेप कराया जाएगा।

ग्रामीणों ने विधायक साहू को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जल्द समाधान की उम्मीद जताई है।

# आईटीआई बेरला में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन, सिस्कॉल कंपनी ने किया चयन

**बेमेतरा,** 30 मई (देशबन्धु)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेरला, जिला बेमेतरा में आज सिस्कॉल (स्टील इंफ्रा सलूशन पीवीटी एकटीडी.) कंपनी द्वारा तकनीशियन व्यवसाय हेतु प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट कैंप में संस्था के विद्युतकार, फिटर और वेल्डर व्यवसाय के उत्तीर्ण अथवा अंतिम वर्ष में अध्ययनरत 15 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया। चयनित प्रशिक्षार्थियों को अखिल भारतीय व्यवसायिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात सिस्कॉल कंपनी में जॉइनिंग दी जाएगी। इस पहल से तकनीकी छात्रों को उद्योग क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और उन्हें व्यावसायिक अनुभव भी प्राप्त होगा। संस्था द्वारा इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर कर छात्रों को प्रोत्साहित किया जाता रहा है।

# गुधेली में समाधान शिविर का आयोजन

**बेमेतरा,** 30 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन की अभिनव पहल च्सुशासन तिहार 2025ज्ज के अंतर्गत बेरला जनपद के ग्राम गुधेली में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू रहे, जिनकी उपस्थिति ने शिविर की गरिमा और प्रभावशीलता को नई ऊंचाई प्रदान की। शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाना और ग्रामीण नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है। इस अवसर पर 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

14 ग्राम पंचायतों के हजारों ग्रामीणों की भागीदारी- ग्राम गुधेली क्लस्टर की 14 ग्राम पंचायतों मे गुधेली, बोरसी, गोंडगिरी, खमतराई, गाड़ामोड़, खंगारपाठ, कोहडिया, कंडरका, खुडमुड़ी, बेरलाकला, भालेसर, लाटा, उफरा, हरदी के ग्रामीणों ने शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में कुल 7687 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 7666 आवेदनों का त्वरित निराकरण कर प्रशासन ने अपनी संवेदनशीलता और सक्रियता का परिचय दिया।

विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सामग्री एवं लाभों का वितरण- शिविर के दौरान पात्र हितग्राहियों को किसान किताब, जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मछली जाल, और बैंक पासबुक आदि का वितरण किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा च्नोनी सुरक्षा योजनाज्ज और




च्प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजनाज्ज के अंतर्गत प्रमाण पत्र वितरित किए गए। च्सुकन्या समृद्धि योजनाज्ज के अंतर्गत लाभार्थी बालिकाओं को बैंक पासबुक प्रदान की गई।

इस अवसर पर अन्नप्राशन संस्कार का आयोजन भी किया गया और गर्भवती महिलाओं को पोषण किट प्रदान की गई। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी साझा की, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं से सीधा जुड़ने का अवसर मिला।

शिविर में वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश- शिविर के समापन पर विधायक दीपेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने वृक्षारोपण किया और आम नागरिकों से अधिक संख्या में पौधरोपण कर जल संवर्धन एवं स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में योगदान देने की अपील की। विधायक दीपेश साहू ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता की सेवा का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पहली बार इस तरह के समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि शासन की योजनाएं हर गांव और हर व्यक्ति तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं, जो वर्षों से लंबित थे।

महिलाओं को च्महतारी वंदन योजनाज्ज के तहत ?1000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जा रही है। धान की खरीदी ?3100 प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। भूमिहीन कृषि मजदूरों को ?10,000 वार्षिक सहायता और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को ?6000 वार्षिक सहायता दी जा रही है। विधायक साहू ने ग्रामीणों से अपील की कि वे इन शिविरों में सक्रिय भागीदारी करें और शासन की योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर आपकी कोई समस्या रह जाती है तो बेहिचक मुझसे संपर्क करें, मैं आपका सेवक हूं और हर परिस्थिति में आपके साथ हूं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य राहुल टिकरिहा, बेरला जनपद अध्यक्ष माधुरी रवि परगनिया, पोषण वर्मा, यशवंत वर्मा, सभी 14 ग्राम पंचायतों के सरपंचगण, जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर स्वच्छता दीदीयो का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

■ महापौर, आयुक्त एंव स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य ने स्वच्छता दीदीयो का किया सम्मान



**राजनांदगांव** 30 मई (देशबन्धु)। राज्य शासन के आदेशानुसार देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती कार्यक्रम प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 21 मई से 31 मई 2025 तक हर्षो उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी तारम्य में नगर निगम राजनांदगांव द्वारा अहिल्या बाई की जीवनी पर आयोजित कार्यक्रम की अंतिम कडी में आज स्वच्छता दीदीयो का स्वास्थ्य परीक्षण कर महापौर श्री मधुसूदन के आतिथ्य में टॉउन हाल में स्वच्छता दीदीयों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा, पुर्नवास एवं नियोजन विभाग के प्रभारी सदस्य श्री डीलेश्वर प्रसाद साहू, पार्षद श्री सतीश साहू, श्री सेवक उईके व श्री कुलेश्वर ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित थे।

सम्मान समारोह में महापौर श्री यादव ने कहा कि देवी अहिल्या बाई होल्कर की जन्म जयंती 31 मई 2025 को 300 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में 21 मई से 31 मई तक विभिन्न गतिविधिया संचालित कर उनकी जयंती हर्षो उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। देवी अहिल्या बाई अपने जीवन मे संघर्ष कर कुशल प्रशासक बनी और अपने प्रशासक कार्यकाल में उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया। इसी कारण उनके द्वारा किये गये कार्यो को महिलाओ को जानकारी देने उनकी जन्म जयंती से जोडा गया और शासन के निर्देशानुसार आज महिलाओ एवं स्वच्छता दीदीयों के लिए सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता दीदीया की मेहनत से ही शहर में स्वच्छ वातावरण निर्मित हो रहा है। सभी दीदीया अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वाहन कर महिलाओ को भी स्वच्छता से जोडे।

टाउन हाल में आयोजित कार्यक्रम में आज दोपहर 1 बजे से स्वच्छता दीदीयो का मेडिकल मोबाईल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। महापौर श्री यादव उनसे मुलाकात कर उनका उत्साह वर्धन कर डॉक्टरो से चर्चा किए। स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात 3 बजे से सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें महापौर सहित अतिथियो ने स्वच्छता दीदीयो को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अंत में अमोद प्रमोद व खेलकूद के तहत स्वच्छता दीदीयों ने छत्तीसगढ के पारंपरिक खेल फुगडी का प्रदर्शन किए, खेल में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले दीदीयों को अतिथियो द्वारा पुरूस्कृत किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री बग्गा ने कहा कि जिस प्रकार से विषम परिस्थिति में सत्ता की बागडोर संभाल देवी अहिल्या बाई होल्कर ने कुशल प्रशासक बन धार्मिक, ऐतिहासिक क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य कर अपनी अलग पहचान बनाई, उसी प्रकार उन्होंने महिला सशक्तिकरण को बढावा देकर महिलाओ के हित में कार्य की। उन्होंने कहा कि उन्ही के जन्म जयंती के अवसर पर आप लोगो का सम्मान किया जा रहा है, आप सभी स्वच्छता दीदीया देवी अहिल्या बाई के कार्यो का अनुसरण कर स्वच्छता में नया मुकाम हासिल करे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि देवी अहिल्या बाई होल्कर की जन्म जयंती पर शासन निर्देशानुसार महिलाओ, स्वच्छता दीदीयो एवं जन प्रतिनिधियों के सहयोग से जल स्त्रोत, ऐतिहासिक धरोहर, धार्मिक स्थल में श्रम दान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया, साथ ही उनकी जीवनी पर चित्रकला प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी भी आयोजित की गयी और आज स्वच्छता दीदीयो का स्वास्थ्य परीक्षण व सम्मान किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे ने किया। इस अवसर पर निगम के अधिकारी व स्वच्छता दीदीया बडी संख्या में उपस्थित थी।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इन्टर स्टेट बॉर्डर कार्डिनेशन मीट संपन्न




■ बैठक में छत्तीसगढ़, मध्यप्रेदश एवं महाराष्ट्र के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मीटिंग में हुये शामिल

**राजनांदगांव,** 30 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के सभागृह में इन्टर स्टेट बॉर्डर कार्डिनेशन मीट का आयोजन किया गया जिसमें नक्सल विरोधी अभियान पर पडोसी राज्य के सिमावर्ती जिलों के पुलिस अधिकारी सम्मिलित हुये एवं एक दूसरे को नक्सल विरोधी अभियान में सूचना, आसूचना तथा नक्सल सर्चिंग ऑपरेशनों में आपसी सहयोग करने, बॉर्डर पर एमसीपी लगाकर एवं बैरियर में चेकिंग के दौरान अवैध गतिविधी में प्रयुक्त सामग्री जैसे हथियार, ड्रग्स व नशीले पदार्थ एवं नक्सल घुसपैठ के रास्तो को चेक करते रहने तथा एक दूसरे के साथ समन्वय स्थापित कर नक्सल सर्चिंग अभियान निकालने और एक जूट होकर नक्सल समस्या का निराकरण करने के संबंध में रणनीति बनाई गई तथा एमएमसी जोन को नक्सल मुक्त करने व नक्सल सरेंडर / गिरफ्तार करने पर विस्तृत चर्चा की गई। उक्त बैठक में पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट जोन, बालाघाट श्री संजय कुमार, पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगाव श्री अभिषेक शांडिल्य, उप पुलिस महानिरीक्षक गढ़चिरौली रेंज कैम्प नागपुर श्री अंकित गोयल, उप महानिरीक्षक, आईटीबीपी सेक्टर मुख्यालय राजनांदगांव श्री अनवर ईलाही, पुलिस अधीक्षक जिला कबीरधाम श्री धर्मेन्द्र सिंग, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक मोहला–मानुपर–अं.चौकी श्री वाई.पी.सिंग, पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री नागेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक खैरागढ़–छुईखदान–गंड़ई श्री लक्ष्य शर्मा, पुलिस अधीक्षक गोंदिया श्री गोरख धामरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स गढ़चिरौली श्री एम.रमेश, सेनानी हॉकफोर्स बालाघाट श्री शियाज के.एम., अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री राकेश कुमार पंडरो, उप सेनानी आईटीबीपी ऑप्स, सेक्टर मुख्यालय राजनांदगांव श्री जिथ जैम्स शामिल थे।

# महापौर सुबह पहुँचे स्टेशन पारा, शिक्षक व ममता नगर, वार्डवासियों से मुलाकात कर सफाई, पानी के संबंध में की चर्चा

■ निर्माण कार्य के लिए अधिकारियों को दिये निर्देश



**राजनांदगांव** 30 मई (देशबन्धु)। वार्ड निरीक्षण की कडी में महापौर श्री मधुसूदन यादव आज सुबह निगम के तकनीकि अधिकारियो के साथ वार्ड नं. 11,12 व 18 के स्टेशन पारा, शिक्षक नगर व ममता नगर में जाकर वार्डवासियों से मुलाकात की और उनसे साफ सफाई व पानी के संबंध में चर्चा किए। उन्होंने निर्माण कार्य के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

महापौर श्री यादव पार्षद श्री संदीप बघेल के साथ स्टेशन पारा एवं शिक्षक नगर निरीक्षण के दौरान साफ सफाई में विशेष ध्यान देने निर्देशित किए तथा सिद्धीकी गली में मलमा रखे रहने की शिकायत पर संबंधित को मलमा हटाने कहा। साथ ही अंतिम छोर में कम पानी आने की शिकायत पर उचाई को ध्यान में रख पाईप लाईन विस्तार के लिए प्रक्रिया करने निर्देशित किए। इसी प्रकार सिद्धीकी हास्पिटल के पास एवं शिक्षक नगर में बीच में लगे विद्युत पोल को शिप्ट करने विद्युत मण्डल के अधिकारियों को निर्देश दिए।

ममता नगर निरीक्षण के दौरान नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले एवं पार्षद श्री संगीता देवांगन ने महापौर से वार्ड के काम के संबंध में चर्चा किए। महापौर ने वार्ड की समस्या निराकरण के लिए अधिकारियो को दिशा निर्देश दिए। उन्होने ममता नगर में साफ सफाई कर नाली नालो की विशेष रूप सफाई करने कहा, जिससे बारिश में पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने वार्डवासियों से भी साफ सफाई रखने, कचरा नाली मे न डालने अपील किए।

महापौर श्री यादव ने शिक्षक नगर में स्वीकृत नाली का कार्य जल्द चालू कराने कहा तथा आगे नाली निर्माण एवं पक्की रोड निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार करने संबंधित उप अभियंता को निर्देशित किए। उन्होंने महिला जीम में जीम उपकरण तथा अन्य कार्य के लिए भी प्रक्रिया करने कहा। उन्होने तकनीकि अधिकारियो से कहा कि वार्डो के स्वीकृत कार्य जल्द चालू करावे एवं अन्य कार्य के लिए प्राथमिकता तय कर प्रक्रिया करे। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, श्री संजय वर्मा व श्री दीपक खाण्डे, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उप अभियंता श्री अनूप पाण्डे, श्री अशोक देवांगन, श्री तिलकराज ध्रुव व श्रीमती रोमाली शेण्डे सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# महापौर यादव ने ली विद्युत मण्डल के अधिकारियो की बैठक

## शहर में बार बार विद्युत अवरोध पर निराकरण के दिये निर्देश



**राजनांदगांव** 30 मई (देशबन्धु)। महापौर श्री मधुसूदन यादव आज अपने कक्ष में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा की उपस्थिति में विद्युत मण्डल के अधिकारियो की बैठक लेकर शहर में हो रही विद्युत अवरोध के संबंध में जानकारी लेकर वार्ड की विद्युत व्यवस्था तथा मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के संबध में चर्चा किए।

महापौर श्री यादव ने अधिकारियो से शहर की विद्युत व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर वार्डो में विद्युत प्रवाह में हो रहे अवरोध के संबंध में जानकारी लिए। उन्होंने कहा कि लालबाग क्षेत्र में गत दिनों विद्युत आपूर्ति बाधित हुई, जिससे लोग आक्रोश भी हुए तथा विद्युत मण्डल के अधिकारियो के द्वारा फोन नही उठाने की भी शिकायत प्राप्त होती है, इस प्रकार की घटना न हो इसका विशेष ध्यान रखे और व्यवस्था दुरूस्त करे।

कार्यपालक निर्देशक श्री शिरिष कुमार सैलेट ने जानकादी दी कि लालबाग 3फिटर में खराबी आने तथा केबल जलने से विद्युत आपूर्ति बाधित हुई तथा बारिश के पूर्व मेंटनेंस के कारण शहर के अलग अलग क्षेत्रों में लाईट बंद की जा रही है। इसी प्रकार पुराने लाईनों के कारण आधी तुफान में परेशानी आती है तथा कर्मचारियो के सेवानिवृत्त होने के कारण गैंग की भी कमी हो गयी है। एक साथ कई फीडर से कम्पलेन आता है, एक सुधार करने और दूसरे तक पहुचने में समय लगता है। लगातार कर्मचारियो से बात करने व कम्पलेन अटेण्ड करने से फोन पर बात नही हो पाती। शासन से गैंग बढ़ाने प्रस्ताव भेजा गया है।

महापौर श्री यादव ने कहा कि पुराने कनेक्शन चेंज करे, केबल एवं ट्रांसफार्मार आदि दुरूस्त करे, शासन को भेजे गये प्रस्ताव की कापी उपलब्ध करावे, जिसपर बात की जा सके। इसके अलावा बारिश के पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त करे। उन्होंने विद्युत मण्डल एवं क्रेडा के अधिकारी से पीएम सूर्य घर योजना के संबंध में जानकारी लेकर उसका प्रचार प्रसार करने कहा, ताकि लोगो को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने मुख्यमंत्री विद्युतिकरण योजना के संबंध में चर्चा कर पार्षदो से प्रस्ताव मंगवाने निगम के अधिकारियो को निर्देशित किए। उन्होने शहर के एक क्षेत्र में सोलर पेनल से स्ट्रीट लाईट संचालित करने निगम, विद्युत मण्डल तथा उर्जा विभाग के अधिकारियो की संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही करने कहा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने ट्रांसफार्मर एवं केबल वायर बदलने भेज गये प्रस्ताव पर शीघ्रता से कार्य करने अधिकारियो से कहा। उन्होने कहा कि निगम क्षेत्र के लगभग 122 अनुपयोगी मीटर बंद करने भी प्रस्ताव भेजा गया है, जिसपर कार्यवाही कर बंद किया जावे तथा कुछ विद्युत पोल जर्जर हो गये है उसे भी बदलने की कार्यवाही की जावे, ताकि बरसात में दुर्घटना न हो।

बैठक में अधीक्षण अभियंता श्री शंकेश्वर कवर, कार्यपालन अभियंता श्री आर.के. गोस्वामी, सहायक अभियंता श्री आर.के. मण्डावी व श्री हिमाशु भुमार्य, कनिष्ठ अभियंता श्री कीर्ति कुमार देशमुख, नगर निगम के कार्यपालन अभियंता श्री संजय वर्मा, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, उप अभियंता श्री अशोक देवांगन, क्रेडा के कनिष्ठ अभियंता श्री मेघराज साहू आदि उपस्थित थे।

# अग्नि वीर थलसेना भर्ती हेतु परीक्षा के लिए 2 जून को नि:शुल्क प्रशिक्षण

**राजनांदगांव** 30 मई (देशबन्धु)। भारतीय अग्नि वीर थलसेना 2025 के लिए युवाओ को भर्ती करने ऑनलाईन फार्म भराया गया है, जिसकी लिखित परीक्षा ली जानी है। इस संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि राजनांदगांव के आवेदको जिनके द्वारा अग्नि वीर थलसेना 2025 भर्ती हेतु ऑनलाईन फार्म भरा गया है उनकी पहले लिखित परीक्षा होगी, उसके पश्चात शारीरिक दक्षता परीक्षा ली जायेगी। ऑनलाईन लिखित परीक्षा जून माह में आयोजित होना है। जिसके लिये जिला रोजगार केन्द्र में 2 जून को प्रात: 11 बजे नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जावेगा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि राजनांदगांव सीमाक्षेत्र के आवेदको की सुविधा के लिए जिला रोजगार केन्द्र में नि:शुल्क प्रशिक्षण की सुविधा दी जा रही है। अत: जिन्होंने अग्नि वीर थलसेना भर्ती हेतु परीक्षा के लिए ऑनलाईन पंजीयन फार्म भरे है, वे पंजीयन फार्म के साथ जिला रोजगार एवं स्व रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 2 जून 2025 को प्रात: 11 बजे उपस्थित होकर नि:शुल्क प्रशिक्षण का लाभ ले सकते है।

# भदौरिया चौक में ट्रक चालक से लूट करने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

■ थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर सेल राजनांदगॉव पुलिस की सयुक्त कार्यवाही



**राजनांदगांव,** 30 मई (देशबन्धु)। प्रार्थी खिलेश्वर साहू पिता देवराम उम्र 40 वर्ष साकिन शिकारीपारा बसंतपुर थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव (छ0ग0) थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 28.05.2025 के दरम्यानी रात्रि 12.30 बजे यह भदौरिया चौक के पास अपने ट्रक क्रमांक सी0जी0 08 ए.डब्ल्यु– 0676 में बैठा था तभी 04 व्यक्ति एक राय होकर आये और प्रार्थी जेब में रखे विवो कंपनी का मोबाईल को लूटकर भागने लगे। तब इसके द्वारा विरोध करने पर एक लोहे के धारदार कत्ता (चाकू) से प्रार्थी के पेट में वार कर चोट पहुंचा कर भाग जाना बताया। कि रिपोर्ट पर थाना कोतवाली राजनांदगांव में अप0क्र0 263/2025 धारा 309 (4), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायमी की सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेन्द्र सिंह नेतृत्व में त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली एवं सायबर सेल राजनांदगांव की सयुक्त टीम गठित कर घटना स्थल एवं उसके आसपास लगे सी0सी0टी0व्ही0 फुटेज में मिले क्लु के आधार पर आरोपी द्वय पवन सोनवानी एवं देवी साहू को घेराबंदी पकड़कर हिरासत में लेकर थाना लाकर पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों द्वारा अपने अन्य 02 साथियों के साथ धटना कारित करना स्वीकार किया गया, जिसके कब्जे से धटना में प्रयुक्त एक नग लोहे का कत्ता (चाकू) एवं प्रार्थी से लूटे गये विवो कंपनी का एक नग मोबाईल को जप्त किया गया। दोनो आरोपी (1) पवन सोनवानी पिता गणेश सोनवानी उम्र 19 वर्ष साकिन पेण्ड्री अटल आवास वार्ड क0 14 थाना लालबाग जिला राजनांदगांव (छ0ग0) (2) देवी साहू पिता रमेश साहू उम्र 20 वर्ष साकिन पेण्ड्री अटल आवास वार्ड क0 14 थाना लालबाग जिला राजनांदगांव छ0ग0) के खिलॉफ प्रर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने से आज दिनांक 30.05.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। अन्य 02 आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है, जिन्हे शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जावेगा।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, निरीक्षक योगेश कुमार पटेल, आरक्षक प्रदीप जायसवाल तथा सायबर सेल से सउनि0 सुमन कर्ष, आरक्षक हरिश ठाकुर एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

# परिसर में जमीन दलाल और राजस्व निरीक्षक आपस मे लड़ पड़े



**राजनांदगांव,** 30 मई (देशबन्धु)। एसडीम कार्यालय परिसर के बाजू में राजस्व निरीक्षक और जमीन दलाल के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि बात हाथापाई तक पहुंच गई। बाद में राजस्व विभाग के कर्मचारियों और आसपास के लोगों ने दोनों को शांत करवाया। बताया जा रहा है कि विवाद राजस्व कार्य में विलंब करने के कारण हुआ। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि किसी काम को लेकर लेन देन करने के बावजूद राजस्व निरीक्षक द्वारा जमीन दलाल को घुमाया जा रहा था, जिसके बाद जमीन दलाल का सब्र का बांध टूट गया और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। इस मामले में जमीन दलाल के खिलाफ शांति भंग करने का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। घटना कोटवली थाना क्षेत्र के एसडीएम कार्यालय परिसर के बाजू में की है, जहां आरआई जितेंद्र राजपूत और जमीन दलाल शांति लाल जैन के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। आसपास खड़े लोगों ने बीचबचाव किया और मामले को शांत करवाया। इस मामले में कोतवाली थाने में शिकायत के बाद शांति लाल जैन को गिरफ्तार कर लिया गया। शांति लाल जैन के खिलाफ शांति भंग करने के मामले में अपराध दर्ज कर एसडीएम कार्यालय में पेश किया गया जहां उसे जमानत भी दे दी गई।

# पैलेट प्लांट में फिर घटी दुर्घटना, श्रमिक बुरी तरह घायल

■ श्रमिकों को बिना सुरक्षा ट्रेनिंग बिना गेटपास के प्लांट कार्य में लिया जाता:मुश्ताक

■ पूर्व में भी एक श्रमिक की प्लांट में हो चुकी मौत ठेकेदार बीएसपी प्रबंधक कुंभकर्णी नींद में

**दल्लीराजहरा,**30 मई(देशबन्धु)। पूर्व सांसद प्रतिनिधि भारतीय मजदूर संघ के नेता मुश्ताक अहमद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दल्ली यंत्रीकृत खदान में निर्माणाधीन पैलेट प्लांट में दुर्घटनाओं का सिलसिला रुक नहीं रहा है आए दिन यहां कार्यरत गरीब आदिवासी श्रमिकों के साथ दुर्घटनाएं हो रही है और बीएसपी प्रबंधन व जगन्नाथ स्टील प्राईवेट लिमिटेड के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है जो कि चिंता का विषय है जब से जगन्नाथ स्टील प्राईवेट लिमिटेड ने पैलेट प्लांट बनाने का कार्य शुरू किया है तब से आजतक बहुत सी दुर्घटनाएं हो चुकी है। मगर आज तक उसके लिए किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है। उन्होंने आगे बताया की 29 मई को जगन्नाथ प्राईवेट लिमिटेड द्वारा निर्माणाधीन पैलेट प्लांट में फिर एक दुर्घटना घटी और पुनीत नाम का एक वेल्डर जो ऊंचाई में काम कर रहा था और काम करते समय उसके आंख में कुछ लोहे का समान गिर गया जिससे वेल्डर बुरी तरह घायल हो गया और तब वहां उपस्थित श्रमिकों ने किसी तरह उसे ज्योति अस्पताल ले जाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। भारतीय मजदूर संघ का एक प्रतिनिधि मंडल अस्पताल जाकर उसे देखा उस समय वह बात करने की स्थिति में नहीं था। लेकिन उस समय तक जगन्नाथ स्टील प्राईवेट लिमिटेड के अधिकारियों का अमानवीय चेहरा भी नजर आया कि कोई भी जिम्मेदार अधिकारी अस्पताल नहीं पहुंचा था जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। अब यहां एकबात बहुत ही महत्वपूर्ण है कि पैलेट प्लांट में बार बार दुर्घटनाएं क्यों हो रही है तो जब भारतीय मजदूर संघ ने जांच किया तो पता चला कि जगन्नाथ प्राईवेट लिमिटेड द्वारा पैलेट प्लांट में सरकार द्वारा तय मापदंडों का खुलकर उल्लंघन किया जा रहा है पैलेट प्लांट में श्रम कानूनों की भी खुलेआम अवहेलना की जा रही है मगर बीएसपी प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं या फिर जानबूझकर कर आंखें मूंद कर रखी हुई है। जबकि इस ठेके का असली मालिक बीएसपी प्रबंधन है बीएसपी ने जगन्नाथ स्टील प्राईवेट लिमिटेड को पैलेट प्लांट बनाने और प्लांट को संचालित करने का ठेका दिया है। मगर आज जिस तरह बीएसपी द्वारा दिए गये ठेके में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के बनाए गये नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है और जिन अधिकारियों की नियुक्त किया गया है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं में क्षेत्र के आदिवासी, गरीब ठेका श्रमिक शिकार हो रहे हैं। पूर्व सांसद प्रतिनिधि और संघ के नेता मुश्ताक अहमद ने आगे कहा कि एक तरफ सुरक्षा प्रथम का नारा लगाने वाली बीएसपी प्रबंधन पैलेट प्लांट के मामले में सुरक्षा को भूल चुकी है जबकि उसे मालूम होना चाहिए कि ठेके का असल मालिक बीएसपी प्रबंधन ही है इसलिए बीएसपी प्रबंधन अपनी जिम्मेदारियों से भाग नहीं सकता हैं ।बीएसपी जानकारी मिली है कि पैलेट प्लांट में कार्यरत किसी भी ठेका श्रमिकों का सुरक्षा ट्रेनिंग नहीं हुआ है, किसी भी श्रमिक का हाईट पास नहीं बना है, किसी भी श्रमिक का एक फार्म पंजीयन नहीं हुआ है, किसी भी ठेका श्रमिक को पेमेंट स्लीप नहीं मिलता है, ठेका श्रमिकों को बिना आराम के 12 घंटे से अधिक कार्य कराया जाता है और उन्हें ओवरटाइम का पैसा नियम पूर्वक नहीं दिया जाता है। पैलेट प्लांट में लापरवाही की हद ईतनी थी कि श्रमिकों को बिना गेटपास सिर्फ आधार कार्ड दिखाकर कार्य पर लिया जाता था उसी का परिणाम है कि आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। पूर्व में भी इस प्लांट में श्रमिक श्रवण चौहान यहां के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही से दुर्घटनाग्रस्त होकर मौत के मुंह चला गया और मृतक ठेका श्रमिक श्रवण चौहान की लगभग 06 मीटर की ऊंचाई से गिरने से मौत हो गई मगर उसके बाद भी जगन्नाथ स्टील प्राईवेट लिमिटेड और बीएसपी प्रबंधन की कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया है ।मृतक श्रवण चौहान प्लांट में कार्य करने का कोई नियम पूरा नहीं किया गया था। प्लांट में 29 मई की घटना भी प्रबंधक के लापरवाही से हुआ है। अहमद ने कहा कि निर्माणाधीन पैलेट प्लांट में जितनी भी दुर्घटना हुई है उसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं हती है तो संघ गरीब श्रमिकों को न्याय दिलाने के लिए दल्ली से दिल्ली लड़ाई लड़ने से पीछे नहीं हटेगा।



# सीएमओ ने बरसात पूर्व नगर की नालियों की सफाई प्रारंभ करवाई



**दल्लीराजहरा,**30 मई( देशबन्धु) ।नगरीय प्रशासन विभाग के आदेशानुसार नगर पालिका सीमा क्षेत्र अंतर्गत वर्षा ॠतु के पूर्व शहर के सभी छोटी बड़ी नालियों व नालों की साफ सफाई हेतु समुचित व्यवस्था किए जाने को लेकर अध्यक्ष तोरण साहू द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर को निर्देशित किया गया द्य इस दौरान अध्यक्ष तोरण साहू ने कहा कि वर्षा ॠतु के पूर्व शहर के सभी बड़ी नालियों व नालों की सफाई की जाए कुछ दिनों बाद वर्षा ॠतु शुरू हो जाएगी, शहर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो द्य मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर द्वारा मशीनों से मुख्य नालों की सफाई का कार्य कराया जा रहा हैद्य नगर पालिका द्वारा मशीनों से सफाई कार्य किए जाने से इस क्षेत्र में काफी सफलता प्राप्त हो रही है द्य बड़ी नालियों व नालों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है । सफाई को लेकर हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से कहा की अपनी स्वच्छता की आदतों को बेहतर बनाते हुए नालियों में कचरा डालने की आदत को सुधारना होगा तभी हमारा स्वच्छ शहर की परिकल्पना पूरी हो पाएगी। सफाई निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर नगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई विभाग कर्मचारीयों को निर्देशित किया कि आगामी वर्षा ॠतु के पहले शहर के सभी बड़ी नालियों और सड़कों की साफ सफाई करना आवश्यक जिससे बारिश के पानी की निकासी हो सके द्य जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो, नगर वासियों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना करना मत पड़े द्य साथ ही उन्होने पालिका के समस्त विभाग के कर्मचारी व प्रभारियों को निर्देश दिये की केन्द्र और राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का पुरी मेहनत से क्रियान्वयन करे।

उल्टा पुल्टा

पति- सब्जी में नमक क्यों नहीं है?
पत्नी- वो सब्जी थोड़ी जल गई थी न।
पति- तो नमक क्यों नहीं डाला?
पत्नी- क्या आपको पता नहीं कि जले पर नमक नहीं छिड़कना चाहिए।



# लोगों की समस्याओं का समाधान व योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : मंत्री टंकराम वर्मा

**बलौदाबाजार,** 30 मई (देशबन्धु)। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शुक्रवार को सुशासन तिहार अंतर्गत विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत रावन में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 16 लाख रुपये की लागत से निर्मित प्राथना शेड का लोकार्पण एवं लगभग 50 लाख की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के तहत बनने वालेसीसी रोड का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही ग्राम अर्जुनी में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कार्यालय भवन निर्माण एवं ग्राम बासीन में जलाशय के सुरंग का पूर्ण रूप से बंद करने हेतु 11 लाख रुपये की स्वीकृति दी। राजस्व मंत्री ने विभागीय स्टॉल का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली और विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 63 हितग्राहियो को सामग्री एवं प्रमाण पत्र वितरित किया।

शिविर को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का जिले में आज अंतिम पड़ाव है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं एवं मंत्री, सांसद और विधायक गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्या सुन रहे हैं और उसका निराकरण कर रहे है। लोगों की समस्या का समाधान और योजनाओं को सभी पात्र हितग्राहियो तक पहुंचाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मोदी की गारंटी के सौ फीसदी वायदे को 100 दिन में पूरा किया है। यह योजना लागू होने से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है जिससे आर्थिक समृद्धि व खुशहाली आई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिले को 239152 आवेदन मिले हैं जिसमें से सभी आवेदनों का निराकरण हो गया है। रावन क्लस्टर में 9 ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। क्लस्टर अंतर्गत कुल 3960 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 3830 मांग एवं 30 शिकायत से सम्बधित हैं। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दौलत राम पाल, उपाध्यक्ष गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सदस्य मोहन वर्मा जनपद सदस्य पूर्णिमा लहरी, लक्ष्मी बघेल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी -कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



**ग्राम पंचायत रावन में संपन्न हुआ समाधान शिविर**

# दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आए युवक की कुकदा डेम में डूबने से मौत, एसडीआरएफ की टीम ने किया रेस्क्यू

**राजिम,** 30 मई (देशबन्धु)। राजिम से 25 किलोमीटर दूर पांडुका के पास कुकदा डेम में रायपुर के एक युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आए थे। युवक की डैम में डूबने से मौत की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफकी टीम मौके पर पहुंच गई है। कड़ी मशक्कत के बाद युवक का शव पानी से बाहर निकाल लिया गया। युवक दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने पहले गरियाबद के गजपल्ला जलप्रपात पहुंचे, पानी कम होने के कारण सभी वहां से पांडुका पोंड़ स्थित कुकदा डैम पहुंचे

बताया गया कि युवक दोस्तों के साथ सुबह पिकनिक मनाने गरियाबद पहुंचा था। सबसे पहले यह ग्रुप गजपल्ला जलप्रपात पहुंचा, लेकिन पानी कम होने के कारण सभी वहां से पांडुका पोंड़ स्थित कुकदा डैम चले गए। सभी कुकदा डैम में मस्ती कर रहे थे। इस दौरान कुछ युवक नहाने के लिए डैम में उतर गए। तभी एक युवक गहरे पानी में पहुंच गया और वह डूबने लगा। युवक के दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक का शव पानी से बाहर निकाल लिया गया।

नहाते वक्त डेम में युवक को देखते हीउसके दोस्त चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पांडुका पुलिस, नगर सैनिक और एसडीआरएफकी टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम ने तत्काल तलाश शुरू की। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक का शव पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान आर्यन सिन्हा के रूप में >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**मृतक की पहचान आर्यन सिन्हा के रूप में हुई है। वह रायपुर भनपुरी इलाके का था रहने वाला, सभी दोस्त सदमे में**

# क्रिकेट के समापन समारोह में शामिल हुए नपाध्यक्ष



**महासमुंद,** 30 मई (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत बावनकेरा में युवा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महासमुंद नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। आयोजन स्थल पर आयोजक टीम के युवाओं ने श्री साहू का पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। समस्त खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर श्री साहू ने खेल का शुभारंभ करवाया। समापन स्पर्धा में विजेता व उप विजेता टीमों को उन्होंने सम्मानित किया। स्पर्धा में शामिल खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि खेल से हमें अनुशासन की शिक्षा मिलती है। साथ ही आपसी समन्वय का भाव भी विकसित होता है। श्री साहू ने आगे कहा कि युवाओं में छुपी प्रतिभा को सामने लाने में इस प्रकार के आयोजन सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने खेल में शामिल समस्त प्रतिभागी खिलाड़ियों को जीत से अति उत्साहित नहीं होने तथा पराजय से निराश नहीं होने की बात कही। साथ ही अपनी प्रतिभा को और बेहतर ढंग से निखार कर आगे और बेहतर प्रदर्शन करने प्रेरित किया। इस अवसर पर आयोजक टीम अध्यक्ष तरेंद्र चंद्राकर, संरक्षक योगेश सिन्हा, द्रोण चंद्राकर, धनेश सिन्हा, चिंता राम कुर्रे, आयोजक युगल साहु, आबिद खान, रफीक रजा, सागर चंद्राकर, शमीम खान, रिजवान, वाजदि खान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, खिलाड़ी गण उपस्थित थे।

# जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू, किसानों को मिलेगी उन्नत खेती की जानकारी

- भोथली, कुंडेल और बेलरगांव से हरी झंडी दिखाकर तीन रथों को किया रवाना
- जून तक चलेगा अभियान, 78 गांवों तक पहुंचेंगे रथ, किसानों को मिलेगी कृषि नवाचारों की जानकारी

**धमतरी,** 30 मई (देशबन्धु)। धमतरी जिले में आज विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत हुई। इस अभियान से जिले के किसानों को खरीफ फसलों के आधुनिक खेती, लाभकारी फसलों की खेती के साथ-साथ किसानों के लिए विभिन्न शासकीय योजनाओं और नीतियों की जानकारी मिलेगी। अभियान के तहत् आज भोथली, बेलरगांव और कुण्डेल से तीन रथों को हरी झंडी दिखाकर गांवों के लिए रवाना किया गया। विधायक धमतरी ओंकार साहू, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, जनपद अध्यक्ष अंगीरा, पूर्व विधायक रंजना साहू और कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं उपसंचालक कृषि मोनेश साहू ने ग्राम भोथली से कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं नगरी विकासखंड में जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, और मगरलोड विकासखंड में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू और जनपद अध्यक्ष विरेन्द्र साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक जिले के चारों विकासखंडों के 78 गांवों में संचालित होगा। विकसित कृषि संकल्प रथ धमतरी, कुरूद और नगरी विकासखंडों के 20-20 गांवों और मगरलोड विकासखंड के 18 गांवों तक पहुंचेगा। रथों के साथ कृषि विशेषज्ञों और अधिकारियों की टीमें प्रतिदिन छह गांवों में जाकर किसानों को खरीफ मौसम में वैज्ञानिक खेती की विधियों से अवगत कराएंगी। इसके साथ ही प्रत्येक शिविर में कम से कम 200 किसानों की सहभागिता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शिविरों में किसानों को मशरूम उत्पादन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि, कृषि ड्रोन प्रदर्शन, सिंचाई तकनीक (ड्रिप व स्प्रिंकलर), रागी-नारियल की खेती, धान की कतार बोनी, वैकल्पिक उर्वरक, फसल अपशिष्ट प्रबंधन, कृषि यंत्रों की जानकारी और मृदा स्वास्थ्य पत्रक के आधार पर उर्वरक उपयोग जैसी जानकारियाँ दी जाएंगी। साथ ही शिविरों में किसान क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन भी लिये जाएंगे। इस दौरान प्राकृतिक और जैविक खेती का प्रचार-प्रसार तथा इसे अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित भी किया जायेगा।

**किसानों की आय बढ़ाने में मददगार होगा अभियान - कलेक्टर श्री मिश्रा**

भोथली में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रथों को रवाना करते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों की आय बढ़ाने और खेती में नई तकनीकी-नवाचारों से उत्पादन बढ़ाने में मददगार होगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में कृषि, पशुपालन, मछलीपालन, उद्यानिकी के साथ-साथ कृषि विज्ञान केन्द्रों और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विशेषज्ञ भी किसानों को उनके गांवों में जाकर खेती-किसानी के उन्नत और वैज्ञानिक तरीके बतायेंगे। इससे चालू खरीफ मौसम में ही किसानों को बेहतर परिणाम मिलेंगे। कलेक्टर ने इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील किसानां से की है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान किसानों के सुझावां और समस्याओं को भी नोट किया जायेगा, जिन्हें कृषि वैज्ञानिक आगे कृषि अनुसंधानों में उपयोग करेंगे।

# विधायक इंद्रकुमार साहू ने सीएचसी में मितानीनों की ली बैठक

**नवापारा राजिम,** 30 मई (देशबन्धु)। क्षेत्रीय विधायक इंद्र कुमार साहू नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अंचल के मितानीनों की बैठक ली।उन्होंने सभी मितानिनों को सरकार के स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सभी मितानीन अपने कर्तव्यों का निर्वहन अच्छे लगन के साथ करें,उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं की सभी हितग्राहियों को जानकारी तथा उसके लाभ की भी जानकारी जन जन तक पहुंचाएं। बैठक में उपस्थित मितानिनों द्वारा अपने कार्यों में हो रही कुछ धिक्कतों के बारे में भी जानकारी विधायक श्रीसाहू को दिए। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.तेजेंद्र साहू,नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी संजय साहू,उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी,जीवनदीप समिति के सदस्य नागेंद्र वर्मा,संजय साहू,डॉ.लीलाराम साहू,सभापति सहदेव कंसारी,पार्षद जिना बाई निषाद,रवि साहू,पूजा कंसारी,परदेसी राम साहू,धीरज साहू,मुकेश ढीढी, चंपारण भाजपा मंडल अध्यक्ष तोशन साहू सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अन्य स्टाफगण मौजूद थे।



**बच्चे की मौत पर किया शोक व्यक्त:** वहीं विधायक श्रीसाहू नगर के किसान पारा निवासी टीकम साहू के पुत्र के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उसके परिवारजनों को ढांढस बंधाया तथा वस्तु स्थिति की जानकारी ली। विधायक श्रीसाहू ने राजस्व अधिकारी एवं पटवारी नरेंद्र साहू को निर्देशित किया कि शासन से मिलने वाली मुआवजा राशि शीघ्र प्रदान करने की कार्रवाई करें।अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि घटनास्थल की जांच कर ऐसी दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो बचाव के लिए उपाय करें।

# प्रभारी मंत्री दयाल दास पहुंचे राजिम

**राजिम,** 30 मई (देशबन्धु)। धार्मिक नगरी राजिम मे छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल के राजिम रेस्ट हाउस पहुंचने पर राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, नगर अध्यक्ष महेश यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, भाजपा नेता संजीव साहू सोमनाथ पटेल, जितेंद्र पेंडरिया, युवराज साहू, पार्षद कुलेश्वर साहू, अजय पटेल, तुसार कदम एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

साथ ही इस अवसर पर वार्ड 03 के पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने वार्ड के सौंदरीकरण हेतु भव्य गेट बनाने व स्ट्रीट लाइट लगाने राशि स्वीकृत करने हेतु ज्ञापन सौपा।



**विधायक रोहित साहू, खाद्य निगम आयोग के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, नगर अध्यक्ष महेश यादव ने किया स्वागत**

# वर्तमान समय में मानदंडों पर आधारित पत्रकारिता करना कठिन किंतु स्वागत योग्य कार्य : डॉ. साहू



**बिलाईगढ/बलौदाबाजार,** 30 मई (देशबन्धु)। शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में पत्रकारिता प्रशिक्षण शिविर समर कैंप का समापन और प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन डॉ डी आर साहू, प्राचार्य शास महाविद्यालय कसडोल के मुख्य आतिथ्य, जनभागीदारी अध्यक्ष जगदीश पांडे के विशिष्ट आतिथ्य और प्राचार्य डॉ उमाकांत मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ उमाकांत मिश्र ने शासकीय महाविद्यालय कसडोल, शासकीय महाविद्यालय भटगांव और शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ के प्रशिक्षण ले रहे छात्र छात्राओं को प्रोजेक्ट तैयार करने के रूप में समाचार पत्र प्रकाशन के लिए साधुवाद दिया। लक्ष्य निर्धारित कर गतिशील रहने से मंजिल मिलना तय है।छात्र जीवन का सदुपयोग करने हेतु श्री मिश्र ने छात्रों को प्रेरित किया।

जनभागीदारी अध्यक्ष जगदीश पांडे ने इस शानदार आयोजन के लिए प्राचार्य और आयोजक श्रीमती सुनीता विक्रम कोशले को बधाई दी। उन्होंने बाहर से ख्याति लब्ध विद्वानों को आमंत्रित कर इस क्षेत्र के छात्रों को लाभ पहुंचाने को उपलब्धि निरूपित किया। छात्र हित में हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहने का श्री पांडे ने वचन दोहराया। मुख्य अतिथि डॉ डी आर साहू, प्राचार्य कसडोल ने इस आयोजन में कसडोल के छात्रों को सम्मिलित करने हेतु प्राचार्य को धन्यवाद दिया। डॉ साहू ने कहा कि वर्तमान समय में मानदंडों पर आधारित पत्रकारिता करना कठिन किंतु स्वागत योग्य कार्य है। छात्रों को हमेशा महापुरुषों की जीवनी पढ़नी चाहिए और प्रेरणा भी लेनी चाहिए। स्वामी विवेकानन्द जैसे अनेक महापुरुषों से जुड़ी अनेक कहानियों को सुनकर उन्होंने छात्रों को उत्साहित किया। प्रमाणपत्र वितरण के बाद श्रीमती सुनीता विक्रम कोशले, विभागाध्यक्ष ने छात्रों की कर्मठता और अतिथियों के सार्थक मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। अच्छे प्रतिभागी के रूप में योगेश, नीरज, काम्या, प्रकाश जैसे अनेक छात्रों का स्वागत किया गया। संचालक रेशम कुमार चौहान के योगदान के लिए प्राचार्य ने साधुवाद दिया। छात्रों के द्वारा बनाए गए समाचार पत्रों का अवलोकन कर अतिथि गण प्रभावित हुए। कलम क्रांति नामक समाचार पत्र को विशेष सराहना मिली। कसडोल और भटगांव महाविद्यालय के छात्रों के समाचार पत्र से मुख्य अतिथि बहुत प्रभावित हुए। हर्षोल्लास के साथ आज पत्रकारिता दिवस पर दस दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ।

**बिलाईगढ महाविद्यालय में पत्रकारिता प्रशिक्षण शिविर संपन्न**

# मोर गाँव मोर पानी अभियान के तहत पानी की हर बून्द को सहेजने के प्रयास तेज : कलेक्टर

**बलौदाबाजार,** 30 मई (देशबन्धु)। जिले में मोर गाँव, मोर पानी महाभियान के तहत पानी की हर बूंद बचाने के प्रयास तेजी से की जा रही है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना में तहत निर्मित आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य प्राथमिकता से हो रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी लगातार अभियान की समीक्षा भी कर रहे हैं। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के उपाय के सम्बन्ध में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पक्के मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए जोर दिया जा रहा रहा है।



कलेक्टर श्री सोनी ने बताया कि जल संरक्षण के सभी मुमकिन पहलुओं पर विचार करते हुए कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को जागरूक कर जनभागीदारी जल संचयन किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि पक्के आवासों की छतों के माध्यम से वर्षा जल संचयन के लिए संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। श्री सोनी ने बताया कि हमारे जिले की जनता बहुत जागरूक है और इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने बताया कि अभियान के तहत अब तक पीएम आवास योजना के तहत निर्मित 5171 मकानों में सोखता गड्ढा और वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण हितग्राहियों ने खुद किया है यह एक कारगर कदम है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा दिनांक 24 अप्रैल 2025 को मोर गांव मोर पानी महाअभियान प्रारम्भ किया गया है जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण एवं जल संचयन के प्रति जन जागरूकता पैदा कर भू-जल संरक्षण संबंधी आवश्यक निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं।

# अन्नदाताओं के हित में कार्य कर रही मोदी सरकार : विधायक



**महासमुंद,** 30 मई (देशबन्धु)। केंद्र सरकार द्वारा 2025.26 के खरीफसीजन के लिए 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की गई है। खरीफफसलों के लिए 2.07 लाख करोड़ रुपए की एमएसपी को केंद्र सरकार ने मंजूरी दी है। इस संबंध में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि होने से अन्नदाताओं को लाभ मिलेगा। केंद्र सरकार किसानों के लिए नई.नई योजनाओं को लागू कर उनकी आय में वृद्धि करने का कार्य कर रही है। साथ ही राज्य में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार ने भी किसानों के हित में कई बड़े फैसले लिए हैं। इस प्रकार डबल इंजन की सरकार से किसान भाइयों को डबल लाभ मिल रहा है।उन्होंने आगे कहा है कि राज्य के अन्नदाताओं के लिए कृषक उन्नति योजना लागू कर सरकार ने उनका सम्मान बढ़ाया है। धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल करने से किसानों को आर्थिक मजबूती मिल रही है। राज्य में विधानसभा चुनाव के दौरान जो वादा हमने किया था, वो निभा रहे हैं। किसानों को उनकी मेहनत की सही कीमत देने के लिए डबल इंजन की सरकार संकल्पित है। केंद्र एवं राज्य की किसानों के लिए बनाई गई योजनाओं से किसान लाभान्वित होकर खुशहाल हो रहे हैं। धान की नई एमएसपी 2369 रुपए तय की गई है, जो पिछली एमएसपी से 69 रुपए ज्यादा है। कपास की नई एमएसपी 7710 रुपए तय की गई है। इसकी एक दूसरी किस्म की नई एमएसपी 8110 रुपए कर दी गई है, जो पहले से 589 रुपए ज्यादा है। एमएसपी तय करने में इस बात का ध्यान रखा गया है कि एमएसपी फसल की लागत से कम से कम 50 प्रतिशत ज्यादा हो।

# मानव अधिकार संगठन के उत्तरा बनी प्रदेश संगठन सचिव



**महासमुंद,** 30 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पत्रकार उत्तरा विदानी को अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन का छत्तीसगढ़ स्टेट आर्गनाइजेशन सेक्रटरी राज्य संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। संगठन ने उनके तीन दशक से लगातार पत्रकारिता के साथ सामाजिक संगठनों के कामों को देखते हुए यह काम सौंपा है। यह एक अंतरराष्ट्रीय स्वैच्छिक संगठन है जो जिनेवा स्विटजरलैंड तथा अन्य देशों के साथ संगठित है, भारत सरकार से पंजीकृत है और मानव अधिकार अधिनियम के तहत काम करता है। उनकी नियुक्ति पर सांसद रूपकुमारी चौधरी,पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक द्वय डा. विमल चोपड़ा व विनोद सेवन लाल चंद्राकर, भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया समेत कई लोगों ने बधाईयां दी हैं।

## बीज निगम अध्यक्ष का दौरा कार्यक्रम

**महासमुंद,** 30 मई (देशबन्धु)। छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर शनिवार 31 मई को दुर्ग जिले के प्रवास पर रहेंगे। जारी प्रोटोकॉल >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

■ मरीजों से की आत्मीय संवाद



**महासमुंद** 30 मई (देशबंधु)। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सुशासन तिहार के तृतीय चरण के तहत गुरूवार को महासमुंद के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने महासमुंद पहुचंकर जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, येतराम साहू एवं स्वास्थ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने पंजीयन काउंटर का अवलोकन कर पंजीयन की जानकारी ली। कर्मचारियों ने बताया कि आज कुल 391 लोगों का पंजीयन किया गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, आयुक्त शिखा राजपूत, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, डीन डी रेणुका गहने एवं मेडिकल अधीक्षक बसंत माहेश्वरी मौजूद थे। उन्होंने डायलिसिस यूनिट के निरीक्षण के दौरान वार्ड में किडनी पीड़ित मरीजों से भी मुलाकात की। उन्होंने मरीज कोमल रात्रे से बातचीत करते हुए उनके इलाज व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। वहीं मंत्री ने अस्थमा रोगी राजकुमार एवं पथरी का इलाज करा रहे सीताराम से चर्चा कर इलाज की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही मेडिकल वार्ड, मेडिसिन वार्ड, बाल्य एवं शिशु वार्ड का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री श्री जायसवाल ने बाल्य एवं शिशु वार्ड में एसी और टीवी लगाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दे रही है और प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलना चाहिए। जिला अस्पताल निरीक्षण तत्पश्चात स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर स्टाफव विभिन्न मरीज मौजूद थे।

# धमतरी पुलिस ऐक्शन मोड में, गुंडा बदमाशों की अब खैर नहीं, खंगाले जा रहे हैं रिकॉर्ड

■ तीन सामाजिक गुंडा बदमाश एवं तीन जाहिरा निगरानी बदमाश सहित कुल 6 गुंडा बदमाशों का खोला गया निगरानी फाईल

■ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को गुंडा, बदमाशों की नियमित चेकिंग करने का दिया गया है निर्देश



**धमतरी,** 30 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने सभी थाना चौकी प्रभारियों को जिले में गुंडे बदमाश या असामाजिक किस्म के लोगों के विरुद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे। निर्देशों के परिपालन में अनु. अधिकारी पुलिस के पर्यवेक्षण में सभी थाना प्रभारी नगरी एवं थाना प्रभारी कोतवाली में दर्ज मामलों की समीक्षा कर लगातार सक्रिय बदमाशों का लिस्ट तैयार कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय भेजा गया था, जिसे पुलिस अधीक्षक महोदय ने स्वीकृति प्रदान कर दी है, जिसमें इस सप्ताह में 3 सामाजिक गुंडा बदमाश एवं 3 जाहिरा निगरानी गुंडा बदमाश सहित कुल 66 गुंडा बदमाशों का निगरानी फाईल खोला गया है।

जाहिरा निगरानी गुंडा बदमाशों में 01 गजेंद्र बांधे पिता प्रकाश बांधे उम्र 21 वर्ष साकिन जोधापुर, डाक बंगला वार्ड धमतरी, थाना सिटी कोतवाली धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.), 02 दीपक साहू उर्फ़ बबलू साहू पिता संतुराम साहू उम्र 23 वर्ष, साकिन स्टेशन पारा धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.), 03 हितेश्वर उर्फ़ प्रधान मरकाम पिता अंजोर सिंह मरकाम उम्र 23 वर्ष साकिन वार्ड नंबर 02 सार्वा सब्जी बाड़ी गली नगरी, थाना नगरी, जिला धमतरी (छ.ग.) शामिल है।

इसी तरह सामाजिक गुंडा बदमाशों के नाम 01 गुंडा बदमाश साहिल गौली उर्फ मुण्डुल गौली पिता कृपाल गौली उम्र 19 वर्ष, सा0 रिसाईपारा धमतरी थाना सिटी कोतवाली, जिला धमतरी (छ.ग.), 02 गुंडा बदमाश धीरज बिसेन पिता स्व0 नंदकुमार बिसेन उम्र 23 वर्ष साकिन जंगलपारा नगरी थाना नगरी, जिला धमतरी (छ.ग.), 03 राम सोनकर उर्फ ढोलू पिता स्वर्गीय जेठू राम सोनकर उम्र 26 वर्ष साकिन कारगिल चौक महिमा सागर वार्ड धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.) है।

धमतरी पुलिस द्वारा ऐसे और भी गुंडा बदमाशों के रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। नागरिकों के साथ धमतरी पुलिस मित्र एवं सहयोगी की भूमिका में काम करेगी किंतु अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर सख्त एवं कठोर कार्यवाही किया जाएगा। धमतरी पुलिस द्वारा ऐसे सभी गुंडा, बदमाशों को शांतिपूर्ण एवं समाज के मुख्यधारा में शामिल होकर जीवन जीने की समझाईश दिया जा रहा है, जिन बदमाशों के व्यवहार में परिवर्तन दिखाई नही देगा उसके विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही किया जाएगा।

# शिविर में 49 बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच

**महासमुंद** 30 मई (देशबंधु)। हमर स्वस्थ्य लइका शिविर, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान और कुपोषण मुक्त भारत जैसे कार्यक्रमों की ज़मीनी क्रियान्वयन का प्रमाण है, जो यह दर्शाता है कि सरकार और साझेदार संस्थाएं मिलकर समुदाय स्तर पर बच्चों के समग्र विकास हेतु प्रतिबद्ध हैं। इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रदेश का हर बच्चा स्वस्थए सुपोषित और सशक्त बन सके यही इस प्रयास का मूल उद्देश्य है। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास, राज्य पोषण उत्कृष्ट केंद्र रायपुर और यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में 27 मई को ष्हमर स्वस्थ्य लइका सीएमएएम समुदाय आधारित तीव्र कुपोषण प्रबंधन शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रदेश में कुपोषण से प्रभावित बच्चों की पहचान और उपचार के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।शिविर में कुल 49 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेषज्ञों की टीम जिसमें डॉ क्रुणाल नायक बाल रोग विशेषज्ञ, जॉन वरूर अलेक्जेंडर राज्य पोषण समन्वयक और श्रीमती रिया मुखर्जी जिला पोषण समन्वयक शामिल थे, ने प्रत्येक बच्चे की चिकित्सकीय जांच कर आवश्यक दवाइयाँए परामर्श और पोषण संबंधी दिशा.निर्देश प्रदान किए। इस आयोजन को सफल बनाने में सीडीपीओ जी आर नारंग, बीएमओ डॉ एच एल जांगड़े, बीपीएम श्रीमती शीतल सिन्हा, ब्लॉक समन्वयक दीक्षा पटेल एवं खुशबू चेलक सहित फील्ड स्टाफका योगदान रहा।





# मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो आरोपियों को किया गया गिरफ़्तार

**सिमगा,** 30 मई (देशबन्धु)। सायबर सेल एवं थाना सिमगा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपियों को पकड़ा।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सोमेश कुमार कुंभकार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह दिनांक 08.05.2025 को अपनी यामाहा एफजेड मोटरसाइकिल को सरकारी उचित मूल्य की दुकान बिलासपुर रोड सिमगा के सामने खड़ी कर, दोस्तों के साथ उनकी कार में बैठकर शादी कार्यक्रम में चला गया था। फिर दिनांक 09.05.2025 के सुबह 04ः00 बजे जब वापस आया तो, देखा कि उसकी मोटरसाइकिल वहां पर खड़ा नहीं था। आसपास पता तलाश किया, पर पता नहीं चला। उक्त मोटरसाइकिल को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया था। कि रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध क्र. 260/2025 धारा 303(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना सिमगा एवं सायबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही राजा यादव एवं दानेश्वर वैष्णव को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा उक्त मोटरसाइकिल को चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का मोटरसाइकिल क्र. ष्ट्ठ04 ह्रू4087 जप्त किया गया ह। कि प्रकरण में दोनों आरोपियों को आज दिनांक 29.05.2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायाधीश ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

# विकसित कृषि संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**महासमुंद** 30 मई (देशबंधु)। श्विकसित कृषि संकल्प यात्रा का शुभारम्भ गुरूवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कलेक्ट्रेट परिसर से किया गया। इस दौरान उन्होंने सुबह 10:30 बजे दो किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, एसडीएम हरिशंकर पैकरा, कृषि उपसंचालक एफ आर कश्यप मौजूद थे। यह रथ निर्धारित शिविरों में जाकर प्रचार प्रसार करेगी। जिले में प्रतिदिन 3 रथ भ्रमण करेंगी। इस रथ में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी विभाग द्वारा दृश्य एवं श्रव्य सामग्री का उपयोग किया जाएगा। विकसित कृषि संकल्प यात्रा में मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने और फसल चक्र परिवर्तन, प्राकृतिक जैविक खेती, उन्नत बीज, उन्नत कृषि यंत्र संतुलित उर्वरक, जल संरक्षण, मूल्य संवर्धन, पशु पालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी फसलों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया जाएगा। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के लिए 29 मई से 12 जून तक प्रत्येक दिन 3 टीमों द्वारा अलग.अलग विकासखण्डों में दो.दो पालियों में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। टीम में कृषि वैज्ञानिक सहित कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य विभाग, कृषि सखी, कृषक मित्र, पशु सखी, प्रगतिशील कृषक, एफपीओ के सदस्य एवं लखपति दीदी सम्मिलित होंगे। प्रथम पाली में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक कार्यक्रम आयोजित होगा।





# विकसित कृषि संकल्प अभियान के रथ को किया गया रवाना

## इस अभियान में कृषि ,बागवानी,पशुपालन और मत्स्यपालन विभाग शामिल

**बिलाईगढ़,** 30 मई(देशबंधु)। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कलेक्टोरेट परिसर से रथ यात्रा को कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे एवं अतिथियों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये रथ 29 मई से 12 जून 2025 तक गांव-गांव में जाएगा और वैज्ञानिकों की टीम गांव-गांव जाकर किसानों से सीधे संवाद करेगी। अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय, सत्ताधारी दल के नेतागण ज्योति पटेल, जगन्नाथ केशरवानी, दुर्गाप्रसाद ठाकुर, अजय गोपाल, लक्ष्मण पुरी गोस्वामी, मनोज जायसवाल, हरिनाथ खुंटे, सतीश शर्मा, प्रहलाद आदित्य सहित उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, पशुधन के उप संचालक डॉ. महेन्द्र पांडेय शामिल थे। उल्लेखनीय है कि इस अभियान से देश के 700 से अधिक जिला, 731 केवीके, 113 भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, राज्य स्तरीय विभाग तथा कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन के अधिकारी तथा नवोन्मेषी किसान शामिल होंगे। इस अभियान का उद्देश्य देश भर के 1.5 करोड़ (15 मिलियन) किसानों तक पहुंचना और उनसे सीधे संवाद करना है।



# प्राचार्यों एवम संकुल समन्वयकों की बैठक

**बागबाहरा,** 29 मई (देशबन्धु)। शिक्षा सत्र 2025-26 की पूर्व तैयारी को लेकर विकासखंड बागबाहरा के अंतर्गत कार्यरत प्राचार्यो एवम संकुल समन्वयकों की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय कुमार लहरे की अध्यक्षता में बी आर सी कार्यालय बागबाहरा में आहूत हुई।बैठक में जिला मिशन समन्वयक श्री रेखराज शर्मा एवम ए पी सी श्रीमती सम्पा बोस उपस्थित रहे।



सर्वप्रथम बागबाहरा ब्लॉक के बी ई ओ श्री कौशल कुमार वर्मा, बीआरसी भुपेश्वरी साहू,,प्राचार्य एवम संकुल समन्वयकों के द्वारा नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय कुमार लहरे का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। तत्पश्चात शिक्षण सत्र 2025-26 के प्रारंभ के पूर्व तैयारी हेतु विभागीय योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

जिला शिक्षा अधिकारी ने सत्रारम्भ के पूर्व शालाओ एवम रसोईघर की साफ सफाई ,रंग-रोगन कर सम्पूर्ण तैयारी 16 जून तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।16 जून 2025 को निशुल्क पाठ्यपुस्तक और गणवेश का वितरण विद्यार्थियों को किया जाना सुनिश्चित करें।समय-सारिणी, अध्यापक दैनंदिनी तैयार करने के निर्देश दिए।शाला प्रबंधन समिति के पुनर्गठन और शाला प्रवेशोत्सव को समयसीमा में पूर्ण करने की बात कही गई।

बैठक में शिक्षण सत्र 2025-26 परीक्षा परिणाम की समीक्षा,5 जून 2025 को एक पेड़ माँ के नाम थीम पर वृक्षारोपण, यू डाइस प्रोबेशन,इको क्लब,जाति प्रमाणपत्र, अपार आई डी, भवन विहीन एवम जर्जर शालाओ की जानकारी दी गई।

बैठक में प्रमुख रूप से प्राचार्य डी एस टंडन,नारायण चौधरी, लालजी साहू ,उत्तम साहू पवन चक्रधारी,संकुल समन्वयक देवेन्द्र चंद्राकर ,मनीष अवसरिया,परमानन्द निर्मलकर, विजय साहू,गोविंद चौधरी सहित प्राचार्य एवम समन्वयक गण उपस्थित रहे।

# स्व - सहायता समूह की महिलाओ द्वारा वुमन फॉर ट्री अभियान का सफल आयोजन

**बागबाहरा,** 30 मई (देशबन्धु)। भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में अमृत 2.0 और डे-एनयूएलएम के सहयोग से 'एक पेड़ माँ के नाम' अमृत मित्र पहल के अंतर्गत 'वूमन फॉर ट्री' अभियान का सफल आयोजन किया गया। नगर पालिका बागबाहरा में भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा अमृत 2.0 और डे-एनयूएलएम के सहयोग से 'एक पेड़ माँ के नाम' अमृत मित्र पहल के अंतर्गत 'वूमन फॉर ट्री' अभियान का भव्य आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत नगर के चिह्नित स्थानों जैसे सांस्कृतिक भवन, पुष्प वाटिका, और वार्ड 9 में स्थित नया गार्डन में महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्यों के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अभियान में विशेष रूप से उन महिलाओं को शामिल किया गया, जिन्हें शहर की रिवॉल्विंग फंड योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। 'वूमन फॉर ट्री' अभियान का उद्देश्य नारी शक्ति को प्रोत्साहित करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्षा खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं को प्रेरित करते हुए उनके सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण में योगदान की सराहना की। इस आयोजन ने नारी शक्ति को नया आयाम प्रदान करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।



कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, उपाध्यक्ष देवेश साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डीएल वर्मन, उप अभियंता शशी प्रताप सिंह, सी.ओ. चमेली साहू सहित नगर पालिका के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में पीड़ित को चयनित अस्पतालों में मिलेगी डेढ़ लाख का फ्री इलाज

**बिलाईगढ़,** 30 मई(देशबंधु)। सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को सड़क दुर्घटना में घायल को ज्यादा से ज्यादा सुविधा प्रदान करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार ने सुविधा मुहैया कराया है। इससे सड़क दुर्घटना में पीड़ित और घायल को चयनित अस्पतालों में प्रति पीड़ित डेढ़ लाख रुपए तक की निशुल्क (नगदी रहित) उपचार की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा पीड़ितों को दुर्घटना तारीख से अधिकतम 7 दिनों के लिए दी जाएगी। ऐसी कोई भी व्यक्ति सड़क पर मोटरयान के प्रयोग से दुर्घटना पीड़ित हुआ है तो वह इस स्कीम का हकदार होगा। निर्दिष्ट (चयनित) अस्पताल के अतिरिक्त अन्य अस्पताल में केवल स्थरीकरण प्रयोजनो के लिए किया जाएगा। भारत का राजपत्र में नगदी उपचार स्कीम 2025 का प्रकाशन 05 मई 2025 को किया गया है। यह स्कीम प्रकाशन दिनांक से लागू है।

# जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

■ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का चिन्हाकन कर पूर्व से तैयारी करने के निर्देश

**बलौदाबाजार,** 30 मई (देशबन्धु)। आगामी बारिश में जिले में बाढ़ आपदा नियंत्रण के तहत जिला स्तरीय बाढ़ कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिला बाढ़ नियंत्रण का दूरभाष क्रमांक 07727-222454 है जो संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में 24 घंटे संचालित रहेगा। तीन पालियों में अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिला स्तरीय समिति गठित कर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने सभी एसडीएम को वर्षामापी यंत्र को दुरुस्त करनें, राहत शिविरों एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का चिन्हाकन कर पूर्व से तैयारी करने के निर्देश दिए है। जिला स्तरीय समिति में नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मिथलेश डोण्डे मो. 94255-23514, सहायक नोडल अधिकारी सुरेश देवांगन मो. 78697-77184, जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष मो. 94791-90629, जिला चिकित्सालय नियंत्रण कक्ष का मो.81099-57485 एवं जिला सेनानी नगर सेना नियंत्रण कक्ष मो. 72229-20390 है।

कलेक्टर श्री सोनी ने खाद्य अधिकारी को राहत शिविरों में खाद्यान्न की आपूर्ति,लोक निर्माण विभाग को मानसून के पूर्व सड़क, पुलिया निर्माण, पशुपालन विभाग को पशुधन में किसी भी प्रकार संक्रामक रोग ना हो इसके लिए पूर्व तैयारी, कृषि विभाग को अतिरिक्त बीज संग्रहण, फसल बीमा की लाभार्थियों की संख्या को बढ़ाने,नगरीय निकाय में सभी नाले एवं नालियों की सफाई बरसात पूर्व सुनिश्चित करने कहा है। स्वास्थ्य विभाग को मौसमी बीमारियों से सम्बंधित दवाइयों की उपलब्धता कराने एवं जलसंसाधन विभाग को अन्य जिलों से नदी में पानी छोड़ने के 12 घन्टे पूर्व सूचना उपलब्ध कराने, साथ ही नदी के जलस्तर पर नजर रखने के निर्देश दिये है।

# प्रोजेक्ट युवा- युवतियों के साथ-साथ युवक भी ले रहे पाककला में प्रशिक्षण

■ लाईवलीहुड कॉलेज में आयोजित कुकिंग-बेकिंग ट्रेनिंग में 34 युवा तराश रहे अपना हुनर



**धमतरी,** 30 मई (देशबन्धु)। खाना पकाने का शौक वैसे तो महिलाओं को होता है, किन्तु आज के दौर में पाककला के क्षेत्र में पुरूष भी आगे बढ़कर रूचि दिखा रहे हैं। जिले के ऐसे ही युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने, उन्हें रोजगार और स्व रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर प्रोजेक्ट युवा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत युवाओं को उनकी रूचि के अनुसार व्यवसाय में प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सके। जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में भी युवाओं को पाककला में दक्ष किया जा रहा है। कुकिंग-बेकिंग की ट्रेनिक मे न केवल युवतियां बल्कि युवक भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। यहां 30 युवतियां और 4 युवक खाना बनाने का प्रशिक्षण लेकर अपना हुनर को तराश रहे है। एक माह तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में फास्टफूड, चायनीज, स्वीटस्, मेनकोर्स और बेकिंग से बनने वाली लगभग 150 पकवानों के बनाने के तरीके को बारिकी से समझाया जा रहा है। इस कुकिंग-बेकिंग क्लास में युवाओं से प्रेक्टिकल भी कराया जा रहा है। युवाओं को जगदलपुर की ज्योति सुराना और धमतरी के सिमरन कौर तथा प्रीतमा साहू बतौर ट्रेनर कुकिंग-बेकिंग की ट्रेनिंग दे रहे हैं।

यहां ट्रेनिंग लेने वाली हिना चंद्राकर ने बताया कि वैसे तो महिलाओं को खाना बनाना आता ही है, लेकिन पाककला की बारीकियों को समझने, इसे रोजगार के तौर पर स्थापित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा दी जाए रही ट्रेनिंग सराहनीय है। इसकी मदद से अपने हुनर को निखारकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने बताया कि वे ट्रेनिंग में फास्टफूड, चायनिज जैसे लोकप्रिय व्यंजन बनाना सीखा है और भी पकवान और खाना बनाने के तौर-तरीके सीख रहीं हैं। इसकी ट्रेनिंग के बाद वे रेस्टोरेट या होटल में शेफ की नौकरी भी कर सकेंगी अथवा स्वयं का व्यावसाय प्रारंभ कर सकतीं हैं। पाककला का प्रशिक्षण ले रहे दीपक दास ने बताया कि उनका फुड स्टाल है, लेकिन ज्यादा आईडिया न होने के कारण वे अपने स्टाल में सीमित सामग्री बनाकर रखतें हैं। वे इस प्रशिक्षण में अपने व्यंजन बनाने की कला को बढ़ाने के लिए दक्ष हो रहे है। यहां उन्होंने पावभाजी, सेंडविच, चाउमीन आदि बनाना सीखा है। अब वे अपने स्टॉल में ज्यादा स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर अपनी आय को आसानी से बढ़ा सकते है। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन का धन्यवाद किया है।

# हम होंगे कामयाब अभियान के तहत कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आज

■ प्रसिध्द कैरियर कांउसलर पराग गढ़िया होंगे मुख्य वक्ता

**बलौदाबाजार,** 30 मई (देशबन्धु)। ''हम होंगे कामयाब'' अंतर्गत शनिवार 31 मई को सुबह 11 बजे जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में एक दिवसीय विशेष कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध कैरियर काउंसलर, वैज्ञानिक एवं प्रेरक वक्ता डॉ. पराग गढ़िया द्वारा युवाओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के सभी युवाओं को इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

उल्लेखनीय है कि डॉ. पराग गढ़िया, डीप एबिलिटी कंसल्टिंग के संस्थापक हैं तथा जेपी मॉर्गन के पूर्व वाइस प्रेसिडेंट रह चुके हैं। वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित ट्रेनर हैं और पिछले 29 वर्षों से मानव क्षमता विकास के क्षेत्र में सक्रिय हैं। अमेरिका की सदर्न न्यू हैंपशायर यूनिवर्सिटी से एमबीए करने के बाद उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों जैसे बैंकिंग, आईटी एयरफोर्स, रेलवे, तेल एवं गैस आदि में हजारों लोगों को प्रशिक्षित किया है। यह कार्यक्रम युवाओं एवं विद्यार्थियों को आत्म-विश्लेषण, कैरियर के विभिन्न विकल्पों एवं उनके चयन और जीवन में सफलता के लिए प्रेरित करने हेतु आयोजित किया जा रहा है। जिले के समस्त युवा एवं शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थी निर्धारित तिथि और समय पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस प्रेरणादायक कार्यक्रम का लाभ उठा सकते है।

## महिला आयोग द्वारा प्रकरणों की सुनवाई 6 जून को

**बलौदाबाजार,** 30 मई। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा जिले से सम्बंधित प्रकरणों की सुनवाई 6 जून 2025 को की जाएगी। आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक, सदस्य लक्ष्मी वर्मा एवं सरला कोसरिया की उपस्थिति में सुनवाई जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में प्रात: 11बजे से प्रारम्भ होगा।



# प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार पर शासन का रुख सख्त




**गरियाबंद,** 30 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार और अवैध लेन-देन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के खाद्य मंत्री एवं गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि इस योजना में घूसखोरी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने पर अधिकारी या कर्मचारी पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रभारी मंत्री बघेल शुक्रवार को छुरा विकासखंड के ग्राम पोंड में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य हर ज़रूरतमंद को पक्का मकान उपलब्ध कराना है और इसमें पारदर्शिता और ईमानदारी सबसे ज़रूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि किसी ने आवास के नाम पर रिश्वत मांगी हो तो बेहिचक उसकी शिकायत करें, ताकि ऐसे लोगों पर कार्यवाही की जा सके।

शिविर के दौरान मंत्री ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। पोंड सहित आसपास के गांवों से आए लोगों के आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। मंत्री बघेल ने यह भी बताया कि महतारी वंदन योजना, भूमि नामांतरण की नई सुविधा और तीन माह का एकमुश्त चावल वितरण जैसी योजनाएं आम जनता को सीधे लाभ पहुँचा रही हैं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के पहुँचे। शिविर में 5 गर्भवती महिलाओं को पोषण किट प्रदान कर गोदभराई रस्म, 2 बच्चों का अन्नप्राशन, और टीबी मुक्त भारत अभियान तथा स्वच्छता और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। साथ ही ट्रायसिकल, आइस बॉक्स, सौर किट, मछली जाल और राशन कार्ड का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू, भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, कलेक्टर बी.एस. उइके, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### समाधान शिविर में प्रभारी मंत्री बघेल बोले, पीएम आवास में भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी पर होगी कड़ी कार्रवाई

**समाधान शिविर में विधायक ने दिखाए तेवर, कहा- केवल दिखावा नहीं, होना चाहिए वास्तविक समाधान**

समाधान शिविर में राजिम विधायक रोहित साहू ने मंच से प्रशासन को सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आवेदन के नाम दिखावा नहीं होना चाहिए। लोगों की समस्याओं का वास्तविक समाधान होना चाहिए। उन्होंने पीएम आवास और सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी और कहा कि शासन-प्रशासन की छवि बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय की अधीक्षिका अमिता मेढ़े निलंबित

**गरियाबंद।** कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, गरियाबंद की अधीक्षिका श्रीमती अमिता मेढ़े को गंभीर प्रशासनिक लापरवाही और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई कलेक्टर कार्यालय गरियाबंद द्वारा जारी जांच प्रतिवेदन के आधार लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा की गई है।

# समाधान शिविर में विद्युत विभाग पर बरसे आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब



**आरंग,** 30 मई (देशबन्धु)। आरंग विधानसभा के मंदिरहसौद स्थित रावण भांठा अंबेडकर भवन में आयोजित सुशासन के समाधान शिविर में जनता की समस्याओं को लेकर विधायक गुरु खुशवंत साहेब कीगंभीरता देखने को मिली। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा किङ्ग्यदि विद्युत विभाग की समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया गया, तो मैं स्वयं मुख्यमंत्री जी से बात कर संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल निलंबन की कार्यवाही सुनिश्चित करूंगा। शिविर में ग्रामीणजन बिजली विभाग की शिकायत लेकर पहुँचे थे। इस पर विधायक गुरु साहेब जी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में फटकार लगाते हुए तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

**रात 12 बजे तक भी हो समाधान, कोई बहाना नहीं चलेगा**

विधायक गुरु खुशवंत ने आयुष्मान भारत कार्ड, श्रमिक कार्ड, सामाजिक पेंशन सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लंबित मामलों पर भी कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि आवेदनों का तत्काल निराकरण करें और यदि आवश्यकता पड़ी तो आज रात 12 बजे तक भी कार्य करना पड़े, तो करें। लेकिन समाधान हो, वरना संबंधित अधिकारी स्वयं जवाबदेह माने जाएँगे। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि जनता के प्रति जवाबदेही सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शिविर में राजस्व, पंचायत, महिला एवं बाल विकास, श्रम, स्वास्थ्य, खाद्य, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,आबकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे, जिनसे ग्रामीणों ने सीधे संवाद कर अपनी समस्याएँ साझा कीं। कई आवेदनों का मौके पर ही समाधान भी किया गया। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत ट्राईसाईकिल,व्हीलचेयर एवं स्पेयर किट,राशन कार्ड, श्रम कार्ड,प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबियाँ इत्यादि सीधे हितग्राहियों को प्रदान किए गए साथ ही अन्नप्राशन संस्कार का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी, क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

# युक्तियुक्तकरण प्रकिया निरस्त करें सरकार : शिवसेना

**पलारी,** 29 मई (देशबन्धु)। शिवसेना नेता खिलेद सेन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि राज्य सरकार ने स्कूलों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया तेज कर दी है प्रदेश में 10463 स्कूलों में ताला लग जाएगा। खिलेद सेन ने बताया कि स्कूल बंद होने से गरीब बच्चों को अपनी शिक्षा जारी रखने में बहुत कठिनाई होगी। उनके पास घर पर शिक्षा प्राप्त करने के लिए जरूरी संसाधन नहीं होंगे। और वह स्कूल जाने में भी सक्षम नहीं हो सकते। और मजबूरी में निजी स्कूलों में दाखिला कराना पड़ेगा। जिससे गरीब बच्चों के परिवारों को आर्थिक कठिनाइयां भी होगी उन्हें स्कूल की फीस किताबें और अन्य खर्चों का भुगतान करने में परेशानी होगी। स्कूल बंद होने से गरीब बच्चे शिक्षा से वंचित हो सकते हैं। वह अपने पढ़ाई को आगे नहीं बढ़ा पाएंगे। और उनके भविष्य की संभावनाएं सीमित हो सकती है। गरीब बच्चों पर सामाजिक और मानसिक प्रभाव पड़ेगा। और उनके सामाजिक कौशल विकसित नहीं हो पाएंगे। उन्होंने आगे कहा शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्रति 1 किलोमीटर में प्राथमिक विद्यालय खोला गया था। और तीन शिक्षक का सेटअप वित्त विभाग से स्वीकृत है ज्ञात हो यहां विद्यालय गांव, मजरा टोला, छोटी बस्ती, वंचित समाज सहित आदिवासी समाज गरीब लोगों के बच्चों के लिए संचालित था। जिसे एक ही झटके में बंद कर हजारों गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा से बेदखल कर दिया जा रहा है। जो 1 किलोमीटर से अधिक दूरी में जाने में सक्षम नहीं है। और महंगी फीस देकर पढ़ नहीं सकता। प्रदेश की सरकार गरीब बच्चों के साथ खिलवाड़ कर रहा है। जबकि शिक्षा का पहला स्तंभ प्राथमिक विद्यालय ही है। समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा को बढ़ावा देना, समानता और न्याय को स्थापित करना, आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना, और लोगों को जागरूक करना महत्वपूर्ण है। शिवसेना प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी से मांग करती है की प्रदेश के हर बच्चें को अच्छी शिक्षा मिले चाहे वहां किसी भी वर्ग या जाति से हो। यहां सुनिश्चित करना चाहिए शिक्षा से लोगों में सोचने की क्षमता, समस्याओं को हल करने की दिशा, और समानता की भावना विकसित होती है। युक्तियुक्तकरण के नाम पर सरकारी स्कूलों को नहीं बल्कि निजी विद्यालयों को बंद किया जाना चाहिए। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी कर शिक्षा गुणवत्ता का धीमी धीमी प्रभावित करना युक्तियुक्तकरण के नाम पर सरकारी स्कूलों को बंद किया जाना। एवं निजी विद्यालयों को बढ़ावा देना शिक्षा के निजीकरण का संकेत है।



# विधायक डॉ. संपत अग्रवाल की पहल से स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा सुधार

**पिथौरा,** 30 मई (देशबन्धु)। बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने जनता के हित में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए एक अहम कदम उठाया। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के महासमुंद दौरे के दौरान पिथौरा और बसना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा सुविधाओं को विस्तार देने की मांग रखी। उनकी इस पहल पर स्वास्थ्य मंत्री ने तत्काल स्वीकृति प्रदान की, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा।



**जनता की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर विधायक की प्रतिबद्धता**

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने एनेस्थीसिया वर्क स्टेशन, ऑपरेशन थिएटर टेबल, सीबीसी मशीन, एचबी ए1सी मशीन, फुली ऑटोमैटिक एनालाइजर और थायराइड एनालाइजर जैसे आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मांग पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि इन उपकरणों से इलाज की गुणवत्ता में सुधार होगा और मरीजों को त्वरित एवं सटीक उपचार मिलेगा।

**स्वास्थ्य मंत्री ने दी स्वीकृति, जनता को मिलेगा लाभ**

विधायक की मांग को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आवश्यक उपकरणों की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। इस निर्णय से न सिर्फ पिथौरा और बसना बल्कि आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी।

**विधायक का संकल्प,जनता को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं देना**

इस निर्णय के बाद विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा,ज्स्वास्थ्य और शिक्षा हमारी सरकार की प्राथमिकता में है। हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि आम जनता को उच्चस्तरीय सुविधाएँ सुलभ हों। उन्होंने आगे कहा कि इस स्वीकृति से अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध होंगी, जिससे मरीजों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिलेगा।

**जनता में खुशी, विधायक की पहल की सराहना**

इस अहम निर्णय पर क्षेत्रवासियों ने विधायक की पहल का स्वागत किया और इसे जनता के हित में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि इस स्वीकृति के बाद चिकित्सा सेवाएँ अधिक व्यवस्थित और प्रभावी होंगी।

यह निर्णय स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की दिशा में एक अहम कदम है, जिससे सभी नागरिकों को बेहतर इलाज और सुविधा मिलेगी।

### अंत्योदय एवं आदिवासी स्वरोजगार हेतु भौतिक लक्ष्य निर्धारित

**बलौदाबाजार,** 30 मई (देशबन्धु)। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बलौदाबाजार अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अंत्योदय स्वरोजगार योजना अंतर्गत 351 एवं आदिवासी स्वरोजगार योजनांतर्गत 19 भौतिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बलौदाबाजार विकासखण्ड के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 118 एवं आदिवासी भौतिक लक्ष्य 3, भाटापारा विकासखण्ड के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 101 एवं आदिवासी भौतिक लक्ष्य 1, कसडोल विकासखण्ड के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 30 एवं आदिवासी भौतिक लक्ष्य 5, पलारी विकासखण्ड के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 40 एवं आदिवासी भौतिक लक्ष्य 4 एवं विकासखण्ड सिमगा के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 62 एवं आदिवासी 6 भौतिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### संपर्क केंद्र की सक्रियता से अवैध रेत खनन पर प्रभावी नियंत्रण

**बलौदाबाजार,** 30 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के नेतृत्व में अवैध रेत खनन के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले का संपर्क केंद्र कंट्रोल रूम के रूप में काम कर रहा है जहाँ अब तक 32 शिकायतें प्राप्त हुईं जिन पर संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई।

संपर्क केंद्र में दूरभाष के माध्यम से अवैध रेत खनन के विषय में ओटेबंद क्षेत्र से 6, चकरवाय खैरघाट शिवनाथ नदी क्षेत्र से 7, मानाकोनी क्षेत्र 2, दतान ख महानदी क्षेत्र 15 और भालूकोना से प्राप्त 2 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई है। इस सभी प्रकरणों में नियमानुसार जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा रिंगनी, डोंगरिया, केसदा, कोड़ापारा, सेमरिया, खोखली, तरेंगा,सुमा, सुरखी, दावनबोड़, बोड़तरा, जरौद, मुढ़ीपार हसुवा से अवैध मुरूम खनन की शिकायत प्राप्त हुई जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

# आरंग प्रीमियर लीग का हुआ आगाज

**आरंग,** 30 मई (देशबन्धु)। खेलप्रेमियों के लिए बहुप्रतीक्षित प्रतियोगिता आरंग प्रीमियर लीग 2025 क्रिकेट का आगाज हो गया। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ एवं क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि आरंग के युवा हमेशा आगे रहते हैं और उन में टैलेंट कूट-कूट कर भरा है, उन्होंने कहा कि क्रिकेट के साथ-साथ अन्य खेलों से भी हमें आनंद एवं ऊर्जा की प्राप्ति होती है उन्होंने राजस्थान रॉयल्स टीम के वैभव सूर्यवंशी का जिक्र करते हुए कहा कि समर्पण से खेल में निखार आता है और उम्र मायने नहीं रखती ।उन्होंने प्रदेश सरकार को छत्तीसगढ़ के खेल सम्मान एवं प्रोत्साहन के लिए सदा आगे बताया। आरंग विधायक ने आरंग के खेल मैदान को और भव्यता देने की बात कही तथा इस आयोजन के लिए विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोगी पार्षद एवं सभापति पुष्कर साहू की प्रशंसा की। अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका परिषद आरंग के अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा की खेल में बढ़िया प्रदर्शन के साथ पढ़ाई भी करते रहे और खिलाड़ी भावना से खेलें उन्होंने प्रोत्साहन के लिए अनेक प्रकार के राशि व्यवस्था की जानकारी भी दी। वहीं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने कहा कि यह टूर्नामेंट आरंग के होनहार प्रतिभाओं को अवसर प्रदान कर रहा है ।प्रतियोगिता का पहला मैच जूनियर आरंग इलेवन और लोधी इलेवन के बीच खेला गया जिसमें लोधी इलेवन 02 विकेट से विजयी हुआ ।आभार प्रदर्शन करते हुए पुष्कर चंद्रशेखर साहू ने इस आयोजन पर सबको बधाई देते हुए कहा कि आरंग इलेवन क्रिकेट क्लब लगातार इस प्रकार के आयोजन करते आ रहा है,आरंग नगर में इस प्रतियोगिता से कई उभरते सितारे हमें मिलेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में पार्षद गण नरेंद्र लोधी,संतोष लोधी, उमाकांत यादव, जनपद उपाध्यक्ष रविंद्र रिंकू चंद्राकर, सतनामी समाज प्रवक्ता वेदराम खूंटे, पार्षद प्रतिनिधि गण खिलेश धुरंधर, राकेश सोनकर,वेदप्रकाश देवांगन(भाजयूमो),पंकज शुक्ला (पूर्व उपा), सुशील जलक्षत्री (पूर्व पार्षद), विनोद साहू (युवा शक्ति),सतीश सोनकर (पूर्व पार्षद), आशीष शर्मा ,सतीश मानू जलक्षत्रि ,टिकेश्वर गिलहरे नंदकुमार ढीढी, गेंदलाल साहू, संतोष चंद्राकर, शैलेंद्र लोधी, टुकेश्वर लोधी,सूरज साहू,प्रदीप चंद्राकर आदि एवं समन्वयक हरीश दीवान ,नेशनल प्लेयर शिक्षक बालकृष्ण साहू,योगेंद्र चंद्राकर,मोहम्मद जफर चौहान, राजू सोनवानी राहुल पटेल सहित खेलप्रेमियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



### आरंग के युवाओं में टैलेंट की कमी नहीं : गुरु खुशवंत

# गुरुद्वारा नानक दरबार में शहादत दिवस का समापन



**सिमगा,** 30 मई (देशबन्धु)। सिख धर्म के पांचवे गुरु गुरु अरजन देव जी की शहादत पर स्त्री सत्संग द्वारा किए जा रहे सुखमनी साहिब के पाठ लगातार 21 दिन से चल रहे थे आज गुरुद्वारा नानक दरबार में शहादत दिवस पर समापन हुआ । आज सुबह 9=30 बजे से स्त्री सत्संग कमेटी की तरफ से सुखमनी साहिब जी के पाठ किए गए वैरागमयी कीर्तन कर गुरु अरजन देव जी की शहादत को याद करते हुए ज्ञानी हरि सिंह बेदी एवं स्त्री सत्संग की महिलाओं द्वारा कथा विचार की गई उपरांत मीठे जल की छबील एवं चने का प्रसाद वितरित किया गया गुरुद्वारे में कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात फव्वारा चौक में सिख समाज के द्वारा छबील लगाकर मीठे जल का शरबत एवं चने का प्रसाद वितरित किया गया गुरु घर के प्रधान सेवादार श्री अमरजीत सिंह भाटिया ने बतलाया गुरु अरजन देव जी द्वारा दी गई शहादत को आज पूरा विश्व नमन कर रहा है उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब के संकलन में अमूल्य योगदान दिया और धर्म, सत्य व न्याय की रक्षा हेतु अपने प्राण न्यौछावर किये उनका बलिदान सहनशील, सत्यनिष्ठा, आध्यात्मिक ऊंचाई का प्रतीक है जो युगों युगों तक मानवता का मार्गदर्शन करता रहेगा छबील की सेवा में नगर पालिका अध्यक्ष श्री हरदीप सिंह भाटिया, विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया,जंग बहादुर सिंह, रिंकू भाटिया, प्रितपाल सिंह भाटिया,गगन भाटिया ,गोगजी भाटिया, सुखबीर सिंह, करण भाटिया, निक्कू सलूजा,अरशन भाटिया,अस्वीर सिंह ,जश्नदीप सिंह, जसक्रीश भाटिया, गुरमीत सिंह,नवक्रीश भाटिया ,मिन्नी भाटिया, किट्टी भाटिया, बबल भाटिया,रीत कौर, हरलीन कौर,रतन कौर ,खुशी भाटिया,असरीत कौर,मनरूप भाटिया आदि ने बढ़-चलकर हिस्सा लिये ।

### कुएं में डूबने से मासूम की मौत

**नगरी,** 30 मई (देशबन्धु)। ब्लॉक के रानीगांव में दर्दनाक हादसा में एक मासूम की जान चली गई जिसका पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया है। ब्लाक अंतर्गत रानीगांव में डेढ़ साल की मासूम भूमि की दर्दनाक मौत हो गई, सिहावा थाना अंतर्गत रानीगांव में रेखराज निषाद के घर के पीछे बाड़ी में डेढ़ साल की मासूम पड़ोसी बच्चों के साथ खेल रही थी तभी मासूम भूमि निषाद उम्र एक साल आठ माह खेलते खेलते कुएँ के पास जा पहुँची, पैर फिसल गया अपने आप को संभाल पाती गहरे कुए में समा गई और डूबने से मासूम की जान चली गई। परिजनों को खबर लगने तक बहुत देर हो चुकी थी ।जानकारी के मुताबिक कुएं में क़रीब 4 फीट पानी था। मासूम की मौत से घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल हैं।



## निधन

### सिकंदर सिंह ठाकुर

**बागबाहरा,** 30 मई। नगर के वार्ड नंबर 3 थानापारा निवासी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद सिकंदर सिंह ठाकुर का आज 30 मई की सुबह एमएमआई हॉस्पिटल रायपुर में ईलाज के दौरान निधन हो गया। वे लगभग 66 वर्ष के थे। तथा वे चंडी मदिर समिति घुंचापाली के उपाध्यक्ष भी थे। जिनका अंतिम संस्कार कल 31 मई शनिवार की सुबह 10 बजे स्थानीय मंडी तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।



### लियोराज कुंजाम

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 30 मई। टोनाटार निवासी दौलत कुंजाम शिक्षक के सुपुत्र लियोराज सिंह कुंजाम उम्र 10 वर्ष का आकस्मिक निधन 29 मई को हो गया। उनका अंत्येष्टि कार्यक्रम बोरबारी खेत में 30 मई को संपन्न हुआ। वे जनपद सदस्य शांतिदेवी कुंजाम के नाती व प्रेम माया के सुपुत्र थे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आए ...

हुई ।वह रायपुर भनपुरी इलाके का रहने वाला था। घटना के बाद सभी दोस्त सदमे में हैं। पांडुका थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही नगर सैनिक और बाढ़ बचाव दल को बुलाया गया। एसडीआरएफ की टीम द्वारा युवक का शव बाहर निकाल लिया गया है। आगे की जांच की जा रही है। रेस्क्यू टीम के जितेंद्र सेन प्रभारी यशवंत साहू, कुलेश्वर साहू, यशवंत ठाकुर, गोपेंद्र नेताम, दर्शन ठाकुर, सोहन कंवर, इंदल चुरपाल, नारायण ध्रुव, दिलीप ध्रुव की टीम ने तत्काल गहरे पानी में जाकर इस रेस्क्यू को अंजाम दिया।

### बीज निगम अध्यक्ष ...

के अनुसार श्री चंद्राकर सुबह 10 बजे निज निवास महासमुंद से दुर्ग जिले के रुआबांधा के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां वे दोपहर 12 बजे बीज प्रक्रिया केंद्र रुआबांधा में आयोजित कृषक संगोष्ठी में शामिल होकर बीज उत्पादक किसानों से चर्चा कर प्रक्रिया केंद्र का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे। इसके अलावा जिला कार्यालय दुर्ग एवं प्रक्षेत्र प्रबंधक कार्यालय रूआबांधा का भी निरीक्षण करेंगे। दुर्ग से रात्रि में महासमुंद लौटेंगे।

### अहिल्याबाई होलकर की जन्म जयंती में शामिल हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा




**खरोरा,** 30 मई (देशबन्धु)। खरोरा में अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं पुण्यश्लोक जन्म जयंती का कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत द्वारा नगर के सांस्कृतिक भवन में गुरुवार को किया गया, अहिल्याबाई होलकर द्वारा किये गए सामाज सुधार और उनके अनेको समाज के प्रति योगदान को याद करते हुए महिला सम्मान सह संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिनमे प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, आरंग विधायक गुरु खुशुवंत साहेब, भाजपा रायपुर जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल शामिल हुए नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी ने कार्यकम में शामिल हुए समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले महिलाओं का मंत्री के हाथों सम्मान करवाया गया, कार्यक्रम में नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुमित सेन व समस्त पार्षद उपस्थित रहे साथ ही कार्यक्रम में एस. डी. एम. आशुतोष देवांगन, तहसीलदार शेखर मंडाई, मुख्य नगरपालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर, अधिकारी कर्मचारी सहित बड़े संख्या में जनसमूह उपस्थित रहे।

# भाटापारा में भारत स्काउट गाइड की संगठनात्मक बैठक



**भाटापारा/बलौदाबाजार,** 30 मई (देशबन्धु)। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ बलौदाबाजार की उपस्थिति मे समीक्षा बैठक जिला मुख्य आयुक्त डॉ अजय राव के नेतृत्व मे आज भाटापारा विकास खंड इकाई गठन हेतु एकलव्य अकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल भाटापारा में संपन्न हुआ। इस आवश्यक बैठक में सदस्यता अभियान एवं स्थानीय संगठन निर्वाचन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला कार्यवाहक अध्यक्ष रामाधार पटेल ने भाटापारा की मध्यप्रदेश के समय स्काउटिंग की स्वर्णिम अवसर पर चर्चा कर पुन: उसी उचाई को पाने के लिए प्रेरित किये। जिला मुख्य आयुक्त डॉ अजय राव द्वारा संगठन को मजबूत कर सेवा भाव के साथ कार्य करने प्रेरित किया। जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा ने एक पेड़ माँ के नाम अपने शहर के कॉलोनी मे लगाने के लिए पर्यावरण सुरक्षा कर सेवा कार्य करने को प्रेरित किये। राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित तंजीव अरोरा डायरेक्टर एकलव्य अकेडमी ने अपने विचार साझा किये। उल्लेखनीय है कि एस आर फुटान (वरिष्ठ स्काउटर शिक्षक), आशीष जायसवाल पूर्व पार्षद, श्रीमती सुशीला वर्मा प्रधान पाठक सूरजपुरा, तंजीव अरोरा संपादक खबर पथ ने सदस्यता ग्रहण कर अपने सेवा कार्य का अनुभव बताये। जिला संगठन आयुक्त सूरज कसार ने स्थानीय संगठन के बायलाज को विस्तार पूर्वक सदस्यों को गठन की जानकारी दिये। इस समीक्षा बैठक मे विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री राम जी पाल के कुशल आदेशानुसार विकास खंड सचिव श्रवण सिंगरौल, आजीवान् सदस्य रमेश वर्मा, स्काउटर शरद चंद्र देऊलकर, विनोद साहू, सुश्री रजनी कला पाटकर, सुश्री आरती सार्वा, सुश्री पुष्पा वर्मा, श्रीमती सीमा त्रिवेदी प्राचार्य एकलव्य एकेडमी, श्रीमती ज्योति शर्मा, श्रीमती अंजना यादव, अनिल यादव सहित पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहन बांधे, कुंज राम कोशले पार्षद उपस्थित थे।

### सत्यनारायण शिक्षा विकास समिति ने आनंद मेला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का किया आयोजन

**नवापारा राजिम,** 30 मई। । कंसारी समाज का गौरव श्री सत्यनारायण मंदिर में मूर्ति स्थापना की 76वीं वर्षगांठ के अवसर पर श्री सत्यनारायण शिक्षा विकास समिति के तत्वावधान में सामाजिक स्तर पर आनंद मेला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में आगंतुक अतिथि के रूप में समाज के अध्यक्ष सहदेव कंसारी, तरुण कंसारी, गोविंदा कंसारी, बाबूलाल कंसारी, देवेंद्र कंसारी, मुन्ना कंसारी ,नरेंद्र कंसारी उपस्थित थे। केंद्रीकृत परीक्षा कक्षा पांचवीं, आठवीं बोर्ड परीक्षा दसवीं, बारहवीं में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर समिति के द्वारा सम्मान किया गया। केंद्रीकृत परीक्षा पांचवीं में प्रथम स्थान श्याम कंसारी, द्वितीय स्थान झरना कंसारी,केंद्रीकृत परीक्षा आठवीं में प्रथम स्थान प्रयाग कंसारी,संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान सिमरन कंसारी एवं भावना कंसारी, दसवीं बोर्ड में प्रथम स्थान निशा कंसारी, द्वितीय स्थान प्रिया कंसारी, बारहवीं बोर्ड में प्रथम स्थान प्रगति कंसारी, द्वितीय स्थान काजल कंसारी ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभावान बच्चों को उपस्थित अतिथियों ने शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में श्रीसत्यनारायण शिक्षा विकास समिति के अध्यक्ष गोपाल कंसारी, उपाध्यक्ष राजेश कंसारी, सचिव नागेन्द्र कंसारी,संजीव कंसारी, अनिल कंसारी, डीकेश कंसारी, संजय कंसारी, पूनम कंसारी, अर्चना कंसारी, सुनयना कंसारी, माला कंसारी ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। मंच संचालन सुश्री सरोज कंसारी एवं नागेन्द्र कंसारी ने किया। इस अवसर पर काफी संख्या में सामाजिकजन मौजूद थे।



# भाटापारा में हाई स्पीड बाइक प्रेशर हार्न विडम्बना सरयू साहित्य ने ज्ञापन सौंपकर दिखाई संवेदना



**यातायात व्यवस्था दुरुस्तिकरण के मद्देनजर ठोस कदम एवं त्वरित कार्रवाई की मांग**

**भाटापारा,** 30 मई (देशबन्धु)। विविध प्रकल्पो मे विभिन्न विधाओं मे बुनियादी सुविधाओं के अभाव की समस्या झेल रही भाटापारा मे यातायात परिदृश्य मे भी घोर अभावों की बानगी नजर आती है,जिसके तहत जहां पार्किंग व्यवस्था की कमी होना प्रमुख सरोकार वाली सड़कों का दिनों दिन संकरी होते जाना जैसी ढांचागत अभावों का परिदृश्य नजर आता है वहीं मानवीय आचरण भी समस्या की वजह बनते हुए प्रतीत होतें है।

**हाईस्पीड बाइक राइडिंग एवं प्रेशर हार्न :** अभावों से निरंतर दो चार हो रहे शहर मे दूबर मे दू आषाढ की तर्ज पर कुछ मानवीय आचरण भी विडम्बना के अभिवृद्धि मे सहायक होते हुए प्रतीत होतें है,इसी कड़ी मे कुछ युवकों का स्वच्छंद एवं कायदे कानून के उपेक्षा का आचरण परिलक्षित होता है,जिसकी बानगी शहर मे धड़धड़ाते हुए कलाबाजी करते हुए हाईस्पीड से प्रमुख सड़कों पर बाइक चलाने के रुप मे नजर आता है,साथ ही साथ प्रेशर हार्न की तरह तरह की आवाजे भी सड़क मे गूंजती हुई नजर आती है,जिसके चलते जहां यातायात मे व्यवधान के दृश्य उपस्थित होतें है वहीं जोखिम एवं दुर्घटना की संभावना का जन्म होता है,शहर मे यह विकृति लंबे समय से जारी है।और समय समय पर यह और बड़े रुप मे नजर आती है,

**सरयू साहित्य ने दिखाई संवेदना सौंपा ज्ञापन:** विविध रचनात्मक आयोजनों एवं अभियानों के जरिए निरंतर रचनात्मकता का संदेश प्रसारित करने वाली संस्था सरयू साहित्य परिषद द्वारा इस विडम्बना पर भी अपनी संवेदना प्रदर्शित करते हुए परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा के नेतृत्व मे शहर यातायात थाना प्रभारी नरेश कांगे को ज्ञापन सौंपा गया तथा हाईस्पीड बाइक राइडिंग एवं प्रेशर हार्न जैसी विडम्बना पर लगाम लगाने के लिए त्वरित कार्रवाई एवं ठोस कदम उठाने की मांग की गयी।ज्ञापन सौंपने की प्रक्रिया मे पत्रकार मुकेश शर्मा,मानिक प्रसाद मोनू दुबे,दुषेन्द्र तिवारी, विनोद सेन,राजकुमार यदु,शशिकांत कोल आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

**यातायात शहर थाना प्रभारी का कथन:** परिषद के सदस्यों सहित नगर के सुधिजनों द्वारा शहर यातायात प्रभारी से भाटापारा की यातायात व्यवस्था के संबंध मे विस्तार से चर्चा की गयी तथा हाईस्पीड बाइक राइडिंग और प्रेशर हार्न सहित यातायात की विविध समस्या पर ध्यान इंगित किया गया,जिस पर प्रकाश डालते हुए यातायात प्रभारी द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से बनाए गये रुपरेखा की विस्तार से जानकारी दी गयी,साथ ही साथ उन्होने यह भी कहा कि विभिन्न माध्यमों सहित जनभागीदारी से व्यवस्था को व्यवस्थित करने की दिशा मे गतिविधि भी प्रारंभ कर दी गयी है। हाईस्पीड बाइक राइडिंग एवं प्रेशर हार्न जैसी विडम्बना पर पूर्णत लगाम के लिए बनाई रुपरेखा भी उनके द्वारा अभिव्यक्त की गयी।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर हुआ पत्रकारों का सम्मान



**तिल्दा नेवरा,** 30 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा की पार्षद एवं सभापति रानी सौरभ जैन द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में पत्रकारों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र मालू राम शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता लोकतन्त्र का चौथा स्तंभ होने के साथ-साथ बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का नाम है। जिसको सभी पत्रकार बंधुओं को ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए।प्रेस कलब अध्यक्ष जैनेन्द्र बघेल ने कहा कि पत्रकारिता वह विस्तृत क्षेत्र है, जिसके माध्यम से समाज को नई दिशा मिलती है। वरिष्ठ पत्रकार रमेश बतरा ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भी हिंदी पत्रकारिता की भूमिका स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। इस दौरान पत्रकारों को डायरी और कलम देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद ,भाजपा महामंत्री सौरभ जैन ,पत्रकार रमेश रिंकू अग्रवाल ,मोती ज्ञानचंदानी ,गौरी शंकर सैनी ,देवेंद्र वर्मा ,पवन बघेल ,धीरेन्द्र जायसवाल ,नीतिन जायसवाल ,बंशी यादव ,राजू वर्मा ,गोवर्धन यदु ,प्रदीप पंडा ,दिलीप वर्मा , राजकुमार बंजारे ,शेखर यदु ,राजेंद्र साहू ,सोनू पंजवानी ,ललित अग्रवाल,रितेश वाधवा ,निखील वाधवा , के साथ साथ तिल्दा नेवरा क्षेत्र के पत्रकारों का सम्मान नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा की पार्षद एवं सभापति रानी सौरभ जैन द्वारा किया गया

रानी सौरभ जैन ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं। वे समाज की कुरीतियों और दुर्व्यवस्थाओं को बेझिझक सामने लाते हैं।पत्रकारों को कई बार मुश्किल हालातों से भी गुजरना पड़ता है, लेकिन उनके साहस को सलाम है।उन्होंने आश्वासन दिया कि जरूरत पड़ने पर वे हर स्तर पर पत्रकारों के साथ खड़े रहेंगे।

# सिक्ख पंथ के पंचम गुरु अर्जुन देव की शहादत को किया नमन



**भाटापारा,** 30 मई (देशबन्धु)। पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा में सिक्ख पंथ के पंचम गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस को बहुत ही श्रद्धा के साथ मनाया गया,

विगत चालीस दिनों से श्री गुरुअर्जुन देव जी की बाणी सुखमनी साहिब जी का पाठ प्रतिदिन साधसंगत के द्वारा गुरुद्वारा साहिब में किया जा रहा था, पाठ समाप्ति उपरांत समुहसाधसंगत के लिए ठण्डी छबील का वितरण किया जा रहा था , इस हेतु श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिदिन प्रसाद की वारी के लिए उत्सुकता से साधसंगत की श्रद्धा भावना देखने को मिली ।

आज दिनांक 30 मई को गुरु श्री अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर सुबह से ही स. अमनप्रीत सिंघ जी बिलासपुर वाले रागी सिंघों के द्वारा गुरुबाणी का शबद कीरतन किया गया ।जिसमें समाज के बुजुर्गों , महिलाओं और बच्चों के साथ साथ समाज के युवाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय थी , समाप्ति के उपरांत समुहसाधसंगत को लंगर प्रसाद के साथ साथ ठण्डी छबील का वितरण किया गया ।

गुरुअर्जुन देव जी की शहादत दिवस पर शहर में कई स्थानों पर ठण्डी छबील के स्टॉल लगाकर जनसाधारण में चना और छबील का प्रसाद वितरण किया गया जिसमें समाज सेवी युवाओं के साथ साथ समाज के वरिष्ठ सदस्यों व बच्चों ने सक्रिय रूप से अपनी अपनी सेवाएं दी ।इस हेतु समाज के अध्यक्ष स. त्रिलोक सिंह सलूजा एवं कार्यकारी अध्यक्ष श्री अरुण छाबड़ा (बन्टी वीरां) हरमिंदर चावला जी ने सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया ।।

# मल्दी जनसमस्या समाधान में शिविर पहुंचे, शिवरतन शर्मा बोले- जनता को राहत पहुंचाने समाधान शिविर बना माध्यम



**भाटापारा,** 30 मई (देशबन्धु)। उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने शुक्रवार को च्सुशासन तिहार 2025ज्ज के अंतर्गत भाटापारा विधानसभा के मल्दी ग्राम में आयोजित समाधान शिविर में हिस्सा लेकर आमजन से सीधा संवाद किया। शिविर में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनते हुए तत्काल समाधान के लिए अधिकारियों से कहा.. गर्मी के मौसम को देखते हुए अधिकांश शिकायतें जल और विद्युत आपूर्ति से संबंधित रहीं। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए शिवरतन शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता को पानी और बिजली की कोई परेशानी न हो, इसके लिए प्राथमिकता से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

शिवरतन शर्मा ने शिविर को सम्बोधित कर कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार जनसरोकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। जनहित में चलाए जा रहे समाधान शिविरों से जनता को त्वरित राहत मिल रही है। हमारा प्रयास है कि हर व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिले और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान हमारी प्राथमिकता है। सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है, और इस प्रकार के शिविर संवाद का माध्यम बनकर प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के विकास और नागरिकों की भलाई के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जनता से अपील करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि वे अपनी समस्याओं को बेहिचक साझा करें ताकि उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके । शिवरतन शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप समाधान शिविर का आयोजन कर शासन-प्रशासन को जनता के द्वार और उनके समीप लाना है।

इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति श्रीमती गीता डोमन वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष भोला वर्मा, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, सरपंच श्रीमती भारती राकेश वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गुप्ता, सीईओ हिमांशु वर्मा, बीईओ रामजी पाल, तहसीलदार प्रेमा मिंज, नायाब तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# थोक सब्जी बाजार निर्माण हेतु मंत्री रामविचार नेताम ने नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव की मांग पर डेढ़ करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृत



**राजिम,** 30 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत राजिम में वर्तमान में थोक सब्जी बाजार रायपुर मेन रोड में संचालित है मेनरोड में संचालित होने के कारण आवागमन में काफी व्यवधान उत्पन्न होता है। जिससे दुर्घटना होने की संभावनायें निरंतर बनी रहती है। अत: उक्त बाजार निजी भूमि में लगने के कारण नगर पंचायत राजिम को हानि हो रही है ।अत: उक्त स्थल से बाजार उठा कर नये स्थल पर बाजार ले जाने 1.70 लाख (अक्षरी एक करोड़ सत्तर लाख) रूपये की स्वीकृति प्रदान किया जाये जाने की मांग नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने मंत्री रामविचार नेताम राजस्व मंत्री आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण छ.ग. शासन से मांग की थी।

मंत्री रामविचार नेताम ने नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव की मांग को स्वीकार करते हुए डेढ़ करोड़ रुपए की राशि की घोषणा की ।

इस अवसर पर मंत्री रामविचार नेताम के साथ के राजिम विधायक रोहित साहू ,भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदू लाल साहू ,भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू एवं पार्षद ग्रहण मौजूद थे

श्रीयादव ने कहा कि उक्त थोक सब्जी बाजार को वार्ड क्र. 12 में निर्मित थोक सब्जी बाजार में स्थानांतरित करवाना चाहते है चुंकि वहां पर सभी को सुविधा होगी । वर्तमान में सुविधा नही होने के कारण थोक सब्जी बाजार को वर्तमान स्थिति में स्थानांतरित किया जाना संभव नही है।

# किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री और महासमुंद प्रभार दिए जाने पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने दी बधाई



**नवापारा-राजिम,** 30 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के पुनर्गठन में 36 वर्षों से राजनीति में जुड़े रहकर विभिन्न पदों में सक्रियता निभाने वाले मोहम्मद नुरुल रिज़वी को एक बार फिर प्रदेश महामंत्री एवं महासमुंद जिले का किसान प्रभारी नियुक्त कर बडी जिम्मेदारी सौंपी है ।उनके इस पुनर्नियुक्ति पर नगर में हर्ष की लहर है। नगर कांग्रेस के सुनील जैन,ज्ञानचंद लालवानी ,किशोर सचदेव ,शंकर पंजवानी ,सौरभ शर्मा ,टिकेश गिलहरे ,हाजी गुलाम खोखर ,शफीक भाई ,सत्तार भाई, संध्या राव ,चतुर जगत ,रज़ा चांगल ,रिजवान खोखर ,रहीम खोखर,सचिन बंगानी ,मितेश शाह ,अहमद रिजवी ,पुखराज यादव ,आशीष अवस्थी ,प्यारे खान , खेलन कंसारी सहित सेंकड़ों कार्यकर्ताओं, समर्थकों और नगरवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।सभी ने उम्मीद जताई कि रिजवी अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता से किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु सक्रिय भूमिका निभाएंगे। रिज़वी की पुन: नियुक्ति को क्षेत्र के लिए सम्मानजनक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। कांग्रेसजनों का कहना पुराने कांग्रेसियों को याद कर उन्हें सक्रिय करने से कांग्रेस का ग्राफ आगे बढ़ेगा 36 वर्षों से कांग्रेस से जुड़े कार्यकर्ता को लेने से उनके साथ जुड़े कार्यकर्ता भी सक्रीय हो जाएंगे । ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के ऑलइडिया किसान संगठन के नेता एम एल ए सुखपाल सिंह खेड़ा की सूझबूझ से संगठन को मजबूत करने मे काफी मदद मलेगी । उनका फैसला पार्टी के किसान वर्ग के प्रति समर्पण को भी दर्शाता है।

# उखरा-अमेरा से सराईपाली-बोईरगांव तक अब बनेगी पक्की सड़क



- **विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रयासों को मिली सफलता**
- **सड़क निर्माण कार्य के लिए राज्य शासन के पीडब्लूडी विभाग ने किया राशि स्वीकृत**

**बागबाहरा,** 30 मई (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्रवासियों के लिए एक बेहद सुखद समाचार सामने आया है। कई वर्षों से लंबित सड़क निर्माण की मांग आखिरकार पूरी होने जा रही है। ग्राम पंचायत उखरा अमेरा से सराईपाली बोईरगांव तक नई पक्की सड़क के निर्माण को छत्तीसगढ़ शासन ने आधिकारिक मंजूरी दे दी है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि का श्रेय जाता है क्षेत्र के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि, छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव को। जिनके अथक प्रयास से यह कार्य स्वीकृत हुआ है।

शासन से प्राप्तपत्र के अनुसार, इस सड़क निर्माण को लेकर छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री कार्यालय से आधिकारिक जानकारी खल्लारी विधायक श्री यादव को भेजी गई है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि ग्राम उखरा अमेरा से सराईपाली बोईरगांव तक की सड़क निर्माण कार्य हेतु निविदा प्रक्रिया लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रारंभ की जा रही है। यह परियोजना न सिर्फ सड़क निर्माण का कार्य है। बल्कि यह एक सामाजिक और आर्थिक क्रांति का भी संकेत है। ग्रामीणों को अब पक्की सड़क की सुविधा मिलने से यातायात, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में अभूतपूर्व सुधार की संभावना है।

**ग्रामीणों में खुशी की लहर, विधायक को दिया धन्यवाद:** ग्राम पंचायत उखरा अमेरा और सराईपाली बोईरगांव पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों में इस स्वीकृति के बाद जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। वर्षों से की जा रही मांग को पूर्ण होते देख ग्रामीणों ने अपने लाडले विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार प्रकट करते हुए सार्वजनिक रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया है।कई बुजुर्गों ने कहा कि यह सड़क उनके जीवन में 'प्रगति की राह' खोलेगी।

**विकास की नई दिशा:** यह सड़क निर्माण केवल एक बुनियादी सुविधा नहीं। बल्कि खल्लारी क्षेत्र के समग्र विकास की नींव है। इस निर्णय से क्षेत्र में किसानों को अपने उत्पाद बाजार तक पहुँचाने में सुविधा होगी। बीमारों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी ।छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल-कॉलेज तक आना-जाना आसान होगा। व्यापारियों और स्वरोजगार करने वालों को नए अवसर मिलेंगे।

**जनता की आवाज, जनप्रतिनिधि का संकल्प:** विधायक श्री यादव ने हमेशा जनता की समस्याओं को गंभीरता से लिया है।चाहे वह सिंचाई की समस्या हो, सड़क, शिक्षा या स्वास्थ्य, उन्होंने हर मोर्चे पर अपने दायित्वों को निभाया है। अमेरा से बोईरगांव तक की सड़क परियोजना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि अगर जनप्रतिनिधि इच्छाशक्ति रखे तो कोई भी सपना हकीकत में बदला जा सकता है ।

खल्लारी विधानसभा को मिली यह सड़क परियोजना महज़ एक निर्माण कार्य नहीं बल्कि विकास, विश्वास और विजन का प्रतीक है।विधायक द्वारिकाधीश यादव के अथक प्रयासों को सलाम, और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में खल्लारी क्षेत्र को ऐसे और भी सौगातें मिलती रहेंगी।

# विधायक इंद्र कुमार साहू ने सुनी लोगों की समस्याएं



**नवापारा राजिम,** 30 मई (देशबन्धु)। गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक इंद्र कुमार साहू अपने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यालय पंडित ऋषि दास वैष्णव सामुदायिक भवन नवापारा स्थित कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने उपस्थित सभी नगर वासियों से रूबरू होते हुए प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को अतिशीघ्र निदान के लिए आदेश दिए।इस दौरान ग्राम तर्री के मुस्कान महिला स्वास्थ्य समूह के सदस्य मालती बाई,कुलेश्वरी बाई,रेणुका, सरोज,मंजू,अंजू, रुक्मणी,सुषमा यशोदा,जयंत्री, प्रमिला, सावित्री,खेमिन आदि महिलाओं ने अपने समूह के लिए भवन निर्माण के लिए अनुदान राशि प्रदान करने के लिए विधायक श्रीसाहू को आवेदन दिया। महिलाओं ने बताया कि वे स्व-सहायता समूह के द्वारा दोना,पत्तल बनाने का कार्य करती है जिससे वे आमदनी भी कमा रही है।जनदर्शन कार्यालय में विधायक श्रीसाहू के अलावा नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी संजय साहू,उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी,भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,पार्षदगण सहदेव कंसारी,रवि साहू,जिना बाई निषाद,धीरज साहू, प्रेमलाल साहू,मुकेश ढीढी,पारसमणी साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राम पंजवानी व राजेश सेतपाल चैम्बर ऑफ़ कामर्स के प्रदेश उपाध्याक्ष मनोनीत





**तिल्दा नेवरा,** 30 मई (देशबन्धु)। आज तिल्दा नेवरा से छत्तीसगढ़ प्रदेश के द्वारा बडे जिम्मेदारी सौंपकर तिल्दा-नेवरा नगर व क्षेत्रवासियों का मान बढ़ाया जिला रायपुर ग्रामीण के उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष तिल्दा-नेवरा के राम पंजवानी को एवँ भा ज पा के रायपुर ग्रामीण व्यापार प्रकोष्ठ के राजेश सेतपाल को बडी जिम्मेदारी व सम्मान के रूप मे छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ़ कामर्स के प्रदेश उपाध्याक्ष मनोनीत किए गए हैं।

आपको बता दे पूर्व में भी राम पंजवानी कनफ़िड्रेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष रह चुके हैं इन दोनों की नियुक्ति पर तिल्दा नेवरा शहर एवं समाज का नाम रोशन हुआ है, व्यापारियों में खुशी की लहर छाई हुई है।जिसके लिए बधाई व शुभकामनाएं देने वालो का ताता लगा हुआ है।दोनो सम्मानित लोगों को बधाई देने वालो में छत्तीसगढ़ के केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा,भाजपा रायपुर के जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल, नरेंद्र शर्मा, भा ज पा मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद,नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा एवं सभापति ईश्वर यदु, रानी सौरभ जैन, विनोद नेताम, संतोष यदु, ग्वालिन बाई , पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष शमनलाल खुबचंदानी, किशोर सेतपाल, व्यापारी संघ अध्यक्ष सुंदर पंजवानी, सुरेश भागवानी, राम संतवाणी, कन्हैया जोतवानी ,बंटी राठी, ,सौरभ जैन, राकी राजपाल, सुधीर केशरवानी, राजू सुखवानी, महेश केशरवानी, प्रेम कोसले तिल्दा-नेवरा के पार्षदों ने भी राम पंजवानी व राजेश सेतपाल को बधाई दी है।

# आनंद मेला में उड़िया एवं छत्तीसगढ़ी व्यंजन के स्टाल में कंसारी समाज की प्रतिभाएं हुई सम्मानित



**नवापारा राजिम,** 30 मई (देशबन्धु)। नगर के सत्यनारायण मंदिर में कंसारी समाज द्वारा आनंद मेला आयोजित किया गया इस आनंद मेला में समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वहीं उड़िया एवं छत्तीसगढ़ी व्यंजन के स्टाल लगाए गए थे। आनंद मेला में 22 प्रतिभागियों ने अपने स्टाल लगाए। जिसमें मुख्य रूप से मालपुआ, मोंडा पीड़िया,मोंडा,काकरा, चौसेला,कंतिलों, कटक,छेना मुडकी, दही बड़ा, दही तरा ,सांभर बड़ा, रबड़ी, नड्डा चाट ,आम पना, स्वीट कॉर्न, सेव पापड़ी , साबूदाना बड़ा, गुपचुप ,चावल बड़ा, पूरन पोली, मसालेदार कटवा सहित अन्य व्यंजनों के स्टाल लगाए गए थे। बच्चों के मनोरंजन के लिए गेम व झूला लगे थे। जिसका आनंद बच्चों ने उठाया। निर्णायकों द्वारा व्यंजन का स्वाद, गुणवत्ता, मेहनत परखकर उन्हें अंक प्रदान किया गया जिसके आधार पर प्रथम स्थान पर श्रीमती मंदाकिनी कंसारी रही वहीं द्वितीय स्थान श्रीमती शालू कंसारी ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान श्रीमती आरती कंसारी एवं आदित्य कंसारी को संयुक्त रूप से हासिल हुआ। आनंद मेला के निर्णायक के रुप में सुश्री सरोज कंसारी, माया कंसारी, विमला कंसारी,पुष्पा कंसारी,संतोष कंसारी,सावित्री कंसारी, नर्मदा कंसारी थे।